)x). पत्रावली के जाच में पाया गया की अनुमान के तहत निर्धारित क्रय की जाने वाली वस्तुओ की संख्या के प्रतिकूल अधिक संख्या में क्रय कर विकास कार्यों की धनराशि का दुरुपयोग किया गया । विवरण निम्नवत रहा ।

क्रम सं	प्रमासंख्या/दिनांक .	बस्तु का नाम	अनुमान के अनुसार	संख्या जो क्रय की गयी	अंतर क्रय की जाने बाली सं	प्रतिशत
1	85/15.3.22	कर्टन सेट	01	75	74	74 प्रतिशत
2	84/15.3.22	आफिस चेयर	20	24	04	20 प्रतिशत

उपरोक्त बिन्दुओ के आधार पर प्रमाणक संख्या 84 प्रमाणक सं0 85 दिनांक 15-03-2022 द्वारा क्रमशः रु एवं रु 9,84,000.00 कूल रु 17,34,000.00 का भुगतान मेसर्स रामजीवन को 7,50,000.00कर चतुर्थ राज्य वित्त वर्ष 2019-20के तहत प्राप्त धनराशि का दुरुपयोग किया गया। जिसके लिए उत्तरदायी श्री रविन्द्र कुमार अपर मुख्य अधिकारी श्री राजेंद्र सिंह लेखाकार, श्री स्वंतंत्र कुमार अवर अभियंता, श्रीमती शालिनी सिंह वित्तीय परामर्श दाता के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

मूल आपत्ति सं(29.

प्रस्तर सं0 -10 जिला पंचायत कानपुर नगर के संपत्ति व विभव कर संबंधी अभिलेख संलग्न विवरण के अनुसार

गत बकाया 4,460,16,9400.

वर्ष की मांग (2021-22) - 4404,380.00

योग - 49,00,60,7400.

वर्ष की वसूली (2021-22) 32,76,680.00

,को अवशेष 4 31/03/2022996,720,400.

लेखा परीक्षा में पाया गया कि विभव एवं संपत्ति कर मे ब्लॉक वार निम्न वसूली की गयी -:

ब्लाक का नाम	गत वर्ष का बकाया	रेड रजिस्टर का बकाया	वर्ष की मांग	वर्ष की वसूली	बकाया के विरूद्ध वसूली	चालू वर्ष की वसूली	शेष
सरसौल	3235271	662568	450510	233010	--	233010	3453471
चौबेपुर	11359350	--	814250	137220	137220	--	12036380
बिल्हौर	5322111	--	464590	143270	107270	36000	5643431
पतारा	2875139	--	242410	148960	135760	13200	2968589
विधनू	3009321	678792	626280	384900	--	--	3250701
भीतरगांव	5000456	--	288400	--	265750	--	5023106
शिवराजपुर	2340365	--	187750	88200	88200	--	2439915
कल्याणपुर	4319306	--	762140	151720	--	--	4929726
घाटमपुर	5450470	--	510150	426000	426000	--	5534620
ककवन	1689905	--	57900	60540	60540	--	1687265
योग	44601694.00	1341360	4404380	1773820	1220740.00	282210	46967204.00

दिनांक 31-03-2022 को अवशेष 46967204.00 बकाया अवशेष हैं, इस विवरण पर निम्न आपत्ति हैं-

अधिकांश ब्लॉकों में संपत्ति व विभव कर की वसूली बहुत कम की जा रही है। शत प्रतिशत वसूली होती तो सम्पत्ति व विभव कर अधिक मात्रा में वसूल किया जा सकता था लेखा परीक्षा में पाया गया कि विकासखंड वार मॉग व वसूली रजिस्टर कर अनुभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप पर तैयार नहीं किया गया है। कार्यवाही व वसूली न किए जाने के लिए तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री ज्ञान धन सिंह व श्री रवीन्द्र कुमार व कार्याधिकारी श्री विनोद सिंह प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं।

(मूल आपत्ति सं.30)

प्रस्तर सं0 -11- ग्राम होरा बांगर में अलिम्ब्को के पीछे नाली निर्माण कार्य)0-250) हेतु जिसकी प्राक्कलन लागत रुपए 48.84 लाख निविदा पुष्पेन्द्र इंटरप्राइसेस की स्वीकृत की गई ग्राम होरा बांगर में अलिम्ब्को के पीछे नाली निर्माण कार्य)250-500) हेतु जिसकी प्राक्कलन लागत रुपए 48.84 लाख निविदा भी पुष्पेन्द्र इंटरप्राइसेस की स्वीकृत की गई उक्त कार्य विकासखंड कल्यानपुर के अंतर्गत कराया गया। कार्य अवर अभियंता श्री स्वतंत्र कुमार की देखरेख में पूर्ण कराया गया। उक्त पत्रावली में निम्न आपत्तियां हैं-

1. उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत नियमावली 1965 के नियम 179 (2) के क से ड के अनुसार जिला पंचायत के दोनों कार्य एक से अधिक ग्राम पंचायतों को लाभान्वित नहीं करते हैं।

2. नियमानुसार 50 लाख से ऊपर के कार्य की स्वीकृति जिला पंचायत को शासन से लेनी चाहिए उक्त दोनों कार्यों काविभाजन कर के व् 50 लाख से नीचे रख कर संस्था द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया है।

3. संस्था/द्वारा निविदा खोलने की सूचना पत्रांक सं.987/निर्माण/ जि.प./ई. निविदा/2021-22 दिनांक 16/11/21 द्वारा 23/11/21 को दी गयी थी परन्तु पत्रावली में संलग्न एफ डी. दिनांक.20/11/21 को ही बनवा ली गयी थी। इस सेविदित है कि पुष्पेन्द्र इंटरप्राइसेस का टैंडर मैनेज्ड है।

.4किसी भी इखनिज प्र-माण पत्र पर पुष्पेन्द्र इंटरप्राइसेस के हस्ताक्षर नहीं है।

.5 कार्य प्रारंभ व समाप्ति की लिखित सूचना नहीं दी गयी है।

.6सीजी.एस.टी व एस.जी.एस.टी., आयकर, रॉयल्टी की कटौती उपरोक्त कार्य के भुगतान के समय क्रमशः रुपए 41670, 41670, 83340, की जमा की पुष्टि 41670में संबंधित प्रमाणक लेजर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया अतः उपरोक्त की पुष्टि कराई जानी अपेक्षित है।

उक्त अनियमित भुगतान के लिए श्री रविन्द्र कुमार अपर मुख्य अधिकारी श्री विनोद कुमार सिंह कार्याधिकारी व स्वतंत्र कुमार अभियंता व् श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव वित्तीय परामर्शदाता प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं।

(मूल आपत्ति सं.35)

प्रस्तर सं0 -12विकास खंड कल्यानपुर में एन टी.पी.सी. के पीछे पी.एस.आई.टी. होते हुए भौती तक नाला. निर्माण कार्य (0-880) की निर्माण कार्य पत्रावली की जांच में पाया गया कि उक्त कार्य का चार में विभाजन क्रमशः कार्य सं(0-220) ., ((220-440, ((440-660व में कर दिया है। प्रत्येक कार्य की प्राक्कलन (660-880) लागत रुपए 50 लाख से कम रखी गयी है। नियमानुसार 50 लाख से ऊपर के कार्य की स्वीकृति जिला पंचायत को शासन से लेनी चाहिए। उक्त दोनों कार्यों का विभाजन कर के लाख से नीचे रख कर संस्था 50 .द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया है। विकास खंड कल्यानपुर में एन.टी.पी.सी. के पीछे पी.एस.आई.टी होते हुए भौंती तक नाला निर्माण कार्य (0-220) जिसकी प्राक्कलन लागत रुपए 42.87 लाख निविदा प्रकाश ट्रेडर्स एवं कसके. की . स्वीकृत की गई की निर्माण कार्य पत्रावली में लेखा परीक्षा में निम्न आपत्तियां पाई गई

कार्यादेश गयी 14.02.2021 13.02.2022 लिखित पत्रावली कार्य सिंह

.1कार्यादेश के अनुसार कार्य प्रारभ व समाप्ति का तिथि का लिाखत सूचना पत्रावला में नहीं पाई गयी।

.2कार्य करने का समय दिनांक 14.02.2021 से 13.02.2022 था जबकि ठेकेदार द्वारा लेबर रजिस्ट्रेशन में दिनांक 05.03.2022 अंकित है।

.3पत्रावली में अंतिम बिल नहीं लगा है व कार्य समाप्ति के पश्चात् की फोटो भी नहीं लगायी गयी है ।

उक्त अनियमित भुगतान के लिए श्री रविन्द्र कुमार अपर मुख्य अधिकारी श्री विनोद कुमार सिंह कार्याधिकारी व स्वतंत्र कुमार, अभियंता व् श्रीमती शालिनी सिंह वित्तीय परामर्शदाता प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं।

(मूल आपत्ति सं.36)

प्रस्तर सं0 -13विकास खंड कल्यानपुर में एन .टी.पी.सी. के पीछे पी.एस.आई.टी.होते हुए भींती तक नाला निर्माण कार्य जिसकी प्राक्कलन लागत रुपए 42.87 (220-440)लाख निविदा प्रकाश ट्रेडर्स एवं कंस के. की. स्वीकृत की गई व विकास खंड कल्यानपुर में एन.टी.पी.सी. के पीछे पी.एस.आई.टी. होते हुए भाँती तक नाला निर्माण कार्य (0-220) जिसकी प्राक्कलनलागत रुपए निविदा प्रकाश ट्रेडर्स एवं कंस.कं. की 42.87 -: स्वीकृत की गई की निर्माण कार्य पत्रावली में लेखा परीक्षा में निम्न आपत्तियां पाई गयी

.1पत्रावली में अंतिम बिल नहीं लगा है व रनिंग बिल जेई. द्वारा सत्यापित नहीं है., कार्य समाप्ति के पश्चात् की फोटो भी नहीं लगायी गयी है।

.2कार्य करने का समय दिनांक से 13/2/22 था जबकि ठेकेदार द्वारा लेबर रजिस्ट्रेशन में दिनांक 14/12/21 अंकित है । 5/3/22

.3ठेकेदार के स्व घोषणा पत्र में ठेकेदार किस श्रेणी का है अंकित स्थान पर दर्शित नहीं है जिससे यह अस्पष्ट रहाकि ठेकेदार किस श्रेणी का है।

.4ठेकेदार रजिस्ट्रेशनरजिस्टर संस्था में न उपलब्ध होने के कारण ठेकेदार के लाइसेंस की स्थिति ज्ञात नहीं हो सकी ।

.5ठेकेदार का आई टी.आर.पत्रावली में संलग्न नहीं है। व हैसियत प्रमाण पत्र भी मात्र 20 लाख का है परन्तु. कार्य 1 करोड का दिया गया है। नियमानुसार हैसियत से अधिक का कार्य दिया जाना शासनादेश के विपरीत है।

.6पत्रावली के परीक्षण में पाया गया कि बिल से 5प्रतिशत की जमानत धनराशि नहीं काटी गयी है व बिल का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है।

उक्त वित्तीय अनियमितताओं के लिए श्री रविन्द्र कुमार अपर मुख्य अधिकारी श्री विनोद कुमार सिंह कार्याधिकारी व स्वतंत्र कुमार, अभियंता, श्रीमती शालिनी सिंह वित्तीय परामर्शदाता व लेखाकार श्री राजेंद्र सिंह प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं।

(मूल आपत्ति सं.37)

प्रस्तर सं0 -14लेखा परीक्षा में पाया गया कि जिला पंचायत की दुकाने 53 एवं परिसर में कार्यालय हैं, जिनसे किराये की वसूली नहीं हो रही है विवरण निम्नवत है:

क्रम सं	कार्यालय का नाम /दुकान नंबर	देय धनराशि
1	जूबेसिक स्कूल बिठूर .	64318.00
2	शिक्षाविभाग	442300.00
3	क्षेत्रीय कार्यालय, वित्तविभाग	377556.00
4	कार्यालय मंडलीय पंचायत विभाग	1411756.00
5	जिला पंचायत परिसर स्थित दुकान 03-04	271573.00
6	तहसील बिल्हौर दुकान से 01-20	391242.00
7	घाटमपुर दुकान से 01-18	372552.00
	योग /संस्था	3331297.00

जिला पंचायत परिसर स्थित दुकान नंबर में मौखिक बताया गया कि विगत कई वर्षों से मुकदमा 01-02 चलने के कारण वसूली नहीं की गयी है। रु33.,24,-/055की धनराशि की वसूली बकाया है व् न तो वसूली की जा रही न ही कब्जेदारों को विधिक रूप से बाहर किया जा रहा है। श्री नन्द किशार आर आइ. घाटमपुर व. .श्री राजाव कुमार ढाका आरआई बिल्हौर व् कार्याधिकारी श्री विनोद सिंह ससमय वसूली न किये जाने के लिए जिम्मेदार है व् इन पर कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

(मूल आपत्ति सं.38)

प्रस्तर सं0 15-निर्माण कार्य पत्रावली के जाच के क्रम में पन्द्रहवा वित्त योजनान्तर्गत वितीय वर्ष 2019-20 की प्राप्ति धनराशि में से क्षेत्र पंचायत विल्हौर के अंतर्गत कटहा आसानी नेवादा से सँग शमशान घाट तक लेपन कार्य)0.650-1.300km) धनराशि 1976454.00 कराया गया । जिसमें निम्न आपतिया रही-:

1). अनुबंध पत्र /कार्यालय आदेश पत्र संख्या-1442 दिनांक निर्माण /जी. पंचायत/20-21 दिनांक,3/3/21/एवं दिनांक/6/6/21 द्वारा कार्य प्रारंभकी तिथि 8/6/2021 व कार्य समाप्ति की तिथि 7/8/2021 निर्धारित थी | किन्तु संबंधित ठेकेदार एजेंसी कौस्तुभ एंड कंपनी द्वारा निर्धारित तिथि को कार्य समाप्त नहीं किया गया जैसा की एम् बी. बुक संख्या.72 पृष्ठ संख्या 74-75 दिनांक 25.07.2022 से भी स्पष्ट है किन्तु अनुबंध के अनुसार ठेकेदार की जमानत जब्त नहीं की गई। जैसा की कार्यालय जिला पंचायत कानपुर नगर के कार्यादेश पत्रांक 76/जि पंचायत निर्माण .2020-21 दिनांक 08.06.21 में स्पष्ट उल्लेख किया गया है।

ii). पत्रावली के जाच में पाया गया की दिनांक 13.05.22 को जिला पंचायत के मा अध्यक्ष महोदया श्रीमती . स्वप्निल वरुण द्वारा संदर्भित लेपन कार्य का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यमार्ग कार्य में कमिया पाई गई। उदाहरण स्वरुप जाँच में कास्ट कम पाया गया एवं पी सी. क्षतिग्रस्त पाई गई जिसके संबंध में संबंधित. ठेकेदार (में. कौस्तुभ एंड कंपनी) को अभियंता द्वारा पाई गई कमियों को दूर करने हेतु पत्र लिखा गया । किन्तु सम्बंधित ठेकेदार द्वारा कमियों को दूर नहीं किया गया, जैसा की प्रस्तुत एम्बी. बुक./55-61व 72 से भी स्पष्ट है। इस प्रकार बिना कमियों को दूर किये बिना अथवा ठेकेदार के बिल से पाई गई कमियों के सापेक्ष समुचित धनराशि वसूल किये बिना भुगतान कर शासकीय अनुदान की राशि का दुरुपयोग किया गया ।

iii. पत्रावली के साथ सलंग्न पत्र जो मेसर्स कौस्तुभ एंड कंपनी को मार्ग निर्माण कार्य/लेपन कार्य में पाये गए कमियों से सम्बंधित है, जो प्रतिलिपि माअध्यक्ष महोदया श्रीमती स्वप्निल वरुण ., जि प, प्रतिलिपि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत एवं अवर अभियंता को प्रतिलिपि की गई किंतु संदर्भित पत्र पर कार्यालय डिस्पैच नंबर व दिनांक अंकित नहीं पाया गया, जो संदिग्ध रहा। जिससे यह भी स्पष्ट होता है की निरीक्षण में पाई गई कमियों को दूर करने बिषयक पत्र को मेसर्स कौस्तुभ एंड कंपनी को प्राप्त कराये वगैर बिल का भुगतान सम्बंधित ठेकेदार को कर दिया गया। जो गंभीर आपत्तिजनकएवं अनियमित रहा।

iv. ऊ प्र. शासन पंचायती राज अनुभाग.2 संख्या 2849/33-2-1996 दिनांक 28 मई 1996 के प्रस्तर 3 (1) अनुसार निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के पूर्व कराए जाने वाले कार्य का डिजायन एवं ड्राइंग शासन को भेजा जाना चाहिए थाजो ज .िला पंचायत द्वारा नहीं भेजा गया।

V. शासना देश सं यूओ. 179/33.3.97 दिनांक 20 जनवरी 1998 के अनुसार किसी भी निर्माण कार्य को प्रारंभ करने से पूर्व, जिन मार्गों पर कार्य कराया जाना प्रस्तावित है, उन मार्गों पर विगत पाँच वर्षों में कराए गए कार्यों का विवरण तथा व्यय की गई धनराशि का उल्लेख किया जाए। जो नहीं किया गया है।

Vi पत्रावली के जाच में पाया गया कार्यादेश के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 08/06/2021 एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि 07/8/2021 सुनिशिचत की गई थी, जबकि माप पुस्तिका एम0बी0बुक. सं0 72/74-75) के अनुसार कार्य समाप्र दि० 25/7/2022 को पाया गया। इस प्रकार निर्धारित अवधि से लगभग 01 वर्ष विलंब से कार्य समाप्त किया गया, जिसके लिए निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय 4 के खण्ड 2-ग के अनुसार निर्धारित अवधि के अन्तर्गत कार्य समाप्त न करने पर संबंधित ठेकेदार से विलम्ब हेतु निर्माण कार्य की अनुमानित लागत की धनराशि के एक प्रतिशत अर्थात रु 23280-00 की राशि प्रतिकर के रूप में वसूली की जानी चाहिए थी। जो नहीं किया गया।

vii) शासनादेश सं0 4863 सी /33-2-93 के 2 (द के अनुसार जिला पंचायत (अभियन्ता रोड मैटिरियल आपूर्ति)स्टोन, ग्रिट, डस्ट आदि का शत-प्रातेशत (चेकिंग कर प्रमाण पत्र देगे। अपर मुख्य अधिकारी भी आपूर्ति की-गई सामग्री के भुगतान से पूर्व स्थल निरीक्षण करेंगे जो नहीं किया गया।

vii). शासनादेश सं0 4863 सी 33-2-93 के 2 (यके अनुसार रोड मैटिरिय (ल की आपूर्ति के बाद प्राक्कलन के प्रावधानों के अनुसार स्टोन ब्लास्ट की बिछाई कराकर कुटाई का कार्य सम्पादित होने के उपरांत जिला पंचायत अभियंता द्वाराउसको जाच कर यह सुनिश्चित करेगें कि कुटाई के उपरात सड़क का अपेक्षित क्रस्ट थिकनेस मौके पर उपलब्ध रहा। उक्त आशय से संबंधित प्रमाण पत्र जिला पंचायत अभियंता दद्वारा पत्रावली के साथ संलग्न नहीं किया गया।

ix). शासनादेश संख्या जी 99 द्वारा गठित निर्माण कार्य समिति से कराये गये कार्य 33-2-99-48 (1) 4077 के संबंध में भुगतान से पूर्व कार्य के गुणवता पूर्ण होने संबंधी अनुशंसा स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई जो आपत्ति जनक रहा।

x) पत्रावली की जाँच में यह पाया गया कि निर्माण कार्यों का अंतिम रूप से भुगतान किये जाने के पूर्व उक्त कार्य का परिक्षेत्रीय अभियन्ता (अल्प सिचाई) द्वारा भी निरीक्षण नहीं पाया गया, जो निर्माण कार्य नियमावली के नियम सं 39 के प्रतिकूल रहा। 1984

xi) शासनादेश से दि०16/3/2000 653/33-3-2000-73/2000अनुसार रु पाँच लाख से अधिक की . धनराशि केठेका के संबंध में तीन दैनिक समाचार पत्रो में ठेका-नीलामी की सूचना का प्रसारण किया जायेगा पत्रावली के साथ संदर्भित निर्माण कार्य संबंधी ठेके का विज्ञापन की प्रति पत्रावली के साथ सलग्न नहीं पाया गया, जो आपत्तिजनक रहा।

xiii. पत्रावली के जाँच में पाया गया की मेसर्स कौस्तुभ एंड कंपनी प्रो० आलोक दुबे द्वारा स्वीकृत टेंडर के सापेक्ष दिनांक को अनुबंध 06.06.2021/ इकरार पत्र लिखा गया, जबकि पत्रावली के साथ एम् एम्. 11 .अनुबंध तिथि के पहले के पाये गएजो गम्भीर आपत्तिजनक रहा। उदाहरण स्वरूप

क्रमांक	इ.टी.पी.सं.	परिचालन का दिनांक	उद्गम स्थल	क्रेता	पहुचाने की जगह
1	2110104774	01.05.2021	मध्य प्रदेश	चन्दन ट्रेडर्स	कुशी नगर
2	2110209673	28.05.2021	मध्य प्रदेश	मोहम्मद अली	गोरखपुर
3	211038353	10.05.2021	मध्य प्रदेश	एशाक खान	गोपालगंज
4	2110127009	07.05.2021	मध्य प्रदेश	नागेन्द्र यादव	गोरखपुर

5	**2110117701**	**05.05.2021**	**झासी**	**कैश**	**गोरखपुर**
6	**2110133983**	**09.05.2021**	**मध्य प्रदेश**	**नागेन्द्र यादव**	**गोरखपुर**
7	**2110140644**	**11.05.2021**	**मध्य प्रदेश**	**रघुनन्दन**	**गोरखपुर**
8	**2110137674**	**10.05.2021**	**मध्य प्रदेश**	**वीरेन्द्र यादव**	**गोरखपुर**
9	**2110106297**	**02.05.2021**	**मध्य प्रदेश**	**वीरेन्द्र यादव**	**महाराजगंज**

xiii. पत्रावली की जाँच में यह पाया गया कि लेपन कार्य में प्रयुक्त बिटुमिन जिला पंचायत द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया एवं सबंधित ठेकेदार द्वारा रिफायनरी से सीधे न खरीद कर अन्य माध्यमों से की गई जो लोक निर्माण विभाग उ.प्र .लखनऊ के पत्रांक संख्या 3583 एस/.टी.60 एम0, टी/2007/दि .13.06.2007 के प्रतिकूल रहा बिटुमिन के क्रय एवं सप्लाई संबंधित साक्ष्य भी पत्रावली के साथ सलग्न नहीं पाये गए । फलतः उपयोग में लाई गई बिदुनिन की गुणवत्ता की पुष्टि न की जा सकी इससे कार्य के अधोमानक पर होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है । विवरण इस प्रकार रहा

क्रम सं.	**वस्तु**	**गुणवत्ता किग्रा. में**	**ग्रेड**	**मूल्य क्रिग्रा.**	**धनराशि**
1	टैक कोट	692.5	वी.जी 10	33.01	22859.42
2	प्रीमिक्स कोट	2847.0	वी.जी 10	33.01	93979.47
3	सील कोट	1267.5	वी.जी 10	33.01	41840.17
4	प्राइम कोट	1462.5	इमल्सन	66.76	97636.50

उपरोक्त बिन्दुओं के दृष्टिगत उक्त सडक निर्माण कार्य में अनियमितता बढ़ती गयी एवं अधोमानक कार्य कराकर रु.1976454.00 का दुरुपयोग किया गया है। जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार जे ई. श्री. स्वतंत्र कुमार व लेखाकार श्री राजेन्द्र सिंह उतरदायी रहे। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

(मूल अपत्ति 40)

प्रस्तर सं0 16-आकस्मिक प्रमाणक संख्या 77 दिनांक 26/11/ 21 दवारा रु 23705.00 का व्यय जिला पंचायत कार्मिको कोई टेंडरिंगा पी.एफ.एम.एस. जेम पोर्टल ई ग्राम स्वराज के विषय पर 05 दिवसीय प्रशिक्षण पर किया गया। प्रमाणक के साथ व्यय की पुष्टि में सह प्रमाणक बिल विवरण संलग्न नहीं पाया गया इस प्रकार बगैर सह प्रमाणक पुष्टि पत्र के व्यय रु. 23705.00 का दुरूपयोग किया गया। जिसक लिए लेखाकार श्री राजेन्द्र सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार उत्तरदायी रहे। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

(मूल आपति नं.41)

प्रस्तर सं0 17-आकस्मिक प्रमाणक संख्या 12 दि० 01/2/22 रु .31400.00 द्वारा श्री रवीन्द्र कुमार अपर मुख्य अधिकारी की उ.प्र. शासनपंचायती राज अनुभाग-2 के कार्यालय आदेश संख्या 1800/33-2-2021-03सी-2019 टी. सी-11लखनऊ दिनांक 15/7/21 के तहत श्री रवीन्द्र कुमार ए एम. ए. द्वारा दिये गये.यात्रा देयक बिल दिनांक 20/7/21 के सापेक्ष रू0 31400.00 का भुगतान किया गया। प्रमाणक के साथ एक मुश्त/समग्र स्थानान्तरण अनुदान संबंधी सह प्रमाण संलग्न नहीं किया गया फलतः कम्पोजिट ट्रांसफर ग्रांट के तहत श्री रवीन्द्र कुमार को किया गया भुगतान अनियमित रहा। जिनके लिए तत्कालीन लेखाकार श्री राजेन्द्र सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार उत्तरदायी रहे। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

(मूल अपत्ति 42)

प्रस्तर सं0 18-प्रमाणक सं.23 दिनांक 10/2/22 को रु.19241/- का भुगतान विभिन्न कार्यों में किया गया है बिल न. 609 मोहुसैन को वाशिंग मशीन में नयी फिटिंग ल .गायी गयी है । उक्त फिटिंग के लिए कार्यालय द्वारा रु.700/- का भुगतान किया गया है चूंकि वाशिंग मशीन कार्यालय प्रयोग की नहीं है व निजी उपयोग के लिए है प्रमाणक से यह भी विदित नहीं है कि उक्त मशीन कहॉ लगी है व कौन इसका प्रयोग कर रहा है अतः इसकी मरम्मत के लिए भुगतान कार्यालय द्वारा क्यों किया गया है यह लेखा परीक्षा में बताया जाना अपेक्षित रहा उक्त मरम्मत की धनराशि का भुगतान उक्त अधिकारी कर्मचारी दारा किया जाना अपेक्षित है ।) विपरीत परिस्थितियों में तत्कालीन लेखाकार श्री राजेन्द्र सिंह व अपर मुख्य अधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार उत्तरदायी रहे आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित हैा

(मूल आपति सं.43)

प्रस्तर सं0 19- प्रमाणक सं.68 दिनांक 23/10/21 दवारा रु.6813/- एवं प्रमाणक सं .69 दिनांक 23/10/21 द्वारा रु.14005/- कुल रू0 20818/-का भुगतान सहारा इंडिया मॉस कम्यूनिकेशन के बिल सं./दि.एच.डी ./ के एन डी 609/1/8/21 व बिल संएच .0डी0/के एन0डी0 608/1/8/21 के सापेक्ष किया गया जिससे सम्बंधित निम्न आपत्ति है-

1) शासनादेश सं .1653/33-3-2000.73/2000 दिनांक 16-03-2000 के अनुसार कानपुर व चित्रकूट धाम मण्डलों के सभी जनपदों के लिए आज, दैनिक जागरण अमर उजाला स्वतंत्र भारत विज्ञापन हेतु स्वीकृत/मान्य है। इस प्रकार विज्ञापन मद में रू. 20818/- का भुगतान सहारा इंडियामास कम्यूनिकेशन को किया जाना अनियमित एवं शासनादेश के प्रतिकूल रहा जिसके लिए तत्कालीन लेखाकार श्री राजेन्द्र सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार उत्तरदायी रहे। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित हैा

(मूल आपति सं.45)

प्रस्तर सं0 20- प्रमाणक सं.67 दिनांक 23/10/21 द्वारा रू. 23745/- का भुगतान दैनिक जागरण के बिल सं.जे.के .2107010207 दिनांक 29/07/21 रू0 17809/- व बिल सं .2108003229 दिनाक 9/08/21 रु. 5936.00 के सापेक्ष किया गया है। जिससे सम्बंधित निम्न आपतियां है

1) प्रमाणक के साथ बिल सं. 2108003229 दिंनाक 09.08.21 प्रमाणक के साथ संलग्न नहीं रहा।

2) भुगतान नकद किया गया जबकि रू. 2500.00 से ऊपर का भुगतान चेक के माध्यम से होना चाहिए इस प्रकार बिना बिल के रू0 5036.00 का भुगतान किया जाना अनियमित रहा। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित हैा

(मूल आपति सं.46)

प्रस्तर सं0 21- प्रमाणक सं .29 दिनांक 07/12/21 द्वारा वर्ष 2017-18 की अवधि हेतु दैनिक जागरण के बिल सं.जे.के.171001478दिनांक 25/10/17 के सापेक्ष रु.8203/- का भुगतान किया गया है। जिसके सम्बंधित निम्न आपत्तियां है-

1) जिला पंचायत द्वारा वर्षान्त में अनपेड बिलों की सूची प्रमाणक के साथ संलग्न नहीं की गयी।
2) बिल प्राप्ति बिल रजिस्टर/ प्राप्ति रजिस्टर के किस पृष्ठ पर किस तिथि में अंकित की गयी थी सम्बंधित आख्या अंकित नहीं की गयी

3) दैनिक जागरण प्रकाशन के सक्षम अधिकारी/कार्यालय द्वारा अनपेड बिल के भुगतान सम्बन्धी कोई आवेदन पत्र संलग्न नहीं पाया गया है।

4) बिल के अनपेड होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जिला पंचायत दवारा संलग्न नहीं किया गया न ही जिला पंचायत द्वारा इस सम्वन्ध में कोई अनुस्मारक दैनिक जागरण कार्यालय को प्रेषित नहीं किया गया। जो आपत्ति जनक रहा वर्ष के प्रारंभ में अनपेड बिलों के मुगतान हेतु बजट में कोई प्रावधान नहीं पाया गया।

इस प्रकार र.8203/- का किया गया भुगतान अनियमित रहा। जिसके लिए तत्कालीन लेखाकार श्री राजेन्द्र सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार उत्तरदायी रहे। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित हैा

(मूल आपति सं.47)

प्रस्तर सं0 22- प्रमाणक सं. 22 दिनाक 10/02/22 द्वारा रु. 31471/- का भुगतान श्री स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव अवर अभियंता के बिलों के सापेक्ष किया गया। जिससे सम्बंधित निम्न आपतियां है-:

1) मो हुसैन (फर्म) के बिल .सं. 605 दि. 07/10/2020 द्वारा अध्यक्ष महोदया के कक्ष में कार्य के सापेक्ष के रू0 3381.00 का भुगतान किया गया बिल पर जीएस.टी.एन. नंबर नहीं पाया गया।.

2) कार्य करवाने सम्बन्धी प्रस्ताव लेखा परीक्षा में जांच के लिए उपलब्ध नहीं कराया गया और न न ही इंडेंट पाया गया कि क्या क्या कार्य होने हैं।

3) कार्य करवाए जाने सम्बन्धी कार्यादेश नहीं पाया गया न ही बजट का प्रावधान किया गया ।

4) कोटेशन एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण किये बगैर रू. 31471.00 का भुगतान किया जाना अनियमित रहा। जिसके लिए तत्कालीन लेखाकार श्री राजेन्द्र सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार उत्तरदायी रहे। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित हैा

(मूल आपति सं.48)

प्रस्तर सं0 23- प्रमाणक सं. 26 दिनांक 10/02/22 द्वारा रु.48180/- का भुगतान अवस्थी एण्ड कंपनी को उसके बिलों के सापेक्ष स्टेशनरी क्रय हेतु किया गया। जिससे सम्बंधित निम्न आपतियां है

1) स्टेशनरी क्रय जेम पोर्टल के तहत नहीं की गयी है जबकि सामान्य वित्त नियमावली 217 के नियम सं . 149 के अनुसार वस्तुओं का क्रय जेम पोर्टल के द्वारा ही किया जाना अपेक्षित है।

2) स्टेशनरी क्रय हेतु कोटेशन प्राप्त नहीं किया गया। परचेज आर्डर नहीं जारी किया गया।

३जिला पंचायत कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के पटल प्रभारियों से स्टेशनरी सम्बन्धी डिमांड(/ इंडेंट मांग) पत्र प्राप्त नहीं किया गया । फर्म द्वारा उपलब्ध कराये गए स्टेशनरी सम्बन्धी डिलीवरी चालान प्रस्तुत नहीं किया गया

4) डेलिवर्ड स्टेशनरी किसके द्वारा प्राप्त किया गया अस्पष्ट रहा।

इस प्रकार उक्त भुगतान अनियमित रहा जिस हेतु अपर मुख्य अधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार व लेखाकार श्री राजेंद्र सिंह प्रमुख रुप से जिम्मेदार हैं। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित हैा

(मूल आपति सं.50)

जनपद-हरदोई **मण्डल-लखनऊ**

प्रारूप -02

त्रिस्तरीय पंचायती राज वार्षिक प्रतिवेदन

वर्ष 2021-22

जनपद-हरदोई

जिला पंचायत से सम्बन्धित प्रस्तर

प्रस्तर संख्या 1-- शासकीय अनुदान की धनराशियों को विभिन्न बैंक खातों में रखकर उपभोग न करने के कारण वर्ष 2021-22 में रू0 194.26लाख ब्याज के रूप में कमाया गया है जो वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-10/2015/ए-1-502(1)/दस -2015-10 (33)दिनांक 29 मई 2015 के अनुसार कमाया गया ब्याज राज्य सरकार की आय है, जिसे राजकीय कोष में जमा कराया जाना आपेक्षित है।इसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्रीमती स्वाति जैन व लेखाकार श्री योगेश सिंह समान रूप से उत्तरदायी है। उक्त के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या 2 - जिला पंचायत को वर्ष 2021-22 में मृत पशुशव निस्तारण मद से रु० 8,21,355.00 की आय हुई है । जिला पंचायत द्वारा उक्त आय का 50 प्रतिशत धनराशि रु० 4,10,677.00 ग्राम पंचायतों को दिया जाना था ,जो नहीं दिया गया है।यह शासनादेश संख्या 2967(1) / 33-2-2002-15बी(4) /02 दिनाँक 07-10-2002 में दिए गए में दिए गये निर्देशों के प्रतिकूल है जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्रीमती स्वाति जैन व लेखाकार श्री योगेश सिंह समान रूप से उत्तरदायी है उक्त के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या 3-लेखा परीक्षा में संस्था के मूल अभिलेखों / रजिस्टरों से तैयार निजी स्रोत से मांग, वसूली की स्थिति निम्न प्रकार है - (आंकड़े लाख रूपये में)

क्र0 सं0	मद का नाम	गत वर्षो का बकाया	वर्ष की मांग	कुल मांग	वर्ष की वसूली	वर्षान्त में बकाया
1.	विभव एवं सम्पत्ति कर	1299.92	218.72	1518.65	84.15	1434.50
2.	तरूपालन	1.89	49.16	51.05	49.16	1.89
3.	मृत पशु शव निस्तारण	2.33	6.43	8.76	6.55	2.21
4.	भवन/दुकान किराया	91.37	39.74	131.11	25.50	105.61

5.	अन्य प्रकीर्ण आय	प्रपत्र (ङ)के अनुसार		143.26	---	---
6.	लाइसेंस शुल्क	प्रपत्र (ङ)के अनुसार		25.64	---	---
7.	ब्याज से आय	प्रपत्र (ङ)के अनुसार		194.26	---	---
8.	योग	1395.51	314.05	1709.57	528.52	1544.21

लगभग समस्त मदों के मूल रजिस्टर अपूर्ण व आधे-अधूरे रूप से तैयार हैं, वार्षिक लेखाबन्दी नहीं की गयी है। त्रैमासिक प्रपत्र-3 भी लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराया गया। लेखा परीक्षा में तैयार उपरोक्त विवरण के अनुसार वर्ष 2021-22 में वसूली हेतु बकाया धनराशि रू० 1544.21 लाख है किन्तु अभिलेखों को अपूर्ण रखकर लेखाबन्दी नहीं की जा रही है। इस हेतु कर अधिकारी श्रीमती पल्लवी यादव, सहायक कर निरीक्षक श्री ओमप्रकाश, श्री अवधेश कुमार, श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव, श्री मो0 सलमान, श्री पंकज सिंह एवं श्री अनिल कुमार कश्यप उत्तरदायी हैं। साथ ही कर अनुभाग से अपेक्षा की जाती है कि समस्त रजिस्टरों को वर्षवार पूर्ण करते हुए वार्षिक लेखा बन्दी कर तदअनुरूप प्रपत्र-3 व अभिलेखों को लेखा परीक्षा में पुष्टि हेतु प्रस्तुत करें। साथ ही बकाया धनराशि रु० 1544.21लाख की वसूली हेतु कर अनुभाग से विवरण प्राप्त कर वसूली हेतु ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही अपर मुख्य अधिकारी द्वारा की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर संख्या 4 -संस्था के प्रपत्र- (ङ) के अनुसार प्राप्त अनुदानों के सापेक्ष वर्ष 2021-22 में कुल व्यय रू० 24.76 करोंड़ दर्शित है जिसमें से सांसद/विधायक निधि से रू0 71.80 लाख तथा कांजी हाउस निर्माण में रू० 7.28 लाख, कांजी हाउस चारा भूसा पर व्यय रू० 1.13 लाख तथा कांजी हाउस में लगे श्रमिकों के वेतन मद पर व्यय रू. 4.14 लाख दर्शित है, किन्तु उक्त व्ययों से सम्बन्धित व्यय पत्रावलियाँ तथा संगत बैंक स्टेटमेंन्ट लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराया गया जिस कारण दर्शित व्यय की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी। अपेक्षित उक्त व्यय रु० 84.35 लाख की पत्रावालियाँ व बैंक स्टेटमेंट लेखा परीक्षा में उपलब्ध कराकर पुष्टि करायी जानी अपेक्षित है। अन्यथा की स्थिति में इसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्रीमती स्वाति जैन व लेखाकार श्री योगेश सिंह समान रूप से उत्तरदायी है। उक्त के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या 5 - संस्था के प्रपत्र (ङ) के अनुसार अन्य / प्रकीर्ण आय अंकन रु० 143.00लाख तथा कृषि व तरूपालन से आय रु० 48.55 लाख दर्शित है किन्तु प्रकीर्ण आय का विवरण व संगत पत्रवलियाँ तथा कितनी कृषि भूमि है और किस प्रकार से किन शर्तों के अन्तर्गत कितनी आय होनी चाहिए थी आदि की समीक्षा हेतु संगत पत्रवलियाँ व अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गये ,जो की अपेक्षित है, अन्यथा की स्थिति में रु० 191.55 लाख की अनियमितता के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्रीमती स्वाति जैन व लेखाकार श्री योगेश सिंह समान रूप से उत्तरदायी है। । साथ ही दर्शित आय के जमा की पुष्टि में संगत बैंक स्टेटमेन्ट भी उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है

जनपद – लखीमपुर–खीरी मण्डल-लखनऊ

जिला पंचायत आपत्तियाँ वर्ष 2020-21

प्र०सं०–1– 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत टाइड ग्रान्ट के अन्तर्गत अनुमन्य कार्य व उपयोग हेतु निर्देश भारत सरकार द्वारा इस विषय पर निर्गत आपरेशनल गाइडलाइन दिनाँक 01-06-2020 में दिये गये हैं तथा उ०प्र० शासन द्वारा शासनादेश संख्या 1817/33-3-2020-33/2020 दिनाँक 24-07-2020 द्वारा भी टाइड ग्रान्ट के उपभोग के सम्बन्ध में दिशानिर्देश जारी किये गये हैं। जिनके अनुसार टाइड ग्रान्ट का उपयोग 50 प्रतिशत सैनिटाइजेशन कार्य जैसे सामुदायिक शौचालय, सीवर प्रणाली, सीवेट ट्रीटमेन्ट आदि पर तथा शेष 50 प्रतिशत वर्षा जल संचय, पाइप्ड पेयजल की आपूर्ति, ट्रीटेड जल के रीसाइकिल आदि कार्यों पर किया जाना था।

परन्तु जिला पंचायत में वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त से टाइड ग्रान्ट के अन्तर्गत प्राप्त राशि से निम्न प्रकार व्यय किया गया है –

क्र०सं०	कार्य का नाम	व्यय धनराशि	अभ्युक्ति
1–	खडन्जा निर्माण	13067708.00	अमान्य
2–	सड़क लेपन कार्य	7189677.00	अमान्य
3–	नाला निर्माण कार्य	2030560.00	अमान्य
	योग –	**22287945.00**	

इस प्रकार उक्त किया गया व्यय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धान्तों के विपरीत होने के कारण नियम विरूद्ध है। **अतः जिला पंचायत में नियम विरूद्ध तरीके से मनमाना व्यय करके रू० 22287945.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं। अतः उक्त राशि रू० 22287945.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।**

सा०आ०स०**03**

प्र०सं०–2- व्यय प्रमाणक संख्या 20 दिनाँक 17-12-2020 द्वारा विकास खण्ड पसगवां के ग्राम औरंगाबाद से 22 पशुओं को ग्राम लल्हौआ में वाहन संख्या यूपी-25 एटी-1707 द्वारा ट्रान्सफर करने हेतु रू० 6700.00 का भुगतान राजस्व निरीक्षक श्री संजीव कुमार को नकद किया गया जबकि ट्रान्सपोर्ट कम्पनी/वाहन चालक के नाम चेक होना चाहिये था। वाहन किराये का बिल भी संलग्न नहीं पाया गया अतः उक्त व्यय की पुष्टि नहीं हो सकी। **पुष्टि के अभाव में रू० 6700.00 का अपहरण किया गया है। जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, राजस्व निरीक्षक उत्तरदायी हैं। अतः उक्त राशि रू० 6700.00 की वसूली सभी सम्बन्धित व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।**

सा०आ०स०**09**

प्र०सं०–3– व्यय प्रमाणक संख्या–117 माह नवम्बर 2020 द्वारा विकास खण्ड बांकेगंज की अलीगंज से ग्राम लल्हौआ में 29 पशुओं को वाहन संख्या–यूपी-31टी-5374 द्वारा ट्रान्सफर करने हेतु रू० 15000/- का भुगतान मे० मल्होत्रा ट्रान्सपोर्ट कम्पनी को किया गया है परन्तु पुष्टि में उक्त ट्रान्सपोर्ट कम्पनी का बिल लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रहा। पशुओं को ले जाने की पुष्टि भी नहीं हो सकी अतः **पुष्टि के अभाव में उक्त व्यय रू० 15000.00 का अपहरण किया गया है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, राजस्व निरीक्षक उत्तरदायी हैं। अतः उक्त राशि रू० 15000.00 की वूसली सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।**

सा०आ०स०**10**

प्र०सं०–4- वर्ष 2020-21 में जिला पंचायत की बैठकों में भाग लेने हेतु सदस्यों को यात्रा भत्ता के रूप में कुल रू० 146000.00 का भुगतान किया गया है जिसका विवरण निम्न प्रकार रहा –

क्र०सं०	व्यय प्रमाणक संख्या	दिनाँक	धनराशि	बैठक की तिथि
1-	140	29-12-2020	60000.00	14-08-2020
2-	141	29-12-2020	86000.00	30-12-2020
		योग–	**146000.00**	

उक्त राशि अपर मुख्य अधिकारी के नाम चेक काटकर नकद आहरित की गई है जिसकी पुष्टि में बैठक का एजेण्डा, कार्यवाही, उपस्थिति पंजिका, वितरण पंजिका, उपस्थिति सदस्यों की सूची आदि मांग पर उपलब्ध नहीं रही। अतः यह ज्ञात नहीं हो सका कि किस सदस्य को कितनी राशि का एवं कब भुगतान किया गया है।

वितरण की पुष्टि न हो पाने के कारण उक्त धनराशि रू० 146000.00 का अपहरण किया गया है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता एवं पटल सहायक उत्तरदायी हैं अतः उक्त रू० 146000.00 की वसूली सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।

सा०आ०स०11

प्र०सं०–5– व्यय प्रमाणक संख्या 99 दिनाँक 22-07-2020 द्वारा अध्यक्ष महोदय के वाहन संख्या यूपी-31 -7070 का सर्विस चार्ज रू० 20473.00 ड्राइवर श्री साबिर अली को चेक द्वारा दिया गया है जबकि वर्कशाप के नाम चेक बनाया जाना चाहिये था। पुष्टि में सर्विस चार्ज का कोई बिल उपलब्ध नहीं रहा।

अतः पुष्टि के अभाव में उक्त धनराशि रू० 20473.00 का अपहरण किया गया है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, लेखाकार एवं ड्राइवर उत्तरदायी हैं अतः उक्त रू० 20473.00 की वसूली सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।

सा०आ०स०12

प्र०सं०–6- व्यय प्रमाणक संख्या 91 दिनाँक 18-12-2020 द्वारा अध्यक्ष महोदय के वाहन संख्या यूपी-31 ए क्यू -7070 का सर्विस चार्ज रू० 17191.00 ड्राइवर श्री साबिर अली के नाम चेक बनाकर किया गया है जबकि वर्कशाप के नाम चेक बनाया जाना चाहिये था। वाहन की लॉग बुक उपलब्ध न रहने से पिछली सर्विस के बाद वाहन द्वारा तय दूरी ज्ञात नहीं हो सकी। सर्विस की आवश्यकता सम्बन्धी पत्र एवं सर्विस चार्ज का बिल भी उपलब्ध नहीं रहा।

अतः पुष्टि के अभाव में उक्त राशि रू० 17191.00 का अपहरण किया गया है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी एवं वित्तीय परामर्शदाता उत्तरदायी हैं अतः उक्त रू० 17191.00 की वसूली सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।

सा०आ०स०13

प्र०सं०–7- जिला पंचायत में मे० आशीष इण्टर प्राइजेज से विभिन्न तिथियों में कम्प्यूटर सामग्री क्रय की कई है जिसका विवरण निम्न प्रकार था –

क्रमांक	व्यय प्रमाणक संख्या/ तिथि	बिल संख्या/तिथि	धनराशि	सामग्री
1-	82/28-04-2020	6604/16-03-2019	200.00	टोनर
		515/02-12-2019	354.00	
2-	85/28-04-2020	6375/22-02-2020	3600.00	यू०पी०एस०
3-	15/03-06-2020	356/20-05-2020	3800.00	स्कैनर
4-	92/ -07-2020	487/27-05-2020	1500.00	टोनर
		534/29-05-2020	1500.00	
		92/10-06-2020	354.00	
5-	146/06-08-2020	1934/21-07-2020	400.00	एंटी वायरस
6-	118/ -09-2020	2553/18-08-2020	4950.00	टी०एफ०टी०
7-	119/ -09-2020	2554/18-08-2020	2800.00	यू०पी०एस०
8-	120/ -09-2020	203/17-08-2020	354.00	टोनर
		योग –	**19812.00**	

उक्त बिलों को देखने से प्रथमदृष्टया फर्जी प्रतीत होते हैं क्योंकि बिल संख्या–एक क्रम में नहीं है जबकि बढ़ते हुए क्रम में होनी चाहिये थी। सामग्री मांग पत्र, कन्ज्यूमेबिल स्टाक/स्टेशनरी स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध नहीं रहा अतः बिलों की सत्यता संदिग्ध प्रतीत होती है।

पुष्टि के अभाव में उक्त राशि रू० 19812.00 का अपहरण किया गया है। जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी एवं पटल सहायक उत्तरदायी हैं। अतः उक्त रू० 19812.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।

सा०आ०स०15

प्र०सं०–8- लेखा परीक्षा में नौका घाट का मांग रजिस्टर/लाइसेंस रजिस्टर वर्ष 2020-21 उपलब्ध नहीं रहा जिसमें अंकित गोसवारा तथा लेखाकार द्वारा उपलब्ध कराई गई त्रैमासिक समीक्षा पुस्तिका मार्च 2021 में प्रपत्र–3 में अंकित मांग एवं वसूली की राशियों में अन्तर पाया गया। विवरण निम्न प्रकार था –

विवरण	लाइसेंस रजिस्टर के अनुसार	समीक्षा पुस्तिका के अनुसार	अन्तर
वर्ष 2020-21 की मांग	837500.00	600000.00	237500.00
गत वर्ष का बकाया	2545640.00	1512000.00	1033640.00
कुल मांग	3383140.00	2112000.00	1271140.00
वर्ष 2020-21 के सापेक्ष वसूली	746500.00	417000.00	329500.00
बकाया के सापेक्ष वसूली	1037.00	196000.00	(-)194963.00
कुल वसूली	747537.00	613000.00	137537.00
कुल अवशेष राशि	2635603.00	1499000.00	1136603.00

उक्त के सम्बन्ध में निम्न आपत्तियाँ पाई गई –

1– गत वर्षों के बकाया रू० 2545640.00 के सापेक्ष मात्र रू० 1037.00 ही वसूली की गई है। शेष राशि रू० 2544603.00 में से समीक्षा पुस्तिका के अनुसार रू० 1.45 लाख गत 10 वर्षों से बकाया है जबकि लाइसेंस रजिस्टर के अनुसार रू० 8.90 लाख गत 10 वर्षों से बकाया है जिसकी वसूली हेतु धारा–150 एवं धारा–151 के अन्तर्गत नोटिस एवं वारंट की कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

2– समीक्षा पुस्तिका एवं लाइसेंस रजिस्टर की सूचनाओं में काफी अन्तर है जिससे स्पष्ट है कि शासन में भ्रामक सूचनायें भेजकर शासन को गुमराह किया जा रहा है।

3– बकाया राशि रू० 2635603.00 की भूराजस्व की भाँति वसूली हेतु आर०सी० जारी करने की कोई कार्यवाही नहीं की गई।

4– अधिकांश बकाया राशि भारतीय परिसीमा अधिनियम 1963 की धारा–3 के अन्तर्गत कालातीत हो चुकी है।

5– वर्ष 2020-21 की अवशेष राशि रू० 91000.00 दुर्गापुरपड़री नौकाघाट की थी जो कि लेखा परीक्षा समाप्ति तक वसूल नहीं की गई थी।

उक्त आपत्तियों से स्पष्ट है कि **रू० 2635603.00 की वसूली हेतु कोई सक्रिय प्रयास न किये जाने से संस्था को वित्तीय क्षति पहुँच रही है और इस प्रकार रू० 2635603.00 की वित्तीय क्षति पहुँचाकर वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं पटल सहायक उत्तरदायी हैं। अतः उक्त रू० 2635603.00 की वसूली सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०18

प्र०सं०–9– पशुबाड़ा लाइसेंस रजिस्टर 2020-21 में अंकित गोसवारा तथा त्रैमासिक समीक्षा पुस्तिका चतुर्थ मास मार्च 2021 में प्रपत्र–3 में दर्शित पशुबाड़ा मांग एवं वसूली का विवरण निम्न प्रकार रहा –

विवरण	लाइसेंस रजिस्टर के अनुसार	त्रैमासिक पुस्तिका के अनुसार	अन्तर
गत वर्षों की बकाया मांग	79824.00	87000.00	(-)7176.00
वर्ष 2020-21 की मांग	98700.00	100000.00	(-)1300.00
कुल मांग	178524.00	187000.00	(-)8476.00
बकाये के सापेक्ष वसूली	3027.00	25000.00	(-)21973.00
चालू मांग के सापेक्ष वसूली	89150.00	34000.00	55150.00
कुल वसूली	92177.00	59000.00	33177.00
अवशेष	86347.00	128000.00	(-)41653.00

उपरोक्त के सम्बन्ध में निम्न आपत्तियाँ पाई गई –

1– गत वर्षों की बकाया मांग गोसवारा में रू० 79824.00 दर्शित थी जबकि लाइसेंस रजिस्टर में योग करने पर रू० 79764.00 पाया गया। इस प्रकार दोनों में रू० 60.00 का अन्तर था जिसका सुधार अपेक्षित है।

2– लाइसेंस रजिस्टर एवं त्रैमासिक समीक्षा पुस्तिका के आंकड़ों में काफी अन्तर पाया गया जिससे स्पष्ट है कि शासन को भ्रामक सूचनायें भेजकर भ्रमित किया जा रहा है।

3– बकाया मांग रू० 79824.00 के सापेक्ष वर्ष 1973–74 का रू० 1327.00 वर्ष 2019-20 का रू० 1700.00 वसूली किया गया है जबकि शेष राशि रू० 76797.00 की वसूली हेतु धारा–150 के अन्तर्गत नोटिस एवं वारंट की कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

4– बकाया राशि रू० 86347.00 की भूराजस्व की भाँति वसूली हेतु आर०सी० जारी करने की कोई कार्यवाही नहीं की गई।

5– अधिकांश बकाया राशि भारतीय परिसीमा अधिनियम 1963 की धारा–3 के अन्तर्गत कालातीत हो चुकी है। समय से वसूली कार्यवाही न किये जाने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया।

उपरोक्त आपत्तियों से स्पष्ट है कि **रू० 86347.00 की वसूली हेतु कोई भी सक्रिय प्रयास न करके, लाइसेंस रजिस्टर में सही योग न करके एवं लापरवाही से कार्य करके संस्था को वित्तीय क्षति पहुँचाकर वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं पटल सहायक उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 86347.00 की वसूली सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।**

सा०आ०स०22

प्र०सं०–10– वर्ष 2020–21 के ईंट भट्ठा लाइसेंस रजिस्टर के अवलोकन से यह स्पष्ट हुआ कि जिला पंचायत में पंजीकृत कुल 258 ईंट भट्ठों में से कुल 7 भट्ठों से वर्ष 2020–21 का लाइसेंस शुल्क प्राप्त नहीं हुआ है। उक्त भट्ठों का विवरण निम्न प्रकार था –

क्रमांक	ईंट भट्ठे का नाम	विकास खण्ड	लाइसेंस शुल्क
1-	बंसवार ईंट उद्योग	लखीमपुर	6000+500+400+50=6950.00
2-	मीनू ब्रिक फील्ड	लखीमपुर	6950.00
3-	भीखमपुर ईंट उद्योग	मितौली	6950.00
4-	राज ब्रिक फील्ड	रमियाबेहड़	6950.00
5-	जहीर अहमद एण्ड कम्पनी	बांकेगंज	6950.00
6-	वी०के० ईंट उद्योग	बिजुआ	6950.00
7-	अग्रसेन ब्रिक फील्ड	बिजुआ	6950.00
	योग–		**48650.00**

उक्त ईंट भट्ठों से लाइसेंस शुल्क वसूली का कोई सक्रिय प्रयास नहीं किया गया। चूँकि उक्त भट्ठों के सम्मुख "बंदी" दर्ज नहीं है अर्थात इनका संचालन किया जा रहा है। **अतः लाइसेंस शुल्क की वसूली न करके संस्था को जानबूझकर वित्तीय क्षति पहुँचाकर रू० 48650.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं पटल सहायक उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 48650.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।**

सा०आ०स०31

प्र०सं०–11– ईंट भट्ठा लाइसेंस रजिस्टर एवं विभव व सम्पत्ति कर रजिस्टर का मिलान करने पर प्रकट हुआ कि कतिपय ईंट भट्ठे ऐसे थे जिनका नाम लाइसेंस रजिस्टर में था तथा उनसे लाइसेंस शुल्क की वसूली भी की गई है परन्तु उनपर कर का अवधारण नहीं किया गया है। यथा–

क्रमांक	ईंट भट्ठे का नाम	विकास खण्ड	कर
1-	मे० संतराम दास विजय कुमार ब्रिक फील्ड	लखीमपुर	6000.00
2-	मे० विशनू ब्रिक्स बांसखेड़ा	लखीमपुर	6000.00
3-	मे० राजीव ईंट उद्योग सैधरी	लखीमपुर	6000.00
4-	मे० करन ब्रिक फील्ड बांसखेड़ा	लखीमपुर	6000.00
5-	मे० सोहराब ब्रिक फील्ड	लखीमपुर	6000.00
6-	मे० दुर्गा ईंट उद्योग कादीपुर	लखीमपुर	6000.00
7-	मे० बी० एच० ब्रिक फील्ड इकबालपुर	लखीमपुर	6000.00
8-	मे० मीनू ब्रिक फील्ड रामापुर	लखीमपुर	6000.00
9-	मे० किसान ईंट उद्योग बम्हनपुर	निघासन	6000.00
10-	मे० सरस्वती ब्रिक फील्ड निबौरिया	निघासन	6000.00
11-	मे० मिलन ब्रिक फील्ड बेहटी अफगान	मोहम्मदी	6000.00
12-	मे० रामा ग्रामोद्योग सेवा संस्थान टेंगुनखुर्रमनगर	मोहम्मदी	6000.00
13-	मे० सोनल ब्रिक फील्ड सल्लिया	पसगवां	6000.00

14-	मे० शुक्ला ब्रिक फील्ड पसगवां	पसगवां	6000.00
15-	मे० साबरी ब्रिक फील्ड मो०पुरताजपुर	पसगवां	6000.00
16-	मे० हासमी ब्रिक फील्ड बनिकागांव	पसगवां	6000.00
17-	मे० एच०एल०एल०पी० ब्रिक फील्ड	पसगवां	6000.00
18-	मे० शम्भू सुन्दरी ईंट भट्ठा बारीपुर बरबर	पसगवां	6000.00
19-	मे० राज ब्रिक फील्ड पसगवां	पसगवां	6000.00
20-	मे० के०जी०एम० ट्रेडर्स पिपरिया	धौरहरा	6000.00
21-	मे० ख्वाजा ब्रिक फील्ड	धौरहरा	6000.00
22-	मे० कांता अग्रवाल ब्रिक फील्ड बेहजम	बेहजम	6000.00
23-	मे० अर्श ब्रिक फील्ड	बेहजम	6000.00
24-	मे० अमन ईंट उद्योग गोकर्णनाथ	बांकेगंज	6000.00
25-	मे० अमन ब्रिक फील्ड जलालपुर	बांकेगंज	6000.00
26-	मे० गाजी ब्रिक फील्ड सुआबोझ	बांकेगंज	6000.00
27-	मे० वरूण ब्रिक फील्ड खरेहटा	बांकेगंज	6000.00
	योग–		**162000.00**

उपरोक्त सभी भट्ठों से वर्ष 2019–20 का लाइसेंस शुल्क लिया गया है अर्थात ये सभी वर्ष 2019–20 में संचालित थे अतः इन पर वर्ष 2020–21 का कर अवधारण किया जाना चाहिये था **परन्तु कर अवधारण न करके संस्था को रू० 162000.00 की वित्तीय क्षति पहुँचाकर वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये कर अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं पटल सहायक उत्तरदायी हैं अतः उक्त रू० 162000.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।**

सा०आ०स०32

प्र०सं०–12– ईंट भट्ठा लाइसेंस रजिस्टर एवं सम्पत्ति व विभव कर रजिस्टर का मिलान करने पर ज्ञात हुआ कि कतिपय ईंट भट्ठा ऐसे थे जिन पर वर्ष 2020-21 में कर का अवधारण किया गया है परन्तु उनका नाम लाइसेंस रजिस्टर में दर्ज नहीं पाया गया। यथा –

क्र०सं०	ईंट भट्ठे का नाम	विकास खण्ड
1-	मे० गणेश ब्रिक फील्ड गूमचीनी	लखीमपुर
2-	मे० वरूण ब्रिक फील्ड बांसखेड़ा	लखीमपुर
3-	मे० गोला ब्रिक फील्ड करनपुरनिबहा	लखीमपुर
4-	मे० जय अम्बे ब्रिक फील्ड बेहजम	बेहजम
5-	मे० कुमार ब्रिक फील्ड बेहजम	बेहजम
6-	मे० मारूती ब्रिक फील्ड बेहजम	बेहजम
7-	मे० भगौती प्रसाद ब्रिक फील्ड कौरैयाबगहा	कुम्भी
8-	मे० सामी ब्रिक फील्ड मोहम्मदपुर	पसगवां
9-	मे० हिन्दुस्तान ब्रिक फील्ड अयोध्यापुरवा	निघासन
10-	मे० विजय ब्रिक फील्ड सुथनाबरसोला	निघासन
11-	मे० गणेश ब्रिक फील्ड चितिहा	निघासन
12-	मे० कबीर ब्रिक फील्ड अन्धपुरवा	ईसानगर
13-	मे० गणेश ब्रिक फील्ड सेमरी	रमियाबेहड़
14-	मे० दुर्गा ब्रिक फील्ड खरेहटा	बांकेगंज

उक्त ईंट भट्ठे कर पंजिका में दर्शित थे एवं उन पर कर का अवधारण भी किया गया था अर्थात ये सभी वर्ष 2019-20 में संचालित थे। इन पर लाइसेंस शुल्क न लेने से ये स्पष्ट है कि राजस्व निरीक्षकों की जानकारी में यह भट्ठे बिना लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित किये जा रहे थे जिसकी सूचना उनके द्वारा जिला पंचायत में या तहसील में नहीं दी गई। इस प्रकार **इन भट्ठों से वर्ष 2019–20 एवं वर्ष 2020-21 का लाइसेंस शुल्क रू० 12000.00 + नवीनीकरण शुल्क रू० 100.00 + विलम्ब शुल्क रू० (2100.00 + 900.00) = 3000.00 कुल रू० 15100.00 की दर से धनराशि रू० 211400.00 की वसूली जानबूझकर न करके संस्था को वित्तीय क्षति पहुँचाकर वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये राजस्व निरीक्षक**

<u>उत्तरदायी हैं अतः उक्त रू० 211400.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।</u>

सा०आ०स०**33**

प्र०सं०–13– सम्पत्ति एवं विभव कर पंजिका वर्ष 2020-21 की जाँच करने पर यह प्रकट हुआ कि कतिपय करदाताओं से चालू मांग के सापेक्ष वसूली दर्शित की गई है जबकि बकाया मांग के सापेक्ष वसूली शून्य रही है। यथा –

क्र० सं०	करदाता	विकास खण्ड	ग्राम	चालू मांग	बकाया मांग	वर्ष 2020–21 में वसूली	अवशेष
1-	रामग्रह उद्योग	लखीमपुर	उदयपुरमहेवा	2000	2000	2000	2000
2-	दयाल डेयरी उद्योग	लखीमपुर	बनभलिया	12000	1000	12000	1000
3-	वर्मा किराना स्टोर	लखीमपुर	रामापुर	1900	313	1900	313
4-	प्रदीप कुमार वर्मा	नकहा	धोबहाभोजपुर	1100	700	1100	700
5-	अग्रवाल राइस इंड०	कुम्भी	कुकरा रोड	6000	1563	6000	1563
6-	श्याम जी राइस मिल	कुम्भी	मोहम्मदी रोड	6000	625	6000	625
7-	खालसा किराना स्टोर	निघासन	बम्हनपुर	1800	1600	1800	1600
8-	गुप्ता मेडिसिन	निघासन	छेदुईपतिया	7200	1500	7200	1500
9-	रामजी	ईसानगर	अंधपुरवा	1000	150	1000	150
10-	संदीप कटियार	ईसानगर	बसढ़िया चौ०	1500	1200	1500	1200
11-	कटियार किसान सेवा केन्द्र	ईसानगर	समरजहीर	6000	500	6000	500
12-	जगदम्बा प्रसाद	धौरहरा	सरसवां चौ०	1200	700	1200	700
13-	रामसेवक	मोहम्मदी	पिपरिया	1000	1900	1000	1900
14-	गुप्ता मेडिकल स्टोर	बिजुआ	बिजुआ	1000	4933	1000	4933
15-	चौधरी आटोमोबाइल	बिजुआ	भीरा	1500	2600	1500	2600
16-	मौर्या ब्यूटी सेन्टर	रमियाबेहड़	ढखेरवा चौ०	2000	50	2000	50
17-	गुप्ता टेन्ट हाउस	मोहम्मदी	गुरूनानकनगर	1600	2000	1600	2000
	योग –						**23334**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि करदाताओं से वसूल की गई राशि को चालू मांग के सापेक्ष समायोजित किया गया है जबकि नियमतः पहले पुराना बकाया समायोजित किया जाना चाहिये था। **<u>बकाया राशि की वसूली न करके केवल चालू मांग की वसूली करके जानबूझकर रू० 23334.00 की वित्तीय क्षति संस्था को पहुँचाकर उक्त राशि की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये कर अधिकारी एवं पटल सहायक तथा राजस्व निरीक्षक उत्तरदायी हैं अतः उक्त रू० 23334.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।</u>**

सा०आ०स०**35**

प्र०सं०–14– राज्य वित्त से कराये गये निर्माण कार्य "**विकास खण्ड पलिया में बेलरायां पी०डब्लू०डी० रोड से बलेरा मार्ग पर अवशेष लेपन कार्य–1120 मीटर**" की पत्रावली की जाँच करने पर निम्न आपत्तियाँ पाई गई –

1– उक्त कार्य की तकनीकी स्वीकृति शासन से प्राप्त कर नहीं लगाई गई जबकि कार्य की अनुमानित लागत रू० दस लाख से अधिक थी।

2– बिना तकनीकी स्वीकृति प्राप्त किये कार्य की निविदा दिनाँक 10-02-2020 कां आमंत्रित की गई।

3– ठेकेदार की निविदा स्वीकृति की सूचना दिनाँक 27-04-2020 को दी गई तथा तत्काल अनुबन्ध कराने को कहा गया।

4– परन्तु ठेकेदार द्वारा एक माह के विलम्ब से दिनाँक 26-05-2020 को अनुबन्ध किया गया जिसके लिये उसे कोई नोटिस नहीं दी गई।

5– अनुबन्ध के अनुसार कार्य दिनाँक 22-08-2020 तक पूर्ण होना था परन्तु ठेकेदार द्वारा कार्य दिनाँक 28-11-2020 तक पूर्ण कराया गया। उक्त 3 माह के विलम्ब के लिये ठेकेदार द्वारा समय बढ़ाने का कोई प्रार्थना–पत्र नहीं दिया गया।

6– विलम्ब के लिये ठेकेदार पर निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–4 में वर्णित ठेका की शर्तें खण्ड–2(ग) के अन्तर्गत कार्य की अनुमानित लागत का अधिकतम 10 प्रतिशत रू० 290363.00 का अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु कोई भी अर्थदण्ड नहीं लगाया गया।

7– अनुबन्ध के अनुसार ठेकेदार का यह कर्तव्य था कि कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विभाग को सूचित करे तथा अभियन्ता/अवर अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य स्थल के चार फोटो तैयार कराये परन्तु ऐसी कोई सूचना एवं फोटो पत्रावली में नहीं पाये गये।

8– कार्य के प्रथम बिल व्यय प्रमाणक 48 दिनाँक 06-08-2020 में अवर अभियन्ता द्वारा दिनाँक 28-06-2020 को कार्य का निरीक्षण करने की बात कही गई है परन्तु निरीक्षण पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

9– प्रथम बिल की राशि रू० 1655000.00 थी जिस पर 1% लेबर सेस रू० 16550.00 काटा जाना चाहिये था जो कि नहीं काटा गया था।

10– पत्रावली में कुल 4 फोटो संलग्न थे जिन पर कार्य का नाम अंकित करके अवर अभियन्ता द्वारा प्रमाणित नहीं किया गया था।

11– उक्त कार्य मार्ग लेपन का था जिसका लगभग 60 प्रतिशत कार्य जून 2020 में ही पूर्ण हो गया था परन्तु शेष 40 प्रतिशत कार्य वर्षा ऋतु के समय कराया गया है जिससे कार्य की गुणवत्ता संदिग्ध रही।

12– नियम–37 के अन्तर्गत अन्तिम रूप से भुगतान तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से प्रमाणित न कर दें कि निर्माण कार्य अनुबन्ध में निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है। परन्तु इस कार्य में अभियन्ता द्वारा दिया गया जाँच प्रमाण–पत्र लगा नहीं पाया गया।

13– कार्य की प्राक्कलन शीट एवं एम०बी० का मिलान करने पर निम्न मदों की मात्रा व मूल्य में अन्तर पाया गया –

क्र० सं०	विवरण	प्राक्कलन में			एम०बी० में		अन्तर
		मात्रा	दर	मूल्य	मात्रा	मूल्य	
1-	ब्रिक इडिगिंग 7 सेमी वाइड वॉन वोथ साइड वॉफ द रोड एम-150 ब्रिक	0.896	85000	76160	1.12	95200	19040
2-	कोन्स. ऑफ इम्बैंकमेंट विद एप मैट	881.42	85.80	75625	720.25	61797	13828
	योग						**32868**

इस प्रकार उक्त मदों में 10 प्रतिशत से अधिक विचलन था जिसके लिये सक्षम प्राधिकारी से अनुमति नहीं ली गयी जो कि नियम–15 का उल्लंघन है। इस प्रकार ठेकेदार को रू० 32968.00 का अनुचित लाभ पहुँचाया गया।

उपरोक्त सभी आपत्तियों के आधार पर उक्त कार्य को अनियमित कार्य माना जा सकता है। **इस प्रकार उक्त कार्य में भुगतान की गई कुल राशि रू० 2354563.00 + अर्थदण्ड न लेकर रू० 290363.00 + लेबर सेस न काटकर रू० 16550.00 + सारवान विचलन द्वारा रू० 32968.00 कुल रू० 2694444.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 2694444.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०53

प्र०सं०–15– राज्य वित्त निर्माण कार्य–"**विकास खण्ड बेहजम में ग्राम पंचायत ढखियाबुजुर्ग के नयापुरवा में रामचन्दर वर्मा की बाग से भट्टूरी पेन्टेड मार्ग तक सी०सी० रोड निर्माण – 370 मीटर**" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच 0करने पर निम्न आपत्तियाँ प्रकट हुयीं –

1– उक्त कार्य की प्रथम निविदा दिनाँक 19-10-2019 को आमंत्रित की गई जिसमें न्यूनतम निविदा श्री रामनरेश की रू० 2118536.00 की प्राप्त हुयी एवं स्वीकृत भी की गई परन्तु अनुबन्ध से पूर्व ही अध्यक्ष महोदय द्वारा बिना किसी कारण उक्त निविदा को निरस्त कर दिया गया तथा पुनः दिनाँक 23-05-2020 को अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की गई जिसमें न्यूनतम निविदा मे० अवध कान्सट्रक्शन की रू० 2269671.00 की प्राप्त हुयी जो स्वीकृत की गई। द्वितीय स्वीकृत निविदा प्रथम स्वीकृत निविदा से अधिक राशि की थी।

2– निविदा स्वीकृति की सूचना ठेकेदार को दिनॉक 16-06-2020 को दी गई तथा तत्काल अनुबन्ध करने को कहा गया परन्तु ठेकेदार द्वारा दिनाँक 04-07-2020 को अनुबन्ध पूर्ण कराया गया।

3– अनुबन्ध के अनुसार कार्य को दिनाँक 17-08-2020 तक पूर्ण कराया जाना था परन्तु कार्य वास्तव में 3 माह विलम्ब से दिनाँक 12-11-2020 को पूर्ण हुआ। उक्त विलम्ब के लिये ठेकेदार का समयावधि बढ़ाने का कोई पत्र लगा नहीं पाया गया।

4– विलम्ब के लिये ठेकेदार पर निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय– में वर्णित ठेका की शर्तें खण्ड–2(ग) के अन्तर्गत कार्य की अनुमानित लागत का अधिकतम 10 प्रतिशत रू० 227993.00 का अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु ठेकेदार पर कोई पत्र लगा नहीं पाया गया।

5– अनुबन्ध के अनुसार ठेकेदार का यह कर्तव्य था कि कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व विभाग को सूचित करे तथा अभियन्ता/अवर अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य स्थल के चार फोटो तैयार कराये परन्तु ऐसी कोई सूचना एवं फोटो पत्रावली में लगे नहीं पाये गये।

6– शासनादेश संख्या–115(1)/86-2020-52(सा०)/2019 टी०सी० दिनाँक 15-01-2020 के अनुसार ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत परिवहन प्रपत्रों का सत्यापन कार्यदायी संस्था द्वारा उस जनपद के खनन अधिकारी/खनन निरीक्षक से कराया जायेगा, जहाँ कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य किया गया है। परन्तु उक्त कार्य में ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत परिवहन प्रपत्रों का सत्यापन नहीं कराया गया है और बिना सत्यापन रायल्टी सहित पूर्ण भुगतान कर दिया गया है।

7– उक्त कार्य 370 मीटर में से 358 मीटर कार्य दिनाँक 20-09-2020 तक अवर अभियन्ता की निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार पूर्ण हो गया था परन्तु शेष 12 मीटर कार्य 3 माह में दिनाँक 12-11-2020 तक पूर्ण कराया गया जो कि निरीक्षण रिपोर्ट को संदिग्ध बनाता है।

8– कार्य पूर्ण होने की तिथि दिनाँक 17-08-2020 थी परन्तु कार्य कार्य प्रथम निरीक्षण अवर अभियन्ता द्वारा दिनाँक 20-09-2020 को किया गया अर्थात दिनाँक 17-08-2020 से दिनाँक 20-09-2020 तक अवर अभियन्ता न तो कार्य स्थल पर गये और न ही ठेकेदार को कोई नोटिस जारी किया।

9– तृतीय व अन्तिम बिल के अनुसार कार्य की माप दिनाँक 12-11-2020 को अवर अभियन्ता द्वारा की गई परन्तु उक्त निरीक्षण की आख्या पत्रावली में संलग्न नहीं की गई।

10– नियम–37 के अन्तर्गत अन्तिम रूप से भुगतान तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से प्रमाणित न कर दे कि निर्माण कार्य अनुबन्ध में निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है परन्तु इस कार्य में अभियन्ता द्वारा दिया गया जाँच प्रमाण–पत्र लगा नहीं पाया गया।

11– कार्य की प्राक्कलन शीट एवं एम०बी० का मिलान करने पर निम्न मदों की मात्रा व मूल्य में अन्तर पाया गया –

क्र० सं०	विवरण	प्राक्कलन में			एम०बी० में		अन्तर
		मात्रा	दर	मूल्य	मात्रा	मूल्य	
1-	ग्रानुलर सब बेस विद वेल ग्रेडेड	-	4647	-	7.15	33226	33226
2-	मैटेरियल प्रौवाइडिंग कन्सर्ट फॉर प्लेन	0.48	7874.70	3778	-	-	3778
3-	सप्लाई फिटिंग एन्ड प्लेसिंग एम.एएस बार	0.38	6397.50	2431	-	-	2431
4-	प्लास्टिंग विद सीमेंट मोटर 1:4	4.62	150.60	696	-	-	696
5-	कोन्स. ऑफ इम्बैंकमेंट विद सोएल	47.50	87.20	4142	114.48	9982	5840
	योग						**45971**

उक्त तालिका से स्पष्ट है कि उक्त मदों में 10 प्रतिशत से अधिक का विचलन था जिसके लिये सक्षम प्राधिकारी से अनुमति नहीं ली गई थी जो कि नियम–15 का उल्लंघन है। इस प्रकार त्रुटिपूर्ण प्राक्कलन तैयार करके या त्रुटिपूर्ण एम०बी० करके ठेकेदार को रू० 45971.00 का अनुमानित लाभ पहुँचाया गया।

उपरोक्त आपत्तियों के आधार पर उक्त कार्य को अनियमित कार्य कहा जा सकता है **जिसमें भुगतान की गई कुल राशि रू० 2220727.00 + अर्थदण्ड न लेकर रू० 227993.00 + सारवान विचलन द्वारा 45971.00 कुल धनराशि रू० 2494691.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी है अतः उक्त राशि रू० 2494691.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**54**

प्र०सं०–16– राज्य वित्त से कराये गये निर्माण कार्य–"**विकास खण्ड मितौली में ग्राम पटसार से भोगियापुर मार्ग पर हनुमान जी के मन्दिर से भोगियापुर तिराहे तक लेपन मरम्मत 2096 मीटर x 300 मीटर**" की पत्रावली जाँच में निम्न आपत्तियाँ पाई गईं –

1– उक्त कार्य का टेण्डर दिनाँक 10-02-2020 को आमंत्रित किया गया था जिसमें कुल 4 फर्मों के टेण्डर प्राप्त हुए परन्तु तुलनात्मक चार्ट में मात्र 3 फर्मों के ही टेण्डर दर्शित थे। मे० जैन ब्रदर्स का नाम उसमें दर्ज नहीं पाया गया।

2– तुलनात्मक चार्ज में न्यूनतम टेण्डर मे० प्रमोद कुमार सिंह का था जो (प्राक्कलन –.10%) पर था। प्राक्कलन मूल्य रू० 1842794.00 - 10% = 1840951.00 होना चाहिये था परन्तु चार्ट में रू० 1842197.00 एल1 पर लिखा पाया गया जो कि त्रुटिपूर्ण था।

3- कार्य की तकनीकी स्वीकृति लगी नहीं पाई गई जबकि टेण्डर आमंत्रित करने से पूर्व नियम–16 के अन्तर्गत राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त करनी आवश्यक थी।

4– अनबुन्ध के अनुसार कार्य को दिनाँक 27-06-2020 तक पूर्ण होना था परन्तु वास्तविक रूप से कार्य दिनाँक 16-11-2020 को पूर्ण हुआ। उक्त विलम्ब के लिये समयावधि बढ़ाने का प्रार्थना–पत्र ठेकेदार द्वारा नहीं लगाया गया।

5– उक्त विलम्ब के लिये ठेकेदार का निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–4 में वर्णित ठेका की शर्तें खण्ड 2(ग) के अन्तर्गत कार्य की अनुमानित लागत का अधिकतम 10 प्रतिशत तक रू० 184279.00 का अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु ठेकेदार पर कोई भी अर्थदण्ड नहीं लगाया गया।

6– कार्य के प्रथम बिल के अनुसार दिनाँक 14-06-2020 तक लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका था तथा प्राइम कोट एवं ट्रैक कोट हेतु बिटुमिन व इमल्सन का प्रयोग किया जा चुका था परन्तु शेष 10 प्रतिशत कार्य 5 माह पश्चात दिनाँक 16-11-2020 को पूर्ण हुआ जिससे कार्य की गुणवत्ता संदिग्ध रही विशेष रूप से वर्षा ऋतु के कारण।

7– द्वितीय एवं तृतीय बिल की एम०बी० समान थी परन्तु फिर भी समय में एक माह का अन्तर था अर्थात बिना कार्य पूर्ण हुए ही द्वितीय एम०बी० की गई तथा ठेकेदार को अतिरिक्त समय दिया गया।

8– अनुबन्ध के अनुसार ठेकेदार का यह कर्तव्य था कि कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विभाग को सूचित करें तथा अभियन्ता/अवर अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य स्थल की चार फोटो तैयार कराये परन्तु ऐसी कोई सूचना एवं फोटो पत्रावली में लगे नहीं पाये गये।

9– नियम–37 के अन्तर्गत कार्य का पूर्ण एवं अन्तिम भुगतान तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से प्रमाणित न कर दे कि निर्माण कार्य अनबुन्ध में निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है परन्तु इस कार्य में अभियन्ता द्वारा दिया गया जाँच प्रमाण–पत्र लगा नहीं पाया गया।

उपरोक्त आपत्तियों के आधार पर उक्त कार्य को अनियमित कार्य कहा जा सकता है **जिसमें भुगतान की गई कुल राशि रू० 1206939.00 + अर्थदण्ड लगाकर रू० 184279.00 कुल धनराशि रू० 1391218.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 1391218.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।**

सा०आ०स०55

प्र०सं०–17– राज्य वित्त से कराये गये निर्माण कार्य – "**विकास खण्ड निघासन में ग्राम सभा जसनगर से खमरिया मार्ग पर लेपन मरम्मत – 850 मीटर**" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1– उक्त कार्य का प्रथम स्टीमेट कुल 1341 मीटर लम्बाई का रू० 2481194.00 का तैयार किया गया था जिस पर शासन से आपत्ति लगने के बाद दूसरा स्टीमेट रू० 3962518.00 का तैयार किया गया जिस पर शासन की स्वीकृति प्राप्त हो गई। परन्तु टेण्डर प्रथम प्राक्कलन के आधार पर आमंत्रित किया गया।

2– प्रथम प्राक्कलन की राशि स्वीकृत राशि से कम होने के कारण टेण्डर आमंत्रित करने के बाद मार्ग की लम्बाई 1341 मीटर से घटाकर 850 मीटर कर दी गई तथा पुनः एक संशोधित प्राक्कलन 850 मीटर का रू० 2527463.00 का तैयार किया गया जिसक पुनः स्वीकृति नहीं ली गई।

3– प्रथम प्राक्कलन के आधार पर आमंत्रित किये गये टेण्डर के सापेक्ष कुल 4 टेण्डर प्राप्त हुए परन्तु तुलनात्मक चार्ट में मात्र 3 ठेकेदारों का नाम दर्शित था। मे० बाबा शिवपूजन इण्टर प्राइजेज का नाम तुलनात्मक चार्ज में दर्शित नहीं पाया गया। एल1 पर मे० अवध कान्सट्रक्शन का नाम दर्ज था जिनका टेण्डर प्राक्कलन दस से 5.10% कम पर था।

4– प्रथम प्राक्कलन के आधार पर 2481194.00 – 5.10% = रू० 2354653.00 होता है जिस पर टेण्डर स्वीकृत होना चाहिये था परन्तु टेण्डर तृतीय प्राक्कलन में स्वीकृत हुआ। इस प्रकार सम्पूर्ण प्रक्रिया ही दूषित थी। 1341 मीटर के लिये प्राप्त टेण्डर को 850 मीटर के लिये स्वीकृत किया गया जबकि पूर्व टेण्डर को निरस्त करके नया टेण्डर आमंत्रित किया जाना चाहिये था।

5– अनुबन्ध के अनुसार कार्य को दिनाँक 26-07-2020 तक समाप्त होना था परन्तु कार्य वास्तविक रूप से दिनाँक 28-11-2020 को 4 माह के विलम्ब से पूर्ण हुआ।

6– उक्त विलम्ब के लिये ठेकेदार का समयावधि बढ़ाने का कोई प्रार्थना–पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

7– उक्त विलम्ब के लिये ठेकेदार से निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–4 खण्ड–2(ग) के अन्तर्गत कार्य की अनुमानित लागत का 10% तक कुल रू० 252746.00 का अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु कोई भी अर्थदण्ड नहीं लगाया गया।

8– कार्य की प्रथम माप दिनाँक 25-05-2020 को तथा द्वितीय माप दिनाँक 28-11-2020 को की गई परन्तु अवर अभियन्ता का निरीक्षण पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

9– अनुबन्ध के अनुसार ठेकेदार का यह कर्तव्य था कि कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विभाग को सूचित करे तथा अभियन्ता/अवर अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य स्थल की चार फोटो तैयार कराये परन्तु ऐसी कोई सूचना एवं फोटो संलग्न नहीं पाये गये।

10– नियम–37 के अन्तर्गत कार्य का पूर्ण एवं अन्तिम भुगतान तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से यह प्रमाणित न कर दें कि निर्माण कार्य अनुबन्ध के निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है परन्तु इस कार्य में अभियन्ता का जाँच प्रमाण–पत्र लगा नहीं पाया गया।

11– कार्य की प्राक्कलन शीट एवं एम०बी० का मिलान करने पर निम्न मदों की मात्रा व मूल्य में अन्तर पाया गया –

क्र० सं०	विवरण	प्राक्कलन में			एम०बी० में		अन्तर
		मात्रा	दर	मूल्य	मात्रा	मूल्य	
1-	ब्रिक इडिगिंग 7 सेमी वाइड वॉन वोथ साइड वाई एम-150	1000	82400	82400	850	70040	12360
2-	अर्थ वर्क इन ऑर्डनरी सॉइल कार्टेज	170	87.20	14824	192.50	16786	1962
	योग						**14322**

उक्त तालिका से स्पष्ट है कि उक्त मदों में 10% से अधिक का विचलन था जिसके लिये सक्षम प्राधिकारी से अनुमति नहीं ली गई थी जो कि नियम–15 का उल्लंघन है। इस प्रकार त्रुटिपूर्ण प्राक्कलन तैयार करके या त्रुटिपूर्ण एम०बी० करके ठेकेदार को रू० 14322.00 का अनुचित लाभ पहुँचाया गया।

उपरोक्त सभी तथ्यों के आधार पर उक्त कार्य को पूर्णतया अनियमित माना जा सकता है **जिसमें भुगतान की गई कुल राशि रू० 2025027.00 + अर्थदण्ड न लगाकर रू० 252476.00 + सारवान विचलन द्वारा रू० 14322.00 कुल धनराशि रू० 2291825.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 2291825.00 की दण्डात्मक ब्याज सहित वसूली सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।**

सा०आ०स०**56**

प्र०सं०–18– राज्य वित्त से कराये गये निर्माण कार्य – "**विकास खण्ड बिजुआ में ग्राम गड़हिया के मजरा गुलाबटांडा में प्राथमिक विद्यालय से शारदा के खेत तक खडन्जा व पुलिया कार्य–1240 मीटर x 3.30 मीटर व दो नग पुलिया**" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1– उक्त कार्य का प्रथम प्राक्कलन रू० 2721274.00 का तैयार किया गया परन्तु शासन की आपत्ति के बाद पुनः संशोधित प्राक्कलन रू० 2720698.00 का तैयार किया गया। यद्यपति कि टेण्डर प्रथम प्राक्कलन के आधार पर ही आमंत्रित किया गया।

2– ठेकेदार को निविदा स्वीकृति की सूचना दिनाँक 18-01-2020 को दी गई तथा शासन से स्वीकृति मिलने के पश्चात अनबुन्ध कराने के लिये कहा गया परन्तु शासन से प्राप्त स्वीकृति पत्रावली में लगी नहीं पाई गई।

3– दिनाँक 16-03-2020 तक ठेकेदार द्वारा अनुबन्ध न कराने पर उसे नोटिस दी गई कि 3 दिन में अनुबन्ध करा लें अन्यथा उसकी जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी। परन्तु फिर भी ठेकेदार द्वारा 2 माह तक अनुबन्ध नहीं किया गया। ठेकेदार की न तो जमानत जब्त की गई ओर न ही टेण्डर निरस्त किया गया।

4– दो माह पश्चात दिनाँक 14-05-2020 को ठेकेदार द्वारा अनुबन्ध पूर्ण कराया गया जिसके अनुसार कार्य को तीन माह में दिनाँक 13-08-2020 तक पूर्ण जो जाना था परन्तु कार्य वास्तविक रूप में 6 माह पश्चात दिनाँक 12-11-2020 को पूर्ण हुआ।

5– उक्त विलम्ब के लिये ठेकेदार की ओर से समयावधि बढ़ाने का कोई प्रार्थना–पत्र नहीं दिया गया परन्तु फिर भी टेण्डर निरस्त करने की कोई कार्यवाही नहीं की गई।

6– उक्त विलम्ब के लिये ठेकेदार पर निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–4 के खण्ड–2(ग) के अन्तर्गत कुल अनुमानित मूल्य का अधिकतम 10% रू० 272069.00 का अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु कोई भी अर्थदण्ड नहीं लगाया गया।

7– कार्य के द्वितीय बिल के अनुसार कार्य की माप दिनाँक 14-07-2020 को हुयी जिसमें पूरे 1242 मीटर में ईंट सोलिंग कार्य पूर्ण पाया गया तथा कार्य की एम०बी० रू० 2668859.00 की की गई परन्तु फिर भी कार्य समाप्त न करके रनिंग बिल बनाया गया यद्यपि कार्य की तृतीय एम०बी० दिनाँक 12-11-2020 को पुनः उतनी ही राशि की की गई जिससे स्पष्ट है कि द्वितीय एम०बी० के समय कार्य वास्तव में पूर्ण नहीं हुआ था तथा द्वितीय एम०बी० संदिग्ध है।

8– किसी भी बिल के साथ अवर अभियन्ता की निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न नहीं पाई गई। दिनाँक 13-08-2020 से दिनाँक 12-11-2020 तक अवर अभियन्ता द्वारा कार्यस्थल का निरीक्षण नहीं किया गया और न ही ठेकेदार को कार्य समाप्त करने का नोटिस दिया गया।

9– अनुबन्ध के अनुसार ठेकेदार का यह कर्तव्य था कि कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विभाग को सूचित करे तथा अभियन्ता/अवर अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य स्थल की चार फोटो तैयार कराये परन्तु ऐसी कोई सूचना एवं फोटो संलग्न नहीं पाये गये।

10– नियम–37 के अन्तर्गत कार्य का पूर्ण एवं अन्तिम भुगतान तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि अभियन्ता द्वारा सम्यक रूप से यह प्रमाणित नहीं कर दिया जाये कि निर्माण कार्य अनुबन्ध में निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है परन्तु इस कार्य में अभियन्ता का जाँच प्रमाण–पत्र लगा नहीं पाया गया।

11– कार्य पूर्ण होने के पश्चात के फोटो पत्रावली में लगे नहीं पाये गये अतः पूर्णता की स्थिति अज्ञात रही।

उपरोक्त सभी तथ्यों के आधार पर उक्त कार्य को पूर्णतया अनियमित माना जा सकता है। **जिसमें भुगतान की गई कुल राशि रू० 2558902.00 + अर्थदण्ड न लेकर रू० 272069.00 कुल धनराशि रू० 2830971.00 की वित्तीय अनियमितता की**

<u>गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 2830971.00 की वूसली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।</u>

सा०आ०स०**57**

प्र०सं०–19– राज्य वित्त में कराये गये निर्माण – "**विकास खण्ड मितौली में बड़ागाँव रोड से रानीबेहड़ मार्ग तक लेपन कार्य – 605 मीटर x 3.00 मीटर**" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1– कार्य का प्रथम प्राक्कलन रू० 2188053.00 का तैयार किया गया परन्तु शासन की आपत्ति के बाद पुनः द्वितीय प्राक्कलन रू० 2071921.00 का तैयार किया गया यद्यपि टेण्डर प्रथम प्राक्कलन से ही आमंत्रित किया गया।

2– प्राक्कलन शीट में कार्य स्थल का फोटो लगा नहीं पाया गया यद्यपि कार्य प्रारम्भ से पूर्व के फोटो में कार्य स्थल पर खडन्जा लगा दिख रहा है अतः लेपन कार्य संदिग्ध रहा।

3– कार्य का अनुबन्ध रू० 2187918.00 का किया गया जबकि द्वितीय प्राक्कलन की राशि रू० 2071921.00 थी अर्थात प्राक्कलन से अधिक का अनुबन्ध किया गया।

4– कार्य का अनुबन्ध दिनाँक 26-05-2020 को हुआ तथा मात्र 4 दिन बाद ही कार्य की प्रथम एम०बी० भ्ज्ञी दिनाँक 30-05-2020 को हो गई जो कि लगभग 1/3 काम की थी। स्पष्ट है कि कार्य जल्दबाजी में किया गया।

5– अनुबन्ध के अनुसार कार्य दिनाँक 22-08-2020 तक पूर्ण हो जाना था परन्तु कार्य वास्तविक रूप से तीन माह विलम्ब से दिनाँक 27-11-2020 को पूर्ण हुआ।

6– उक्त विलम्ब के लिये समयावधि बढ़ाने हेतु ठेकेदार का कोई पत्र लगा नहीं पाया गया फिर भी ठेका निरस्त करने की कार्यवाही नहीं की गई।

7– उक्त विलम्ब के लिये ठेकेदार पर निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–2(ग) के अन्तर्गत अनुमानित मूल्य का अधिकतम 10% तक रू० 207192.00 का अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु कोई भी अर्थदण्ड नहीं लगाया गया।

8– कार्य के द्वितीय बिल के अनुसार कार्य स्थल पर दिनाँक 14-06-2020 तक मिट्टी कार्य पूर्ण हो चुका था जिसके पश्चात दिनाँक 17-10-2020 तक कार्य स्थल पर प्राइम कोट, ट्रैक कोट एवं सील कोट डाला गया जबकि उस अवधि में वर्षा ऋतु चालू थी अतः कार्य की गुणवत्ता पूर्णतया संदिग्ध थी।

9– कार्य के तृतीय एवं चतुर्थ व अन्तिम बिल की एम०बी० समान राशि की थी जबकि दोनों के बीच एक माह से अधिक का अन्तर था। स्पष्ट है कि तृतीय बिल की एम०बी० के समय तक कार्य पूर्ण न होने के बाद भी पूरी एम०बी० करके ठेकेदार को अतिरिक्त समय प्रदान किया गया।

10– किसी भी बिल के साथ अवर अभियन्ता का निरीक्षण पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

11– नियम–37 के अनुसार ठेकेदार का पूर्ण एवं अन्तिम भुगतान तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से यह प्रमाणित न कर दे कि निर्माण कार्य अनुबन्ध में निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है परन्तु इस कार्य में अभियन्ता का जाँच प्रमाण–पत्र लगा नहीं पाया गया।

उपरोक्त सभी तथ्यों के आधार पर उक्त कार्य को पूर्णतया अनियमित माना जा सकता है **<u>जिसमें भुगतान की गई कुल राशि रू० 1909279.00 + अर्थदण्ड न लेकर रू० 207192.00 कुल राशि रू० 2116471.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 2116471.00 की वसूली सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।</u>**

सा०आ०स०**58**

प्र०सं०–20- राज्य वित्त से कराये गये निर्माण कार्य – "**विकास खण्ड लखीमपुर में ग्राम सभा केशवपुरगुरेला के मौजा पिथवापुर में गुरेला बैरागर सम्पर्क मार्ग से सरदवन के घर मार्ग पर सी०सी० रोड व नाली निर्माण कार्य – 335 मीटर**" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1– उक्त कार्य की प्राक्कलन शीट में लगे, साइट फोटो में खडन्जा लगा दिख रहा है तथा कार्य पूर्व के 5 फोटो में भी खडन्जा दिख रहा है। उक्त खडन्जे के क्षतिग्रस्त होने के सम्बन्ध में कोई रिपोर्ट लगी नहीं पाई गई अतः खडन्जा उखाड़कर सी०सी० रोड बनाने का कोई औचित्य नहीं था।

2– खडन्जा को उखाड़ने पर प्राप्त ईंट 335x3x59 = 59295 नग का 60% = 35577 नग अनुमानित मूल्य लगभग रू० 177885.00 न तो जिला पंचायत स्टॉक में जमा कराये गये और न ही ठेकेदार के बिल से समायोजित किये गये। इस प्रकार रू० 177885.00 की क्षति पहुँचाई गई।

3– उक्त कार्य की अनुमानित लागत रू० 10 लाख से अधिक थी अतः उसकी प्राविधिक स्वीकृति नियम–16 के अन्तर्गत शासन से प्राप्त की जानी चाहिये थी जो कि लगी नहीं पाई गई।

4– अनुबन्ध के अनुसार उक्त कार्य बरसात से पूर्व दिनाँक 27-06-2020 तक पूर्ण हो जाना चाहिये था परन्तु बरसात में कार्य कराते हुए पाँच माह के विलम्ब से दिनाँक 12-11-2020 तक पूर्ण हुआ। बरसात के दौरान कार्य कराने से कार्य की गुणवत्ता प्रभावित रहने की सम्भावन है।

5– ठेकेदार द्वारा अतिरिक्त समय मांगने का कोई प्रार्थना–पत्र नहीं दिया गया परन्तु फिर भी उसे समय से पूर्ण करने हेतु कोई नोटिस जारी नहीं की गई।

6– कार्य पूर्ण होने की प्रस्तावित तिथि दिनाँक 27-06-2020 एवं कार्य की प्रथम एम०बी० की तिथि दिनाँक 31-07-2020 में एक माह का अन्तर रहा जिससे अवर अभियन्ता द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण करके कोई नोटिस जारी नहीं की गई।

7– कार्य की द्वितीय एम०बी० दिनाँक 26-09-2020 को हुयी जिसके अनुसार कार्य का 90% से अधिक भाग पूर्ण हो चुका था परन्तु शेष 10% कार्य के लिये दो माह का समय लिया गया।

8– कार्य में विलम्ब के लिये ठेकेदार पर निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–4 के खण्ड–2(ग) के अन्तर्गत अनुमानित मूल्य का अधिकतम 10% तक रू० 264263.00 का अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु कोई भी अर्थदण्ड नहीं लगाया गया।

9– पत्रावली में लगे सभी फोटो अप्रमाणित पाये गये। उन पर कार्य का नाम लिखकर अवर अभियन्ता द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिये था।

10– किसी भी बिल के साथ अवर अभियन्ता का निरीक्षण पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

11– नियम–37 के अन्तर्गत कार्य को पूर्ण करने से पूर्व अभियन्ता का जाँच प्रमाण–पत्र नहीं लिया गया।

12– शासनादेश संख्या–115(1)/86-2020-52(सा०)/2019 टी०सी० दिनाँक 15-01-2020 के अनुसार ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत परिवहन प्रपत्रों का सत्यापन कार्यदायी संस्था द्वारा उस जनपद के खान अधिकारी/निरीक्षक से कराया जायेगा जहाँ कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य किया गया है परन्तु उक्त कार्य में ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत परिवहन प्रपत्रों का सत्यापन नहीं कराया गया है और सत्यापन के बिना ही रायल्टी सहित पूर्ण भुगतान कर दिया गया है।

13– कार्य के प्राक्कलन एवं अन्तिम एम०बी० की तुलना करने पर निम्न मदों में अन्तर पाया गया –

क्र० सं०	विवरण	प्राक्कलन में			एम०बी० में		अन्तर
		मात्रा	दर	मूल्य	मात्रा	मूल्य	
1-	पी /एल कोम्पेक्टेड जी.एस.बी.	21.98	4755	104515	15.06	71610	32905
2-	इ/डब्लू इन इडावेशन/ऑर नेल	74.16	110.50	8195	50.04	5529	2666
3-	पी /एल पी सीसी 1:3:6 इन नेल	26.49	7396.50	195933	18.76	138758	57175
4-	पी /एल बी/डब्लू इन1:4 सी+सीएस	85.49	6305.30	539040	60.98	384497	154543
5-	पी /एल आर.सी.सी 1:2:4/ऑर कवर इन ऑल कम्प्यूटर .	1.37	8033.30	11006	2.22	17834	6828
6-	पी /एल प्लास्टर इन1:4 सी+सीएस	505.02	152.40	76965	234.13	35681	41284
7-	इ/डब्लू इन ऑर्डनरी सॉइल गल बोथ साइड रोड	249.22	85.80	21383	103.84	8909	12474
	योग						**307875**

उक्त तालिका से स्पष्ट है कि उक्त मदों में 10% से अधिक का विचलन था जिसके लिये सक्षम अधिकारी से अनुमति नहीं ली गई थी जो कि नियम–15 का उल्लंघन है। इस प्रकार त्रुटिपूर्ण प्राक्कलन तैयार करके अथवा त्रुटिपूर्ण एम०बी० करके जानबूझकर ठेकेदार को रू० 307875.00 का अनुचित लाभ पहुँचाया गया।

उपरोक्त सभी तथ्यों के आधार पर उक्त कार्य को पूर्णतया अनियमित माना जा सकता है **जिसमें भुगतान की गई कुल राशि रू० 2365410.00 + ईंट का मूल्य समायोजित न करके रू० 177885.00 + अर्थदण्ड लगाकर रू० 264263.00 + सारवान विचलन द्वारा रू० 307875.00 कुल धनरिश रू० 3115433.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 3115433.00 की वसूली अभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।**

सा०आ०स०**59**

प्र०सं०–21- संस्था के प्रपत्र–ड. के अनुसार अनुदान से निम्न विवरणानुसार 61.35 करोड़ के निर्माण एवं मरम्मत के कार्य दर्शित हैं –

क्र०सं०	अनुदान से कराये गये निर्माण कार्य	व्यय धनराशि
1-	राज्य वित्त	436385259.00
2-	15वाँ वित्त आयोग टाइड	22287944.00
3-	पंचम राज्य वित्त	76943277.00

4-	15वाँ वित्त आयोग अनटाइड	48504308.00
	योग–	584120788.00
	घटाया–15वाँ वित्त आयोग की टाइड राशि	22287944.00
	राज्य वित्त से अन्य निर्माण कार्यों की अधिभार	16935323.00
	अपुष्ट राशि	544907521.00

(1)- उ०प्र० सरकार के शासनादेश संख्या–866/23-02-14-93 जी/2004/टी/पंचायती राज अनुभाग–3/लखनऊ दिनाँक 24-06-2014 द्वारा जिला पंचायतों द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों के लिये दिशानिर्देश जारी किये गये हैं जिनके अनुसार जिला पंचायतों द्वारा दो या दो से अधिक क्षेत्र पंचायतों को लाभान्वित करने वाले कार्यों को सम्पादित कराना था। शासनादेश में यह भी उल्लेख किया गया था कि कतिपय ग्राम पंचायतों के अन्दर जिला पंचायत द्वारा निर्माण कार्य कराया जाता है परन्तु ग्राम पंचायतों द्वारा निर्माण कार्य अपने द्वारा कराया गया दिखाकर भुगतान प्राप्त कर लिया जाता है जो कि अनुचित है जिसके कारण वित्तीय अनियमितता, भ्रष्टाचार एवं डुप्लीकेसी की सम्भावना बनी रहती है अतः पंचायती राज संस्थाओं के निर्माण कार्य कराने के सम्बन्ध में निर्धारित किये गये क्षेत्राधिकार का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिये।

परन्तु जिला पंचायत खीरी में वर्ष 2020-21 में राज्य वित्त से कराये गये अधिकांश कार्य ग्राम पंचायतों के अन्दर ही अधिकांशतः खडन्जा निर्माण, खडन्जा मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण, पुलिया निर्माण, लेपन आदि के रूप में कराये गये हैं जो कि उक्त शासनादेश के नियमों के विरूद्ध हैं। शासनादेश का पालन किया जाना अपेक्षित है।

(2)– निर्माण कार्य पत्रावलियों एंव अन्य अभिलेखों की लेखा परीक्षा में पाया गया कि उक्त निर्माण कार्यों के फलस्वरूप सृजित सम्पत्ति पर जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत ता ग्राम पंचायत प्रत्येक का कितना स्वामित्व होगा यह स्पष्ट नहीं है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद सम्पत्ति न तो किसी संस्था को हस्तान्तरित की गई है और न ही परिसम्पत्ति पंजिका में दर्ज की गई है ऐसी स्थिति में निर्माण कार्य के पूर्ण होने की स्थिति संदिग्ध हो जाती है। निर्माण कार्य के फलस्वरूप सृजित सम्पत्ति की वास्तविकता की पुष्टि सम्बन्धित संस्था जिसमें स्वामित्व निहित हो को हस्तान्तरित करने एवं उसकी प्रविष्टि परिसम्पत्ति पंजिका में करके कराई जानी अपेक्षित है।

(3)– निर्माण कार्य पत्रावलियों की जाँच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि कई निर्माण कार्यों के लिये अवर अभियन्ता द्वारा एक ही एमबी प्रयोग की गई है जिसके कारण पत्रावली में एमबी संलग्न नहीं की जाती है अतः सभी एमबी बुक निकलवाकर पत्रावली की जाँच करना अत्यधिक श्रमसाध्य एवं समय लेने वाला कार्य है अतः प्रत्येक बिल के साथ उसकी एमबी की प्रमाणित छायाप्रति भी पत्रावली में अवश्य संलग्न की जानी अपेक्ष् त है।

(4)– किसी भी निर्माण कार्य पत्रावली में निर्माण कार्य नियमावली 1984 के नियम–41 प्रपत्र–8 पर बनाया गया बिल संलग्न नहीं पाया गया। उक्त बिल मात्र गार्ड फाइल में ही लगा पाया गया अतः पास किये गये बिल की एक प्रमाणित प्रति निर्माण पत्रावली में भी अवश्य लगाई जानी चाहिये जिससे बिल, एमबी एवं प्राक्कलन का मिलान किया जा सके।

(5)– निर्माण कार्य पत्रावलियों में ठेकेदार द्वारा दिया गया एमएम -11/फार्म–3सी संलग्न पाया गया। उक्त एमएम -11/फार्म–3सी पर सम्बन्धित अवर अभियन्ता से यह प्रमाण–पत्र लिया जाना चाहिये था कि उक्त एमएम -11/फार्म–3सी उसी कार्य से सम्बन्धित है जिसके लिये ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत किया गया है और उसके द्वारा शासनादेश–115(1)/86-2020-52(सा०)/2019 दिनाँक 15-01-2020 की व्यवस्थानुसार इसका सत्यापन कर लिया गया है। परन्तु किसी भी निर्माण पत्रावली में ऐसा प्रमाण–पत्र लगा नहीं पाया गया।

(6)– निर्माण कार्य नियमावली 1984 के नियम–44 के अनुसार जिला पंचायत के ठेकेदारों पर निगरानी रखने के उद्देश्य से प्रत्येक ठेकेदार के सम्बन्ध में एक व्यैक्तिक लेखा अलग–अलग प्रपत्र संख्या नि०का०–9 में रखा जायेगा परन्तु जिला पंचायत में उक्त लेखा तैयार नहीं किया जा रहा है अतः प्रत्येक ठेकेदार को वर्ष में किये गये कुल भुगतान व अवशेष की जानकारी नहीं हो सकी।

उक्त आपत्तियों के आलोक में राशि रू० 544907521.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है। जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 544907521.00 की वसूली पूर्ण दण्डात्मक ब्याज सहित उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

सा०आ०स०

प्र०सं०–22- आलोच्य वर्ष में जिला निधि से कुल रू० 968.38 लाख व्यय किया गया हैं उक्त व्यय किन मदों में किया गया है उसकी सूची उपलब्ध नहीं कराई गई। प्रपत्र-ड. में उक्त के सम्बन्ध में कतिपय मदों का विवरण अंकित किया गया है परन्तु सम्बन्धित पत्रावलियों को उपलब्ध नहीं कराया गया। पत्रावलियों के अभाव में उक्त राशि रू० 968.38 लाख की वित्तीय अनियमितता की गई है। अतः उक्त राशि रू० 968.38 लाख की वसूली अपर मुख्य अधिकारी, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता से दण्डात्मक ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

सा०आ०स०

जिला पंचायत आपत्तियाँ वर्ष 2021-22

प्र०सं०–23- जिला पंचायत में विभिन्न तिथियों पर मे० मास्टर बुक डिपो से स्टेशनरी क्रय की गई है। यथा–

क्र०सं०	व्यय प्रमाणक संख्या व तिथि	बिल संख्या व तिथि	धनराशि
1-	38/अगस्त 2021	251/15-07-2021	4157.00
2-	39/अगस्त 2021	250/15-07-2021	4462.00
3-	155/27-10-2021	435/13-10-2021	3831.00
4-	157/27-10-2021	436/13-10-2021	4704.00
5-	127/20-01-2022	595/01-01-2022	3682.00
6-	128/20-01-2022	596/01-01-2022	3552.00
		योग –	**24388.00**

उक्त क्रय की पुष्टि में स्टेशनरी मांग पत्र, क्रय बिल, स्टेशनरी स्टॉक रजिस्टर आदि प्रस्तुत नहीं किया गया अतः क्रय की पुष्टि नहीं हो सका। **प्रमाणक एवं पुष्टि विहीन व्यय अपहरण के समान है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी एवं पटल सहायक उत्तरदायी हैं अतः उक्त धनराशि रू० 24388.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**02**

प्र०सं०–24- व्यय प्रमाणक संख्या–16 दिनाँक 15-07-2021 द्वारा जिला पंचायत में प्रयुक्त कार इनोवा संख्या–यूपी-31/ए क्यू -7070 का वार्षिक बीमा प्रीमियम की राशि रू० 24903.00 कैशियर जिला पंचायत को नकद दी गई है जिसकी पुष्टि में समायोजन यथा प्रीमियम रसीद/कवर नोट/पालिसी की छायाप्रति उपलब्ध नहीं रही **अतः उक्त राशि रू० 24903.00 का अपहरण किया गया है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी एवं कैशियर उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 24903.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**03**

प्र०सं०–25- व्यय प्रमाणक संख्या–23 दिनाँक 15-07-2021 द्वारा जिला पंचायत में प्रयुक्त कार इनोवा संख्या–यूपी-31/ ए क्यू -7070 में दो नग टायर लगवाने हेतु मे० टायर हाउस को रू० 13200.00 का भुगतान किया गया है जिसकी पुष्टि में वाहन की लॉग बुक, पुराना टायर बेकार होने का ड्राइवर का प्रार्थना–पत्र, मे० टायर हाउस का बिल आदि प्रस्तुत नहीं किया गया। **अतः उक्त राशि रू० 13200.00 का अपहरण किया गया है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी एवं ड्राइवर उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 13200.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**04**

प्र०सं०–26- व्यय प्रमाणक संख्या–41 दिनाँक 15-07-2021 द्वारा अपर मुख्य अधिकारी, अभियन्ता एवं अध्यक्ष की डी०एस०सी० बनवाई का बिल रू० 4500/- प्रति व्यक्ति की दर से कुल रू० 13500.00 भुगतान किया गया है जो कि अत्यधिक है। सामान्यतया डी०एस०सी० का बनवाने का बाजार मूल्य रू० 1500/- प्रति व्यक्ति है। **अतः रू० 9000.00 का अधिक भुगतान करके जिला निधि का दुरूपयोग किया गया है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी उत्तरदायी हैं अतः दुरूपयोग की पुष्टि होने पर उक्त राशि रू० 9000/- की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**05**

प्र०सं०–27- व्यय प्रमाणक संख्या 38 दिनाँक 06-09-2021 द्वारा जिला पंचायत की बोर्ड बैठक दिनाँक 12-07-2021 में उपस्थित सदस्यों को यात्रा भत्ता का वितरण करने हेतु कुल रू० 71000-00 (71x1000) नकद कैशियर द्वारा आहरित किया गया है जिसकी पुष्टि में बोर्ड बैठक की कार्यवाही, उपस्थिति पंजिका, वितरण रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किया गया **अतः पुष्टि के अभाव में उक्त रू० 71000.00 का अपहरण किया गया है। उक्त राशि रू० 71000.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित अपर मुख्य अधिकारी एवं कैशियर से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**06**

प्र०सं०–28- व्यय प्रमाणक संख्या 17 दिनाँक 07-10-2021 द्वारा जिला पंचायत में प्रस्तुत इनोवा कार संख्या–यूपी-31/ए क्यू -7070 की सर्विस हेतु रू० 19900.00 का भुगतान श्री साबिर अली ड्राइवर को नकद किया गया है। उक्त भुगतान का समायोजन/वर्कशाप का पक्का बिल संलग्न नहीं पाया गया। वर्कशॉप को एकाउंट पेयी चेक द्वारा भुगतान न किये जाने का कारण भी स्पष्ट नहीं किया गया। ड्राइवर का सर्विस की आवश्यकता सम्बन्धी पत्र, वाहन की लॉग बुक, पिछली सर्विस के बाद वाहन द्वारा

तय की गई दूरी का विवरण आदि भी प्रस्तुत नहीं किया गया **अतः पुष्टि के अभाव में उक्त रू० 19900.00 का अपहरण किया गया है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता एवं ड्राइवर उत्तरदायी हैं अतः उक्त रू० 19900.00 की वसूली सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**09**

प्र०सं०–29– व्यय प्रमाणक संख्या–01 दिनाँक 04-01-2022 द्वारा जिला पंचायत बोर्ड की बैठक दिनाँक 07-09-2021 में उपस्थिति सदस्यों को यात्रा भत्ता वितरित करने हेतु कुल रू० 67000.00 (67x1000) नकद आहरित किया गया परन्तु पुष्टि में बोर्ड बैठक की कार्यवाही, उपस्थित सदस्यों की पंजिका, वितरण रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किया गया अतः यह ज्ञात नहीं हो सका कि उक्त राशि वितरित की गई या नहीं। चार माह विलम्ब से धन अपहरण का औचित्य भी स्पष्ट नहीं किया गया। **पुष्टि के अभाव में उक्त राशि रू० 67000.00 का अपहरण किया गया है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी एवं कैशियर उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 67000.00 की वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**13**

प्र०सं०–30- व्यय प्रमाणक संख्या–129 दिनाँक 20-01-2022 द्वारा जिला पंचायत की इनोवा कार संख्या यूपी-31/ए क्यू -7070 के वार्षिक बीमा प्रीमियम का भुगतान रू० 24365.00 नेशनल इन्श्योरेन्स कम्पनी को किया गया है जिसकी पुष्टि में प्रीमियम का रसीद/कवर नोट/पालिसी की छायाप्रति बिल के साथ संलग्न नहीं पाई गई। उक्त वाहन का बीमा प्रीमियम व्यय प्रमाणक संख्या–16 दिनाँक 15-07-2021 द्वारा भी भुगतान किया गया था। एक ही वित्तीय वर्ष में दो बार प्रीमियम भुगतान का औचित्य स्पष्ट नहीं किया गया। भुगतान संदिग्ध होने तथा **पुष्टि के अभाव में उक्त राशि रू० 24365.00 का अपहरण किया गया है। जिसे लिये अपर मुख्य अधिकारी एवं वित्तीय परामर्शदाता उत्तरदायी है अतः उक्त राशि रू० 24365.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**15**

प्र०सं०–31- जिला पंचायत में विभिन्न तिथियों में मे० आशीष इण्टर प्राइजेज से कम्प्यूटर सामग्री क्रय की गई है जिसके व्यय प्रमाणक/बिल उपलब्ध रहे। यथा –

क्र०सं०	व्यय प्रमाणक संख्या व तिथि	बिल संख्या व तिथि	धनराशि
1-	82/दिसम्बर 2021	5476 दि0 09-11-2021	200.00
		276 दि0 09-11-2021	354.00
2-	83/दिसम्बर 2021	2981 दि० 09-11-2021	2100.00
3-	84/दिसम्बर 2021	2982 दि० 09-11-2021	4500.00
4-	85/दिसम्बर 2021	2983 दि० 09-11-2021	4900.00
5-	86/दिसम्बर 2021	5783 दि० 12-11-2021	3900.00
6-	119/20-01-2022	294 दि० 20-11-2021	708.00
	योग –		**16662.00**

उक्त सभी बिल एक ही फर्म के होने तथा लगभग एक ही दिनाँक के होने के बाद भी उनके क्रमांकों में अत्यधिक अन्तर है जिसके कारण उक्त बिल संदिग्ध है तथा फर्जी प्रतीत होते हैं। **इस प्रकार फर्जी बिल लगाकर रू० 16662.00 का अपहरण किया गया है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी एवं पटल सहायक उत्तरदायी हैं। अतः रू० 16662.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**17**

प्र०सं०–32- जिला पंचायत द्वारा विभिन्न तिथियों पर मे० न्यू बंगाल इलेक्ट्रिकल्स के बिलों का भुगतान किया गया है। यथा-

क्र०सं०	व्यय प्रमाणक संख्या व तिथि	बिल संख्या व तिथि	धनराशि
1–	138/दिसम्बर 2021	194/09-10-2021	4585.00
2-	139/दिसम्बर 2021	190/05-10-2021	4990.00
3-	140/दिसम्बर 2021	187/12-09-2021	4995.00
4-	50/फरवरी 2022	195/03-11-2021	4983.00
5-	48/फरवरी 2022	197/02-12-2021	4965.00
6-	49/फरवरी 2022	200/04-01-2022	4955.00
	योग –		**29473.00**

उक्त बिलों की जाँच में पाया गया कि फर्म के बिलों के मध्य अन्तर काफी कम है जबकि समयावधि अधिक है। समयावधि को देखते हुए बिल संदिग्ध प्रतीत होते हैं। **इस प्रकार संदिग्ध व फर्जी बिल लगाकर उक्त राशि रू० 29473.00 का अपहरण**

<u>किया गया है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी एवं पटल सहायक उत्तरदायी हैं अतः बिल फर्जी पाये जाने पर रू० 29473.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है</u>।

सा०आ०स०21

प्र०सं०–33- दुकान नम्बर 01 व 02 पलियाकलां – श्री पुत्तूलाल गुप्ता से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर यह स्पष्ट हुआ कि –

1– उक्त दुकानें मूलरूप से श्री रामस्वरूप नाग को आवंटित की गई थी।

2– मूल आवंटी द्वारा उक्त दुकान साझे में श्री पुत्तूलाल गुप्ता के साथ चलाई जा रही थी। यद्यपि आवंटन के समय साझेदारी का तथ्य नहीं बताया गया।

3– दिनाँक 07-10-2001 को मूल आवंटी एवं श्री पुत्तूलाल द्वारा प्रार्थना–पत्र देकर यह बताया गया कि उनकी साझेदारी समाप्त हो गई है अतः दुकान श्री पुत्तूलाल को आवंटित कर दी जाये।

4– उक्त प्रार्थना–पत्र पर दिनाँक 07-01-2003 को किराये में 40% वृद्धि करते हुये तथा रू० 10000/- प्रीमियम पर श्री पुत्तूलाल को आवंटित कर दी गई जबकि नियमानुसार आवंटन को निरस्त करके पुनः नये सिरे से नीलामी की जानी चाहिये थी जो कि नहीं किया गया।

5– इस आवंटन का अनुबंध कराने का निर्देश दिनाँक 13-01-2003 को दिया गया परन्तु पत्रावली में 19 वर्ष बाद भी कोई अनुबंध पत्र लगा नहीं पाया गया। जबकि प्रत्येक तीन वर्ष में अनुबंध का नवीनीकरण भी होना चाहिये था। इस प्रकार सरकारी राजस्व को जानबूझकर क्षति पहुँचाई गई।

6– इसी मध्य श्री पुत्तूलाल की मृत्यु हो गई जिसकी जानकारी होने पर दिनाँक 30-09-2021 को उनके पुत्र श्री विशाल गुप्ता को नोटिस दी गई कि वो अनाधिकृत रूप से दुकान पर काबिज हैं तथा एक सप्ताह में दुकान खाली कर दें।

7- उक्त नोटिस के बाद न तो कब्जाधारी ने दुकान खाली की और न ही जिला पंचायत द्वारा कब्जा लेने के लिये कोई विधिक कार्यवाही की गई बल्कि प्रतिमाह किराया अवधारित किया जाता रहा।

8– दिनाँक 31-03-2022 तक उक्त दुकान–2 पर रू० 54342.00 तथा दुकान–3 पर रू० 23628.00 कुल रू० 77970.00 का किराया बाकी था। वर्ष 2021-22 में वसूली शून्य थी।

<u>उक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि श्री पुत्तूलाल गुप्ता के पक्ष में जानबूझकर कदम–कदम पर सहयोगी रवैया अपनाकर, आवंटन निरस्त न करके, कब्जा न लेकर, अनुबंध न करके, वसूली के लिये विधिक कार्यवाही न करके रू० 77970.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी एवं पटल सहायक उत्तरदायी हैं। अतः उक्त रू० 77970.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानीअपेक्षित है</u>।

सा०आ०स०24

प्र०सं०–34- लखीमपुर में जवाहर काम्प्लेक्स स्थिति दुकान संख्या 13, 14, 15, 16 एवं 15ए का आवंटन श्री हिमांशू गुप्ता को किया गय है। सम्बन्धित पत्रावली के अनुसार दिनाँक 16-09-2017 को उनको पुराना आवंटन समाप्त होने तथा नया अनुबंध कराने की नोटिस दी गई थी परन्तु लेखा परीक्षा समाप्ति तक न तो आवंटी द्वारा स्टैम्प पेपर जमा किये गये और न ही नया अनुबंध कराया गया फिर भी उनका आवंटन निरस्त करने के बजाये किराया पंजिका में मात्र किराया अवधारण करते हुए किराये की मांग की जाती रही। किराया पंजिका के अनुसार श्री हिमांशू गुप्ता पर वर्ष 2021-22 की किराये की कुल मांग रू० 196409.00 थी जिसके सापेक्ष उनके द्वारा मात्र रू० 20000.00 ही जमा किया गया है जबकि रू० 176409.00 किराया अवशेष था। ऐसी स्थिति में भी उन पर अधिकारियों द्वारा विशेष कृपा दृष्टि बनाए रखी गई। न तो आवंटन निरस्त किया गया और न ही किराया वसूली के लिए कोई विधिक कार्यवाही की गई।

<u>उक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि श्री हिमांशू गुप्ता के पक्ष में जानबूझकर सहयोगपूर्ण रवैया अपनाकर आवंटन निरस्त न करके, कब्जा न लेकर, अनुबन्ध न करके, वसूली हेतु विधिक कार्यवाही न करके रू० 176409.00 की वित्तीय अनियमितता की गयी है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी एवं पटल सहायक उत्तरदायी हैं। अतः उक्त रू० 176409.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है</u>।

सा०आ०स०25

प्र०सं०–35- वर्ष 2021-22 के ईंट भट्ठा लाइसेंस रजिस्टर के अवलोकन से यह स्पष्ट हुआ कि जिला पंचायत में पंजीकृत कुल 265 ईंट भट्ठों में से कुल 20 भट्ठों से वर्ष 2021-22 का लाइसेंस शुल्क प्राप्त नहीं हुआ है। उक्त ईंट भट्ठों का विवरण निम्न प्रकार था –

क्र०सं०	ईंट भट्ठे का नाम	विकास खण्ड	लाइसेंस शुल्क 600+500+400+50=6950
1-	अपोलो ब्रिक फील्ड	लखीमपुर	6950.00
2-	रामस्वरूप ईंट उद्योग	कुम्भी(गोला)	6950.00

3-	आर० ब्रिक फील्ड	कुम्भी(गोला)	6950.00
4-	बरनवाल ब्रिक फील्ड	रमियाबेहड़	6950.00
5-	सोना ब्रिक फील्ड	रमियाबेहड़	6950.00
6-	उजाला ब्रिक फील्ड	ईसानगर	6950.00
7-	धौरहरा ब्रिक फील्ड	धौरहरा	6950.00
8-	अफजाल अहमद खाँ ब्रिक फील्ड	धौरहरा	6950.00
9-	किसान ब्रिक फील्ड	धौरहरा	6950.00
10-	के०जी०एम० ट्रेडर्स	धौरहरा	6950.00
11-	गाजी ईंट उद्योग	धौरहरा	6950.00
12-	ख्वाजा ब्रिक फील्ड	धौरहरा	6950.00
13-	श्याम ब्रिक फील्ड	धौरहरा	6950.00
14-	सोनू ईंट उद्योग	बेहजम	6950.00
15-	साबिर ईंट उद्योग	बेहजम	6950.00
16-	नीमगाँव ईंट उद्योग	बेहजम	6950.00
17-	खालसा ब्रिक फील्ड	बांकेगंज	6950.00
18-	वर्मा ब्रिक फील्ड	बांकेगंज	6950.00
19-	वरूण ब्रिक फील्ड	बांकेगंज	6950.00
20-	खुशी ईंट उद्योग	बिजुआ	6950.00
	योग –		**139000.00**

उक्त ईंट भट्ठों से लाइसेंस शुल्क वसूली का कोई सक्रिय प्रयास नहीं किया गया। चूँकि ईंट भट्ठों के सम्मुख 'बंदी' दर्ज नहीं है अर्थात इनका संचालन किया जा रहा है अतः **लाइसेंस शुल्क की वसूली न करके संस्था को जानबूझकर वित्तीय क्षति पहुँचाकर रू० 139000.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं पटल सहायक उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 139000.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**31**

प्र०सं०–36- निर्माण कार्य "विकास खण्ड मितौली में ग्राम खुर्रमनगर से कैमहरा गाँव में पूर्व निर्मित जिला पंचायत खडन्जे तक खडन्जा निर्माण 1175 मीटर" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए–

1- उक्त कार्य का स्टीमेट श्री मनोज वर्मा, अवर अभियन्ता द्वारा बनाया गया था जिसमें साइट प्लान व वर्तमान स्थिति का फोटो संलग्न नहीं पाया गया। अतः कार्य पूर्व की स्थिति अज्ञात रही।

2- कार्य की लागत रू० 10.00 लाख से अधिक थी अतः शासन से नियम–16 के अन्तर्गत तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक था जो कि पत्रावली में संलग्न नहीं पाई गई।

3- ठेकेदार के साथ कार्य का अनुबंध दिनाँक 09-02-2021 को किया गया। अनुबंध के अनुसार ठेकेदार का यह कर्तव्य था कि कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विभाग को सूचित करे तथा अभियन्ता/अवर अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य स्थल की चार फोटो तैयार कराये परन्तु इस नियम का पालन नहीं किया गया।

4- कार्य प्रारम्भ के मात्र दो दिन बाद ही दिनाँक 11-02-2021 को अवर अभियन्ता द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण करके 1175 मीटर में से 1016 मीटर में ईंट सोलिंग कार्य प्रमाणित करके एम०बी० भी कर दी गई। इससे स्पष्ट है कि या तो कार्य अनुबंध के पूर्व ही प्रारम्भ कर दिया गया था या फिर एम०बी० फर्जी की गई है।

5- कार्य की द्वितीय व अन्तिम एम०बी० दिनाँक 27-11-2021 को की गई। प्रथम एम०बी० के समय दो दिन में ही 86% कार्य पूर्ण कर दिया गया था जबकि शेष 14% कार्य नौ माह बाद पूर्ण हुआ जो कि पूरी स्थिति को संदिग्ध बनाता है।

6- द्वितीय एम०बी० के समय अवर अभियन्ता द्वारा किये गये निरीक्षण की रिपोर्ट पत्रावली में संलग्न नहीं पाई गई।

7- अनुबंध के अनुसार कार्य दिनाँक 25-03-2021 तक पूर्ण हो जाना चाहिये था परन्तु कार्य वास्तव में 6 माह के विलम्ब से दिनाँक 27-11-2021 तक पूर्ण हुआ। इस विलम्ब के लिये ठेकेदार का कोई प्रार्थना–पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

8- दिनाँक 25-03-2021 को प्रस्तावित तिथि से कार्य समाप्ति को वास्तविक तिथि 27-11-2021 तक अवर अभियन्ता द्वारा न तो कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया और न ही ठेकेदार को कोई नोटिस जारी की गई।

9- उक्त 6 माह के विलम्ब के लिये निर्माण कार्य नियमावली 1984 में वर्णित अध्याय–4 ठेका की शर्तें खण्ड 2(ग) के अन्तर्गत ठेकेदार पर कार्य की अनुमानित लागत का अधिकतम 10% तक अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु उक्त कार्य में रू० 202732.00 अर्थदण्ड न लगाकर ठेकेदार को बिना किसी दण्ड पूर्ण भुगतान किया गया।

10- कार्य की अन्तिम एम०बी० के अनुसार कुल 1177.70 मीटर में ईंट सोलिंग कार्य किया गया है। इस प्रकार ठेकेदार को 2.70 मीटर x 3.30 अर्थात 8.91 एम^2 का दर 474 = 4223.00 का अधिक भुगतान किया गया है जिसका कोई कारण स्पष्ट नहीं किया गया।

11- नियम–37 के अन्तर्गत कार्य का पूर्ण व अन्तिम भुगतान तब तक नहीं किया जायेगा तब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से प्रमाणित न कर दे कि निर्माण कार्य अनुबंध के निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है परन्तु इस कार्य में अभियन्ता द्वारा दिया गया जाँच प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि ठेकेदार को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से कार्य करते हुए अनियमितता बरती गई है। **इस प्रकार ठेकेदार को भुगतान की गई कुल राशि रू० 2026500.00 + अर्थदण्ड न लगाकर रू० 202732.00 + अधिक भुगतान करके रू० 4223.00 कुल राशि रू० 2233455.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 2233455.00 की वसूली सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से दण्डात्मक ब्याज सहित बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**38**

प्र०सं०–37- 15वें वित्त से कराये गये निर्माण कार्य– "विकास खण्ड मितौली में ग्राम पंचायत सेमरावां में अकबरपुर से सेमरावां मार्ग पर सी०सी० व लेपन कार्य–755 मीटर" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1- पत्रावली में उक्त कार्य के टेण्डर विज्ञापन की प्रति लगी नहीं पाई गई।

2- जिला पंचायत द्वारा पारित कार्य योजना उक्त कार्य को दर्शित करने वाला पृष्ठ की प्रति संलग्न नहीं पाई गई अतः यह ज्ञात नहीं हो सका कि कार्य योजना में प्रस्तावित था या नहीं।

3- उक्त कार्य का टेण्डर मे० बी० एस० कान्सट्रक्शन कम्पनी के पक्ष में स्वीकृत हुआ था जिनका टेण्डर इस्टीमेट से 8.30% कम था 5% से कम दर पर टेण्डर स्वीकृत होने से कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होने की सम्भावना थी।

4- उक्त कार्य की प्रावधिक स्वीकृति नियम–16 के अन्तर्गत राज्य सरकार से प्राप्त करने सम्बन्धी पत्र संलग्न नहीं पाया गया अतः यह ज्ञात नहीं हो सका कि शासन से प्रावधिक स्वीकृति प्राप्त थी या नहीं।

5- उक्त कार्य का अनुबंध ठेकेदार के साथ दिनाँक 10-03-2021 को हुआ तथा कार्य को दिनाँक 25-03-2021 तक समाप्त किया जाना प्रस्तावित था परन्तु कार्य वास्तव में 9 माह के विलम्ब से दिनाँक 05-12-2021 को समाप्त हुआ। इस विलम्ब के लिये ठेकेदार का कोई प्रार्थना–पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

6- उक्त 9 माह के विलम्ब के लिये निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–4 में वर्णित ठेका की शर्तें खण्ड–2(ग) के अन्तर्गत ठेकेदार पर कार्य की अनुमानित लागत काअधिकतम 10% तक अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु उक्त कार्य में रू० 621005.00 अर्थदण्ड न लगाकर ठेकेदार को पूर्ण भुगतान करके संस्था को क्षति पहुँचाई गई।

7- कार्य समाप्ति की प्रस्तावित तिथि 25-03-2021 के दूसरे दिन अवर अभियन्ता द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण करके कार्य की प्रथम एम०बी० की गई जिसके अनुसार 755 मीटर में से 735 मीटर मार्ग में बाक्सिंग का कार्य करके जी–3 डालकर कुटाई की जा चुकी थी। परन्तु शेष कार्य पूर्ण होने में 9 माह लग गये जबकि इस मध्य बरसात के चार माह भी बीत गये अतः बरसात के कारण पूर्व कार्य की गुणवत्ता संदिग्ध रही।

8- प्रथम बिल की कुल राशि रू० 2456000.00 थी जिसमें से ठेकेदार की जमानत राशि रू० 285000.00 भी घटाकर भुगतान किया गया है। नियम–23 के अनुसार जमानत राशि चालू बिल की राशि के 10% से अधिक नहीं हो सकती परन्तु यहाँ पर बिल के 10% रू० 245600.00 के सापेक्ष जमानत रू० 285000.00 थी।

9- कार्य का पूर्ण व अन्तिम भुगतान नियम–37 के अनुसार तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से प्रमाणित न कर दें कि निर्माण कार्य अनुबंध में निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है परन्तु उक्त कार्य की पत्रावली में अभियन्ता का जाँच प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

10- अन्तिम बिल के साथ अवर अभियन्ता की निरीक्षण आख्या भी संलग्न नहीं पाई गई।

11- कार्य की एम०बी० एंव इस्टीमेट की तुलना करने पर उसमें निम्न मदों में अन्तर पाया गया –

क्र० सं०	मद का नाम	प्राक्कलन में			एम०बी० में		अन्तर
		मात्रा	दर	मूल्य	मात्रा	मूल्य	
1-	प्रोवाइडिंग & लेयिंग 7.50 सीएम. कम्प्यूटिड	212.34	5461.50	1159694.00	242.91	1326652.00	166958.00

	लेयर ऑफ़ डब्ल्यू बी एम III विद स्टोन ब्लास्ट						
2-	अर्थ वर्क ईन एक्सकैवेशन ईन फाउंडेशन	-	132.10	-	11.25	1486.00	1486.00
3-	पी /एल पी सीसी 1:3:6 सीमेंट, कोर्स सैंड बिलो 40 एमएम गौज स्टोन ब्लास्ट	-	7423.30	-	5.63	41793.00	41793.00
4-	बी/डब्ल्यू 1:4 सी/सी सैंड मोर्टार ऑल काम्प .	-	6577.70	-	16.64	100452.00	100452.00
5-	पी /एल सीसी एम-30 ग्रेड ऑल काम्प .	-	8281.90	-	64.50	534182.00	534182.00
	योग–						**844871.00**

उक्त तालिका से स्पष्ट है कि विभिन्न मदों में 10% से अधिक विचलन था जिसके लिये नियम-8 व 15 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई। अवर अभियन्ता द्वारा या तो कार्य स्थल की जाँच कर प्राक्कलन तैयार नहीं किया गया या फिर ठेकेदार के हित में एम०बी० करके संस्था को क्षति पहुँचाई गई।

12- कार्य के प्राक्कलन में बिटुमिन व इमल्सन की लागत घटाने के बाद शेष राशि रू० 5227805.00 के सापेक्ष ठेकेदार को किया गया कुल भुगतान रू० 5283100.00 था। इस प्रकार ठेकेदार के पक्ष में रू० 55295.00 का अधिक भुगतान किया गया। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर स्पष्ट है कि उक्त कार्य में अनियमितता बरती कई है। **इस प्रकार ठेकेदार को नियम विरूद्ध किये गये कुल भुगतान रू० 5283100.00 + अर्थदण्ड न लगाकर रू० 621005.00 + सारवना विचलन द्वारा रू० 844871.00 + अधिक भुगतान करके रू० 55295.00 कुल राशि रू० 6804271.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता, अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 6804271.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**39**

प्र०सं०–38- 15वाँ वित्त अनटाइड से कराये गये निर्माण कार्य – "विकास खण्ड मितौली में ग्राम पंचायत कैमहरा में सीताराम चौराहा से चतुरापुर तक खडन्जा कार्य 1845 मीटर" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1- उक्त कार्य का टेण्डर दिनाँक 17-12-2020 को निकाला गया जबकि शासन से प्रावधिक स्वीकृति दिनाँक 31-12-2020 को प्राप्त हुयी अर्थात शासन से स्वीकृति प्राप्त होने के पूर्व ही टेण्डर आमंत्रित कर लिया गया।

2- कार्य का टेण्डर मे० आदि शक्ति कान्स्ट्रक्शन कम्पनी के पक्ष में स्वीकृत हुआ जिनके शपथ पत्र पर मोबाइल नम्बर, कार्य का नाम, दिनाँक आदि स्थान रिक्त था अर्थात शपथ पत्र अपूर्ण था।

3- कार्य का अनुबंध दिनाँक 09-02-2021 को हुआ परन्तु दिनाँक 19-02-2021 तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया था जिसके लिये ठेकेदार को नोटिस जारी की गई।

4- ठेकेदार को दी गई नोटिस की तिथि के पूर्व ही दिनाँक 11-02-2021 को अवर अभियन्ता श्री राजेश यादव द्वारा कार्यस्थल का निरीक्षण करके 1379 मीटर कार्य प्रमाणित भी कर दिया गया जो कि परस्पर विरोधी तथ्य थे।

5- कार्य समाप्ति की प्रस्तावित तिथि 25-03-2021 थी जिसके पूर्व दिनाँक 04-03-2021 को अवर अभियन्ता श्री राजेश यादव द्वारा कार्य पूर्ण हानो प्रमाणित किया गया जिसके आधार पर कार्य की द्वितीय एम०बी० की गई परन्तु अन्तिम एम०बी० नहीं की गई।

6- पुनः दिनाँक 27-11-2021 को 8 माह बाद कार्य स्थल का निरीक्षण करने के बाद तृतीय एवं अन्तिम एम०बी० की गई। अन्तिम एम०बी० की राशि द्वितीय एम०बी० से मात्र रू० 86940.00 अधिक थी। स्पष्ट है कि पूर्व की दोनों एम०बी० फर्जी थीं तथा ठेकेदार को आर्थिक लाभ पहुँचाने के लिये बिना कार्य के की गई थीं।

7- कार्य वास्तव में 8 माह के विलम्ब से पूर्ण हुआ जिसके लिये समय बढ़ाने सम्बन्धी ठेकेदार का पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

8- उक्त विलम्ब के लिये ठेकेदार पर निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–4 ठेकी की शर्तें खण्ड 2(ग) के अन्तर्गत अनुमानित लागत का अधिकतम 10% रू० 318476.00 का जुर्माना लगाया जा सकता था परन्तु ठेकेदार को बिना किसी जुर्माने के भुगतान किया गया।

9- कार्य के इस्टीमेट में 1845 मीटर लम्बाई में ईंट सोलिंग कार्य का प्रावधान था जबकि अन्तिम एम०बी० में 1853 मीटर में ईंट सोलिंग कार्य दर्शित किया गया इस प्रकार ठेकेदार को 8 मीटर x 3.30 मीटर x 474.00 = रू० 12513.00 का अधिक भुगतान किया गया।

10- नियम–37 के अनुसार कार्य का पूर्व व अन्तिम भुगतान तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से प्रमाणित न कर दें कि निर्माण कार्य अनुबन्ध में निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है परन्तु उक्त कार्य की पत्रावली में अभियन्ता का जाँच प्रमाणपत्र संलग्न नहीं पाया गया।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि ठेकेदार के हित में कार्य करते हुए कई अनियमिततायें की गई हैं। इस प्रकार ठेकेदार को किये गये अनियमित कुल भुगतान रू० 3182100.00 + दण्ड न लगाकर रू० 318476.00 + अधिक एम०बी० करके रू० 12513.00 कुल राशि रू० 3513089.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 3513089.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

सा०आ०स०**40**

प्र०सं०–39- 15वाँ वित्त टाइड योजना से कराये गये निर्माण कार्य – "विकास खण्ड लखीमपुर में ग्राम सभा छाउछ में छाउछ चौराहे से बेहजम मार्ग पर पुलिया तक नाला निर्माण कार्य – 645 मीटर" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1- पत्रावली में कार्य के टेण्डर का नोटिस/विज्ञापन संलग्न नहीं था।

2- पत्रावली में लगे प्राक्कलन शीट में कार्य स्थल का फोटो लगा नहीं पाया गया।

3- कार्य का टेण्डर - एल1 मे० वर्मा कान्सट्रक्शन कम्पनी के पक्ष में स्वीकृत हुआ था जो कि पार्टनरशिप फर्म थी परन्तु शपथ पत्र पर श्री रंजीत वर्मा के हस्ताक्षर में प्रोपराइटर लिखा था। हैसियत प्रमाण–पत्र श्री सुशील कुमार का था जबकि चरित्र प्रमाण–पत्र श्री रंजीत वर्मा का था। हैसियत मात्र रू० 8.00 लाख आकलित की गई थी।

4- टेण्डर स्वीकृति की सूचना दिनाँक 04-01-2021 को दी गई तथा तत्काल अनुबन्ध करने का निर्देश दिया गया परन्तु ठेकेदार द्वारा अनुबन्ध दिनाँक 10-02-2021 को एक माह बाद किया गया।

5- अनुबन्ध से पूर्व पी०डब्लू०डी० से कार्य की एन०ओ०सी० प्राप्त करना आवश्यक था परन्तु पी०डब्लू०डी० से एन०ओ०सी० दिनाँक 12-11-2021 को दी गई अर्थात पी०डब्लू०डी० की एन०ओ०सी० के बिना ही टेण्डर, स्वीकृति, अनुबन्ध आदि कार्य कर लिया गया।

6- कार्य समाप्ति की प्रस्तावित तिथि दिनाँक 25-03-2021 थी परन्तु दिनाँक 20-03-2021 को ठेकेदार को नोटिस जारी कर कार्य तत्काल प्रारम्भ करने को कहा गया अर्थात दिनाँक 20-03-2021 तक अवर अभियन्ता द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण ही नहीं किया गया अन्यथा नोटिस पहले ही जारी हो सकती थी।

7- कार्य समाप्ति की प्रस्तावित तिथि दिनाँक 25-03-2021 के सापेक्ष कार्य वास्तव में 10 माह के विलम्ब से दिनाँक 20-01-2022 को समाप्त हुआ परन्तु न तो कोई नोटिस दी गई और न ही ठेकेदार का समय वृद्धि हेतु कोई प्रार्थना–पत्र संलग्न पाया गया।

8- उक्त विलम्ब के लिये निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–4 खण्ड 2(ग) के अन्तर्गत ठेकेदार पर अनुमानित लागत का अधिकतम 10% तक रू० 295902.00 का जुर्माना लगाया जा सकता था परन्तु कोई भी जुर्माना नहीं लगाया गया।

9- कार्य की प्रथम एम०बी० दिनाँक 29-10-2021 को, द्वितीय एम०बी० दिनाँक 17-01-2022 को एवं अन्तिम एम०बी० दिनाँक 29-10-2021 को की गई परन्तु किसी भी तिथि की निरीक्षण आख्या संलग्न नहीं पाई गई।

10- दिनाँक 17-01-2022 को हुई माप के अनुसार लगभग 80% कार्य पूर्ण हो गया था शेष 20% कार्य मात्र दो दिन में पूर्ण कर पुनः दिनाँक 20-01-2022 को माप की गई जो कि संदिग्ध प्रतीत होती है।

11- नियम–37 के अनुसार कार्य का पूर्ण व अन्तिम भुगतान तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से यह प्रमाणित न कर दें कि निर्माण कार्य अनुबन्ध में निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है परन्तु उक्त कार्य की पत्रावली में अभियन्ता का जाँच प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

12- अनुबन्ध के अनुसार ठेकेदार का यह कर्तव्य था कि कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विभाग को सूचित करे तथा अभियन्ता/अवर अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य स्थल की चार फोटो तैयार कराये परन्तु इस नियम का पालन नहीं किया गया।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि ठेकेदार को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से कार्य करते हुए कई अनियमिततायें की गईं तथा **इस प्रकार ठेकेदार को भुगतान की गई कुल राशि रू० 2871500.00 + अर्थदण्ड न लगाकर रू० 295902.00 कुल राशि रू० 3167402.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता**

<u>एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं। अतः उक्त राशि पर रू० 3167402.00 की वसूली सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से दण्डात्मक ब्याज सहित बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है</u>।

सा०आ०स०41

प्र०सं०–40- 15वाँ वित्त अनटाइड से कराये गये निर्माण कार्य – "विकास खण्ड लखीमपुर में ग्राम सभा टीकर में लखीमपुर–मैगलगंज मार्ग से नहर पटरी पर ग्राम कैमाखादर तक लेपन कार्य – 1682 मीटर" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1- उक्त कार्य की प्राक्कलन शीट में लगे साइट फोटो के अनुसार कार्य स्थल पर खडन्जा लगा है जिसे क्षतिग्रस्त प्रमाणित नहीं किया गया है अर्थात सही खडन्जे पर लेपन कार्य कराया गया।

2- उक्त कार्य का टेण्डर स्वीकृत होने की सूचना ठेकेदार को दिनाँक 28-11-2020 को दी गई तथा तत्काल अनुबंध करने को कहा गया परन्तु अनुबन्ध दिनाँक 06-01-2021 को हुआ। इस बीच टेण्डर निरस्त करने की कार्यवाही नहीं की गयी।

3- कार्य दिनाँक 06-01-2021 से प्रारम्भ होकर दिनाँक 25-03-2021 तक समाप्त होना था परन्तु दिनाँक 19-02-2021 को अवर अभियन्ता द्वारा ठेकेदार को नोटिस दी गई कि कार्य अभी प्रारम्भ नहीं हुआ है अविलम्ब प्रारम्भ करें। अर्थात दिनाँक 19-02-2021 तक अवर अभियन्ता द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण नहीं किया गया।

4- कार्य की प्रथम एम०बी० दिनाँक 25-03-2021 को की गई जिसके अनुसार 33% कार्य पूर्ण करते हुए डब्ल्यू.बी.एम. ग्रेड–II की गिट्टी डाल दी गई थी परन्तु द्वितीय एम०बी० सात माह बाद दिनाँक 20-10-2021 को की गई तब तक भी डब्ल्यू.बी.एम. ग्रेड-III की गिट्टी ही डाली गई थी। अर्थात सात माह तक जनसामान्य को गिट्टी वाले मार्ग पर चलने को विवश होना पड़ा।

5- गिट्टी कार्य पूर्ण होने के पाँच बाद प्राइम कोट, ट्रैक कोट, सील कोट का कार्य किया गया जिसकी एम०बी० दिनाँक 03-04-2022 को की गई। इस कारण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होने की पूरी सम्भावना बनी थी। गुणवत्ता की जाँच कराये बिना पूर्ण भुगतान कर दिया गया।

6- कार्य समाप्ति की प्रस्तावित तिथि दिनाँक 25-03-2021 के सापेक्ष कार्य वास्तव में दिनाँक 03-04-2022 को एक वर्ष के विलम्ब से समाप्त हुआ। इस विलम्ब के लिये न तो ठेकेदार को कोई नोटिस दी गई और न ही ठेकेदार द्वारा समय बढ़ाने हेतु कोई प्रार्थना–पत्र दिया गया।

7- उक्त विलम्ब के लिये ठेकेदार पर निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–4 के खण्ड–2(ग) ठेका की शर्तें के अन्तर्गत कार्य की अनुमानित लागत का अधिकतम 10% तक रू० 681633.00 का जुर्माना लगाया जा सकता था परन्तु कोई भी जुर्माना नहीं लगाया गया।

8- नियम–37 के अनुसार कार्य का पूर्ण व अन्तिम भुगतान तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से यह प्रमाणित न कर दें कि निर्माण कार्य अनुबन्ध में निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है परन्तु उक्त कार्य की पत्रावली में अभियन्ता का जाँच प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

9- पत्रावली में अवर अभियन्ता द्वारा किये गये किसी भी निरीक्षण की आख्या संलग्न नहीं पाई गई।

10- अनुबन्ध के अनुसार ठेकेदार का यह कर्तव्य था कि कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विभाग को सूचित करे तथा अभियन्ता/अवर अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य स्थल की चार फोटो तैयार कराये परन्तु इस नियम का पालन नहीं किया गया।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि ठेकेदार को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से कार्य करते हुए कई अनियमिततायें की गई तथा **<u>इस प्रकार ठेकेदार को भुगतान की गई कुल राशि रू० 5420903.00 + अर्थदण्ड न लगाकर रू० 681633.00 कुल राशि रू० 6102536.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 6102536.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है</u>**।

सा०आ०स०42

प्र०सं०–41- 15वें वित्त अनटाइड से कराये गये निर्माण कार्य – "विकास खण्ड मितौली में ग्राम मितौली में राजेपुर पेन्टेड मार्ग से कचियानी पेन्टेड रोड तक लेपन कार्य – 1535 मीटर" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1– कार्य पत्रावली में कार्य स्थल की फोटो प्राक्कलन शीट के साथ लगा नहीं पाया गया।

2- टेण्डर स्वीकृति की सूचना दिनाँक 28-11-2020 को दी गई तथा तत्काल अनुबन्ध करने को कहा गया परन्तु अनुबन्ध दिनाँक 17-12-2020 को किया गया।

3- अनुबन्ध के अनुसार ठेकेदार का यह कर्तव्य था कि कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विभाग को सूचित करे तथा अभियन्ता/अवर अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य स्थल की चार फोटो तैयार कराये परन्तु इस नियम का पालन नहीं किया गया।

4- उक्त कार्य की प्रथम एम०बी० दिनाँक 12-02-2021 को, द्वितीय एम०बी० दिनाँक 20-12-2021 को एवं अन्तिम एम०बी० दिनाँक 01-04-2022 को की गई परन्तु किसी भी तिथि पर अवर अभियन्ता द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण करके निरीक्षण आख्या नहीं दी गई।

5- कार्य की प्रथम एम०बी० दिनाँक 12-02-2021 को की गई जिसके अनुसार लगभग 40% कार्य पूर्ण हो गया था तथा WBM ग्रेड–II की गिट्टी डाली जा चुकी थी जिसके 10 माह बाद द्वितीय एम०बी० दिनाँक 20-12-2021 को की गई जब WBM ग्रेड–III की गिट्टी डाली गई थी। अर्थात 10 माह तक जनसामान्य को गिट्टी वाले मार्ग पर चलने के लिये विवश होना पड़ा।

6- गिट्टी कार्य पूर्ण होने के 4 माह बाद प्राइम कोट, ट्रैक कोट, सील कोट का कार्य किया गया जिसकी एम०बी० दिनाँक 07-04-2022 को की गई। इस कारण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होने की पूर्ण सम्भावना थी। गुणवत्ता की जाँच कराये बिना ही पूर्ण भुगतान कर दिया गया।

7- प्रथम बिल के साथ लगे भूतत्व एवं खनिज कर्म निदेशालय उ०प्र० के बिल में Invaएलid परिवहन में गिट्टी 14 M^3 दर्शित थी तथा द्वितीय बिल के साथ लगे बिल में गिट्टी 26 M^3 दर्शित थी। इस प्रकार कुल 40 M3 गिट्टी की रायल्टी @ रू० 160/- कुल राशि रू० 6400.00 न तो ठेकेदार के बिल से काटी गई थी और न ही उसका जमा चालान संलग्न पाया गया।

8- अनुबन्ध के अनुसार कार्य समाप्ति की प्रस्तावित तिथि 25-03-2021 थी जिसके सापेक्ष कार्य वास्तव में दिनाँक 01-04-2022 को 12 माह के विलम्ब से समाप्त हुआ। उक्त विलम्ब के लिये न तो ठेकेदार को कोई नोटिस दी गई और न ही ठेकेदार का समय सीमा बढ़ाने का प्रार्थना–पत्र लगा पाया गया।

9- उक्त विलम्ब के लिये ठेकेदार पर निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–4 ठेका की शर्तें खण्ड–2(ग) के अन्तर्गत अनुमानित लागत का अधिकतम 10% तक रू० 782033.00 का अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु बिना किसी अर्थदण्ड के पूर्ण भुगतान कर दिया गया।

10- उक्त कार्य की जमानत के रूप में ठेकेदार द्वारा रू० 391340.00 की एफडीआर दी गई थी तथा शेष रू० 390700.00 उसके बिल से काटी जानी थी। निर्माण कार्य नियमावली 1984 के नियम–23 के अनुसार बिल से काटी गई राशि बिल के 10% से अधिक नहीं होनी चाहिये। परन्तु इस प्रकरण में प्रथम बिल की राशि रू० 2632000.00 थी जिससे जमानत राशि रू० 390700.00 काटी गई जो कि 10% से अधिक थी।

11- नियम–37 के अनुसार कार्य का पूर्ण व अन्तिम भुगतान तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से यह प्रमाणित न कर दें कि निर्माण कार्य अनुबन्ध में निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है। परन्तु उक्त कार्य की पत्रावली में अभियन्ता का जाँच प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि ठेकेदार को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से कार्य करते हुए कई अनियमितितायें की गईं तथा **इस प्रकार ठेकेदार को भुगतान की गई कुल राशि रू० 6998526.00 + रायल्टी न काटकर रू० 6400.00 + अर्थदण्ड न लगाकर रू० 782033.00 कुल राशि रू० 7786959.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 7786959.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**43**

प्र०सं०–42- 15वाँ वित्त टाइड से कराये गये निर्माण कार्य – "विकास खण्ड मितौली में ग्राम पंचायत मितौली के मजरा मीरपुरवा में अमर ब्रिक फील्ड से रानीबेहड़ पुलिया व गोवर्धन के मकान से पुलिया तक दोनों तरफ नाली कार्य – 1050 मीटर" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1- कार्य की प्राक्कलन शीट पर कार्य स्थल का फोटो संलग्न नहीं पाया गया।
2- पत्रावली में कार्य की टेण्डर नोटिस संलग्न नहीं पाई गई।
3- नियम–16 के अन्तर्गत कार्य की प्रावधिक स्वीकृति राज्य सरकार से प्राप्त करने सम्बन्धी पत्र संलग्न नहीं पाया गया।
4- टेण्डर स्वीकृति की सूचना दिनाँक 04-01-2021 को दी गई तथा तत्काल अनुबन्ध करने को कहा गया परन्तु अनुबन्ध दिनाँक 08-02-2021 को एक माह बाद किया गया।
5- अनुबन्ध के अनुसार कार्य दिनाँक 08-02-2021 को प्रारम्भ करके दिनाँक 31-03-2021 तक समाप्त किया जाना था। परन्तु दिनाँक 20-03-2021 को ठेकेदार को नोटिस दी गई कि कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, तत्काल प्रारम्भ करें। अर्थात दिनाँक 08-02-2021 से 20-03-2021 तक अवर अभियन्ता द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण नहीं किया गया।
6- कार्य समाप्ति की प्रस्तावित तिथि 31-03-2021 के सापेक्ष कार्य वास्तव में दिनाँक 25-09-2021 को 6 माह के विलम्ब से समाप्त हुआ जिसके लिये न तो ठेकेदार को कोई नोटिस दी गई और न ही ठेकेदार का समय सीमा बढ़ाने सम्बन्धी कोई पत्र संलग्न पाया गया।

7- उक्त विलम्ब के लिये ठकेदार पर निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–4 ठेका की शर्तें खण्ड–2(ग) के अन्तर्गत अनुमानित लागत का अधिकतम 10% तक रू० 385395.00 का अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु मात्र रू० 500.00 अर्थदण्ड काटकर पूर्ण भुगतान कर दिया गया।

8- उक्त कार्य की जमानत के रूप में ठेकेदार द्वारा रू० 194100.00 की F.D.R. दी गई थी तथा शेष राशि रू० 191000.00 उसके बिल से काटी जानी थी। निर्माण कार्य नियमावली 1984 के नियम–23 के अनुसार बिल से काटी गई जमानत राशि बिल के 10% से अधिक नहीं होनी चाहिये। परन्तु इस प्रकरण में प्रथम बिल की राशि रू० 1712925.00 थी जिससे जमानत राशि रू० 191000.00 काटी गई जो कि 10% से अधिक थी।

9- कार्य की अन्तिम एम०बी० दिनाँक 25-09-2021 को की गई जिसके साथ अवर अभियन्ता की निरीक्षण आख्या संलग्न नहीं पाई गई।

10- नियम–37 के अनुसार कार्य का पूर्ण व अन्तिम भुगतान तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से यह प्रमाणित न कर दें कि निर्माण कार्य अनुबन्ध में निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है। परन्तु उक्त कार्य की पत्रावली में अभियन्ता का जाँच प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

11- अनुबन्ध के अनुसार ठेकेदार का यह कर्तव्य था कि कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विभाग को सूचित करे तथा अभियन्ता/अवर अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य स्थल की चार फोटो तैयार कराये परन्तु इस नियम का पालन नहीं किया गया।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि ठेकेदार को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से कार्य करते हुए कई अनियमिततायें की गई तथा **इस प्रकार ठेकेदार को भुगतान की गई कुल राशि रू० 3850485.00 + अर्थदण्ड कम लगाकर रू० 384895.00 कुल राशि रू० 4235380.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 4235380.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**44**

प्र०सं०–43- 15वाँ वित्त अनटाइड से कराये गये निर्माण कार्य – "विकास खण्ड मितौली में सेमरावां मझिगवां पेन्टेड रोड से अकबरपुर गाँव तक लेपन कार्य – 1270 मीटर" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1- कार्य का टेण्डर मे० प्रमोद कुमार सिंह कान्ट्रैक्टर के पक्ष में स्वीकृत हुआ था परन्तु पत्रावली उनके टेण्डर सम्बन्धी मूल अभिलेख लगे नहीं पाये गये। मात्र फोटो कापी लगी थीं।

2- ठेकेदार को टेण्डर स्वीकृति की सूचना दिनाँक 28-11-2020 को दते हुए तत्काल अनुबन्ध कराने हेतु कहा गया परन्तु अनुबन्ध एक माह बाद दिनाँक 31-12-2020 को किया गया।

3- अनुबन्ध के अनुसार ठेकेदार का यह कर्तव्य था कि कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वह विभाग को सूचित करे तथा अभियन्ता/अवर अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य स्थल की चार फोटो तैयार कराये परन्तु उक्त नियम का पालन नहीं किया गया।

4- कार्य अनुबन्ध के अनुसार दिनाँक 28-02-2021 तक समाप्त होना प्रस्तावित था परन्तु कार्य वास्तव में दिनाँक 18-04-2022 को 14 माह के विलम्ब से समाप्त हुआ जिसके लिये न तो ठेकेदार को कोई नोटिस दी गई और न ही ठेकेदार का समय सीमा बढ़ाने का कोई पत्र संलग्न पाया गया।

5- कार्य की द्वितीय एम०बी० दिनाँक 24-04-2021 को हुयी थी जिसके अनुसार डब्ल्यू बी एम ग्रेड–III का गिट्टी कार्य पूर्ण हो गया था जिसके 8 माह बाद तृतीय एम०बी० दिनाँक 10-12-2021 को की गई जिसके अनुसार प्राइम कोट, ट्रैक कोट, सील कोट का कार्य पूर्ण हो गया था। अर्थात 8 माह तक जनसामान्य को गिट्टी वाले मार्ग पर चलने के लिए विवश होना पड़ा।

6- उक्त 8 माह के अन्तर से कार्य की गुणवत्ता भी प्रभावित होने की सम्भावना थी क्योंकि वर्षा ऋतु में कार्य कराया गया परन्तु गुणवत्ता की जाँच नहीं की गई।

7- तृतीय एम०बी० के अनुसार 1270 मीटर के स्थान पर मात्र 1233 मीटर में निर्माण कार्य कराया गया जबकि गिट्टी कार्य 1248 में कराया गया था इस प्रकार 37 मीटर में निर्माण कार्य कम कराया गया।

8- अन्तिम एम०बी० जो दिनाँक 18-04-2022 को की गई, उसमें 1272 मीटर में निर्माण कार्य दर्शाया गया जबकि गिट्टी कार्य, वीजी-10 व SS-1 की मात्रा में कोई वृद्धि नहीं हुयी। सभी सामग्री तृतीय एम०बी० के अनुसार थी। अतः स्थिति संदिग्ध रही।

9- अन्तिम एम०बी० में पानी निकासी हेतु 350 एमएम डाय आरसीसी हयूम पाइप 7.50 आरएम दर रू. 1151.10 = रू. 8633.25 दर्शित किया गया है जबकि इसे प्रथम एम०बी० में होना चाहिये था।

10- किसी भी बिल के साथ अवर अभियन्ता की निरीक्षण आख्या संलग्न नहीं पाई गई।

11- नियम–37 के अन्तर्गत किसी भी कार्य का पूर्ण व अन्तिम भुगतान तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से यह प्रमाणित न कर दे कि निर्माण कार्य अनुबन्ध में निर्धातिर शर्तों के अनुरूप किया गया है परन्तु पत्रावली में अभियन्ता का जाँच प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

12- कार्य में 14 माह के विलम्ब के लिये ठेकेदार पर निर्माण कार्य नियमावली 1894 के अध्याय–4 ठेका की शर्तें खण्ड–2(ग) के अन्तर्गत अनुमानित लागत का अधिकतम 10% तक रू० 457225.00 का अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु बिना किसी अर्थदण्ड के पूर्ण भुगतान कर दिया गया।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि ठेकेदार को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से कार्य करते हुए कई अनियमिततायें की गईं तथा **इस प्रकार ठेकेदार को भुगतान की गई राशि रू० 3942200.00 + अर्थदण्ड न लगाकर रू० 457225.00 कुल राशि रू० 4399425.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एंव अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 4399425.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**45**

प्र०सं०–44- राज्य वित्त से कराये गये निर्माण कार्य – "विकास खण्ड मितौली में ग्राम पंचायत ओदारा में मोहनलाल के मकान से होलिका दहन मार्ग पर सी०सी० कार्य – 395 मीटर से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1– उक्त कार्य की निविदा दिनाँक 21-10-2020 को आमंत्रित की गई थी।

2- कार्य का टेण्डर दिनाँक 28-11-2020 को स्वीकृत होने की सूचना दी गई तथा तत्काल अनुबन्ध करने को कहा गया परन्तु अनुबन्ध एक माह बाद दिनाँक 17-12-2020 को किया गया।

3- पत्रावली में ठेकेदार मे० आदि शक्ति कान्ट्रैक्टर प्रो० उमाशंकर के टेण्डर सम्बन्धी मूल अभिलेख एवं शपथ पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

4- अनुबन्ध के अनुसार ठेकेदार का यह कर्तव्य था कि वह कार्य प्रारम्भ की सूचना विभाग को दे तथा कार्य प्रारम्भ के पूर्व अभियनता/अवर अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य स्थल के चार फोटो तैयार करे परन्तु इसका पालन नहीं किया गया।

5- कार्य समाप्ति की प्रस्तावित तिथि 16-02-2021 थी परन्तु लेखा परीक्षा तिथि 15-06-2023 तक पत्रावली में अन्तिम एम०बी० एवं बिल लगा नहीं पाया गया अर्थात 28 माह व्यतीत होने के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं हुआ था।

6- इतने विलम्ब के बाद भी किसी अवर अभियन्ता की कोई निरीक्षण आख्या अथवा ठेकेदार को दी गई नोटिस संलग्न नहीं पाई गई।

7- कार्य की प्रथम एम०बी० दिनाँक 05-12-2021 को की गई जिसके अनुसार लगभग 90% कार्य पूर्ण हो चुका था। शेष 10% कार्य 16 माह बाद भी पूर्ण न होने से पूरा कार्य एवं एम०बी० संदिग्ध रही। स्पष्ट है कि बिना कार्य के ही ठेकेदार को भुगतान किया गया।

उक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि जानबूझकर फर्जी एम०बी० करके ठेकेदार को रू० 1940900.00 का भुगतान करके वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्त उत्तरदायी हैं। अतः उक्त राशि रू० 1940900.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

सा०आ०स०**47**

प्र०सं०–45- राज्य वित्त से कराये गये निर्माण कार्य – "विकास खण्ड बेहजम में ग्राम पंचायत ओयल देहात में बेहजम–ओयल मार्ग से सुन्सी तक खडन्जा कार्य – 1370 मीटर" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1- पत्रावली में प्रावधिक स्वीकृति नियम–16 के अन्तर्गत राज्य सरकार से प्राप्त करके संलग्न नहीं की गई।

2- कार्य का टेण्डर स्वीकृत होने की सूचना दिनाँक 06-01-2021 को दी गई तथा तत्काल अनुबन्ध करने को कहा गया परन्तु अनुबन्ध डेढ़ माह बाद दिनाँक 18-02-2021 को किया गया।

3- अनुबंध के अनुसार कार्य समाप्ति की प्रस्तावित तिथि 25-03-2021 थी परन्तु कार्य वास्तव में दिनाँक 11-06-2021 को 3 माह के विलम्ब से समाप्त हुआ जिसके लिये न तो ठेकेदार को कोई नोटिस दी गई और न ही ठेकेदार का कोई पत्र समय सीमा बढ़ाने हेतु संलग्न पाया गया।

4- उक्त विलम्ब के लिये ठेकेदार या निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–4 ठेका की शर्तें खण्ड–2(ग) के अन्तर्गत अनुमानित लागत का अधिकतम 10% तक रू० 241689.00 का अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु बिना किसी अर्थदण्ड के पूर्ण भुगतान कर दिया गया।

5- पत्रावली में अवर अभियन्ता की निरीक्षण आख्या दिनाँक 16-04-2021 की लगी पाई गई अर्थात दिनाँक 18-02-2021 से 16-04-2021 तक कार्यस्थल का निरीक्षण नहीं किया गया।

6- निरीक्षण आख्या के अनुसार 1367 मीटर में कार्य पूर्ण हो चुका था जबकि प्रथम एम०बी० के अनुसार 1300 मीटर में कार्य हुआ था अतः स्थिति संदिग्ध रही।

7- निरीक्षण आख्या दिनाँक 16-04-2021 की थी जबकि प्रथम बिल में माप की तिथि 12-04-2021 दर्शित थी अर्थात निरीक्षण के पूर्व ही एम०बी० कर दी गई अतः एम०बी० फर्जी प्रतीत होती है।

8- प्रथम एम०बी० के दो माह बाद द्वितीय एम०बी० दिनाँक 04-06-2021 को की गई जबकि प्रथम एम०बी० में दर्शित ब्रिक सोलिंग 1300 मीटर के सापेक्ष द्वितीय एम०बी० में ब्रिक सोलिंग कार्य मात्र 1307 मीटर में दर्शित रहा अर्थात मात्र 7 मीटर कार्य दो माह में किया गया।

9- कार्य का टेण्डर 1370 मीटर लम्बाई में खडन्जा कार्य का था जबकि द्वितीय व अन्तिम एम०बी० के अनुसार मात्र 1307 मीटर में ही खडन्जा कार्य किया गया है अर्थात 63 मीटर में कम खडन्जा लगाया गया जिसके लिये 63x3.30x474 = रू० 98545.00 टेण्डर मूल्य में से घटाया जाना चाहिये था जो कि नहीं किया गया। कार्य पूर्ण हुए बिना रू० 98545.00 का अधिक भुगतान किया गया।

10- नियम–37 के अन्तर्गत किसी भी निर्माण कार्य का पूर्ण व अन्तिम भुगतान तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से यह प्रमाणित न कर दे कि निर्माण कार्य अनुबन्ध में निर्धारित शर्तों के अनुरूप किया गया है। परन्तु पत्रावली में अभियन्ता का जाँच प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि ठेकेदार को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से कार्य करते हुए कई अनियमिततायें की गई तथा **इस प्रकार ठेकेदार को भुगतान की गई राशि रू० 2286900.00 + अर्थदण्ड न लगाकर रू० 241689.00 + कम कार्य कराकर रू० 98545.00 कुल राशि रू० 2627134.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 2627134.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**48**

प्र०सं०–46- राज्य वित्त से कराये गये निर्माण कार्य – "विकास खण्ड मितौली में ग्राम पंचायत ढखियाकुस्तौल के मजरा जलालपुर में प्रा०वि० से नहर पटरी पर ग्राम खुर्दा तक खडन्जा कार्य – 1425 मीटर" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1- उक्त कार्य का टेण्डर नोटिस दिनाँक 21-10-2020 को दी गई थी जबकि शासन से प्रावधिक स्वीकृति दिनाँक 24-11-2020 को प्राप्त हुयी थी। अर्थात बिना प्रावधिक स्वीकृति के टेण्डर की कार्यवाही की गई।

2- टेण्डर स्वीकृति की सूचना दिनाँक 28-11-2020 को दी गई जबकि अनुबन्ध दिनाँक 17-12-2020 को किया गया।

3- अनुबन्ध के अनुसार ठेकेदार का यह कर्तव्य था कि कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विभाग को सूचित करे तथा अभियन्ता/अवर अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य पूर्व की 4 फोटो तैयार कराये परन्तु पत्रावली में कार्य पूर्व की कोई फोटो लगी नहीं पाई गई।

4- कार्य समाप्ति की प्रस्तावित तिथि 16-02-2021 थी जबकि कार्य वास्तव में 4 माह के विलम्ब से दिनाँक 07-06-2021 को समाप्त हुआ परन्तु न तो ठेकेदार को कोई नोटिस दी गई और न ही ठेकेदार का कोई प्रार्थना–पत्र समय सीमा बढ़ाने हेतु लगा पाया गया।

5- कार्य दिनाँक 17-12-2020 को प्रारम्भ हुआ तथा दिनाँक 31-12-2020 तक माप करके कार्य की प्रथम एम०बी० कर दी गई जिसके अनुसार लगभग 97% कार्य पूर्ण हो गया था। या तो कार्य अनुबन्ध के पूर्व प्रारम्भ कर दिया गया था या फिर ठेकेदार के हित में फर्जी एम०बी० की गई।

6- शेष 3% कार्य की एम०बी० 6 माह बाद दिनाँक 07-06-2021 को की गई जिससे स्थिति संदिग्ध बनी रही।

7- किसी भी एम०बी० के साथ अवर अभियन्ता की निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न नहीं पाई गई।

8- कार्य में 4 माह के विलम्ब के लिये ठेकेदार पर निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–4 ठेका की शर्तें खण्ड–2(ग) के अन्तर्गत अनुमानित लागत का अधिकतम 10% तक रू० 242463.00 का अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु बिना किसी अर्थदण्ड के पूर्ण भुगतान कर दिया गया।

9- प्राक्कलन के अनुसार कार्य में सॉयल वर्क फ़ॉर रोड रिपेयरिंग के लिये 2190.74 एम^3 के प्रावधान के सापेक्ष मात्र 1940.59 एम^3 कार्य कराया गया। इस प्रकार 250.15 एम^3 मिट्टी कार्य कम रहा जो कि 10% से अधिक था। अतः 250.15 एम^3 दर 86.60 = रू० 21613.00 का भुगतान एम०बी० में से घटाया जाना चाहिये था।

10- अन्तिम एम०बी० के अनुसार ब्रिक सॉयलिंग कार्य 1438 मीटर में कराया गया जबकि टेण्डर 1425 मीटर का था इस प्रकार ठेकेदार को 13 मीटर x 3.30 मीटर = 42.9 एम^2 दर 474.00 = 20335.00 का अधिक भुगतान किया गया।

11- नियम–37 के अनुसार किसी भी कार्य का पूर्ण व अन्तिम भुगतान तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से यह प्रमाणित न कर दे कि कार्य अनुबन्ध में निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है परन्तु पत्रावली में अभियन्ता का जाँच प्रमाण–पत्र लगा नहीं पाया गया।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि ठेकेदार के हित में कार्य करते हुए कई अनियमिततायें की गई तथा **इस प्रकार भुगतान की गई कुल राशि रू० 2422330.00 + अर्थदण्ड न लगाकर रू० 242463.00 + अधिक भुगतान करके रू० 20335.00 कुल राशि रू० 2685128.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 2685128.00 की वसूली सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से दण्डत्मक ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**49**

प्र०सं०–47- राज्य वित्त से कराये गये निर्माण कार्य – "विकास खण्ड बांकेगंज में ग्राम पंचायत हण्डेला में विचित्र सिंह के घर खडन्जा से प्रदीप सिंह के झाला मार्ग पर खडन्जा कार्य – 1220 मीटर" से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए –

1- उक्त कार्य की टेण्डर नोटिस दिनाँक 21-10-2020 की थी जबकि नियम–16 के अन्तर्गत शासन से प्राप्त प्राविधक स्वीकृति दिनॉक 24-11-2020 की थी। अर्थात प्रावधिक स्वीकृति प्राप्त करने के पूर्व ही टेण्डर की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई थी।

2- टेण्डर में मे० ओम सांई कान्सट्रक्शन के पक्ष में स्वीकृत हुआ परन्तु पत्रावली में उक्त ठेकेदार के टेण्डर के साथ शपथ–पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख संलग्न नहीं पाये गये।

3- टेण्डर स्वीकृति की सूचना दिनाँक 28-11-2020 को दी गई तथा तत्काल अनुबन्ध करने को कहा गया परन्तु अनुबन्ध दिनाँक 23-12-2020 को हुआ।

4- अनुबन्ध के अनुसार कार्य समाप्ति की प्रस्तावित तिथि 21-02-2021 थी परन्तु कार्य वास्तव में दिनाँक 04-06-2021 को 4 माह के विलम्ब से समाप्त हुआ जिसके लिये न तो ठेकेदार को कोई नोटिस दी गई और न ही ठेकेदार का कोई पत्र समय सीमा बढ़ाने हेतु लगा पाया गया।

5- पत्रावली में दिनाँक 24-02-2021 का अवर अभियन्ता का निरीक्षण पत्र लगा पाया गया जिसके अनुसार कार्य पूर्ण हो गया था परन्तु कार्य की अन्तिम एम०बी० दिनाँक 04-06-2021 को की गई अर्थात बिना कार्य स्थल पर गये निरीक्षण किया गया।

6- कार्य की प्रथम एम०बी० दिनाँक 02-02-2021 को की गई जिसके अनुसार 1220 मीटर के सापेक्ष 1222 मीटर में ईंट सोलिंग कार्य हो गया था परन्तु फिर भी कार्य की अन्तिम एम०बी० नहीं की गई। स्पष्ट है कि एम०बी० फर्जी थी।

7- कार्य की अन्तिम एम०बी० के अनुसार कुल 1230 मीटर में ईंट सोलिंग कार्य किया गया है। इस प्रकार 10 मीटर x 3.30 मीटर = 33 एम^2 दर 474.00 = रू० 15642.00 का अधिक भुगतान किया गया है।

8- खडन्जा के दोनों तरफ मिट्टी/पटरी कार्य प्राक्कलन में 2734.72 एम^3 अनुमानित था जबकि अन्तिम एम०बी० के अनुसार 2565.33 एम^3 कार्य किया गया था इस प्रकार विचलन 229.39 एम^3 का था जिसके कारण कम भराई होने से गुणवत्ता प्रभावित रही।

9- कार्य में 4 माह के विलम्ब के लिये ठेकेदार पर निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय–4 ठेका की शर्तें खण्ड 2(ग) केअन्तर्गत अनुमानित लागत का अधिकतम 10% तक रू० 232720.00 का अर्थदण्ड लगाया जा सकता था परन्तु बिना किसी अर्थदण्ड के पूर्ण भुगतान कर दिया गया।

10- नियम–37 के अन्तर्गत किसी भी कार्य का पूर्ण व अन्तिम भुगतान तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि अभियन्ता सम्यक रूप से य प्रमाणित न कर दे कि कार्य अनुबन्ध में निर्धारित शर्तों के अनुरूप पूर्ण हो गया है परन्तु उक्त पत्रावली में अभियन्ता का जाँच प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं पाया गया।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर स्पष्ट है कि ठेकेदार के हित में कार्य करते हुए कई अनियमिततायें की गईं तथा **इस प्रकार कार्य में भुगतान की गई कुल राशि रू० 2284824.00 + अधिक भुगतान करके रू० 15642.00 + अर्थदण्ड न लगाकर रू० 232720.00 कुल राशि रू० 2533186.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि रू० 2533186.00 की वसूली सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से दण्डात्मक ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**50**

प्र०सं०–48- सम्पत्ति एवं विभव कर पंजिका वर्ष 2021-22 का अवलोकन करने पर यह प्रकट हुआ कि कतिपय करदाताओं से चालू मांग के सापेक्ष वसूली राशि को समायोजित किया गया है जबकि उनकी बकाया मांग के सापेक्ष वसूली शून्य दर्शित रही। यथा –

क्र० सं०	करदाता	विकास खण्ड	ग्राम	चालू मांग	बकाया मांग	वसूली	अवशेष
1-	रामू वर्मा	फूलबेहड़	बसहामाफी	1500	100	1500	100
2-	नूर मोहम्मद	बांकेगंज	जलालपुर	5000	4500	5000	4500
3-	विकास जैन	निघासन	बम्हनपुर	1500	4700	1500	4700
4-	फ्रेन्डस फिलिंग स्टेशन	मोहम्मदी	पिपरिया	6000	11400	6000	11400
5-	बालाजी मशीनरी स्टोर्स	पसगवां	मैगलगंज	1300	100	1300	100
6-	श्रवण कुमार	धौरहरा	सिसैया	2200	1100	2200	1100
7-	राजाराम	बेहजम	टिकौला	2000	2000	2000	2000
8-	प्रमोद किराना स्टोर	मितौली	मितौली	1300	3000	1300	3000
9-	अनिल कुमार	पलिया	चन्दनचौकी	4000	550	4000	550
10-	संजय खाद भण्डार	बिजुआ	बिजुआ	2400	1600	2400	1600
	योग –			**27200**	**29050**	**27200**	**29050**

आदि।

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि करदाताओं से वसूल की गई राशि की चालू माँग के सापेक्ष समायोजित किया गया है जबकि नियमतः पहले पुराना बकाया समायोजित किया जाना चाहिये था। ऐसा न करने से पुराने बकाया कर को वसूली की सम्भावना नगण्य कर दी गई**। इस प्रकार बकाया राशि की वसूली न करके केवल चालू माँग की वसूल करके जानबूझकर रू० 29050.00 की वित्तीय क्षति पहुँचाई गई तथा इस प्रकार रू० 29050.00 की वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये कर अधिकारी, पटल सहायक, राजस्व निरीक्षक तथा सहायक राजस्व निरीक्षक उत्तरदायी हैं उक्त राशि रू० 29050.00 की वूसली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**56**

प्र०सं०–49- ईंट भट्ठा लाइसेंस रजिस्टर एवं विभव व सम्पत्ति कर रजिस्टर का मिलान करने पर प्रकट हुआ कि कतिपय ईंट भट्ठे ऐसे थे जिनका नाम लाइसेंस रजिस्टर में था तथा उनसे लाइसेंस शुल्क वर्ष 2020-21 का वसूली भी किया गया है परन्तु उन पर कर का अवधारण नहीं किया गय है। यथा –

क्रमांक	ईंट भट्ठे का नाम	विकास खण्ड	क्षेत्र
1-	एकता ब्रिक फील्ड	लखीमपुर	रामापुर
2-	कुबेर ईंट उद्योग	लखीमपुर	चकबिशुनपुर
3-	स्टार ब्रिक फील्ड	लखीमपुर	रामापुर
4-	श्वेता ब्रिक फील्ड	लखीमपुर	रामापुर
5-	बंसवार ईंट उद्योग	लखीमपुर	बैरागर
6-	तिरूपति ब्रिक फील्ड	लखीमपुर	
7-	दुर्गा ईंट उद्योग	लखीमपुर	कादीपुर
8-	अपोलो ब्रिक फील्ड	लखीमपुर	अल्लापुर
9-	वी० एच० ब्रिक फील्ड	लखीमपुर	इकबालपुर
10-	देवकली ईंट उद्योग	कुम्भी (गोला)	अलीगंज रोड
11-	आर० ब्रिक फील्ड	कुम्भी (गोला)	गोला देहात
12-	राधे ब्रिक फील्ड	मितौली	मितौली
13-	कस्ता ईंट उद्योग	मितौली	कस्ता
14-	सपन ब्रिक फील्ड	मितौली	मितौली
15-	हिन्द ब्रिक फील्ड	मितौली	कस्ता
16-	पिपराग्रंट ईंट उद्योग	मितौली	
17-	मिलन ब्रिक फील्ड	मोहम्मदी	बेहटी अफगान
18-	शंकर ब्रिक फील्ड	मोहम्मदी	बहादुर नगर

19-	सोनल ब्रिक फील्ड	पसगवां	सल्लिया
20-	शुक्ला ब्रिक फील्ड	पसगवां	पसगवां
21-	जनता ब्रिक फील्ड	पसगवां	मैगलगंज
22-	हासमी ब्रिक फील्ड	पसगवां	बनिकागाँव
23-	शम्भू सुन्दरी ईंट भट्ठा	पसगवां	बारीपुर बरबर
24-	राजा ब्रिक फील्ड	पसगवां	पसगवां
25-	शाबान ब्रिक फील्ड	पसगवां	सिसौरानासिर
26-	धौरहरा ब्रिक फील्ड	धौरहरा	भटपुरवा रोड
27-	अफजाल अहमद खाँ ब्रिक फील्ड	धौरहरा	भटपुरवा रोड
28-	के०जी०एन० ट्रेडर्स	धौरहरा	निपनिया
29-	गाजी ईंट उद्योग	धौरहरा	नयागाँव
30-	ख्वाजा ब्रिक फील्ड	धौरहरा	लोनिया बबुरी
31-	श्याम ब्रिक फील्ड	धौरहरा	बबुरी
32-	न्यू अमन ब्रिक फील्ड	फूलबेहड़	कंचनपुर
33-	अमन ब्रिक फील्ड	बांकेगंज	जलालपुर
34-	वर्मा ब्रिक फील्ड	बांकेगंज	लाल्हापुर
35-	वरूण ब्रिक फील्ड	बांकेगंज	खरेहटा

उपरोक्त सभी भट्ठों से वर्ष 2020-21 का लाइसेंस शुल्क लिया गया है अतः इन पर वर्ष 2021-22 का अवधारण किया जाना चाहिये था **परन्तु कर अवधारण न करके संस्था को 35x6000 = रू० 210000.00 की वित्तीय क्षति पहुँचाकर वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये कर अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं पटल सहायक उत्तरदायी हैं अतः उक्त राशि की वसूली दण्डात्मक ब्याज सहित सभी उत्तदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०**66**

प्र०सं०–50- ईंट भट्ठा लाइसेंस रजिस्टर एवं सम्पत्ति कर रजिस्टर का मिलान करने पर ज्ञात हुआ कि कतिपय ईंट भट्ठा ऐसे थे जिन पर वर्ष 2021-22 में कर का अवधारण किया गया है परन्तु उनका नाम लाइसेंस रजिस्टर में दर्ज नहीं पाया गया। यथा –

क्रमांक	**ईंट भट्ठे का नाम**	**विकास खण्ड**	**क्षेत्र**
1-	हिन्दुस्तान ब्रिक्स	निघासन	बेनीपुरवा
2-	गणेश ईंट उद्योग	निघासन	चितिहा
3-	हिन्दुस्तान ब्रिक्स	निघासन	अयोध्यापुरवा
4-	गणेश ब्रिक फील्ड	निघासन	हरद्वाही
5-	लक्ष्मी ब्रिक फील्ड	पसगवां	फरियापिपरिया
6-	करन ब्रिक फील्ड	लखीमपुर	बाँसखेड़ा
7-	पूजा ईंट उद्योग	लखीमपुर	कादीपुर
8-	डी०डी० ईंट उद्योग	नकहा	पनगीखुर्द
9-	टुरना ब्रिक फील्ड	बांकेगंज	खरेहटा
10-	सदन ब्रिक फील्ड	मितौली	शाहीपारस
11-	गणेश ब्रिक फील्ड	रमियाबेहड़	सेमरी
12-	बी० के० ईंट उद्योग	बिजुआ	रहीमनगरग्रंट

उक्त सभी ईंट भट्ठे कर पंजिका में दर्शित थे एवं उन पर कर का अवधारण भी किया गया था अर्थात ये सभी वर्ष 2020-21 में संचालित थे। इन पर लाइसेंस शुल्क न लेने से ये स्पष्ट है कि राजस्व निरीक्षकों की जानकारी में यह भट्ठे बिना लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित किये जा रहे थे जिसकी सूचना उनके द्वारा जिला पंचायत में या तहसील में नहीं दी गई। **इस प्रकार इन भट्ठों से वर्ष 2020-21 का लाइसेंस शुल्क रू० 6000/- की दर से धनराशि रू० 72000.00 की वसूली जानबूझकर न करके संस्था को वित्तीय क्षति पहुँचाकर वित्तीय अनियमितता की गई है जिसके लिये राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं पटल सहायक उत्तरदायी हैं अतः उक्त रू० 72000.00 की वसूली दण्डात्मक ब्याज एवं विलम्ब शुल्क सहित उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है**।

सा०आ०स०–**50**

प्रारूप-2

जनपद-लखनऊ **मण्डल-लखनऊ** **वर्ष-2021-22**

जिला पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियां

प्रस्तर संख्या-01

वित्तीय वर्ष 2020-21 के त्रैमास में नौकाघाट की गत वर्ष की धनराशि रू0 0.736 लाख दर्शित हे। वर्ष के दौरान नौकाघाट से कोई वसूली नहीं की गयी जिससे संबंधित स्पष्टीकरण लेखा परीक्षा में अपेक्षित रहा जिस हेतु पटल प्रभारी अपर मुख्य अधिकारी, व जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तरदायी है। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या-02

जिला पंचायतों की आय वृद्धि करने संबंधी शासनादेश-संख्या-2004-1/23.01.2001-26/बी2001 दिनांक 26.08.2001 के क्रम मे उ0प्र0 शासन द्वारा यह निर्देश दिये गये है कि किसी भी प्रकार की वसूली प्रत्येक दशा मे वित्तीय वर्ष के अंत तक अवश्य पूर्ण कर लिये जाए। एवं किसी भी प्रकार की वसूली प्रत्येक दशा में अग्रेनित न किया जाए। किन्तु इस शासनादेश का अतिक्रमण करते हुए समुचित प्रबन्धन के अभाव में न केवल वर्तमान लेखा परीक्षा वर्ष की वसूली रू0 234.11 लाख से अधिक कर संस्था को क्षति पहुंचायी गयी हे। पुनः यह भी पाया गया है कि समस्त शीर्षो में कर निर्धारण जिला पंचायत की उपविधि के अनुसार नहीं किया गया है। तथा जिला पंचायत लखनऊ के अधिकारी क्षेत्र में आने वाले कर निर्धारण संस्थाओं/प्रतिष्ठानों पर सूची कराधन एवं वसूली का प्रमाण भी उपलब्ध नहीं पाया गया तथा बकाया करदाताओं की सूची भी उपलब्ध नहीं करायी गयी। इसके लिये अपर मुख्य अधिकारी, वित परामर्शदाता सहित संपूर्ण प्रबन्धन एवं वसूली तंत्र उत्तरदायी है। प्रभावी वसूली के लिये वैधानिक कार्यवाही किया जाना चाहिए।

प्रस्तर संख्या-03

जिला पंचायत लखनऊ के वर्ष 2021-22 के किराये की पत्रावली के अवलोकन से विदित है कि संस्था द्वारा सहायक निदेशक हथकरधा एवं वस्त्र उद्योग लखनऊ को दिनांक 06.11.2012 को किराये पर क्षेत्रफल 145.2 वर्ग मीटर रू0 170 प्रति वर्ग मीटर की दर से आवंटन किया गया था। तत्पश्चात् अद्यतन तिथि 31.03.2022 तक किराये की दर में कोई संसोधन नहीं किया गया है। जबकि शासनादेश संस्था 6336/33-3-97-185 जी/97 दिनांक 27.12.1997 के बिन्दु 6 के अनुसार निर्धारित किराया में 03 वर्ष के बाद 25 प्रतिशत वृद्धि की जायेगी साथ ही जिलाधिकारी किराया सर्किल रेट में भी इस अवधि में कई बार वृद्धि हुई है तथा संस्था द्वारा कालान्तर में कई अन्य संस्थाओं को अपने कार्यालय में अधिक दरों पर कार्यालय आवंटन किया है जिसका विवरण निम्नवत हैः-

क्र0 सं0	कार्यालय का नाम	कार्यालय आवंटन तिथि व विभिन्न दरों पर किया गया अनुबन्ध	किराये से सम्बन्धित बदलते जिलाधिकारी सर्किट रेट व अन्य विभागो को आवंटन के समय किराये की क्रमिक बढोत्तरी क्षेत्रफलगदरग माह	आडिट के अनुसार किराया	जिला पंचायत लखनऊ द्वारा हथकरघा व वस्त्रोद्योग कार्यालय से कुल अवधारित किराया	अन्तर की धनराशि
1	हथकरधा एवं वस्त्रोउद्योग लखनऊ तुलनात्मक	06.11.12/170.00	145.2x170x26	641784.00	145.2x170x112	
2	अपर आयुक्त वित्त राजस्व) (परिषद	16.01.15/185.00	145.2x185x06	161172.00		
3	बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी	22.07.15/205.00	145.2x205x80	2381280.00		
	योग			3184236.00	2764606.00	419628.00

इस प्रकार संस्था द्वारा रू0 2764606.00 अवधारित किया था जबकि लेखा परीक्षा द्वारा अवधारित किराया रू0 3184236.00 था, इस प्रकार संस्था को 419626.00 की क्षति हुयी। जिसकी वसूली निदेशक हथकरधा एवं वस्त्र उद्योग लखनऊ से न किये जाने हेतु कार्याधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तरदायी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या-04

जिला पंचायत लखनऊ के वर्ष 2021-22 के किराया की पत्रावली के अवलोकन से विदित है कि संस्था द्वारा अपर आयुक्त राजस्व परिषद को दिनांक 16.0.2015 को किराये पर क्षेत्रफल 1050 वर्गमीटर रू0 1050 वर्गमीटर रू0 185 प्रतिवर्ग मीटर की दर से आवंटित किया गया है। तत्पश्चात् अद्यतन तिथि 31.03.2022 तक किराये में कोई संशोधन नहीं किया गया है। जबकि शासनादेश संख्या 6336/33-3-97-185 जी/97

दिनांक 27.12.1997 के बिन्दु 6 के अनुसार निर्धारित किराया में 03 वर्ष के बाद 25 प्रतिशत वृद्धि की जायेगी साथ ही जिलाधिकारी किराया सर्किल रेट में भी इस अवधि में कई बार वृद्धि हुई है तथा संस्था द्वारा कालान्तर में कई अन्य संस्थाओं को अपने कार्यालय में अधिक दरों पर कार्यालय आवंटन किया है जिसका विवरण निम्नवत हैः-

क्र0 सं0	कार्यालय का नाम	कार्यालय आवंटन तिथि व विभिन्न दरों पर किया गया अनुबन्ध	किराये से सम्बन्धित बदलते जिलाधिकारी सर्किट रेट व अन्य विभागो को आवंटन के समय किराये की क्रमिक बढोत्तरी क्षेत्रफलxदरxमाह	आडिट के अनुसार किराया	जिला पंचायत लखनऊ द्वारा हथकरघा व वस्त्रोद्योग कार्यालय से कुल अवधारित किराया	अन्तर की धनराशि
1	अपर आयुक्त वित्त राजस्व परिषद	16.01.15/185.00	105x185x06	116550.00	105.x185x86	
2	बदोबस्त अधिकारी चकबंदी	22.07.15/205.00	105x205x80	1722000.00		
			योग	1838550.00	1670550.00	168000.00

इस प्रकार संस्था द्वारा रू0 1670550.00 अवधारित किया गया था जबकि लेखा परीक्षा द्वारा आगणित किराया रू0 1838550.00 था। इस प्रकार संस्था को कुल रू0 168000.00की क्षति हुई जिसकी अपर आयुक्त (वित्त) राजस्व वसूली परिषद से न किये जाने हेतु कार्याधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तरदायी है। क्षतिपूर्ति की कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या-05

जिला पंचायत लखनऊ के वर्ष 2021-22 के किराये की पत्रावली के अवलोकन से विदित है कि संस्था द्वारा विकलांग कल्याण कार्यालय को दिनांक 23.11.2007 को किराये पर क्षेत्रफल 83.72 वर्ग मीटर रू0 100 प्रति वर्ग मीटर की दर से आवंटन किया गया था। तत्पश्चात् अद्यतन तिथि 31.03.2022 तक किराये की दर में कोई संसोधन नहीं किया गया है। जबकि शासनादेश संस्था 6336/33-3-97-185 जी/97 दिनांक 27.12.1997 के बिन्दु 6 के अनुसार निर्धारित किराया में 03 वर्ष केबाद 25 प्रतिशत वृद्धि की जायेगी साथ ही जिलाधिकारी किराया सर्किल रेट में भी इस अवधि में कई बार वृद्धि हुई है तथा संस्था द्वारा कालान्तर में कई अन्य संस्थाओं को अपने कार्यालय में अधिक दरों पर कार्यालय आवंटन किया है जिसका विवरण निम्नवत हैः-

क्र0 सं0	कार्यालय का नाम	कार्यालय आवंटन तिथि व विभिन्न दरों पर किया गया अनुबन्ध	किराये से सम्बन्धित बदलते जिलाधिकारी सर्किट रेट व अन्य विभागो को आवंटन के समय किराये की क्रमिक बढोत्तरी क्षेत्रफलगदरग माह	आडिट के अनुसार किराया	जिला पंचायत लखनऊ द्वारा हथकरघा व वस्त्रोद्योग कार्यालय से कुल अवधारित किराया	अन्तर की धनराशि
1	विकलांग कल्याण कार्यालय तुलनात्मक	23.11.07/100	83.722x100x30	251160	83.722x100x30	
2	क्षेत्रीय आयुवेर्दिक एवं यूनाी कार्यालय	25.05.10/130	83.722x130x29	315624.40		
3	हथकरधा एवं वस्त्रोउद्योग	06.11.12/170.00	83.722x100x30	370042.40		
4	अपर आयुक्त वित्त राजस्व परिषद	10.01.15/185.00	83.722x100x30	92929.00		
5	बदोबस्त अधिकारी चकबंदी	22.07.15/205.00	105x205x80	1373006.00		
	योग			2402763.8	1431612	971151.8

इस प्रकार संस्था द्वारा रू0 1431612.00 अवधारित किया था जबकि लेखा परीक्षा द्वारा आगणित किराया रू0 2402763.8 है। इस प्रकार संस्था को कुल रू0 971151.8 की क्षति हुई जिसकी वसूली विकलांग कल्याण कार्यालय से न किये जाने हेतु कार्यालय से न किये जाने हेतु कार्याधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तरदायी है। क्षतिपूर्ति की कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या-06

जिला पंचायत लखनऊ के वर्ष 2021-22 के किराये की पत्रावली के अवलोकन से विदित है कि संस्था द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय को दिनांक 23.11.2007 को किराये पर क्षेत्रफल 117.73 वर्ग मीटर रू0 130 प्रति वर्ग मीटर की दर से आवंटन किया गया था। तत्पश्चात् अद्यतन तिथि 31.03.2022 तक किराये की दर में कोई संसोधन नहीं किया गया है। जबकि शासनादेश संस्था 6336/33-3-97-185 जी/97 दिनांक 27.12.1997 के बिन्दु 6 के अनुसार निर्धारित किराया में 03 वर्ष के वृद्धि 25 प्रतिशत वृद्धि की जायेगी साथ ही जिलाधिकारी किराया सर्किल रेट में भी इस अवधि में कई बार वृद्धि हुई है तथा संस्था द्वारा कालान्तर में कई अन्य संस्थाओं को अपने कार्यालय में अधिक दरों पर कार्यालय आवंटन किया है जिसका विवरण निम्नवत हैः-

क्र0 सं0	कार्यालय का नाम	कार्यालय आवंटन तिथि व विभिन्न दरों पर किया गया अनुबन्ध	किराये से सम्बन्धित बदलते जिलाधिकारी सर्किट रेट व अन्य विभागो को आवंटन के समय किराये की क्रमिक बढोत्तरी क्षेत्रफलगदरग माह	आडिट के अनुसार किराया	जिला पंचायत लखनऊ द्वारा हथकरघा व वस्त्रोद्योग कार्यालय से कुल अवधारित किराया	अन्तर की धनराशि
1	क्षेत्रीय आयुवेर्दिक एवं यूनाी कार्यालय	23.11.07/130.00	117.73x130x29	443642.10	117.73x130 x141	
2	हथकरधा एवं वस्त्रोउद्योग	06.11.12/170.00	117.73x170x26	520366.60		
3	अपर आयुक्त वित्त राजस्व परिषद	10.01.15/185.00	117.73 x 185 x 06	130680.00		
4	बदोबस्त अधिकारी चकबंदी	22.07.15/205.00	117.73x205 x 80	1930772.00		
	योग			3025660.7	2157990.9	867669.80

इस प्रकार संस्था द्वारा रू0 2157990.9 वसूल/अवधारित किया गया जबकि लेखा परीक्षा द्वारा आगणित किराया रू0 3025660.7 था। इस प्रकार संस्था को कुल रू0 867669.80 की क्षति हुई जिसकी वसूली

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक कार्यालय से न किये जाने हेतु कार्याधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तरदायी है। क्षतिपूर्ति की कार्यवाही अपेक्षित है।

जनपद- रायबरेली मण्डल-लखनऊ

जिला पंचायत 2021-22

प्रस्तर-01 जिला पंचायत- रायबरेली आपत्ति सं0- 05

राज्य वित्त खाता संख्या से अज्ञात खाते में धनराशियों के अन्तरण का प्रकरण इकाई के वर्ष 2021-22 के लेखा परीक्षा के दौरान राज्य वित्त खाते की जाँच करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि निम्नलिखित तिथियों में राज्य वित्त खाते से धनराशियों का अन्तरण अज्ञात खातों में किया गया है। उक्त अन्तरण से सम्बन्धित कोई प्रविष्ट लेखाकार की कोषबही में नही की गई और न ही उक्त के सम्बन्ध में कोई ट्रांसफर व्यय प्रमाणक और न ही कोई आदेश प्रत्रावली लेखा परीक्षा में देखने को मिला।

अतः उक्त अन्तरण की धनराशियों का दुरपयोगित होने का अत्यन्त सम्भावना है। जिसके लिए ततकालीन लेखाकार, श्री बृजेश वर्मा एवं वित्तीय परामर्श दाता श्री मोहित एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री धर्मेन्द्र कुमार उत्तरदायी रहें विवरण निम्न प्रकार है।

राज्य वित्त खाता संख्या - 09760100024824 अज्ञात खाता

15.03.2022 को रू0 2549663.00 अन्तरण
चेक नम्बर- 2688 बडौदा यूपी ग्रामीण बैंक
28.03.2022 को रू0 1466004.00 अन्तरण
चेक नम्बर - 2716 बडौदा यूपी ग्रामीण बैंक

प्रस्तर-02 जिला पंचायत- रायबरेली आपत्ति सं0- 06

विधायक निधि हेतु बैंक पृथक खाता ना खोलकर जिला निधि खाते में ही अनुदान को रखना एवं विधायक निधि पर अर्जित ब्याज रू0 4,47,907.05 को शासन को वापस न करने कीअनियमितता

पत्रांक -परियोजना निदेश जिला ग्राम्य विकास अभिकरण मथुरा के पत्रांक 1618/पी.एल.ए./2016-17/दिनांक 02.09.2016के द्वारा वे कार्यदायी संस्थायें जिनका पी.एल.ए. एकाउण्ट नही है और जो विधायक निधि की धनराशि को राष्ट्रीकृत बैंको के बचत खाते में रखते हैं उससे अर्जित ब्याज को उन्हें सम्बन्धित

जिला ग्राम विकास अभिकरण में वापस करना होगा। जिला विकास अभिकरण द्वारा इस धनराशि को राजस्व प्राप्त लेखा शीर्षक में जमा करा दिया जायेगा।

इकाई के वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेमेन्ट खाता संख्या 56810100000617 जिला निधि के अनुसार एवं डी.आर.डी.ए. रायबरेली द्वारा उपलब्ध कराये गये आकड़ो के आधार पर निम्नलिखित तिथियों में विधायक निधि की धनराशि प्राप्त की गई जिसका विवरण निम्नवत है-

दिनांक	खाता संख्या	धनराशि
24.11.2021	56810100000617(जिलानिधि खाता)	1,32,53,450.00
04.12.2021	''	33,35,700.00
	योग -	1,65,89,150.00

उक्त विधायक निधि पर बचत खाते में प्राप्त ब्याज 2.7 प्रतिशत वार्षिक की दर से रू-4,47,907.05 होता है।

जो कि संस्था की आय न होकर नियमानुसार शासन को वापस किया जाना चाहिए था। उक्त ब्याज को वापस न करना शासन के नियमों की घोर अवहेलना है। विभागीय अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है।

प्रस्तर-03 जिला पंचायत- रायबरेली आपत्ति सं0- 10

जिला पंचायत के निजी स्रोत से आय के महत्वपूर्ण स्रोत सम्पत्ति से आय की वसूली न्यूनतम एवं मानक के अनुसार न होने का प्रकरण -

ईकाई की वर्ष (2021-22) की लेखा परीक्षा के दौरान कर अधिकारी श्री धंनजय वर्मा से जिला पंचायत रायबरेली के क्षेत्र में आने वाली भवन दुकाने गेस्टहाउस एवं फार्म हाउस की संख्या एवं किन विकास क्षेत्रों में स्थित है की सूची उपलब्ध नही कराई गई। अस्तु 18 विकास खण्डों में मात्र 6 विकास खण्ड़ों के मांग वसूली रजिस्टर (प्रपत्र 27) उपलब्ध करायें गयें जिसमें से विकास खण्ड ऊचांहार एवं हरचन्द पुर स्थित सम्पत्तियों से किराया भी जमा नही हो रहा है। एवं शेष चार विकास खण्ड़ों के मांग वसूली रजिस्टर प्रपत्र 27 आधे अधूरे पाये गयें एवं उनमें निम्नलिखित न्यूनतायें पायी गई।

1 प्रतिमाह किराये की धनराशि वर्ष 1994 से पुरानी दरों से चली आ रही हैं जबकि किराया हेतु मार्गदर्शक सिद्धान्त के अनुसार निर्धारित किराये की धनराशि बाजार मूल्य दर के अनुरूप हो तथा इससे कम किसी भी दशा में न हो।

2 दुकान किराया सम्बन्धी मांग वसूली रजिस्टर लेखा परीक्षा में उपलब्ध कराये गयें उनपर क्षेत्रवार आंवटित पटल प्रभारियों द्वारा लेखाबन्दी नही की गई थी एवं अभियुक्ति में कर अधिकारी श्री धंनजय वर्मा के संक्षिप्त हस्ताक्षर भी प्रामाणित नही थे ।

3 शासनादेश संख्या 6336/33-3-97-1850919 दिनांक 27.12.1997 पंचायती राज अनुभाग - 3 के निर्देशानुसार किरायें की राशि में प्रत्येक 3 वर्ष के बाद 25प्रतिशत बढ़ोतरी किया जाना सुनिश्चित किया जाना था। प्रत्येंक त्रैमास में बकाये किराये की वसूली की समीक्षा कर वसूली हेतु आवश्यक कार्यवाही भी नही किया जाना आपत्ति जनक रहा। कई वर्षो से वसूली के प्रति पटल सहायक एवं उच्चाधिकारियों द्वारा उदासीनता बरतने के कारण संस्था को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक क्षति हो रही है। जो संस्था के हित में नही है। वसूली की ठोस कारवाई हेतु कर अधिकारी श्री धनजय वर्मा एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री धमेन्द्र कुमार उत्तरदायी रहें

विकास खण्डवार स्थिति दुकानों/काम्प्लेक्स से किराये की वसूली एवं बकाये की धनराशि रू0 2413759.00 की अनिमियतता

विकास खण्ड़ - सलोन, अस्पताल परिसर मे।

दुकान संख्या 2

दुकान संख्या 6त्रिवेणी नाथ पुत्र रामनारायन 08.03.1994 125/माह 48920.00 1500.00 50420.00 0.00 50420.00

दुकान संख्या 12

मो0 साबिर पुत्र गफूर 08.05.1994 125/माह 13725.00 1500.00 15225.00 1500.00 13725.00

दुकान संख्या 14

रामचन्द्र पुत्र हुकुम चन्द्र08.05.1974 125/माह 46950.00 1500.00 47950.00 0.00 47950.00

दुकान संख्या 16

श्याम रमन पुत्र बनवारी लाल 08.05.1974 125/माह 45750.00 1500.00 47250.00 0.00 47250.00

दुकान संख्या 18

मुस्तकीन पुत्र सलीम 08.05.1974 125/माह 48722.00 1500.00 50222.00 9222.00 41000.00

योग 2,45,495.00

सम्पति का विवरण	किराये पर दिए जाने की स्वी स्वीकृति	किराये की दर	बकाये की धनराशि	वर्ष की मांग	कुल योग	वसूली	अवशेष
दुकान संख्या 2 शिप्रसाद रस्तोगी पुत्र	01.05.1979	125/माह	43650.00	1500.00	45150.00	0.00	45150.00

ज्वाला प्रसाद							
दुकान संख्या 6त्रिवेणी नाथ पुत्र रामनारायन	08.03.1994	125/माह	48920.00	1500.00	50420.00	0.00	50420.00
दुकान संख्या 12 मो0 साबिर पुत्र गफूर	08.05.1994	125/माह	13725.00	1500.00	15225.00	1500.00	13725.00
दुकान संख्या 14 रामचन्द्र पुत्र हुकुम चन्द्र	08.05.1974	125/माह	46950.00	1500.00	47950.00	0.00	47950.00
दुकान संख्या 16	08.05.1974	125/माह	45750.00	1500.00	47250.00	0.00	47250.00
दुकान संख्या 18 मुस्तकीन पुत्र सलीम	08.05.1974	125/माह	48722.00	1500.00	50222.00	9222.00	41000.00
योग							2,45,495.00

जगतपुर पौण्ड परिसर: -

सम्पति का विवरण	किराय पर दिये जाने की स्वीकृत	किराये की दर	बकाये की धनराशि	वर्ष की मांग	कुल योग	वसूली	अवशेष
दुकान संख्या 1 विश्वास पाण्डेय पुत्र वृजेश नाराय	31.09.1998	254/माह	32259.00	3048.00	35307.00	0.0035307.00	31.09.1998
दुकान संख्या 6	अज्ञात	254/माह	39244.00	3048.00	42292.00	4000.00	38292.00

जरार अहम्मद पुत्र अन्सार अहम्मद							
दुकान संख्या 11 मो0 सईद पुत्र वसीखान	20.05.1987	215/माह	75680.00	2580.00	78260.00	0.00	78260.00
दुकान संख्या 4 बलबीर सिंह पुत्र कान्ता सिंह	01.09.2007	400/माह	37200.00	4800.00	37680.00	4000.00	33680.00
दुकान संख्या 11 अनीश	01.08.2003	400/माह	45800.00	4800.00	50600.00	0.00	50600.00
दुकान संख्या 1 पौण्र परिसर जगत पुर कमल सिंह पुत्र हरियर सिंह	21.04.2015	600/माह	43200.00	7200.00	50400.00	0.00	50400.00
योग							2,86,539.00

सिविललाइंस - जिलापंचायत विश्रामगृह

सम्पति का विवरण	किराय पर दिये जाने की स्वीकृत	किराये की दर	बकाये की धनराशि	वर्ष की मांग	कुल योग	वसूली	अवशेष
दुकान संख्या 13 अपर साइड साजिद पुत्र मो0 सईद	30.08.2016	1200/माह	50400.00	14400.00	64800.00	0.00	64800.00
दुकान संख्या 17 अनिल कुमार पुत्र भगवती प्रसाद गुप्ता	जनवरी 2016	1200/माह	56400.00	14400.00	70800.00	0.00	70800.00
दुकान संख्या 14	जनवरी 2016	1200/माह	44400.00	14400.00	58800.00	0.00	58800.00

सुखपाल सिंह पुत्र सूरज सिंह							
दुकान संख्या 18 श्रीमती नेहा पत्नी विवेक कुमार	27.03.2021	1200/माह	14400.00	14400.00	28800.00	0.00	28800.00
दुकान संख्या 19 रवीन्द्र प्रताप सिंह पुत्र बीर पाल सिंह	21.09.2015	1200/माह	56400.00	14400.00	56400.00	0.00	70800.00
दुकान संख्या 23 जयवर्धन राज पुत्र रवि प्रताप सिंह	10.09.2015	1200/माह	56400.00	14400.00	70800.00	0.00	70800.00
दुकान संख्या 24 जयवर्धन राज पुत्र रवि प्रताप सिंह	10.09.2015	1200/माह	56400.0	14400.00	708000.00	0.00	70800.00
दुकान संख्या 3 उमेश सिंह पुत्र माता बक्स सिंह	10.09.2016	1200/माह	56400.00	14400.00	70800.00	0.00	70800.00
उमेश सिंह पुत्र माता बक्स सिंह	10.09.2016	1200/माह	56400.00	14400.00	70800.00	0.00	70800.00
दुकान संख्या 4 राम किशोर सिंह पुत्र जगं बहादुर सिंह	26.03.2018	1200/माह	42000.00	14400.00	56400.00	0.00	56400.00

दुकान सख्या 6 अपर ग्राउण्ड रामभजन पुत्र छोटेलाल	10.09.2016	1200/माह	56400.00	14400.00	70800.00	0.00	70800.00
दुकान संख्या 7 रामभजन पुत्र छोटेलाल	10.09.2016	1200/माह	56400.00	14400.00	70800.00	0.00	70800.00
दुकान संख्या 8रामभजन पुत्र छोटेलाल	10.09.2016	1200/माह	56400.00	14400.00	70800.00	0.00	70800.00
दुकान संख्या 9रामभजन पुत्र छोटेलाल	10.09.2016	1200/माह	56400.00	14400.00	70800.00	0.00	70800.00
दुकान संख्या 10रामभजन पुत्र छोटेलाल	10.09.2016	1200/माह	56400.00	14400.00	70800.00	0.00	70800.00
दुकान संख्या 8 लोवर ग्राण्ड सिताव चन्द्र गुप्ता पुत्र देशराज गुप्ता	29.09.2015	1200/माह	56400.00	14400.00	70800.00	0.00	70800.00
दुकान संख्या 23लोवर ग्राउण्डरमेश कुमार सोनकर 18.07.2018	1200/माह	43600.00	14400.00	58000.00	0.00	58000.00	
योग							10,45,600.00

प्राथमिक पाठशाला परिसर में निर्मित दुकाने -

सम्पति का विवरणकिराय पर दिये जाने की स्वीकृतकिराये की दरबकाये की धनराशिवर्ष की मांग	कुल योग	वसूली	अवशेष	सम्पति का विवरणकिराय पर दिये जाने की स्वीकृतकिराये की दरबकाये की धनराशिवर्ष की मांग	कुल योग	वसूली	अवशेष
दुकान संख्या 2मनीष कुमार पुत्र राम सनेही 17.04.1989	400/माह	2800.00	4800.00	7600.00	0.00	7600.00	
दुकान संख्या 3परमानन्द पुत्र रामआधार त्रिपाठी	01.08.1989	400/माह	35400.00	4800.00	40200.00	0.00	40200.00
दुकान संख्या 3परमानन्द पुत्र रामआधार त्रिपाठी	01.08.1989	400/माह	35400.00	4800.00	40200.00	0.00	40200.00
दुकान सख्या 4रामबहादुर पुत्र मथुरा मौर्य	01.08.1989	400/माह	23400.00	4800.00	28200.00	0.00	28200.00
दुकान संख्या 10 हनुमान	15.08.1989	400/माह	39000.00	4800.00	43800.00	0.00	43800.000
योग							1,19,800.00

सम्पति का विवरण	किराय पर दिये जाने की स्वीकृत	किराये की दर	बकाये की धनराशि	वर्ष की मांग	कुल योग	वसूली	अवशेष
दुकान संख्या 2बृजनाथ सिंह पुत्र राम बहादुर	11.12.1990	500/माह	36600.00	6000.00	42600.00	0.00	42600.00

दुकान संख्या 8,9,10 विनय कुमार पुत्र हीरालाल	31.01.2001	1500/माह	74000.00	18000.00	92000.00	0.00	92000.00
दुकान संख्या 22जय सिंह पुत्र विजय सिंह	13.09.2011	500/माह	24500.00	6000.0	30500.00	0.00	30500.00
दुकान संख्या 23श्रवण कुमार पुत्र राम उजागर	13.09.2011	500/माह	12000.00	6000.00	18000.00	0.00	18000.00
दुकान संख्या 24अजय सिंह	01.12.1995	500/माह	15000.00	6000.00	21000.00	0.00	21000.00
दुकान संख्या 25अजय वर्मा पुत्र अवध किशोर	11.07.2001	500/माह	12000.00	6000.00	18000.00	00.00	18000.00
दुकान संख्या 32अजय प्रताप सिंह	08.06.2001	500/माह	28950.00	6000.00	34950.00	00.00	34950.00
दुकान संख्या 36अनुराग वर्मा पुत्र राधेश्याम	13.07.2010	500/माह	34600.00	6000.00	40600.00	0.00	40600.00
दुकान संख्या 36अनुराग वर्मा पुत्र राधेश्याम	13.07.2010	500/माह	34600.00	6000.00	40600.00	0.00	40600.00
दुकान संख्या 10प्रथम तल अतुल दिक्षित पुत्र कमलेश चन्द्र	25.04.2015	450/माह	26600.00	5400.00	32000.00	0.00	32000.00
दुकान संख्या 11प्रथम तल राकेश तिवारी पुत्र शंकर प्रसाद	25.04.2015	450/माह	26600.00	5400.00	32000.00	0.00	32000.00
दुकान संख्या 12राधवेन्द्र पुत्र केशव सिंह	11.10.2012	525/माह	23625.00	6300.00	29925.00	0.00	29925.00

दुकान संख्या 15आरती अवस्थी पत्नी दिलीप अवस्थी	10.10.2015	25/माह	17325.00	6300.00	23625.00	0.00	23625.00
दुकान संख्या 17विष्णु प्रताप सिंह पत्नी राम लोचन सिंह	12.10.2012	525/माह	16325.00	6300.00	22625.00	0.00	22625.00
दुकान सं0 18रधुवीर पाल पुत्र महावीर पाल	19.10.2013	525/माह	39375.00	6300.00	45675.00	0.00	45675.00
योग							5,01,500.00

शापिंग काम्प्लेक्स बछरावां पौण्उड परिसर -

सम्पति का विवरण	किराय पर दिये जाने की स्वीकृतकिराये की दरबकाये की धनराशिवर्ष की मांग	कुल योग	वसूली	अवशेष	सम्पति का विवरण	किराय पर दिये जाने की स्वीकृतकिराये की दरबकाये की धनराशिवर्ष की मांग	कुल योग
दुकान संख्या 1 सुरज कुमार पुत्र रामप्रसाद	10.11.2012	525/माह	17325.00	6300.00	23625.00	0.00	23625.00
दुकान संख्या 23आफताब	12.10.2012	525/माह	17325.00	6300.00	23625.00	0.00	23625.00
दुकान संख्या 24ओमप्रकाश पुत्र परमानन्द	08.09.2015	525/माह	17325.00	6300.00	23625.00	0.00	23625.00
दुकान संख्या 25राम बहादुर यादव पुत्र जागेश्वर	10.10.2012	525/माह	17325.00	6300.00	23625.00	0.00	23625.00
दुकान संख्या 27गीता सिंह पत्नी शिवराम	10.10.2012	525/माह	17325.00	6300.00	23625.00	0.00	23625.00
योग							1,18,125.00

पौण्ड परिसर हरचन्दपुर -

सम्पति का विवरण	किराय पर दिये जाने की स्वीकृत	किराये की दर	बकाये की धनराशि	वर्ष की मांग	कुल योग	वसूली	अवशेष
दुकान संख्या 2 अरविन्द पुत्र अयोध्या प्रसाद	05.11.2018	300/माह	7200.00	3600.00	10800.00	0.00	10800.00
दुकान संख्या 1अरविन्द पुत्र अयोध्या प्रसाद	15.05.2018	300/माह	9000.00	3600.00	12600.00	0.00	12600.00
दुकान संख्या 6विकास सिंह	11.05.2018	300/माह	10500.00	3600.00	14100.00	0.00	14100.00
योग							37,500.00

पौण्ड परिसर अरखा -

सम्पति का विवरण	किराय पर दिये जाने की स्वीकृत	किराये की दर	बकाये की धनराशि	वर्ष की मांग	कुल योग	वसूली	अवशेष
दुकान संख्या 1बनवारी लाल	26.05.2017	600/माह	17200.00	7200.00	24400.00	0.00	24400.00
दुकान संख्या 2मो0 रसीद	26.05.2017	600/माह	27600.00	7200.00	34800.00	0.00	34800.00
योग							59,200.00

प्रस्तर-04 **जिला पंचायत- रायबरेली** **आपत्ति सं0- 16**

15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत टाइड ग्राण्ट के अन्तर्गत इकाई द्वारा वर्ष 2021-22 में अनुमन्य कार्यो से विरत कार्यो को कराये जाने से टाइड ग्राण्ट की धनराशि रू0 56.92 लाख के दुर्विनियोग का प्रकरण।

15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत टाइड ग्राण्ट के अन्तर्गत अनुमन्य कार्य व उपभोग हेतु दिशा निर्देश भारत सरकार के पत्रांक 15.(2) एफ.सी.-एक्स.बी./एफ.सी.डी./2020-21 दिनांक 01.06.2020 द्वारा निर्गत किये गये है। जो निम्नवत हैं।

टाइड ग्राण्ट से कराये जाने वाले कार्यो का विवरण-

1. सामुदायिक शौचालय का निर्माण व रख रखाव की व्यवस्था
2. किचेन व बाथरूम का ट्रीटमेंन्ट व मैनेजमेन्ट
3. सीवर प्रणाली का विकास तथा रख रखाव
4. सीवेज ट्रीटमेन्ट की व्यवस्था

5. सेप्टेज ट्रीटमेन्ट व मैनेजमेन्ट
6. सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट
7. पाइप पेय जल की व्यवस्था
8. वर्षा जल का संचयन
9. ट्रीटेड जल का रीसाइकिल एवं रीयूज
10. प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट

किन्तु भारत सरकार के टाइड ग्राण्ट के उपभोग सम्बन्धी दिशा निर्देशों का उल्लधंन करते हुए इकाई द्वारा चिन्हाकिंत धनराशि को निम्नलिखित योजनोत्तर कार्यो पर व्यय किया है। 2021-22 में इकाई द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रमाणित कार्यो की सूची के अनुसार- विवरण निम्न प्रकार है।

	कार्य का नाम	विकास खंण्ड	भुगतान(रू लाख में)
1	ग्राम देदौर में इण्टर कालेज मे मिनी स्टेडियम का निर्माण	सतांव	9.238
2	सतांव में मेन रोड बैंक के बगल से लालू पुरवा तक सी.सी व नाली निर्माण	सतांव	9.962
3	सतांव में संतोष शर्मा के घर से बैंक की ओर नाली व सी.सी कार्य	सतांव	9.966
4	ग्राम सभा बरौंदी में शिवपुर सुन्दरिया खेडामार्ग से बरौंदी डामर रोड़ तक अवशेष लेपन कार्य	खीरो	3.426
5	अहमदपुर केलौली में एक मिनी स्टेडियम का निर्माण	सतांव	9.744
6	जनपद रायबरेली में युवा को प्रोत्साहित करने, खेलो का बढावा देने के उद्देश्य खेल किट आपूर्ति	मुख्यालय	9.600
7	ग्राम पोरई में रेखा त्रिपाठी के घर से कल्लू निर्मल के घर से ओर इण्टर लाकिंग व निर्माण कार्य	सतांव	4.988
		योग	रू 56.92 लाख

इस प्रकार इकाई द्वारा धनराशि रू0 56.924 लाख के दुर्विनियोग के हेतु तत्कालीन पटल सहायक कर्माचारी/अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर-05 **जिला पंचायत- रायबरेली** **आपत्ति सं0- 17**

शासनादेश के निर्देशों के विपरीत इन्टरलाकिंग कार्य पर रू0 606.43 लाख का व्यय किया जाना (अनुदान रजिस्टर एवं जिला पंचायत रायबरेली द्वारा उपल्बध कराये गयें कार्यो का विवरण 2021-22 के अनुसार)-

विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक के पत्रांक 3852/33-सेल/2018 दिनांक 24.12.2018 के अनुसार राज्य वित्त योजना में इन्टरलॉकिंग के कार्य 1.5 मी0 चैड़ाई (फुटपाथ हेतु) ही अनुमन्य हैं। सम्पर्क मार्ग के निर्माण हेतु लेपन,सी0सी0 एवं खडंजा ही स्वीकृत किये जाएगें।

1. जिला पंचायत का प्राथमिक कार्य ग्राम सभाओं को जिला मुख्यालय से सड़को द्वारा जोड़ना उनका अनुरक्षण वा अनुच्छेद -2 में वर्णित शक्तियों एवं कार्यो को कराना है ना कि गाँव में अम्बेड़कर पार्का की बाउण्ड्रीवाल, बारातघर, नाली, खड़जा, सी.सी. कार्यो आदि निर्माण कराना ये सभी कार्य ग्राम पंचायतो की शक्तियों एवं कार्यो के अन्तर्गत आते है जिसका स्पष्ट उल्लेख क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम 1961 के अध्याय -3 सेक्शन-33(प) में किया गया हैं। साथ ही शासनादेश संख्या-1719/33-3-2010-48/2007 द्वारा भी कार्यो को कराने का अधिकार ग्राम पंचायतों को दिया गया है ना कि जिला पंचायत को। शासनादेश संख्या 8307/33-2-2014-93जी/2004 दिनांक 12.जनवरी2005 तथा शासनादेश संख्या-5/866/33-2-2014-93जी/2004 दिनांक 24.जून 2014 द्वारा निर्गत मार्गदर्शी सिद्धांत के अनुसार-

तीनों स्तर की पंचायते (ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत) सब्सीडियरिटी के सिद्धांत के आधार पर कार्यो का चयन करें।अर्थात जो कार्य नीचे स्तर पर पंचायत द्वारा बेहतर तरीके से किया जा सकता है वह उसी स्तर पर कराया जाये तथा ऊपर के स्तर पर वह कार्य ना कराया जाये इसके अतिरिक्त उक्त शासनादेश में निहित मार्गदर्शी प्रस्तर 3 व 4 के अनुसार - जिला पंचायतों को जो धनराशि/ अनुदान विभिन्न मतों से प्राप्त होती है उससे दो या अधिक क्षेत्र पंचायतों को लाभान्वित करने के लिए कार्य कराये जाये। निर्माण कार्य शरू करने से पूर्व नियमानुसार ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायतें अपनी-अपनी बैठकों में प्रस्ताव पारित कराकर ही कार्यो का चयन करेंगी तथा मात्र अध्यक्ष य चन्द सदस्यों के विवेक पर मामला नहीं छोड़ा जायेंगा।

2. जनपद की अन्य कार्यदायी संस्थाओं यथा पी0डब्ल्यू0डी0, ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, आर0इ0एस0 तथा मंण्डी परिषद आदि को इस आशय की अनापत्ति प्राप्त की जानी चाहिए थी कि जिला पंचायत द्वारा प्रस्तावित निर्माण कार्य उनके द्वारा तो नही करा लिया गया है या कराया जाना प्रस्तावित है। इस प्रकार बिना आपत्ति प्राप्त किये दर्शित निर्माण कार्य से डुप्लीकेसी की प्रबल संम्भावना है।

जिला पंचायत द्वारा किसी भी निर्माण कार्य के संम्बन्ध में अभियन्ता से पी0सी0आर0(प्रोजेक्ट कम्प्लीशन रिपोर्ट) प्राप्त नही की गई है।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि रू0 - 60643400.00 के निर्माण कार्य जान बूझकर नियमों की अनदेखी कर के कराये गये है। अतः उपरोक्तानुसार वित्तीय वर्ष 2020.21 में जिला पंचायत रायबरेली द्वारा निर्माण कार्यो पर व्यय रू0 - 60643400.00के दुरूपयोग का प्रकरण उ0प्र0 शासन के संज्ञान में लाया जाता है। तत्कालीन पटल सहायक कर्मचारी/अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

क्र0सं0	कार्य का नाम	भुगतानित धनराशि
1	माँ देविहाई भीतरगांव में मन्दिर के सामने इण्टरलाकिंग	497800.00
2	रामनगर मजरें खडगापुर में डामर रोड़ से महादेव मंदिर तक इण्टरलाकिंग	996700.00
3	खडगापुर में रामशंकर पासी के दरवाजे से बंगला तक इण्टरलांकिग	751400.00
4	ण्नन्दाखेडा म0 गहिरी ठामुरदीन लोधी के दरवाजे से महादेव पाल के दरवाजे तक इण्टरलाकिंग	417500.00
5	ग्रामसभा पल्टीखेड़ा में सोहलेश्वर मन्दिर के सामने इटरलाकिंग	994100.00
6	चन्द्रमणि खेडा पक्की रोड़ से अवधेश के घर तक इण्टरलाकिंग	547300.00
7	ण्चरूआ हनुमान मंदिर के पास मेन रोड़ से जयशंकर मिश्रा के घर तक इण्टरलांकिग कार्य	497500.00
8	ण्लाला का पुरवा मदिरे अटौरा बुजुर्ग में मेन रोड़ से राजेश लोधी के दरवाजे तक इण्टरलाकिंग	995900.00
9	तपेश्वर बाबा मंदिर लाला का पुरवा मजरे अटौरा बुजुर्ग से इण्टरलाकिंग	487100.00
10	पोरई में राम प्रताप लोधी के घर से छोटई लोधी के घर तक इण्टरलाकिंग	434600.00
11	शिव मंदिर घाटमपुर हाजीपुर में मंदिर के सामने इण्टरलांकिग	415800.00
12	ण्लाला के पुरवा मजरे अटौरा बुजुर्ग में मुंशी के दुकान के पास मेन रोड़ से शंकर के घर तक इण्टरलाकिंग	995800.00
13	सेखापुर में संजय के दरवाजे से अशीष के दरवाजे तक इण्टरलांकिग	797200.00
14	पोरई में गुरूबक्सगंज मार्ग से लल्लू की दुकान तक इण्टरलाकिंग	991200.00
15	गंगा का पुरवा मजरे बथुआ खास में राजू टेलर के घर से मेन रोड़ तक इण्टरलाकिंग	486100.00
16	कोटेश्वर मंदिर में इण्टरलाकिंग	99700.00
17	विकास खण्ड़ सताव में मेला परिषद में इण्टरलांकिंग	1094900.00
18	सताव में विजय सिंह के दरवाजे पुलिया एवं इण्टरलाकिंग कार्य	797100.00

19	हिमांचलगंज मा0 सुल्तानपुर खेड़ा में राममिलन के दरवाजे से अशीष के दरवाजे तक इण्टरलाकिंग	998700.00
20	पुरे लाल साहब मजरे गहिरी में प्यारे पासी के घर से मनोज पासी के घर तक इण्टरलाकिंग 499300.00	499300.00
21	सुल्तापुर खेडा में अटौरा रोड़ विनोद तिवारी के घर से पानी की टंकी तक इण्टरलाकिंग	999600.00
प्रस्तर-6 पंचायती राज अनुभाग के शासनादेश-313/संख्या-6336/33-3-97-185 जी/97 दिनांक 27 दिसम्बर 1997 का संलग्नक (मार्ग दर्शक सिद्धान्त) निर्देशांक 6 के अनुसार दुकानों/काम्पलेक्शों के निर्धारित किराया

में प्रत्येक 3 **वर्ष के बाद** 25 **प्रतिशत बढोत्तरी किया जाना सुनिश्चित किया जाय/का पालन ईकाई द्वारा नहीं किया गया है।**

जिला पंचायत के किराया पत्रावली के पत्रांक 39 **से** 39 (1) **किराया जि०पं०/**2017/26 **दिसम्बर** 2017 **द्वारा (**39 **से** 90 **तक)** 1-4-2017 **से देय किराया दर का आदेश निर्गत है। जो तीन वर्ष के लिए (**1-4-2020 **तक) से वर्ष** 2020-21 **व** 2021-22 **में किराये की मांग पुराने (**1-4-17 **के अनुसार) दर पर लगायी गयी है। सन्दर्भित शासनादेश के अनुसार वर्ष** 2020-21 **वर्ष** 2021-22 **में निम्नानुसार मांग लगाकर 1.48 लाख रुपया वसूली अपेक्षित रही है।**

प्रस्तर-7 ईंट भट्टा उपविधि उन्नाव (अद्यतन संसोधित) के अनुसार वर्ष (भट्टा) प्रपत्र होने से पूर्व लाइसेंस (30 **सितम्बर तक) लाइसेंस लेना होगा।** 1 **अक्टूबर से** 30 **अक्टूबर तक नवीनीकण/लाइसेन्स कराने पर रु०** 700.00 **का विलम्ब शुल्क जमा करना होगा। इसके उपरान्त लाइसेन्स न लेने पर भट्टे मालिक के विरू० चालान की कार्यवाही करने का प्राविधान है। कतिपय ईंट भट्टों के लाईसेन्स / नवीनीकरण विलम्ब से किये गये है किन्तु उपविधि के अनुरूप उनसे विलम्ब शुल्क की वसूली कम/नहीं किये जाने के प्रकरण प्रकाश में आये अतः कम वसूली गयी अन्तर की धनराशि की उत्तरदायी से प्रतिपूर्ति कराये जाने हेतु विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।वर्ष** 2021-22 **में रुपया** 4600.00 **में निम्नानुसार मांग लगाकर वसूली अपेक्षित रही है।**

प्रस्तर-8 किराया वसूली रजिस्टर की जांच में पाया गया कि मांग वसूली रजिस्टर (प्रपत्र-27) **को तैयार करते समय वसूली हेतु अवशेष धनराशि को सही-सही (अवधिवार बकाया) को उचित कालम में अंकित कर सम्बन्धित रजिस्टर के पृष्ठों (अंकनों) को सक्षम अधिकारियों में प्रमाणित नहीं कराया गया है जो आवश्यक है। वर्ष** 21-22 **में न वसूली योग्य धनराशि** 633790.00 **जो विगत कई वर्षों से यथावत दर्शायी जा रही है जिसके वसूली हेतु कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसके ब्याज सहित वसूली हेतु वैधानिक प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए तथा उदासीनता हेतु उत्तरदायी के विरूद्ध कार्यवाही अपेक्षित है।**

<u>जनपद- बागपत</u> <u>मण्डल- मेरठ</u>

<u>जिला पंचायत बागपत की वर्ष 2018-19 से संबंधित आपत्तियॉ</u>

<u>प्रस्तर- 01-</u> आलोच्य वर्ष 2018-19 के मृत पशु शव निस्तारण पंजिका (मुर्दा मवेशी) की जांच में पाया गया कि आलोच्य वर्ष में 520900.00 रूपये की मांग के सापेक्ष 435750.00 रूपये की वसूली की गयी 85150.00 रूपये वर्षान्त में शेष रहा। इस प्रकार विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा नियमानुसार कार्यवाही न किये जाने से अनियमित रूप से रू0 85150.00 की धनराशि बकाया हो गयी। उक्त अनियमितता के लिए श्री नईम अख्तर (अपर मुख्य अधिकारी) व श्री जितेन्द्र कुमार ढाका (कर अधिकारी) उत्तरदायी है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है

(मूल आपत्ति संख्या - 02)

<u>प्रस्तर- 02-</u> आलोच्य वर्ष 2018-19 की लेखा परीक्षा में पाया गया कि उत्तर प्रदेश जिला पंचायत व ग्राम पंचायत अभिभाजन नियमावली 1984 के बिन्दु संख्या दो में स्पष्ट प्राविधान है कि जिला पंचायत ऐसे निर्माण कार्य के सम्बन्ध

में प्रस्ताव आमंत्रित करेगी, जिससे एक से अधिक ग्राम पंचायतों का लाभ हो सके। जिला पंचायत ऐसे किसी गांव के अंदर इस घर से उस घर तक सड़कों का निर्माण नहीं करा सकती है, यह काम ग्राम पंचायतों का है तथा उन्हीं के द्वारा भुगतान भी किया जाएगा। निर्माण कार्य पत्रावलियों की जांच में पाया गया कि उक्त प्रावधान का उल्लंघन कर जिला पंचायत द्वारा बस्ती में निर्माण कार्य कराया गया है। इसके अतिरिक्त उस कार्य के सम्बन्ध में संबंधित ग्राम पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है कि उन्होंने उक्त कार्य को नहीं कराया है। विवरण निम्न है।

क्रमांक	कार्य का नाम	भुगतान वर्ष	व्यय लाखरुपये में
01	जौहडी में साहब सिंह के मकान तक मि0/खडंजा निर्माण	2018-19	95454.00
02	सिंघावली अहीर में जरीफ सरीफ की गली में ई0ला0टा0कार्य	2018-19	510148.00
03	निवाडा में अरिवल के मकान से नाले की ओर मि/खडंजा निर्माण कार्य	2018-19	790677.00
04	सुवानपुर में रमेश त्यागी की गली में ई0ला0टा0कार्य	2018-19	208188.00
05	चमरावल में पंकज विक्रयकान्त के ई0ला0टाइल्स कार्य	2018-19	134280.00
06	मेहनवा में कब्रिस्तान दिनेश जुलाह की नाली निर्माण	2018-19	530507.00
07	मुकारी में पंचायत घर से नूर मोहम्मद के घर तक ई0ला0टा0 कार्य	2018-19	153519.00
08	बाखरपुर बालैनी में रामशरण के घर की ओर ई0ला0टा0 कार्य	2018-19	225557.00
09	भागोट में धर्मपाल वाली गली में ई0ला0टा0 कार्य	2018-19	68913.00
10	किशनपुर बराल से रामपाल चार दिवारी का अवशेष कार्य	2018-19	693815.00
11	बागर में साहब सिंह के मकान तक सीसी रोड कार्य	2018-19	127030.00
12	सिनौली वाबली मार्ग से ओमसिंह के मकान तक मिटटी/खडंजा निर्माण	2018-19	531182.00
13	चैपडा में मुसलिम बस्ती में ई0ला0टा0 कार्य	2018-19	147760.00
14	डौलचा मुकारी सम्पर्क मार्ग से सुन्दर के मकान तक ई0ला0टा0 कार्य	2018-19	903574.00
15	मुकीमपुरा से चिरचिटा मार्ग से कमले के घर तक मि0/खडंजा नि0कार्य	2018-19	1007805.00
16	चन्दायन में चन्दायन मार्ग से विजय के घर तक मि0/खडंजा कार्य	2018-19	707343.00
17	छज्जरपुर में राजेश विभिन्न गलियों में ई0ला0टा0 कार्य	2018-19	237719.00
18	बली में ब्राहम्ण पुटटी मार्ग से सुखबीर के घर तक मिटटी/खडंजा कार्य	2018-19	338464.00
19	बुढसैनी नवादा सम्पर्क शय किशन शिवचरण ई0ला0टा0 कार्य	2018-19	1149432.00
20	खेडी प्रधान से राम सिंह के घर से आशे के घर तक मि0/खडंजा कार्य	2018-19	274902.00
21	रामनगर में अवशेष ई0ला0टा0 कार्य	2018-19	78043.00
22	बुढसैनी नवादा सम्पर्क मार्ग रामकिशन, शिवचरण ई0ला0टा0 कार्य	2018-19	250888.00
23	जौहडी में संतोष के मकान वाले रास्ते तक मि0/खडंजा कार्य	2018-19	89071.00
24	बावली में रूस्तमपुर मार्ग पर राजेंद्र निरंजन मकान तक ई0ला0टा0 कार्य	2018-19	481838.00
25	डौलचा मुकारी सम्पर्क मार्ग से संुदर के मकान तक ई0ला0टा0 कार्य	2018-19	127463.00
26	अब्दुल्लापुर में अतिकुमार के मकान से वेदप्रकाश के मकान तक ई0ल0ट0	2018-19	734902.00
27	मेवला में प्रा0पा0 से फिरे के मकान तक ई0ला0ट0 कार्य	2018-19	91349.00
28	लुहारी में कोताना मार्ग से जगमाल हरिसिंह के मकान तक मि/खं0 कार्य	2018-19	421786.00
29	अहेडा में प्रीतम के मकान से सोनू के मकान तक ई0ला0ट0 कार्य	2018-19	275984.00
30	दत्तनगर में विभिन्न गलियों में ई0ला0ट0 कार्य	2018-19	384610.00

31	अहैडा में जयकरण के मकान से कासीराम सतवीर वाली गली में ई0ल0	2018-19	660751.00
32	भडल में सुनील के मकान से राज सिंह के मकान तक ई0ला0ट0 कार्य	2018-19	231036.00
33	खैला में विभिन्न गलियों में ई0ला0ट0 कार्य	2018-19	294062.00
34	लुहारा में ख्वास की दुकान सुभाष की घर तक सी0सी0 रोड	2018-19	684965.00
		योग---	13643017.00

उपरोक्त विवरण के अनुसार उत्तर प्रदेश जिला पंचायत व जिला पंचायत अभिभाजन नियमावली 1984 के बिन्दु संख्या तीन के अनुसार जिला पंचायत द्वारा प्राप्त विभिन्न अनुदानों से एक से अधिक ग्राम पंचायतों को लाभान्वित होने वाले कार्यों को सम्पादित करायेगी। किन्तु जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायतों की सीमा के अंदर कार्य कराकर इस शासनादेश का उल्लंघन कर अनियमितता की गयी है। उपरोक्त में यह भी गम्भीर आपत्तिजनक तथ्य है कि निर्माण पत्रावलियों मे निम्नलिखित मूलभूत कमियॉ भी प्रकाश में आयी। जो कार्य की प्रमाणिकता को संदिग्ध करती है।

1. कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
2. एनालिसिस ऑफ रेट व आर एम आर. संलग्न नही है।
3. कार्य प्रारम्भ होने की, कार्य के मध्य की तथा कार्य के पूर्ण होने के बाद की फोटो बहुत सी पत्रावलियों में संलग्न नहीं है।
4. पत्रावलियों में अभियन्ता व अपर अभियन्ता की प्रतिवेदन आख्य संलग्न नहीं है।
5. कराये गये कार्य अनुबन्ध पत्र के समय के मुताबिक सम्पन्न नहीं कराये गये है।

इस प्रकार उपरोक्तानुसार कुल रुपये 13643017.00 का व्यय अनियमित रहा। जिसके उत्तरदायी जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सैना एवं श्री नईम अख्तर तथा अभियन्ता श्री बृजेश कुमार मावी रहे। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है **(मूल आपत्ति संख्या - 03)**

<u>प्रस्तर-03-</u> उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 682बी/33-314(2)/84 दिनांक 10.03.1987 एवं 2203/3-2-797-43बी(8)/95टी0सी0 दिनांक 30.05.1987 के प्रावधानों के क्रम में जिला पंचायत को मृत पशु शव निस्तारण की आय का 50 प्रतिशत अंश ग्राम पंचायतों को उनके विकास कार्य हेतु देय है। जिला पंचायत बागपत में इस मद में कुल रुपये 350000.00 प्राप्त हुआ है। किन्तु उक्त आय का 50 प्रतिशत अंश रुपये 175000.00 जिला पंचायत के अंर्तगत स्थित ग्राम पंचायतों को उसी वित्तीय वर्ष में स्थानान्तरित नहीं किया गया। इस प्रकार नियम विरुद्ध तरीके से धनराशि को रोककर रुपये 175000.00 की वित्तीय अनियमितता की गयी। जिसके लिए जिला पंचायत बागपत के अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सैना व श्री नईम अख्तर तथा वित्तीय परामर्शदाता श्री सुरेनद्र कुमार देवरा व श्री अनिल कुमार त्यागी उत्तरदायी है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है

(मूल आपत्ति संख्या - 04)

<u>प्रस्तर-04-</u> आलोच्य वर्ष 2018-19 में तहबजारी रजि0 की जांच में पाया गया कि शासन द्वारा 12 मार्च2013 को तहबजारी समाप्त कर दी गयी थी लेकिन तहबजारी रजि0 की जांच में दो सदस्यों का बकाया आलोच्य वर्ष 2018-19 तक चला आ रहा है। विवरण निम्न प्रकार है-

सदस्य का नाम	**बकाया**	
श्री देवेन्द्र कुमार पुत्र श्री जिले सिंह, निवासी दाहा, बागपत	-	26000.00
श्री प्रवीण पुत्र श्री ओमपाल, ग्राम व पोस्ट भैसवाल शामली	-	35000.00
कुल	-	61000.00

तहबजारी लिपिक द्वारा बताया गया कि उक्त के सम्बन्ध में त्ण्ब्ण् की कार्यवाही की है। लेकिन लेखा परीक्षा में उक्त धनराशि की वसूली से संबंधित कोई नोटिस उपलब्ध नहीं कराया गया। अतः उक्त धनराशि की वसूली न कर अनियमितता की गयी है। जिसका उत्तरदायित्व कर निरीक्षक श्री पंकज तोमर एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सैना व श्री नईम अख्तर का है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है

(मूल आपत्ति संख्या - 05)

<u>प्रस्तर-05-</u> आलोच्य वर्ष 2018-19 की जिला पंचायत की दुकानों की रजि0 की जांच में पाया गया वर्ष 2018-19 की स्थिति निम्नवत है-

क्र0स0	विवरण	अमीनगर सराय	बडौत	खेकडा	बागपत	योग
01	मांग	70320.00	400337.00	380672.00	229059.00	1080388.00
02	अवशेष	121664.86	-	185454.00	460454.00	767574.86
03	कुल मांग	191984.86	400337.00	566126.00	689513.00	1847967.86
04	वसूली	182451.00	398215.00	388128.00	346315.00	1315109.00
05	शेष	9533.86	2124.00	177998.00	343198.00	532853.86

01 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 तक सभी दुकानों की स्थिति-

मांग	-	1080338.00
अवशेष	-	767574.86
कुल मांग	-	1847962.86
वसूली	-	1315109.00
शेष	-	532853.86

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि वर्ष के अंत में रूपये 532853.86 अवशेष रहा। उक्त धनराशि की वसूली न कर अनियमितता की गयी है जिसा उत्तरदायित्व कर निरीक्षक श्री पंकज तोमर एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सैना व श्री नईम अख्तर का है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है **(मूल आपत्ति संख्या - 06)**

<u>प्रस्तर-06-</u> आलोच्य वर्ष की लेखा परीक्षा में पाया गया कि विभव व सम्पत्ति कर मांग की वसूली रजिस्टर की जांच में पाया गया कि जनपद के सभी विकास खण्डों में विभव व सम्पत्ति कर की मांग व बाकए के सापेक्ष वसूली बहुत कम हुई। इसका मुख्य कारण वसूली प्रक्रिया में लगे कर्मचारियों/अधिकारियों की उदसीनता व मनमानी पूर्ण कार्यशैली रही है। सम्पूर्ण आलोच्य वर्ष 2018-19 में डिमांड व आर0सी0 की कार्यवाही नहीं की गयी। जिससे बकाया कर उतरोत्तर वृद्धि होती गयी। विवरण निम्नवत है-

विकास खण्ड	वर्ष 2018-19 की मांग रुपये में	गत बकाया रु0	वर्ष में वसूली रु0	अवशेष रु0
बागपत	968680.00	5279013.00	663510.00	5584183.00
बडौत	1068200.00	10224793.00	961432.00	10331561.00
खेकड़ा	610400.00	2660108.00	559755.00	2710753.00
बिनौली	990136.00	9311288.00	519340.00	9782083.00
पिलाना	683175.00	5583499.00	397006.00	5869668.00
छपरौली	651165.00	5186715.00	389220.00	5448660.00
योग	4971756.00	38245416.00	3490263.00	39726908.00

इस प्रकार वर्ष की कुल मांग रुपये 4971756.00 के सापेक्ष रुपये 3490263.00 की वसूली की गयी जो वर्ष की मांग का 70.20 प्रतिशत है। जबकि गत वर्ष बकाया रूपये 38245416.00 शत प्रतिशत पड़ा रहा, जिसकी वसूली हेतु

आलोच्य वर्ष में कोई प्रयास नहीं किया गया। इस प्रकार उक्त कुल रुपये 39726908.00 अनियमित रुप से बकाया रहा। जिसके मुख्य उत्तरदायी अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सैना व नईम अख्तर व वित्त अधिकारी श्री सुरेन्द्र कुमार देवरा, कर निरीक्षक श्री लाल सिंह व श्री पंकज तोमर है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है

(मूल आपत्ति संख्या - 08)

<u>प्रस्तर-07-</u> उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत निर्माण कार्य नियमावली 1984 के नियम संख्या 39 के अनुसार 05.00 लाख से अधिक की लागत के सभी निर्माण कार्यो का अंतिम रूप से भुगतान किए जाने के पूर्व अधिशाषी अभियंता द्वारा एवं 10.00 लाख से अधिक की लागत के सभी निर्माण कार्यों का अंतिम रूप से भुगतान किये जाने से पूर्व परिक्षेत्रीय अभियंता द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। किन्तु निर्माण कार्यो के अंतिम रूप से कार्यों के भुगतान के पूर्व उक्त प्रावधान का उल्लंघन कर निरीक्षण नहीं कराया गया। विवरण निम्न प्रकार है-

1.	बावली में रूस्तमपुर मार्ग पर राजेन्द्र निरंजन ई0ला0ट0 कार्य	-	11.90 लाख
2.	थल में बाईपास पर मिटटी/खडंजा निर्माण कार्य	-	12.17 लाख
3.	कमाला युकीनपुरा मार्ग पर करनार नीयर के खेत मि0/खडंजा निर्माण	-	11.60 लाख
4.	ढिकौली सैदपुर सम्पर्क मार्ग से वेदू के खेत मि0/खडंजा निर्माण	-	13.44 लाख
5.	तिलवाडा पुराना मार्ग अनुप के खेत मि0/खडंजा निर्माण कार्य	-	13.03 लाख
6.	सिरसली में रामगढ मार्ग मि0/खडंजा निर्माण	-	14.88 लाख
7.	काठा में काठा खेकडा मार्ग से बलपुर ई0ला0ट0 कार्य	-	11.38 लाख
8.	बुढसैनी नवादा सम्पर्क मार्ग शयम किशन शिवचरण ई0ला0ट0 कार्य	-	11.49 लाख
9.	रटौल में याकूब सूफी के खेत से ढिकौली बन्धला मार्ग मि0/खडंजा	-	11.62 लाख
	कुल-	-	111.51 लाख

उपरोक्त विषयक के अनुसार परिक्षेत्रीय अभियंता द्वारा निरीक्षण न कराकर अनियमितता की गयी जिसकी वसूली अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सैना, श्री नईम अख्तर एवं अभियंता श्री बृजेश कुमार मावी एवं अवर अभियंता श्री रोहित कुमार से करायी जानी अपेक्षित है। **(मूल आपत्ति संख्या - 09)**

<u>प्रस्तर-08-</u> आलोच्य वर्ष 2018-19 की लेखा परीक्षा के समय पाया गया कि निर्माण कार्यो में व्यय की गयी धनराशि में एक प्रतिशत धनराशि लेबर सैस के मद में वित्त में प्रावधन कर भुगतान कर दिया गया है। जिसकी गणना करने पर रू0 134415.00 रूपये है। जिसका भुगतान कर गम्भीर अनियमितता की गयी है। जिसकी वसूली श्री प्रदीप कुमार सक्सैना व श्री नईम अख्तर (अपर मुख्य अधिकारी) व श्री सुरेन्द्र कुमार देवरा (वित्त अधिकारी) से करायी जानी अपेक्षित है। **(मूल आपत्ति संख्या - 11)**

<u>प्रस्तर-09-</u> आलोच्य वर्ष 2018-19 की लेखा परीक्षा करते समय निर्माण कार्यों की जांच में पाया गया कि विभिन्न कार्यो में 5865 घनमीटर मिटटी भरायी गयी, जिसकी 14 रूपये प्रति घनमीटर की दर से 82110.00 रूपये रायल्टी कर जमा नही किया गया, जो गम्भीर अनियमितता की गयी, जिसकी वसूली श्री प्रदीप कुमार सक्सैना व श्री नईम अख्तर (अपर मुख्य अधिकारी) व श्री बृजेश कुमार मावी (अभियंता) से करायी जानी अपेक्षित है।

(मूल आपत्ति संख्या - 12)

<u>प्रस्तर-10-</u> कुल निर्माण कार्य पत्रावलियॉ लेखा परीक्षा में अनुपलब्ध रही। जिनका विवरण निम्नवत है। जिसका उत्तरदायित्व श्री प्रदीप कुमार व नईम अख्तर (अपर मुख्य अधिकारी) का है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है

1.	ढिकौली में शमशान शैड व प्रतीक्षालय निर्माण कार्य	-	2.15 लाख
2.	बालैनी में शमशान शैड निर्माण कार्य	-	2.01 लाख

3.	भगवानपुर में शमशान शैड निर्माण कार्य		-	1.84 लाख
4.	गैडबरा में शमशान शैड निर्माण कार्य		-	2.43 लाख
5.	निरपुडा में शमशान शैड निर्माण कार्य		-	2.45 लाख
6.	बडैली में शमशान शैड निर्माण कार्य		-	1.38 लाख
		योग	-	12.26 लाख

(मूल आपत्ति संख्या - 28)

जिला पंचायत बागपत की वर्ष 2019-20 से संबंधित आपत्तियॉ

प्रस्तर-11 उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 682बी/33-314(2)/84 दिनांक 10.03.1987 एवं 2203/ 3-2-797-43बी(8)/95टी0सी0 दिनांक 30.05.1987 के प्रावधानों के क्रम में जिला पंचायत को मृत शव निस्तारण की आय का 50 प्रतिशत अंश ग्राम पंचायतों को उनके विकास कार्य हेतु देय है। जिला पंचायत बागपत में इस मद में आलोच्य वर्ष में 359000.00 रूपये प्राप्त हुआ है। किन्तु उक्त आय का 50 प्रतिशत अंश रुपये 179500.00 जिला पंचायत के अंर्तगत स्थित ग्राम पंचायतों को उसी वित्तीय वर्ष में स्थानान्तरित नहीं किया गया। इस प्रकार नियम विरुद्ध तरीके से धनराशि को रोककर रुपये 179500.00 की वित्तीय अनियमितता की गयी। जिसके लिए जिला पंचायत बागपत के अपर मुख्य अधिकारी श्री नईम अख्तर तथा वित्तीय परामर्शदाता श्री अनिल कुमार त्यागी उत्तरदायी है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है

(मू0आ0सं0-02)

प्रस्तर-12 आलोच्य वर्ष 2019-20 की लेखा परीक्षा में पाया गया कि उत्तर प्रदेश जिला पंचायत व ग्राम पंचायत अभिभाजन नियमावली 1984 के बिन्दु संख्या दो में स्पष्ट प्राविधान है कि जिला पंचायत ऐसे निर्माण कार्य के सम्बन्ध में प्रस्ताव आमंत्रित करेगी, जिससे एक से अधिक ग्राम पंचायतों को लाभ हो सके। जिला पंचायत ऐसे किसी गांव के अंदर इस घर से उस घर तक सड़कों का निर्माण नहीं करा सकती है, यह काम ग्राम पंचायतों का है तथा उन्हीं के द्वारा भुगतान भी किया जाएगा। निर्माण कार्य पत्रावलियों की जांच में पाया गया कि उक्त प्रावधान का उल्लंघन कर जिला पंचायत द्वारा बस्ती में निर्माण कार्य कराया गया है। इसके अतिरिक्त उस कार्य के सम्बन्ध में संबंधित ग्राम पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है कि उन्होंने उक्त कार्य को नहीं कराया है। विवरण निम्न है

क्रमांक	कार्य का नाम	भुगतान वर्ष	व्यय लाख में
01	बुढेरा बिचपडी मार्ग पर मंदिर से बिचपडी की ओर इ0लॉकिंग	2019-20	100043.00
02	रहतना के रंछाड मार्ग पर पेस्टिंग रोड	2019-20	970583.00
03	कंडेरा के कंडेरा कासिमपुर खेडी से उत्तरी दिशा बाईपास पर पेस्टिंग रोड	2019-20	551369.00
04	गंढी कांगरान मंदिर से शमशान घाट की ओर सीसी रोड	2019-20	91978.00
05	ककौर कला के सुखबीर हरिजन के मकान से शमशान		

	तक सीसी रोड	2019-20	506488.00
06	तमेलागढी के झुण्डपुर मार्ग अवशेष इं0लॉकिंग कार्य	2019-20	244136.00
07	हरिया खेडा के नवादा मार्ग पर पेस्टिंग रोड	2019-20	708372.00
08	सुजरा के बाईपास मार्ग पर इंटरलॉकिंग	2019-20	412521.00
09	पाबला में जयचंद से प्रताप की ओर इंटरलॉकिंग	2019-20	415065.00
10	गैडबरा के कृष्ण भटटे से तमेलागढी की ओर नाला	2019-20	548200.00
11	बसी में गन्ना वाले रास्ते पर पेस्टिंग रोड	2019-20	444374.00
12	मवीखुर्द के भुमिया वाले रास्ते पर इंटरलॉकिंग	2019-20	320149.00
13	पुठड में सरायमार्ग गेट से सीसी रोड	2019-20	569705.00
14	ककौरकला के सुखबीर हरिजन से शमशान घाट वाले रास्ते तक सीसीरोड	2019-20	624564.00
15	तमेला गढी के टंकी वाले रास्ते पर अवशेष सीसी रोड	2019-20	417073.00
16	ककौरकला के सुखबीर हरिजन के मकान से सीसी रोड	2019-20	816198.00
17	दत्तनगर में प्रा0पाठशाला कहरका तक मि0खं0निर्माण	2019-20	588200.00
18	सिरसली जिवाना मार्ग से सुभाष रांगडा अवशेष मि/खं0कार्य	2019-20	655008.00
19	निनाना ढिकाना मार्ग पर ट्रांसफार्मर से इंटरलॉकिंग बिहारीपुर की ओर	2019-20	216914.00
20	बेगमाबाद के जगवीर पुत्र रतन सिंह के चक से विनोद रघुवीर के चक तक	2019-20	603840.00
21	भगवानपुर के नाहर ठेकेदार के चक से मांगेराम के टयूबवेल तक मि./खं.	2019-20	593243.00
22	सरफाबाद में भोपालके मकान से सरफाबाद फुलेरा मार्ग पर सीसी रोड	2019-20	181390.00
23	नूरपुर में पुस्ते की ओर अवशेष मि0/खं0	2019-20	443940.00
24	तमेलागढी से टंकी वाले रास्ते पर अवशेष सीसी रोड	2019-20	46341.00
25	पावला में जयचंद के मकान से प्रताप के मकान की ओर इंटरलॉकिंग कार्य	2019-20	68527.00
26	ग्राम कान्हड के पलडी मार्ग पर सीसी रोड निर्माण कार्य	2019-20	209694.00
	योग-		11347915.00

उपरोक्त विवरण के अनुसार उत्तर प्रदेश जिला पंचायत व जिला पंचायत अभिभाजन नियमावली 1984 के बिन्दु संख्या तीन के अनुसार जिला पंचायत द्वारा प्राप्त विभिन्न अनुदानों से एक से अधिक ग्राम पंचायतों को लाभान्वित होने वाले कार्यों को सम्पादित करायेगी। किन्तु जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायतों की सीमा के अंदर कार्य कराकर इस शासनादेश का उल्लंघन कर अनियमितता की गयी है। उपरोक्त में यह भी गम्भीर

आपत्तिजनक तथ्य है कि निर्माण पत्रावलियों मे निम्नलिखित मूलभूत कमियॉ भी प्रकाश में आयी। जो कार्य की प्रमाणिकता को संदिग्ध करती है।

1. कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
2. एनालिसिस ऑफ रेट व आर. एम. आर.संलग्न नही है।
3. कार्य प्रारम्भ होने की, कार्य के मध्य की तथा कार्य के पूर्ण होने के बाद की फोटो बहुत सी पत्रावलियों में संलग्न नहीं है।
4. पत्रावलियों में अभियन्ता व अपर अभियन्ता की प्रतिवेदन आख्य संलग्न नहीं है।
5. कराये गये कार्य अनुबन्ध पत्र के समय के मुताबिक सम्पन्न नहीं कराये गये है।
6. शपथ पत्रों में कई पत्रावलियों में 10.00 रू0 का स्टाम्प किसी-2 में 100.00 रू0 का स्टाम्प लगाया गया है जो आपत्तिजनक रहा।

इस प्रकार उपरोक्तानुसार कुल रुपये 11347915.00 का व्यय अनियमित रहा। जिसके उत्तरदायी जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी श्री नईम अख्तर एवं अभियन्ता श्री बृजेश कुमार मावी रहे। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है **(मू0आ0सं0-03)**

<u>प्रस्तर-13</u> आलोच्य वर्ष 2019-20 की लेखा परीक्षा में पाया गया कि विभव व सम्पत्ति कर मांग की वसूली रजिस्टर की जांच में पाया गया कि जनपद के सभी विकास खण्डों में विभव व सम्पत्ति कर की मांग व बाकए के सापेक्ष वसूली बहुत कम हुई। इसका मुख्य कारण वसूली प्रक्रिया में लगे कर्मचारियों/अधिकारियों की उदसीनता व मनमानी पूर्ण कार्यशैली रही है। सम्पूर्ण आलोच्य वर्ष 2019-20 में डिमांड व आर0सी0 की कार्यवाही नहीं की गयी। जिससे बकाया कर उतरोत्तर वृद्धि होती गयी। विवरण निम्नवत है-

विकास खण्ड	वर्ष की मांग	गत बकाया रु0	योग	कुल वसूली	अंतिम अवशेष
बागपत	999845.00	5667243.00	6667088.00	1020085.00	5647003.00
बडौत	1145465.00	10331561.00	11477026.00	1105240.00	10371786.00
खेकड़ा	606755.00	2710753.00	3317508.00	763450.00	2554058.00
बिनौली	944035.00	9782083.00	10726118.00	746350.00	9979768.00
पिलाना	665820.00	5869668.00	6535488.00	819055.00	5716433.00
छपरौली	607080.00	5448660.00	6055740.00	773356.00	5282384.00
योग	4969000.00	39809968.00	44778968.00	5227536.00	39551432.00

इस प्रकार वर्ष की मांग रुपये 4969000.00 के सापेक्ष रुपये 5227536.00 की वसूली की गयी। जबकि गत वर्ष बकाया रूपये 39809968.00 में 258536.00 की वसूली की गयी, इस प्रकार कुल रू0 44778968.00 रूपये में 5227536.00 की वसूली आलोच्य वर्ष में की गयी एवं रुपये 39551432.00 अनियमित रुप से बकाया रहा। जिसके मुख्य उत्तरदायी अपर मुख्य अधिकारी श्री नईम अख्तर व वित्त अधिकारी श्री सुरेन्द्र कुमार देवरा, कर निरीक्षक श्री लाल सिंह व श्री पंकज तोमर है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है

(मू0आ0सं0-04)

<u>प्रस्तर-14</u> आलोच्य वर्ष की लेखा परीक्षा के समय यह तथ्य प्रकाश में आया कि उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत निर्माण कार्य नियमावली 1984 के नियम संख्या 39 के अनुसार 05.00 लाख से अधिक की लागत के सभी निर्माण कार्यो का अंतिम रूप से भुगतान किए जाने के पूर्व अधिशाषी अभियंता द्वारा एवं 10.00 लाख से अधिक की लागत के सभी निर्माण कार्यों का अंतिम रूप से भुगतान किये जाने से पूर्व परिक्षेत्रीय अभियंता द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। किन्तु निर्माण कार्यो के अंतिम रूप से कार्यों के भुगतान के पूर्व उक्त प्रावधान का उल्लंघन कर निरीक्षण नहीं कराया गया। विवरण निम्न प्रकार है–

1. चमरावल मार्ग से अहेडा की ओर पेस्टिंग रोड – 1182431.00
2. संतोषपुर के संतोषपुर बाघु मार्ग पर सीसी रोड – 1091023.00
3. ग्राम बरवाला के दक्षिण बाईपास पर सीसी रोड कार्य – 1538553.00
4. ग्राम सुजरा के क्यामपुर सुजरा मार्ग पर पेस्टिंग रोड – 1815589.00
5. बूढपुर में रजवाहे की पटरी से गांव तक सीसी रोड – 1253892.00
6. ग्राम सिखेडा के ढिकोली मार्ग से शमशान घाट वाले रास्ते पर सीसी रोड– 1572008.00
7. ग्राम बोपुरा के फौलादनगर मार्ग से बौपुरा मस्जिट मार्ग पर सीसी रोड– 1629227.00
8. ग्राम घिटौरा से नहर की पटरी पर दक्षिण की ओर सीसी रोड निर्माण– 10527336.00
9. तुगाना के क0इं0कॉलेज से बोधा मार्ग की ओर पेस्टिंग रोड – 1307489.00
10. गांव सांकरौद में नूरपुर मार्ग पर पेस्टिंग रोड – 1395686.00
11. गांव अहैडा के स्टेशन वाले रास्ते पर महनवा की ओर पेस्टिंग रोड– 1262923.00

कुल– – **15101557.00**

उपरोक्त विषयक के अनुसार परिक्षेत्रीय अभियंता द्वारा निरीक्षण न कराकर अनियमितता की गयी जिसकी वसूली अपर मुख्य अधिकारी श्री नईम अख्तर एवं अभियंता श्री बृजेश कुमार मावी एवं अवर अभियंता श्री रोहित कुमार से करायी जानी अपेक्षित है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है

(मू0आ0सं0–05)

<u>प्रस्तर-15</u> आलोच्य वर्ष 2019-20 की जिला पंचायत की दुकानों की रजि0 की जांच में पाया गया कि जिला पंचायत द्वारा अपनी दुकानों से वर्ष की मांग के अनुसार वसूली नहीं की गयी है। जिसकी स्थिति निम्नवत है-

क्र0स0	विवरण	पिछला बकाया	वर्ष की मांग	कुल मांग	वसूली	शेष
01	अमीनगर सराय	8806.86	375631.00	384437.86	122497.00	261940.86
02	खेकडा	177998.00	394818.00	572816.00	210818.00	361998.00
03	बागपत	498771.00	257664.00	756435.00	186904.00	569531.00
04	बडौत	2124.00	428832.00	430956.00	342536.00	88420.00
	योग	687699.86	1456945.00	2144644.86	862755.00	1281889.86

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि रूपये 1281889.86 शेष रहा। जिसकी वर्ष के अंत में अवशेष धनराशि की वसूली न करके अनियमितता की गयी। जिसका उत्तरदायित्व अपर मुख्य अधिकारी श्री नईम अख्तर एवं कर अधिकारी श्री पंकज तोमर का है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है

(मू0आ0सं0-06)

<u>प्रस्तर-16</u> आलोच्य वर्ष 2019-20 की लेखा परीक्षा में दुकान किराया, मांग व वसूली रजिस्टर की जांच में पाया गया कि आलोच्य वर्ष 2019-20 में उक्त रजिस्टर के पृष्ट संख्या 73 व 74 पर निम्न विवरण के

अनुसार अवशेष किराया प्रदर्शित किया जा रहा है। जो वर्ष 2019-20 के बकाया में सम्मिलित नहीं किया गया है। विवरण निम्न है-

क्रमांक	**विवरण**	**31.03.2020 का अवशेष**
01	भारतीय किसान कामगार सम्मेलन	183648.00
02	सिविल डिस्पेंसरी की दुकानें	
(क)	जगपाल सिंह निवासी भडल	9600.00
(ख)	अनुज पुत्र राजेन्द्र निवासी छपरौली	13500.00
	योग--	**206748.00**

उपरोक्त विवरण में क्रमांक 2 के क व ख की गणना की गयी। उसमें पुराना बकाया ही चला आ रहा है। क्रमांक 1 के दिनांक 26.08.2019 को गणना अध्यक्ष महोदय के आदेश से की गयी है। लेखा परीक्षा मेंउक्त आदेश उपलब्ध नहीं कराया गया। जिससे स्पष्ट है कि रू0 206748.00 की वसूली न कर अनियमितता की गयी, जिसका उत्तरदायित्व अपर मुख्य अधिकारी श्री नईम अख्तर व कर अधिकारी श्री पंकज तोमर व श्री लोकेन्द्र सिंह का है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है **(मू0आ0सं0-08)**

<u>जिला पंचायत बागपत की वर्ष 2020-21 से संबंधित आपत्तियॉ</u>

<u>प्रस्तर-17</u> आलोच्य वर्ष 2020-21 मे जिला पंचायत की दुकानों की किराया रजिस्टर की जांच मे दर्शित स्थिति निम्नवत रही -

क्रमांक	विवरण	अमीनगर सराय	बड़ौत	खेकड़ा	बागपत	योग
1	मांग	110211.00	521331.00	406104.00	296473.00	1334119.00
2	अवशेष	252176.00	88419.00	263650.00	583191.00	1187436.00
3	कुल मांग	362387.00	609750.00	669754.00	879664.00	2521555.00
4	वसूली	42180.00	426638.00	300681.00	223816.00	993315.00
5	शेष	320207.00	183112.00	369073.00	655848.00	1528240.00

अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2021 तक सभी दुकानों की स्थिति -

मांग - 1334119.00

अवशेष -1187436.00

कुल मांग- 2521555.00

वसूली- 993315.00

शेष - 1528240.00

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि वर्ष के अंत मे रुपये 1528240.00 किराया अवशेष रहा। उक्त धनराशि की वसूली न कर अनियमितता की गयी है जिसका उत्तरदायित्व अपर मुख्य अधिकारी श्री नईम अख्तर एवं तत्कालीन पटल प्रभारी श्री धर्मराज मौर्य व श्री लोकेन्द्र कुमार कर समाहर्ता का है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है **(मूल आपत्ति संख्या 2)**

<u>प्रस्तर-18</u> आलोच्य वर्ष की लेखा परीक्षा में पाया गया कि विभव एवं सम्पत्ति कर मांग की वसूली रजिस्टर की जांच में पाया गया कि जनपद के सभी विकास खण्डों में विभव एवं सम्पत्ति कर की मांग व बकाए के सापेक्ष वसूली बहुत कम हुई। इसका मुख्य कारण वसूली प्रक्रिया में लगे कर्मचारियों ध् अधिकारियों की उदासीनता व मनमानी पूर्ण कार्यशैली रही है। आलोच्य वर्ष 2020.21 में मांग नोटिस व आर०सी० की कार्यवाही की गयीए परन्तु बकाये के सापेक्ष शतप्रतिशत आर०सी० नही भेजी गयी । बकाये की सापेक्ष शतप्रतिशत आर०सी० भेजी जानी अपेक्षित है । अन्यथा की स्थिति में अनियमितता हेतु श्री नईम अख्तर अपर मुख्य अधिकारी व श्री धर्मराज मौर्य एवं लोकेन्द्र कुमार वसूली समाहर्ता उत्तरायी है ।विवरण निम्नवत् है.

विकास खंड	वर्ष 20-21 की मांग	गत बकाया	वर्ष मे कुल वसूली	अवशेष
बिनोली	1058640.00	9844668.00	737990.00	10165318.00
बागपत	1131220.00	5647002.00	1061125.00	5717097.00
पिलाना	681600.00	5716782.00	592782.00	5805600.00
बड़ौत	1257530.00	10371786.00	1117310.00	10512006.00
छपरौली	571155.00	5282384.00	664875.00	5188664.00
खेकड़ा	568805.00	2554058.00	415845.00	2707018.00
योग -	5268950.00	39416680.00	4589927.00	40095703.00

(मूल आपत्ति संख्या 3)

प्रस्तर-19 आलोच्य वर्ष 2020.21 की लेखा परीक्षा के दौरान निर्माण पत्रवालियों की जांच मे निम्न कमियाँ प्रकाश मे आई जिसका विवरण निम्नवत है-

क्रमांक	कार्य का नाम	भुगतान वर्ष	व्यय (लाख मे)
1.	ग्राम रंछाड के बाइपास बामनौली व सिरसाली दोनों मार्गों पर सीसी रोड	2020-21	10.48
2.	ग्राम बड़ागाँव के बड़ागाँव खेकड़ा संपर्क मार्ग बाइपास पर सीसी रोड	2020-21	18.05
3.	ग्राम भगोट के भगोट विनयपूर मार्ग पर सीसी रोड	2020-21	14.12
4.	ग्राम गगनौली के के पश्चिमी बाइपास पर पैंटिंग रोड	2020-21	6.59
5.	ग्राम सैड्भर संपर्क मार्ग से सिंधवाली अहीर मार्ग की ओर सीसी	2020-21	9.82
6.	साँकरोद के खेकड़ा मार्ग से नूरपुर मार्ग पर सीसी रोड	2020-21	21.34
7.	खट्टा के प्रा0पा0 से मेवला संपर्क मार्ग तक अवशेष सीसी रोड	2020-21	9.94
8.	बड़ागाँव के शमशान वाले रास्ते पर अवशेष सीसी रोड	2020-21	6.39
9.	ग्राम बली के हनुमान मंदिर बाइपास पर सीसी रोड	2020-21	8.63
10.	ग्राम ककड़ीपुर के उत्तरी बाइपास पर मंदिर के पास सीसी रोड	2020-21	5.50
11.	ग्राम डगरपुर के डगरपुर खरक रोड पर विशेष मरम्मत कार्य	2020-21	8.49
12.	ग्राम पूठ्ड़ के सराय संपर्क मार्ग पर पैंटिंग रोड	2020-21	6.82

13.ग्राम बसी मे बड़ागाँव संपर्क मार्ग से नहर की पटरी पर पैंटिंग रोड	2020-21	20.05
	योग	146.22

1- कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।

2-एनालिसिस ऑफ रेट व आर. एम.आर. संलग्न नही है ।

3- कार्य प्रारम्भ होने कीए कार्य के मध्य की तथा कार्य के पूर्ण होने के बाद की फोटो बहुत सी पत्रावलियों में संलग्न नहीं है।

4- पत्रावलियों में अभियन्ता व अपर अभियन्ता की प्रतिवेदन आख्या संलग्न नहीं है।

5- कराये गये कार्य अनुबन्ध पत्र के समय के मुताबिक सम्पन्न नहीं कराये गये है। इस प्रकार उपरोक्तानुसार कुल रुपये 146.22 लाख का व्यय अनियमित रहा। जिसके उत्तरदायी जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी श्री नईम अख्तर तथा अभियन्ता श्री सुरेश कुमार सिंह रहे।**(मूल आपत्ति संख्या 4)**

<u>प्रस्तर-20</u> आलोच्य वर्ष 2020-21 के मृत पशु शव निस्तारण पंजिका (मुर्दा मवेशी) की जांच में पाया गया कि गत वर्ष का शेष 1687283.00 रू0 बकाया रहा। वर्ष की मांग 111800.00 रही जिसकी वर्ष दौरान वसूली की गयी। गत वर्ष के बकाया के सापेक्ष आलोच्य वर्ष मे मात्र 10000.00 की ही वसूली की गयी। वर्षान्त में शेष 1677283.00 रहा। इस प्रकार विभागीय अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा नियमानुसार कार्यवाही न किये जाने से अनियमित रूप से रू0 1677283.00 की धनराशि बकाया हो गयी। उक्त अनियमितता के लिए श्री नईम अख्तर, (अपर मुख्य अधिकारी) व श्री पंकज तोमर एवं लोकेन्द्र कुमार (कर अधिकारी) उत्तरदायी है । कार्यवाही की जानी अपेक्षित है **(मूल आपत्ति संख्या 5)**

<u>प्रस्तर-21</u> उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 682 बी / 33 - 314 (2)/84 682/33–314(2) दिनांक 10.03.1987 एव 2203/3–2–797–43बी (8) / 95टी0सी0 दिनांक 30.05.1987 के प्रावधानों के क्रम में जिला पंचायत को मृत पशु शव निस्तारण की आय का 50 प्रतिशत अंश ग्राम पंचायतों को उनके विकास कार्य हेतु देय है। जिला पंचायत बागपत में इस मद में कुल रुपये 111800.00 प्राप्त हुआ है | किन्तु उक्त आय का 50 प्रतिशत अंश रुपये 55900.00 जिला पंचायत के अंर्तगत स्थित ग्राम पंचायतों को उसी वित्तीय वर्ष में स्थानान्तरित नहीं किया गया। इस प्रकार नियम विरुद्ध तरीके से धनराशि को रोककर रुपये 55900.00 की वित्तीय अनियमितता की गयी। जिसके लिए जिला पंचायत बागपत के अपर मुख्य अधिकारी श्री नईम अख्तर तथा वित्तीय परामर्शदाता श्री संजय अग्रवाल उत्तरदायी है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है

(मूल आपत्ति संख्या 6)

<u>जिला पंचायत बागपत की वर्ष 2021-22 से संबंधित आपत्तियॉ</u>

प्रस्तर-22 आलोच्य वर्ष 2021-22 के मृत पशु शव निस्तारण पंजिका (मुर्दा मवेशी) की जांच में पाया गया कि गत वर्ष का शेष 41983467.00 रू0 रहा। वर्ष की मांग शून्य रही गत वर्ष के सापेक्ष 3985369.00 रू0 की वसूली की गई एवं 37998098.00 रू0 वर्षान्त में शेष रहा। इस प्रकार विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा नियमानुसार कार्यवाही न किये जाने से अनियमित रूप से रू0 37998098.00

की धनराशि बकाया हो गयी। उक्त अनियमितता के लिए श्री नईम अख्तर (अपर मुख्य अधिकारी) व श्री जितेन्द्र कुमारढाका (कर अधिकारी) उत्तरदायी है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है **(मू0आ0सं- 02)**

प्रस्तर-23 आलोच्य वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में पाया गया कि उत्तर प्रदेश जिला पंचायत वग्राम पंचायत अभिभाजन नियमावली 1984 के बिन्दु संख्या दो में स्पष्ट प्राविधान है कि जिला पंचायत ऐसे निर्माण कार्य के सम्बन्ध में प्रस्ताव आमंत्रित करेगी, जिससे एक से अधिक ग्राम पंचायतों का लाभ हो सके। जिला पंचायत ऐसे किसी गांव के अंदर इस घर से उस घर तक सड़कों का निर्माण नहीं करा सकती है, यह काम ग्राम पंचायतों का है तथा उन्हीं के द्वारा भुगतान भी किया जाएगा। पंचायती राज अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या- 1838/33-3-2015-03/2015 दिनांक 31.07.2015 के प्रस्तर-2 बिन्दू-3 के अनुसार दो या दो से अधिक क्षेत्र पंचायतों को लाभान्वित करने वाली सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य पत्रावलियों की जांच में पाया गया कि उक्त प्रावधान का उल्लंघन कर जिला पंचायत द्वारा बस्ती में निर्माण कार्य कराया गया है। इसके अतिरिक्त उस कार्य के सम्बन्ध में संबंधित ग्राम पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है कि उन्होंने उक्त कार्य को नहीं कराया है। विवरण निम्न है-

क्रमांक	कार्य का नाम	भुगतान वर्ष	व्ययरू0 लाख में
1	ग्राम पाली में राजबीर के मकान वाले रास्ते पर सी0सी0 रोड निर्माण।	2021-22	13.47
2	ग्राम खपराना में प्रवीण के धर से मि0/ख0 निर्माण कार्य।	2021-22	3.96
3	ग्राम मीतली में रामफुल के मकान से पेटिंग कार्य।	2021-22	3.26
4	ग्राम निवाडा में कलैक्ट्रेट कालोनी में नाली निर्माण कार्य।	2021-22	0.81
5	ग्राम जौनमान के महिपाल के खेत से राजीव वकील के खेत तक मि0/ख0 निर्माण कार्य।	2021-22	1.09
6	ग्राम रहतना में तेजपाल के मकान तक सी0सी0 रोड कार्य।	2021-22	7.47
7	ग्राम तुगाना मं कांशी के मकान से तालाब की ओर नाला निर्माण कार्य।	2021-22	5.47
8	ग्राम तुगाना मन्नू सुमेरा के मकान से तालाबा की ओर नाला निर्माण कार्य।	2021-22	2.41
9	ग्राम पाली में राजबीर वाले के मकान वाले रास्ते पर सी0सी0 रोड कार्य।	2021-22	3.20
10	ग्राम खैला में सुरेन्द्र के मकान से सुभानपुर की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	2021-22	1.02
11	ग्राम सैडभर के बिजली घर वाले रास्ते पर अवशेष सी0सी0 रोड कार्य।	2021-22	1.40
12	ग्राम बालैनी में हरमाया के मकान वाला अवशेष		

	नाला निर्माण कार्य।	2021-22	3.95
13	ग्राम नूरपुर बरवाला मार्ग ओमदत्त के मकान से मि0/ख0 कार्य	2021-22	3.84
14	ग्राम रंछाड के मांगरौली मार्ग के किनारे राजेन्द्र फोजी के मकान से नाले की ओर नाला निर्माण कार्य।	2021-22	3.50
	योग		54.85

उपरोक्त विवरण के अनुसार उत्तर प्रदेश जिला पंचायत व जिला पंचायत अभिभाजन नियमावली 1984 के बिन्दु संख्या तीन के अनुसार जिला पंचायत द्वारा प्राप्त विभिन्न अनुदानों से एक से अधिक ग्राम पंचायतों को लाभान्वित होने वाले कार्यो को सम्पादित करायेगी। किन्तु जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायतों की सीमा के अंदर कार्य कराकर इस शासनादेश का उल्लंघन कर अनियमितता की गयी है। उपरोक्त में यह भी गम्भीर आपत्तिजनक तथ्य है कि निर्माण पत्रावलियों मे निम्नलिखित मूलभूत कमियॉ भी प्रकाश में आयी। जो कार्य की प्रमाणिकता को संदिग्ध करती है।

1. कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
2. एनालिसिस ऑफ रेट व आर. एम. आर. संलग्न नही है।
3. कार्य प्रारम्भ होने की, कार्य के मध्य की तथा कार्य के पूर्ण होने के बाद की फोटो बहुत सी पत्रावलियों में संलग्न नहीं है।
4. पत्रावलियों में अभियन्ता व अपर अभियन्ता की प्रतिवेदन आख्य संलग्न नहीं है।
5. कराये गये कार्य अनुबन्ध पत्र के समय के मुताबिक सम्पन्न नहीं कराये गये है। इस प्रकार उपरोक्तानुसार कुल रुपये 13643017.00 का व्यय अनियमित रहा। जिसके उत्तरदायी जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी श्री नईम अख्तर तथा अभियन्ता श्री बृजेश कुमार मावी रहे। **(मू0आ0सं- 03)**

<u>प्रस्तर-24</u> उत्तर प्रदेश शासन के शा0 संख्या 682बी/33-314(2)/84 दिनांक 10.03.1987 एवं 2203/3-2-797-43बी(8)/95 टी0सी0 दिनांक 30.05.1987 के प्रावधानों के क्रम में जिला पंचायत को मृत पशु शव निस्तारण की आय का 50 प्रतिशत अंश ग्राम पंचायतों को उनके विकास कार्य हेतु देय है। जिला पंचायत बागपत में इस मद में कुल रुपये 78000.00 प्राप्त हुआ है। किन्तु उक्त आय का 50 प्रतिशत अंश रुपये 39000.00 जिला पंचायत के अंर्तगत स्थित ग्राम पंचायतों को उसी वित्तीय वर्ष में स्थानान्तरित नहीं किया गया। इस प्रकार नियम विरुद्ध तरीके से धनराशि को रोककर रुपये 39000.00 की वित्तीय अनियमितता की गयी। जिसके लिए जिला पंचायत बागपत के अपर मुख्य अधिकारी श्री नईम अख्तर तथा वित्तीय परामर्शदाता श्री संजय अग्रवाल उत्तरदायी है।

(मू0आ0सं- 04)

<u>प्रस्तर-25</u> आलोच्य वर्ष 2021-22 में तहबजारी रजि0 की जांच में पाया गया कि शासन द्वारा 12 मार्च 2013 को तहबजारी समाप्त कर दी गयी थी लेकिन तहबजारी रजि0 की जांच में दो सदस्यों का बकाया आलोच्य वर्ष 2021-22 तक चला आ रहा है। विवरण निम्न प्रकार है-

सदस्य का नाम	बकाया
श्री देवेन्द्र कुमार पुत्र श्री जिले सिंह, निवासी दाहा, बागपत -	26000.00

श्री प्रवीण पुत्र श्री ओमपाल, ग्राम व पोस्ट भैसवाल शामली - 35000.00

कुल- 61000.00

तहबजारी लिपिक द्वारा बताया गया कि उक्त के सम्बन्ध में आर सी. कार्यवाही की है। लेकिन लेखा परीक्षा में उक्त धनराशि की वसूली से संबंधित कोई नोटिस उपलब्ध नहीं कराया गया। अतः उक्त धनराशि की वसूली न कर अनियमितता की गयी है। जिसका उत्तरदायित्व कर निरीक्षक श्री पंकज तोमर एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री नईम अख्तर का है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है

(मू0आ0सं- 05)

<u>प्रस्तर-26</u> आलोच्य वर्ष की लेखा परीक्षा में पाया गया कि विभव एवं सम्पत्ति कर मांग की वसूली रजिस्टर की जांच में पाया गया कि जनपद के सभी विकास खण्डों में विभव एवं सम्पत्ति कर की मांग व बकाए के सापेक्ष वसूली बहुत कम हुई। इसका मुख्य कारण वसूली प्रक्रिया में लगे कर्मचारियों/अधिकारियों की उदासीनता व मनमानी पूर्ण कार्यशैली रही है। सम्पूर्ण आलोच्य वर्ष 2021-22 में डिमांड व आर0सी0 की कार्यवाही नही की गयी। जिससे बकाया कर उतरोत्तर वृद्धि होती गयी। विवरण निम्नवत् है-

विकासखण्ड	वर्ष2021-22 की मांग रू0में	गतबकाया रू0में	वर्ष में कुल वसूलीरू0 में	अवशेष रू0में
बागपत		6032775	958356	5074419
बडौत		10512006	1023560	9488446
खेकडा		2707018	379120	2327898
बिनौली		10165318	685263	9480055
पिलाना		6962360	483650	6479710
छपरौली		5603990	556420	5147570
योग		41983467	4086369	37998098

इस प्रकार वर्ष की मांग नही लगायी गयी गत वर्ष के सापेक्ष रुपये 4086369.00 की वसूली की गयी। इस प्रकार उक्त कुल रुपये 37998098.00 अनियमित रुप से 31 मार्च, 2022 को बकाया रहा। जो अनियमित रहा जिसके मुख्य उत्तरदायी अपर मुख्य अधिकारी नईम अख्तर व वित्त अधिकारी श्री संजय अग्रवाल, कर निरीक्षक श्री पंकज तोमर है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है **(मू0आ0सं- 08)**

<u>प्रस्तर-27</u> आलोच्य वर्ष 2021-22 की जिला पंचायत की दुकानों की रजि0 की जांच में पाया गया वर्ष 2021-22 की स्थिति निम्नवत है-

क्र0सं0	विवरण	अमीनगर सराय	बडौत	खेकडा	बागपत	योग
1	मांग	122868	1336993	477924	259721	2197506
2	अवशेष	320257	1307074	516645	331159	2475135
3	कुल मांग	443125	2644067	994569	590880	4672641
4	वसूली	193165	567279	497792	83828	1342064
5	शेष	249960	2076788	496777	507052	3330577

अप्रैल,2021 से 31 मार्च 2022 तक सभी दुकानों की स्थिति-

मांग	-	2197506
अवशेष	-	2475135
कुल मांग	-	4672641
वसूली	-	1342064
शेष	-	3330577

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि वर्ष के अंत में रूपये 3330577 अवशेष रहा। उक्त धनराशि की वसूली न कर अनियमितता की गयी है जिसा उत्तरदायित्व कर निरीक्षक श्री पंकज तोमर एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री नईम अख्तर का है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है

(मू0आ0सं- 06)

प्रस्तर-28 उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत निर्माण कार्य नियमावली 1984 के नियम संख्या 39 के अनुसार 05.00 लाख से अधिक की लागत के सभी निर्माण कार्यो का अंतिम रूप से भुगतान किए जाने के पूर्व परिक्षेत्रीय अधिशासी अभियंता नियोजन द्वारा एवं 10.00 लाख से अधिक की लागत के सभी निर्माण कार्यों का अंतिम रूप से भुगतान किये जाने से पूर्व परिक्षेत्रीय अधीक्षण अभियंता अल्प सिंचाई द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। किन्तु निर्माण कार्यो के अंतिम रूप से कार्यो के भुगतान के पूर्व उक्त प्रावधान का उल्लंघन कर निरीक्षण नहीं कराया गया। विवरण निम्न प्रकार है-

1. ग्राम पिलाना भटटा मेरठ रोड से सराय रोड इन्द्रप्रस्थ स्कूल तक पेन्टिंग रोड निर्माण कार्य। 12.98 लाख।
2. ग्राम पाली के राजबीर के मकान वाला रास्ते पर सी0सी0 रोड कार्य। 13.47 लाख।
3. ग्राम शबगा में दयाचन्द की टयूवैल से बाछौड की और मि0/ख0 निर्माण कार्य। 11.18 लाख।
4. ग्राम सुन्हैडा के सुन्हैडा बसी मार्ग रजवाहे की पटरी पर पेन्टिंग रोड निर्माण कार्य। 20.81 लाख।
5. ग्राम पाली में दिल्ली सहारनपुर रोड से पेटिन्ट रोड निर्माण कार्य। 11.09 लाख।
6. ग्राम दाहा के बुढाना बडौत मार्ग से नाले की पटरी पर पेन्टिंग रोड निर्माण कार्य। 24.18 लाख।
7. ग्राम सुन्हैडा के बिजली धर वाले रास्ते पर पेन्टिंग रोड निर्माण कार्य। 16.29 लाख।
8. ग्राम शबगा के शबगा ओढापुर खास मार्ग से कृष्णपाल के खेत से महिपाल के खेत तक अवशेष मि0/ख0 कार्य 11.03 लाख।
9. ग्राम बुढेरा के धनौरा मार्ग से कब्रिस्तान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। 14.59 लाख।

10. ग्राम हेवा के तिलवाडा मार्ग से तुगाना मार्ग से मि0/ख0 निर्माण कार्य। 12.36 लाख।

11. ग्राम कौताना से खेडी सम्पर्क जनता स्कूल बाईपास पर खडण्जा एवं सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। 12.56 लाख।

12. ग्राम पलडी के कान्हड सम्पर्क मार्ग से तालाब तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। 11.96 लाख।

13. ग्राम ढिकौली के शिव मन्दिर सी0सी0 मार्ग से मेवला सम्पर्क मार्ग पर कल्याणपुर मन्दिर तक पेन्टिंग रोड 13.88 लाख।

14. ग्राम सलावतपुर खेडी के पावला बसी सम्पर्क मार्ग नही की पटरी से गांव तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। 17.56 लाख।

15. ग्राम बामनौली में शहीद देशपाल गेट बुढाना मार्ग से इदरीशपुर बाईपास पर रामकुमार के धर तक सी0सी0 कार्य 18.48 लाख।

16. बौपुरा के फौलादनगर चौराहे के पास तमेला गढी मार्ग पर पेन्टिंग रोड निर्माण कार्य। 18.41 लाख।

योग 228.27 लाख

उपरोक्त विषयक के अनुसार परिक्षेत्रीय अभियंता द्वारा निरीक्षण न कराकर गम्भीर अनियमितता की गयी जिसकी वसूली अपर मुख्य अधिकारी श्री नईम अख्तर एवं अभियंता श्री बृजेश कुमार मावी एवं अवर अभियंता श्री रोहित कुमार से करायी जानी अपेक्षित है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है **(मू0आ0सं- 09)**

<u>प्रस्तर-29</u> आलोच्य वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा के समय पाया गया कि निर्माण कार्यो में व्यय की गयी धनराशि में एक प्रतिशत धनराशि लेबर सैस के मद में वित्त में प्रावधन कर भुगतान कर दिया गया है। जिसकी गणना करने पर रू0 201639.00 रूपये है। जिसका भुगतान कर गम्भीर अनियमितता की गयी है। जिसकी वसूली श्री नईम अख्तर (अपर मुख्य अधिकारी) व श्री संजय अग्रवाल (वित्त अधिकारी) से करायी जानी अपेक्षित है। **(मू0आ0सं- 11)**

<u>प्रस्तर-30</u> आलोच्य वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में यह तथ्य प्रकाश में आया कि निम्न दुकानों का भवन किराया विगम कई वर्षो से बकाया पडा है जिसकी वसूली न कर अनिमित्ता की गई। जिसका उत्तरदायित्व श्री नईम अख्तर (अपर मुख्य अधिकारी),श्री पंकज तोमर कर निरीक्षक व पटल प्रभारी श्री मौजीराम का है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है विवरण निम्नप्रकार है-

क्र0सं0	दुकान संख्या	विवरण	धनराशि
1	2	श्री रामजस पुत्र श्री हुकमसिंह निवासी पटटी खास बडौत	3861
2		श्री जीवनदास पुत्र श्री कैशवचन्द बडौत	4944
3	डिस्पेंसरी	श्री जगपाल सिंह पुत्र श्री दरयाव सिंह छपरौली	9600
4		श्री अनुज पुत्र श्री राजेन्द्र निवासी छपरौली	13500
5		भवन किराया भारतीय किसान	183648

योग 215553

(मू0आ0सं- 27)

जनपद -बुलंदशहर मण्डल- मेरठ

प्रारूप - 2

नाम संस्था - जिला पंचायत, बुलंदशहर।

2- लेखा परीक्षा वर्ष - 2021-22

<u>प्रस्तर संख्या 01</u>- विवेच्य वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में प्रयुक्त केशबुक के अनुसार दिनांक 31.03.2022 के अंतिम अवशेष की जांच में पाया गया कि दिनांक 31.03.2022 को कैशबुक में विभिन्न बैंकों में जमा धनराशि का कुल योग रूपये 462049450.57 दर्शित है, जबकि कैश बुक के अनुसार अंतिम अवशेष रुपए 425128365.00 दर्शाया गया है। इस प्रकार अंतर की धनराशि रुपये 36921085.57 आकलित की गई। उक्त अंतर का मौखिक स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने के कारण तत्कालीन लेखाकार, अपर मुख्य अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा जाना अपेक्षित प्रतीत होता है। अतएव उक्त अंतर का कारण व निवारण वांछनीय है। तत्पश्चात उत्तरदायित्व निर्धारित कर यथा योग्य कार्यवाही अपेक्षित है। इसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री विद्या शंकर पाण्डे व लेखाकार मनोज कुमार उत्तरदायी है।

प्रस्तर संख्या 02- उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम 1961 की धारा 119 के अन्तर्गत जिला पंचायतें, सम्पत्ति एवं विभव कर, एवं कर योग्य आय को तीन प्रतिशत की दर से ऐसे व्यक्तियों पर आरोपित करेंगे व वसूलेंगे जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते या व्यवसाय करते हों। उ०प्र० जिला पंचायत (अभिरोपण, निर्धारण तथा सम्पत्ति एवं विभव कर का संग्रहण नियम 1994 के नियम 8 के अनुसार कर अधिकारी, जिला पंचायत में अनुमोदन एवं तत्पश्चात बिलों को निर्गत किये जाने हेतु प्रत्येक वर्ष एक सूची तैयार करता है। जिला पंचायत के अनुमोदन के पश्चात सबंधित व्यक्ति को अपील दाखिल करने के लिये एक माह का नोटिस जारी किया जाये, यदि कोई

हो। लेखा परीक्षा में पाया गया कि जिला पंचायत में सम्पत्ति एवं विभव कर लागू कर सही तरीके से वसूल नहीं किया गया था। सम्पत्ति एवं विभव कर का निर्धारण और वसूली किया गया लेकिन अधिकांश बकाया रह गया। निर्धारित कर एवं कम निर्धारित राजस्व से राजस्व की हानि हई। जिला पंचायत बुलन्दशहर की वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में पाया गया कि सी०पी०टैक्स के अन्तर्गत रू० 18.02 लाख की वसूली हुई जोकि वर्ष की मांग से काफी कम है। इस प्रकार अवशेष धनराशि में वृद्धि हो रही है. लेखा परीक्षा में पाया गया कि विकास खण्डवार मांग व वसूली रजिस्टर कर अनुभाग द्वारा तैयार किये गये है. परन्तु कतिपय प्रविष्टियां अपूर्ण है। संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के करों से सम्बंधित कर निर्धारण की मांग व वसूली रजिस्टरो की विगत वर्षों से लेखा बंदी नहीं की गयी है आलोच्य वर्ष की मांग के साथ विगत वर्ष अवशेष धनराशि को सम्मिलित किया जाना चाहिये था। जो न करने से संस्था को आर्थिक क्षति की गई। इस हेतु कर अधिकारी श्री धनंजय सोम व पटल सहायक उत्तरदायी है। तत्कालीन कर अधिकारी का दायित्व (उ०प्र० जिला पंचायत क्षेत्र पंचायत बजट तथा सामान्य लेखा नियमावली 1961 के नियम संख्या 176 के अन्तर्गत निर्धारित करते हुए विभागीय कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर संख्या 03</u>- पंचायती राज अनुभाग दो के शासनादेश संख्या 866/33-2-14-93जी/2004टीसी दिनांक 24.06.2014 द्वारा जिला पंचायत द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो के लिए दिशा निर्देश दिये गये है। उक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या (3) के अनुसार जिला पंचायतें प्राप्त अनुदान से दो या अधिक क्षेत्र पंचायतों को लाभान्वित करने वाले कार्यो को संपादित करायेंगी। साथ ही तीनों पंचायती राज संस्थाओं द्वारा क्षेत्राधिकार के संबंध में निर्धारित किए गये मार्गदर्शित सिद्धांतों के अतिक्रमण की संभावना व्यक्त करते हुए अतिक्रमण की दशा में अनियमित्ता, भ्रष्टाचार एवं डुप्लीकेसी की संभावना से इंकार नहीं किया गया।

क्रम सं0	कार्य का नाम	धनराशि
1	ग्राम नगला मायापुर में रमेश चंद्र के खेत से हरि सिंह के खेत तक नाला निर्माण कार्य	7,00000.00
2	ग्राम बढा वड़ा वाजिदपुर में राकेश त्यागी के यहां से राजकुमार त्यागी के खेत की ओर मिटटी/खंडजा कार्य	16,20000.00
3	ग्राम हाजीपुर में चौराहे से फूलसिंह के मकान की ओर नाला निर्माण कार्य	9,90000.00
4	ग्राम मडौना जाफराबाद में स्याना रोड़ से राजेन्द्र के खेत की ओर नाला निर्माण कार्य	9,50,000.00

5	ग्राम सरदार नगर में विजय पाल पुत्र श्री ह्रदय के यहां से जगबीर पुत्र शीशराम की ओर सी0 सी0 कार्य	9,98,000.00
6	ग्राम मालागढ़ मे नेमपाल के घर से बिजेन्द्र सिंह आढती के घर तक सी0सी0 कार्य	7,20,000.00
7	ग्राम भड़ोली में श्री भगवान शर्मा के खेत से दयानन्द शर्मा के खेत तक मि0ख0 कार्य	9,20,000.00
8	ग्राम साधारणपुर ब्लाक बी0बी0नगर में करमवीर के मकान से देवकरण के खेत तक मि0ख0/नाली निर्माण कार्य	9,60,000.00
	योग	78,58000.00

संस्था द्वारा लेखा परीक्षा में मौखिक रूप में अवगत कराया गया कि उक्त कार्य बोर्ड द्वारा पारित है। संस्था का उत्तर मान्य नहीं रहा। उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम की धारा 63 के अनुसार, उ0प्र0 पंचायती राज अधिनियम और उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत अधिनियम से संबंधित विषय को शामिल करते हुये प्रत्येक वर्ष एक जिला विकास योजना तैयार किया जाना था। पंचायती राज संस्थओं द्वारा बनायी गयी योजनाओं को जिला पंचायत से स्वीकृत कराने हेतु, जिला पंचायत को योजनाओं को समेकित करना था। राज्य सरकार ने जनवरी 2005 और जून-2014 निर्देश जारी किये कि कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व, कार्यो का चयन संबंधित पंचायत की बैठकों में प्रस्तावों की स्वीकृति के द्वारा नियमानुसार किये जायेगे और ऐसे प्रकरण अध्यक्षया पंचायत के कुछ सदस्यों के विवेक पर नहीं छोड़ा जायेगा। लेखा परीक्षा मे पाया गया कि जिला पंचायतों द्वारा संसाधनों के उपभोग हेतु वर्ष के प्रारम्भ में एक वार्षिक योजना तैयार करने के स्थान पर केन्द्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग अनुदान के प्रत्येक किश्त (वर्ष में भारत सरकार से प्राप्त दो किश्तों एवं राज्य सरकार से प्राप्त दो किश्तों) हेतु अलग से कार्य योजना बना रहे थे। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत द्वारा क्षेत्र पंचायत की योजनाओं को भी शामिल करते हुए वार्षिक जिला विकास योजना को समेकित किया जा रहा था। लेकिन इस योजना में वित्त आयोग के अनुदान से कराये गये कार्यो के साथ अपने स्वयं से संसाधनों से कराये गये कार्यो को शामिल नहीं किया गया था, साथ ही योजनाऐं, योजना समितियों के माध्यम से नहीं बनायी गई थी इस प्रकार किया गया कुल व्यय रू0 78,58000/- अनियमित है, जिस हेतु अपर मुख्य अधिकारी श्री विधा शंकर पाण्डेय , अवर अभियन्ता श्री विनीत त्यागी व जिला अभियन्ता श्रीमती मन्जू उत्तरदायी है।

प्रस्तर संख्या 4 संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के करों से सम्बंधित कर निर्धारण की मांग वसूली रजिस्टरों की विगत वर्षों से लेखाबंदी नहीं की गयी है, न ही शासनादेशों के अनुसार संशोधित दरों पर निर्धारित करों की जाँच हेतु सम्बंधित अभिलेख लेखा परीक्षा में जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं किये गए। किराया रजिस्टर के अवलोकन में पाया गया कि दिनांक 31.03.2021 को बकाया किराया की पुष्टि में वर्ष 2020-21 का रजिस्टर, किरायानामा/ अनुबंध सम्बन्धी पत्रावली आदि उपलब्ध नहीं कराया, जिसप्रति आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

वर्ष 2020-21 में किराये की कुल मांग गत् बकाया सहित रूपये 4615198.00 के विरुद्ध कुल वसूली रूपये 2284436.00 की ही हई है. जबकि कुल मांग का 50.50% बकाया रहा। जो संस्था की कार्यप्रणाली में शिथिलता का धोतक है।

<u>प्रस्तर संख्या 05-</u> उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश संख्या 710/10-स०वि०मित०-2-97, परिवहन अनुभाग-4, लखनऊ, दिनांक 29.05.1999 के अनुपालन में संस्था का वाहन प्रयोग करने वाले अपर मुख्य अधिकारी अपने वेतन से रुपये 800/- प्रतिमाह कटौती करके जिला निधि में जमा करायेंगे। परंतु उक्त शासनादेश का पालन नहीं किया जा रहा है। तदनुसार 800x12 = रूपये 9600.00 जमा ना किया जाना आपतिजनक रहा। अतः रु० 9600/- की कटौती कर जिला निधि में जमा कराया जाना अपेक्षित है। इसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री विद्या शंकर पाण्डे व लेखाकार मनोज कुमार उत्तरदायी है।

<u>प्रस्तर संख्या 06</u>- ग्राम रामपुर में निजाम के घर से टीटू के खेत की ओर मिट्टी खड़ंजा निर्माण 525 मी0 अनुमानित लागत 7.50 लाख जिसमें 5.50 मीटर में मिटटी कार्य 3.00 मीटर में खड़ंजा तथा 2.5 मीटर में पटरी निर्माण किया जाना है।

स्टीमेट अनुसार मिट्टी कार्य 1 x 1 x 525 x 5.50 x 0.30 = 866.25 घन मी0

1 x 2 x 525 x 1.70 x 0.30 = 535.50 घन मीटर

योग = 1401.75 घन मी0

मिट्टी 5.50 मीटर, 0.30 मीटर ऊंचाई में डाली गई है। 3.00 मीटर में खड़ंजा लगाया गया है। इस प्रकार शेष 2.50 मी बचता है, जिसमें 1.70 मी एक और 3.40 मी पटरी का निर्माण किया जाना है। 3.00 जमा 3.40 = 6.40 मीटर परंतु मिट्टी कार्य कुल 5.50 मीटर में ही कराया गया है इस प्रकार 0.45 मी पटरी हवा में ही झूलती हुई है जो संभव नहीं है। यह एक गंभीर अनियमिता है। दूसरा खड़ंजा 0.125 मीटर ऊंचाई के सापेक्ष 0.30 मी पटरी का निर्माण जो भी संभव नहीं है।

845 पृष्ठ संख्या 39 दिनांक 07 जून 2022 के अनुसार कुल मिट्टी भराव कार्य 1392 घन मी, जिस पर 12.50% का सेटलमेंट नहीं दिया गया है।

अतः 1392 x 12.5 0% = 174 घन मीटर अधिक दी गई है। उक्त कार्य में औसत 0.50 मीटर ऊंचाई में मिट्टी भराव दर्शित किया गया है।

अतः 12.50% भराव मिट्टी = 174 घन मीटर

एस्टीमेट अधिक प्रावधान 535.50 घन मीटर

योग 709.50 घन मी।

इस प्रकार 709.50 x 86.90= रुपए 61655.55 की वसूली अवर अभियंता से की जानी अपेक्षित है। जिस हेतु अपर मुख्य अधिकारी श्री विधा शंकर पाण्डेय , अवर अभियन्ता श्री विनीत त्यागी व जिला अभियन्ता श्रीमती मन्जू उत्तरदायी है।

<u>प्रस्तर संख्या 07</u>- ग्राम सीकरी में सुरेंद्र के घर से जोगेंद्र के खेत तक खड़ंजा निर्माण कार्य, लम्बाई 430 मी स्टीमेट रुपए 689000.00 जिसमें 6:30 मीटर में मिट्टी एवं 3.30 मीटर में खड़ंजा निर्माण का प्रावधान किया गया है जिसकी निविदा, प्रगति कंस्ट्रक्टर को 0.08% कम पर रुपए 688449.00 में दी गई है।

एस्टीमेट अनुसार मिट्टी का प्रावधान - 1 x 1 x 430 x 6.5 x 0.30 = 838.50 घन मीटर पटरी -1 x x 2 x 430 x 1.95 x 0.30 = 497.23 घन मीटर

योग 1335.73 घन मी

धनराशि 1335.73 x 86.90 = रुपए 116074.98।

मार्ग 6.50 मीटर में निर्मित होना है जिसमें से 3.30 मी में खडंजा तथा 3.2 मीटर में पटरी का निर्माण होना है। परंतु अवर अभियंता द्वारा 1.95 मी0 ×2 = 3.9 मीटर में पटरी हेतु 0.30 मीटर में मिट्टी का प्रावधान किया है। जबकि पटरी हेतु 3.2 मीटर एवं 0.125 मीटर ऊंचाई हेतु ही प्रावधान किया जाना था। इस प्रकार अवर अभियंता द्वारा पटरी हेतु अधिक प्रावधान किया गया

1 x 2 x 430 x 1.95 x 0.175 = 293.475 घन मीटर

1 x 2 x 430 x 0.35 x 0.30 = 90.30 घन मीटर

योग 383.775

धनराशि 383.775 x 86.9 = 33350.00 अधिक का प्रावधान किया गया है। (1)

उक्त कार्य की एमबी बुक संख्या 843 के पृष्ठ संख्या 60 दिनांक 12 अप्रैल 2022 एवं बुक संख्या 842 पृष्ठ संख्या 53 दिनांक 02.04.2022 पर की गई है।

माप पुस्तिका संख्या 842/53 दिनांक 02 अप्रैल 2022 के अनुसार कुल मिट्टी का कार्य 1335.46 घन मीटर आंकलित है जिसमें औसत ऊंचाई 0.50 मी ली गई है।

जबकि स्टीमेट में ऊंचाई 0.30 मीटर ही ली गई है। नियमतः 0.30 मीटर में से अधिक मिट्टी भराव की दशा में एक बरसात सीजन अथवा रोड रोलर का प्रयोग किया जाना चाहिए था ना ही मिट्टी के सेटलमेंट हेतु 12.50% कॉम्पेक्शन का ही प्रावधान किया गया है।

इस प्रकार 1335.46 x 12.5% =166.925 घन मीटर

धनराशि 166.925 x 86.90= रुपए 14506.22

एस्टीमेट में पटरी का प्रावधान किया गया है परंतु एमबी में नहीं किया गया है।

अतः स्टीमेट में पटरी हेतु किया गया प्रावधान मिट्टी का मूल्य 1 x 2 x 430 x 1.95 x 0.30= ₹497.23 मी

धनराशि 497.23 x 86.90= 14209.2 5 प्रतिशत सेटलमेंट 14506.22

योग रूपये 57715.51

इस प्रकार 57715.51 की वसूली नियम के अनुसार अवर अभियंता से की जानी अपेक्षित है। जिस हेतु अपर मुख्य अधिकारी श्री विधा शंकर पाण्डेय , अवर अभियन्ता श्री विनीत त्यागी व जिला अभियन्ता श्रीमती मन्जू उत्तरदायी है।

उक्त प्रकरण में जिला पंचायत के अधिकारियों एवं कार्मिकों की ढिलाई के परिपेरक्ष्य में जिला पंचायत एवं उच्चाधिकारियों का ध्यान प्रभावी कार्यवाही हेतु आकृष्ट किया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-59)

प्रस्तर:-52. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान हस्तिनापुर ब्लॉक के सी0पी0 टैक्स रजिस्टर की ध्यानपूर्वक समीक्षा से यह तथ्य उभरकर सामने आया कि वर्ष 2016-17 में अवधारित टैक्स की शत प्रतिशत वसूली ब्याज सहित में ढिलाई बरती गई और पिछले वर्षो का बकाया भी नही वसूला गया, वह ज्यों का त्यों पेंडिंग पडा रहा। इस तरह यह बकाया राशि बढती चली गई, जिससे कि जिला पंचायत कोष की गंभीर क्षति हुई है। क्षति का विवरण निम्न प्रकार है-

वर्ष 2016-17 में अवधारित कुल टैक्स धनराशि (रू0)	वर्ष में वसूली ब्याज सहित गयी टैक्स धनराशि	वर्ष 2016-17 की बकाया रही धनराशि	वर्ष 2016-17 सहित गत वर्षो की बकाया पडी रही कुल धनराशि	सम्पूर्ण वर्ष 2016-17 में बकाया पडी रही गत वर्षो की टैक्स धनराशि जो वर्तमान वर्ष में भी वसूल नही की गई	न्यूनतम 4 प्रतिशत पर केवल पिछले वर्षो के बकाया टैक्स राशि के वसूल न हो पाने के कारण जिला पंचायत कोष को पंहुची ब्याज धनराशि की क्षति
217650	169585	48065	1478140	1430075	639

उक्त प्रकरण में जिला पंचायत के अधिकारियों एवं कार्मिकों की ढिलाई के परिपे्रक्ष्य में जिला पंचायत एवं उच्चाधिकारियों का ध्यान प्रभावी कार्यवाही हेतु आकृष्ट किया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-60)

प्रस्तर:-53. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान रजपुरा ब्लॉक के सी0पी0 टैक्स रजिस्टर की ध्यानपूर्वक समीक्षा से यह तथ्य उभरकर सामने आया कि वर्ष 2016-17 में अवधारित टैक्स की शत प्रतिशत वसूली ब्याज सहित में ढिलाई बरती गई और पिछले वर्षो का बकाया भी नही वसूला गया, वह ज्यों का त्यों पेंडिंग पडा रहा।
इस तरह यह बकाया राशि बढती चली गई, जिससे कि जिला पंचायत कोष की गंभीर क्षति हुई है। क्षति का विवरण निम्न प्रकार है-

वर्ष 2016-17 में अवधारित कुल टैक्स धनराशि (रू0)	वर्ष में वसूली ब्याज सहित गयी टैक्स धनराशि	वर्ष 2016-17 की बकाया रही धनराशि	वर्ष 2016-17 सहित गत वर्षो की बकाया पडी रही कुल धनराशि	सम्पूर्ण वर्ष 2016-17 में बकाया पडी रही गत वर्षो की टैक्स धनराशि जो वर्तमान वर्ष में भी वसूल नही की गई	न्यूनतम 4 प्रतिशत पर केवल पिछले वर्षो के बकाया टैक्स राशि के वसूल न हो पाने के कारण जिला पंचायत कोष को पंहुची ब्याज धनराशि की क्षति
801295	498087	303208	3195116	2891908	4032

उक्त प्रकरण में जिला पंचायत के अधिकारियों एवं कार्मिकों की ढिलाई के परिपे्रक्ष्य में जिला पंचायत एवं उच्चाधिकारियों का ध्यान प्रभावी कार्यवाही हेतु आकृष्ट किया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-61)

प्रस्तर:-54. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान साधारण मिट्टी या खनिजो से प्राप्त एवं राजकोष में जमा रायल्टी का वार्षिक विवरण पत्र एक साधारण रजिस्टर पर तैयार किया गया है।
जिसमें दर्ज जमा की पुष्टि में चालान/बैंक स्टेटमेन्ट लेखा परीक्षा दौरान बार बार मांग करने के बावजूद भी जांच हेतु अप्राप्त रहे। अप्रमाणित रजिस्टर के अनुसार आलोच्य वर्ष दौरान जिला पंचायत द्वारा ठेकेदारों के बिलों से कुल रू0 1511268.00 कटौती उपरांत मिट्टी कार्य पर रायल्टी के रूप में राजकोष में जमा दर्शाया है। यह कटौती रू0 30.00/प्रति क्यूबिक मीटर

की दर से की गयी है, परन्तु उक्त संबंध में किसी भी पत्रावली में खनन विभाग से/एम0डी0एम0 से कोई भी परमिशन नही ली गई है। इस तरह से ठेकेदारों ने एवं जिला पंचायत मेरठ ने खनन सम्बन्धी शासनादेश का उल्लघंन किया गया है।

शासनादेश दिनांक 15.10.2015 के अनुसार जिला पंचायत को ठेकेदारों के बिलों से रायल्टी के साथ साथ 5 गुना दंड भी उनके बिलों से कटौती उपरान्त स्वंय उक्त धनराशि रू0 7556340.00 को राजकोष में जमा कराया जाना अपेक्षित था, जिसकी अवहेलना की गई। कार्यालय जिला अधिकारी मेरठ (खनन अनुभाग) पत्रंाक-2205 दिनांक 27.12.2016 जो कि जिला पंचायत मेरठ को पत्रांक 5469 दिनांक 30.12.2016 के रूप में प्राप्त हुआ तथा पत्रंाक 24/खनन लिपिक दिनांक 12.01.2017 जो जिला पंचायत मेरठ को पत्रांक 5594 दिनांक 17.01.2017 के रूप में प्राप्त हुआ, इन पत्रों में बिना परमिशन के खनन किये जाने की स्थिति में रायल्टी का 5 गुना दंड भी ठेकेदारों के बिलों से कटौती उपरान्त जिला पंचायत मेरठ द्वारा करके उस धनराशि को राजकोष में जमा कराए जाने की साफ साफ अपेक्षा की गयी थी, परन्तु शासन एवं जिला प्रशासन के इन समस्त आदेशों की घोर अवहेलना की गयी है।

जिला पंचायत द्वारा कारित राजकोष कि यह क्षति ठेकदारों को लाभ पहुंचाने की मंशा से की गई है, जिसके लिए निम्नांकित कार्मिक/अधिकारी जिन्होने भुगतान पत्रावली पर स्वीकृति प्रदान की वे उत्तरदाई है, जिनसे इस संबंध में स्पष्टीकरण अपेक्षित है।

सम्बन्धित धनराशि रायल्टी रू0 1511268.00 का 5 गुना = 7556340.00

उत्तरदायी कार्मिक-
1-तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी।
2-तत्कालीन वी0पी0डी0।
3-तत्कालीन एकाउन्टेट।
4-तत्कालीन अवर अभियन्ता।
5-तत्कालीन बिल लिपिक/पटलधारी।

(मूल आपत्ति सं0-62)

प्रस्तरः-55. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान दिनांक 05.02.2014 को मेरठ-हापुड-बुलन्दशहर बस आॅपरेटर्स एसोसिएशन मेरठ की ओर से 1. श्री चन्द्रपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री दफेदार (अध्यक्ष) 2. हाजी इमरान पु श्री मजहर हसन उपाध्यक्ष, 3. अब्दुल खलिक पुत्र अब्दुल वहाब सदस्य के साथ जिला पंचायत मेरठ की ओर से एम0एम0ए0 द्वारा 26135.00 प्रतिमाह किराए पर वर्ष 2014-15, 2015-16 एवं 2016-17 हेतु 3 वर्ष के लिए खसरा सं0 4227 एवं 4228.00 रकबा कुल 1300.00 वर्ग मीटर, निकट तिरंगा गेट, नौचन्दी को किराए पर देने का अनुबंध हुआ, परन्तु यह अनुबंध मात्र रू0 200.00 के स्टाम्प पेपर पर किया गया। इस तरह से राजकोष को स्टाम्प डयूटी की क्षति कारित की गई।

तीन वर्षो के लिए रू0 26135.00 प्रतिमाह की दर से यह अनुबंध हुआ तो उस पर इंडियन स्टाम्प एक्ट 1899 अनुसूची 1 ख अनुच्छेद 35 के अनुसार 12.5 प्रतिशत स्टाम्प डयूटी की दर से रू0 117607.00 स्टाम्प डयूटी देय थी परन्तु ऐसा न करके राजकीय कोष की क्षति की गई है। जिसकी वसूली ब्याज सहित के लिए दोषी जिला पंचायत के उच्चाधिकारी एवं अन्य पक्षों से वसूली ब्याज सहित के लिए जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत पदाधिकारियों तथा अन्य विभागीय उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-64)

प्रस्तरः-56. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान दिनांक 05.02.2014 को मेरठ-हापुड-बुलन्दशहर बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन मेरठ एवं जिला पंचायत मेरठ के बीच हुए अनुबंध/इस्टूमेंटस, 3 वर्षो के लिए किया गया था तथा रू0 26135.00 प्रतिमाह की दर से तीन वर्षो के लिए था, इंडियन रजिस्ट्री एक्त 1908 की धारा 17(1)डी के प्रावधानों के अनुसार इसकी रजिस्ट्री होनी चाहिए थी परन्तु ऐसा न करके 2 प्रतिशत रजिस्ट्री शुल्क की दर से कुल रू0 18817.00 की राजकीय कोष की क्षति की गई, जिसके लिए दोषी जिला पंचायत के उच्च अधिकारी एवं बस ऑपरेटर्स यूनियन दोषी है। दोषी गणों से वसूली ब्याज सहित हेतु जिला पंचायत सदस्य, पदाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों का ध्यान आवश्यक कार्यवाही हेतु आकृष्ट किया जाता है। **(मूल आपत्ति सं0-65)**

प्रस्तर:-57. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी कार्यालय के अभिलेखों के अनुसार जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 के दौरान कुल कार्यरत रह। ईंट भटटों की संख्या 237 थी, जबकि जिला पंचायत अभिलेखों के अनुसार वर्ष 2016-17 में कुल 162 भटटों से दर प्रति भटटा रू0 6000 सी0पी0 टैक्स वसूला गया, जिनका विवरण ब्लॉक वाइज निम्न प्रकार है-

क्रमांक	नाम ब्लॉक	ईट भटटों की संख्या जिन पर टैक्स लगया और वसूला गया रू0 6000.00 की दर से
1	मवाना	11
2	सरधना	20
3	सरूरपुर	22
4	जानी	5
5	परीक्षितगढ	14
6	खरखौदा	9
7	रोहटा	23
8	दौराला	10
9	हस्तिनापुर	14
10	रजपुरा	29
11	माछरा	4
12	मेरठ	1

इस तरह मेरठ के कर निर्धारण एवं वसूली ब्याज सहित कार्मिकों एवं उच्चाधिकारियों ने जनपद में कुल 75 भटटों पर सीपी टैक्स अवधारित और वसूल न करके कुल रू0 450000.00 की जिला पंचायत मेरठ को आर्थिक क्षतिकारित की है। इस संबंध में दोषी कार्मिकों के प्रति वसूली ब्याज सहित कार्यवाही हेतु जिला पंचायत के समस्त सदस्यों, पदाधिकारियों एवं उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-66)

प्रस्तर:-58. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान वर्ष 2016-17 के लिए 3 वर्ष हेतु होर्डिंग ठेके का आंवटन एक ही बार किया गया था। यह अवधि 3 वर्ष 2015-16, 2016-17 एवं 2017-18 हेतु थी। कुल रू0 422000.00 में समस्त जनपद में होर्डिंग लगाने हेतु ठेका दिया गया था और अनुबंध पत्र पर रू0 33800.00 के स्टांप पेपर पर अनुबंध लिखा गया था, इंडियन स्टाम्प एक्ट 1899 शेडयूल 1(इ) आर्टिकल 35 अनुसार / 12.5 रू0 52750.00 की स्टाम्प डयूटी चुकाई जानी चाहिए थी पंरतु ऐसा न कर दोनो पक्षों ने मिलीभगत कर रू0 18950.00 की राजकोष को क्षतिकारित की साथ ही उक्त करार की रजिस्ट्री न कराकर इंडियन रजिस्ट्रेशन एक्ट 1908 के प्रावधानों का उल्लघंन कर / 2 प्रतिशत रू0 8440.00 की राजकोष को क्षतिकारित की गयी।

इस प्रकार कुल क्षति राशि 18950.00 + 8440.00 = 27390.00 की वसूली ब्याज सहित दोषीगण से कराने हेतु, जिला पंचायत सदस्यों एवं पदाधिकारियों तथा शासकीय उच्चाधिकारियों का ध्यान आवश्यक कार्यवाही हेतु आकृष्ट किया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-66क)

प्रस्तर:-59. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान वर्ष 2016-17 के दौरान चुनाव प्रचार के दौरान हाजी याकूब एवं उनके पुत्र इमरान याकूब की ओर से उनकी फर्म उल्फाहिम के बैंक खातें से क्रमश 56000.00 एवं 68000.00 के डी0डी0 जिला पंचायत मेरठ ने स्वम प्राप्त किये और इन धनराशियों को होर्डिंग ठेका प्राप्त करने वाली फर्म के पक्ष में एडजस्ट किया है और फर्म ठेकेदार की देनदारी को कम करके चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लघंन ही नही किया बल्कि होर्डिंग ठेकेदार को अनुचित लाभ पहंुचाया है।

चुनाव प्रचार की अनुमति के एवज में तो अनुबंध की शर्तो एवं चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार तो होर्डिंग ठेकेदार को भी किसी प्रत्याशी को चुनाव प्रचार की अनुमति नही दी जानी चाहिए थी और जिला पंचायत मेरठ को तो किसी भी सूरत में प्रत्याशियों से चुनाव प्रचार के होर्डिंग की एवज में धनराशि वसूल करना पूरी तरह निषिद्ध था, परन्तु जिला पंचायत मेरठ के उच्चाधिकारियों ने यह सब करके ठेकदार को रू0 56000.00 + 68000.00 = 124000.00 का

अनुचित लाभ पहंुचाया गया है और चुनाव आचार सहिंता का सरासर उल्लघंन किया है, जिसकी वसूली ब्याज सहित हेतु जिला पंचायत सदस्यों एवं उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-66ख)

<u>प्रस्तर:-</u>60. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान जिला पंचायत में सितम्बर 2016 में की गई 6 कार्मिकों की भर्ती निम्न आधार पर पूर्णता स्वैच्छिक एवं जिला पंचायत को प्राप्त राज्य वित्त आयोग अनुदान की क्षति कारण एवं अनियमित है और जिला पंचायतों बावत शासन द्वारा निर्धारित स्टाफिंग पैटर्न के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेशों के विपरीत है।

क-यूपी0 जिला पंचायत सर्विस रूल्स 1970 के नियम सं0 5(1), 5(2) क, ख एवं ग का उल्लघंन करते हुए नियुक्तियां की गई है। नियम 5(1) के क्रम में जिला पंचायत में रक्षित अधिष्ठान पत्रावली बार-बार मांगने पर भी लेखा परीक्षा दौरान जांच हेतु प्रस्तुत नही की गई।

ख-यूपी जिला पंचायत सेवा नियमावली 1970 के नियम 22 एवं 25 का उल्लघंन करके, जिला सेवायोजन कार्यालय/उप संभागीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ से अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र आंमत्रित/एकत्रित नही किए गये।

ग-नियमावली की अनुसूची 'क' में निर्दिष्ट कम्प्यूटर पद हेतु वांछित योग्यता का भी ध्यान नही रखा गया।

घ-इस भर्ती द्वारा राज्य वित्त आयोग अनुदान की निम्न धनराशि की क्षतिकारित की गई

तिथि	कैशबुक पृष्ठ सं0/वाउचर सं0	खर्च का विवरण	धनराशि
01.09.2016	38/17	दीवान पब्लिक स्कूल को परीक्षा व्यय हेतु भुगतान	48420.00
06.09.2016	40/41	दीवान पब्लिक स्कूल को परीक्षा व्यय हेतु भुगतान	4600.00
14.09.2016	व0नं0 44	दीवान पब्लिक स्कूल को परीक्षा व्यय हेतु भुगतान	4620.00
14.09.2016	व0नं0 45	दीवान पब्लिक स्कूल को परीक्षा व्यय हेतु भुगतान	17760.00
योग			75400.00

सभी 6 कार्मिकों को निम्न प्रकार भुगतान करके राज्य वित्त आयोग अनुदान की गंभीर क्षति की गई है, क्योकि जिला पंचायत अपने कार्मिकों को अपनी जिला निधि से वेतन भुगतान की स्थिति में है ही नही, बल्कि इसके लिए वह राज्य वित्त आयोग के अनुदान का प्रयोग करती रही है। इन कार्मिकों की भर्ती से पूर्व भी वह अपने कार्मिकों के वेतन हेतु राज्य वित्त अनुदान पर निर्भर थी तथा इस भर्ती के बाद तो यह वेतन भुगतान की स्थिति और भी गंभीर हो गयी है।

वर्ष 2016-17 के दौरान नवनियुक्त कार्मिकों को भुगतान पर आया व्यय-

तिथि	कैशबुक पृष्ठ सं0 जिस पर व्यय दर्ज है।	धनराशि	
03.10.2016	46	66535.00	
28.10.2016	49	134642.00	
01.12.2016	56	133202.00	
02.01.2017	63	133178.00	
02.02.2017	71	137034.00	
01.03.2017	76	137034.00	
16.03.2017	79	13497.00	
	योग	755122.00	
	महायोग (75400+755122)		830522.00

उपर्युक्त भर्ती द्वारा राज्य वित्त आयोग के अनुदान की अनियमित और पूर्णत मनमाने ढंग से क्षति की गयी है, जिसकी वसूली ब्याज सहित अपेक्षित है। उत्तरदायी व्यक्ति/पदाधिकारी

1-तत्कालीन नियुक्ति प्राधिकारी।

2-तत्कालीन ए0एम0ए0।

3-तत्कालीन वी0पी0डी0 ।

4-तत्कालीन एकाउन्टेट।

(मूल आपत्ति सं0-67)

प्रस्तरः-61. जिला पंचायत में तैनात रहे कार्मिकों की पेंशन भुगतान हेतु राज्य वित्त आयोग से निम्न प्रकार फंड ट्रांसफर करना कैशबुक में दर्शित है-

दिनांक	बाउचर सं0	धनराशि
06.04.2016	12	2500000.00
21.07.2016	130	3000000.00
23.01.2017	49	2000000.00
01.03.2017	3	2000000.00
	योग	9500000.00

उत्तर प्रदेश जिला पंचायत कर्मचारी सेवानिवृत्ति लाभ नियमावली 1972 तथा उत्तर प्रदेश जिला पंचायत केंद्रीय संक्रामय संवर्ग सेवानिवर्त लाभ नियमावली 2001 के नियम संख्या 11 का स्पष्ट रूप से उल्लंघन करके यह धनराशि ट्रांसफर की गई है। नियम संख्या 11 के अनुसार अपर मुख्य अधिकारी प्रत्येक महीने उस निधि से संबंध कर्मचारियों/अधिकारियों का वेतन देय हो, फाइनेंसियल हैडबुक के नियम संख्या 116 के अधीन उसे जिला पंचायत पेंशन निधि एवं परिक्रामी निधि के नाम जमा कराएगें। क्योंकि जिला पंचायत कार्मिकों को वेतन जिला निधि से देय होता है। अतः पेशंन अंशदान भी जिला पेशंन निधि से देय था। बजाय जिला निधि के, राज्य वित्त आयोग से पेंशन अंशदान जुटाना राज्य वित्त आयोग के अनुदान का गंभीरतम दुरूपयोग है। साथ ही यह उत्तर प्रदेश जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत अधिनियम 1961 की धारा 102(3) बी का भी उल्लघंन है। अस्तु यह राज्य वित्त आयोग के अनुदान की क्षति का प्रकरण होने के कारण इसमें क्षतिपूर्ति कराई जानी अपेक्षित है।

उत्तर प्रदेश जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट एवं सामान्य लेखा) नियमावली 1965 के नियम 175, 176 तथा 177 में व्यवस्था अनुसार निहित प्रावधानो के अनुरूप कार्यवाही करने हेतु अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत की वित्त समिति, कार्य समिति तथा समस्त सदस्यों का ध्यान विशिष्ट रूप से आकृष्ट किया जाता है कि वे अपने दायित्व निर्वहन के उपरान्त अपनी कार्यवाही से डी0एम0 महोदय को दो प्रतियों में अवगत कराये जो मामले को मंडलायुक्त के माध्यम से कृषि उत्पादन आयुक्त एवं आयुक्त ग्राम्य विकास एवं शासन को प्रेषित कर सके।

उत्तरदायी व्यक्तियों/पदाधिकारी/अधिकारी-

1-एम0डी0एम0।

2-वी0पी0डी0।

3-लेखाकार।

(मूल आपत्ति सं0-67ख)

प्रस्तरः-62. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान कैशबुक में पृष्ठ संख्या 46 पर दिनांक 19.10.2016 को राज्य वित्त आयोग से वाउचर नं0 27 द्वारा एसपी बंसल को वास्तु विद के रूप में रू0 173295.00 का भुगतान दर्शित है, यह सेवा/भुगतान अनुचित है,क्योकि जिला पंचायत मेरठ में अवर अभियन्ताओं एवं एक अभियन्ता (जो कि सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा एवं डिग्री धारी योग्यता होते है) उनकी तैनाती के बावजूद भी किसी एस्टीमेट जैसी तकनीकी सेवा कार्य हेतु किसी प्राइवेट तकनीशियन को भुगतान करना अभियन्ताओं की योग्यता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है, जो अभियन्ता जिला पंचायत को अपनी तकनीकी सेवा देने में अक्षम है, उनकी जिला पंचायत में तैनाती का कोई औचित्य नही है। यह भुगतान जिला पंचायत कोष की गंभीर क्षति है, जिसकी वसूली ब्याज सहित अपेक्षित है, जिसकी ओर उत्तर प्रदेश जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट एवं सामान्य लेखा) नियमावली 1965 के नियम 175, 176 तथा 177 में व्यवस्था अनुसार निहित प्रावधानो के अनुरूप कार्यवाही करने हेतु अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत की वित्त समिति, कार्य समिति तथा समस्त सदस्यों का ध्यान विशिष्ट रूप से आकृष्ट किया जाता है कि वे अपने दायित्व निर्वहन के उपरान्त अपनी कार्यवाही से डी0एम0 महोदय को दो प्रतियों में अवगत कराये जो मामले को मंडलायुक्त के माध्यम से कृषि उत्पादन आयुक्त एवं आयुक्त ग्राम्य विकास एवं शासन को प्रेषित कर सके।

उत्तरदायी व्यक्तियों/पदाधिकारी/अधिकारी-

1-अपर मुख्य अधिकारी।

2-वी0पी0डी0।

3-लेखाकार।

4-अभियंता।
5-अवर अभियन्ता।

(मूल आपत्ति सं0-68)

प्रस्तरः-63. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान जानी ब्लॉक का मुर्दा मवेशी ठेका प्रदान करने हेतु दैनिक जागरण दिनांक 24.06.2016 के अंक में प्रकाशित टेंडर का उल्लेख था कि पशु शवोछेदन सहकारी समिति सिवास खास और पशु शवोछेदन सहकारी समिति टिमकिया के अध्यक्षों द्वारा पूर्व वर्षो का बकाया जमा न करने के कारण पैतृक व्यवसाय में लगे लोगों के मध्य नीलामी द्वारा ठेके दिए जाएगें परन्तु यदि नीलामी तिथि तक भी किसी सहकारी समिति द्वारा बकाया धनराशि जमा कर दी जाती है तो ठेका देने में समिति को ही वरीयता दी जायेगी।

उक्त विकास क्षेत्र जानी की ठेका पत्रावली की गहन समीक्षा से यह तथ्य उभरकर सामने आया कि एम0एम0ए0 के निर्देश पर वरिष्ठ लिपिक श्री देवेन्द्र कुमार द्वारा दिनांक 02.06.2016 को नोट शीट तैयार की गई थी, कि उक्त ब्लॉक की जानी, नेक बहादुरपुर व धौलडी न्याय पंचायतों का ठेका श्री गुलाब सिंह की सरकारी समिति टिमकिया एवं ब्लाक की शेष न्याय पंचायतों का ठेका श्री इकरामुदीन की समिति सिवालखास को क्रमशः रू0 275142.00 एवं 275142.00 कुल रू0 550284.00 में छोडा गया था। दोनो ठेकेदारों पर अंकन रू0 75142.00 एवं रू0 75142.00 बकाया अवशेष है, यह भी उक्त तिथि दिनांक 02.06.2016 की नोटशीट में वरिष्ठ लिपिक श्री दिनेश कुमार ने दर्ज किया है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि इसी पत्रावली के पृष्ठ संख्या 5 पर दिनांक 02.06.2016 की ही नोटिंग के बाएं और श्री दिनेश ने यह भी दर्ज किया है।

''रसीद संख्या 773196 दिनांक 08.06.2016 रू0 75142.00 तथा रसीद सं0 773197 दिनांक 08.06.2016 रू0 75142.00 समस्त धन अवशेष जमा कर दिया गया है। दिनांक 08.06.2016

यह यह भी उल्लेखनीय है कि जब दिनांक 08.06.2016 तक श्री गुलाब सिंह और श्री करामुदीन की सहकारी समितियाॅ द्वारा गत वर्ष का समस्त अवशेष जमा कर दिया गया था, तब ठेके में इन्हे ही वरीयता दी जानी चाहिए थी, तथा गत वर्षो की ठेका राशि क्रमशः रू0 275142.00 एवं रू0 275142.00 कुल रू0 550284 पर तो इ्रन्हे ही इनके आवेदन पत्रों दिनांक 08.02.2016 (पंत्राक 1804 एवं 1805) के क्रम में ठेके दिए जाना जिला पंचायत के हित मे था, भले ही 10 प्रतिशत वृद्धि की शर्ते यह पूरी नही कर पा रहे थे, पंरतु गत वर्षो की धनराशि से पीछे हटने की भी बात उन्होने नही की थी, फिर भी इनके आवेदन पत्रों पर विचार न करके दिनांक 13.06.2016 की नीलामी में केवल रू0 360000.00 में संपूर्ण ब्लॉक की सभी न्यय पंचायतों का ठेका श्री शकील अहमद पुत्र न्याज अहमद निवासी सिवालखास, जिला मेरठ को दिया गया था, जिसके कारण गत वर्ष की ठेका धनराशि रू0 550284.00, 360000.00 रू0 190284.00 की क्षति जिला पंचायत को पहुंचाई गई है। संबंधित प्रकरण की ओर जिला पंचायत एवं उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए वांछित कार्यवाही अपेक्षित है।

(मूल आपत्ति सं0-68क)

प्रस्तरः-64. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान जिला पंचायत की लेखा परीक्षा जांच दौरान उपलब्ध कराए गये वर्गीकृत आंकडो के सार पत्र वर्ष 2016-17 के अनुसार मेला मखदूमपुर आयोजन पर कुल रू0 7579579.00 खर्च किए गए।

उक्त धनराशि व्यय के संबंध में निम्न गंभीर आपत्तियां है-

1-जिला पंचायत मेरठ की आर्थिक स्थिति ठीक नही है, जिला पंचायत की अपने निजी स्ंरोतों से जो आमदनी होती है, वह उसके अपने भारी भरकम स्टाफ के मात्र वेतन हेतु ही अपर्याप्त रहती है, जिला पंचायत कार्मिकों को वर्ष में जितना केवल भुगतान किया जाता है वह जिला पंचायत की अपने निजी स्ंरोतों से आय के लगभग बराबर ही होती है।

इस पर तुर्रा यह है कि जिला पंचायत कार्मिकों को अपनी पेशंन तथा अन्य अनुतोष खर्चो के लिए राज्य वित्त आयोग के अनुदान का सहारा लेना पडता है, यह परजीवी ;च्तंेपजमद्ध जैसी स्थिति है। ऐसी स्थिति में भी जिला पंचायत मेरठ द्वारा मेलों के आयोजन जैसा अनुपयोगी कार्य करना उचित नही था, परन्तु परजीवीपन स्थिति में भी जिला पंचायत मेरठ द्वारा यह फिजूल खर्ची की गयी।

2-उक्त मेला आयोजन से वर्ष में कोई एक नया पैसा भी आय मद में अर्जित नही हुआ। जबकि वाहन पार्किंग तथा व्यापारिक गतिविधियों एवं विभिन्न संस्थाओं के स्टालों पर शुल्क का प्रावधान कर आय अर्जित की जा सकती थी। इसमें कुछ भी अनियमितता/अवैधानिकता नही थी परन्तु ऐसा नही किया गया।

3-उक्त मेले पर तमाम व्यय बिना एस्टीमेट के किए गए।

4-तमाम व्यय सामान्य मितव्ययिता की समझ (बेसिक इकोनामिक इंटीयूशन) की अवहेलना कर लापरवाही पूर्ण ढंग से किए गए।

5-गंगा तट पर किया गया किसी भी प्रकार का जनता का संगम गंगा में प्रदूषण को बढावा देने वाला होता है, इससे पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहंुचती है।

अतः इस प्रकार के आयोजनों से पूर्व जिला पंचायत गंगा प्रदूषण के पक्ष पर गंभीरता से विचार करे तथा आलोच्य वर्ष में इस प्रकार के अनावश्यक आर्थिक और पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले आयोजनों के लिए उत्तरदायी जिला पंचायत के अधिकारियों तथा पदाधिकारियों के विरूद्ध इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु वित्त समिति, कार्य समिति एवं जिला पंचायत सदस्यों का ध्यान आकृष्ट कराया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-69)

<u>प्रस्तरः-</u>65. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान जिला पंचायत संपत्ति एवं विभव कर नियमावली 1994 के प्रावधानों के अनुसार संपत्ति एवं विभव कर के रूप में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत शराब की दुकाने एक महत्वपूर्ण आय का श्रोत होती है।

प्रत्येक जिला पंचायत अपने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिवर्ष कार्य करने वाली शराब की दुकानों पर विभव कर का अवधारण किया गया है। जिला पंचायत की उप विधियों के अनुसार देशी मदिरा और विदेशी मदिरा की प्रत्येक दुकान पर पर रू0 6000.00 और बीयर की दुकार पर रू0 3000.00 तथा माॅडल शाॅप पर रू0 6000.00 की दर से यह कर अवधारित और वसूलने का प्रावधान किया गया है।

परन्तु यह चैकाने वाला तथ्य है कि जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 के दौरान मदिरा की जितनी दुकाने कार्यरत रही, उनके सापेक्ष जिला पंचायत ने बहुत कम दुकानों पर अपना कर अवधारित कर लापरवाही का परिचय दिया है, और लापरवाही के कारण जिला पंचायत कोष की अपूर्णनीय क्षति हुई है। जिला पंचायत के टैक्स अवधारणा रजिस्टर की समीक्षा से यह अंतर सामने आता है।

निम्न तालिका से जिला पंचायत द्वारा अपने टैक्स रजिस्टर में दर्ज टैक्स अवधारित मदिरा दुकानों एवं जिला आबकारी अधिकारी, मेरठ द्वारा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत रही दुकानों की सूचना में चैकाने वाला अंतर का विवरण स्पष्ट होता है-

आइटम	उन दुकानो की सं0 जिन पर जिला पंचायत ने कर अवधारित किया	जिला आबकारी अधिकारी द्वारा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों मे कार्यरत रही बताई दुकानों की संख्या	दोनो में अंतर	जिला पंचायत द्वारा दुकानो की अंतर संख्या पर टेक्स्ट छोडकर जिला पंचायत को कारित क्षति धनराशि रू0
देशी मदिरा	44	172	128	768000
विदेशी मदिरा	44	104	60	360000
बीयर	47	97	50	150000
मॉडल शॉप	-	1	1	6000
			योग	1284000

जिला आबकारी अधिकारी द्वारा जनपद में कार्यरत रही सूचित की गई मदिरा दुकानों और जिला पंचायत द्वारा टैक्स अवधारित दुकानों की संख्या में अंतर के परिणाम स्वरूप जिला पंचायत कोष को बडी धनराशि से वंचित रखा गया है।

अतः जिला पंचायत की वित्त समिति, कार्यसमिति और समस्त जिला पंचायत का ध्यान इस ओर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु आकृष्ट किया जाता है।

दोषी अधिकारि गण-1 तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी।

2-तत्कालीन कार्याधिकारी।

(मूल आपत्ति सं0-69क)

<u>प्रस्तरः-</u>66. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान कैशबुक में पृष्ठ संख्या 35 पर दिनांक 20.08.2016 को रू0 6130.00 का खर्चा, वाउचर नं0 89 द्वारा दर्शित है। खर्चा जिला पंचायत वास्ते अधिनियम खरीदने हेतु दर्शित किया गया है।

जिला पंचायत की आवश्यकताओं के अनुरूप केवल जिला पंचायत अधिनियम 1961 की आवश्यकता होती है। जिला पंचायत अपर मुख्य अधिकारी एसोसिएशन के पूर्व विद्वान अध्यक्ष भावेश मिश्र द्वारा संपादित जिला पंचायत अधिनियम 1961 एक सम्पूर्ण गंरथ है, जो जिला पंचायत की आवश्यकताओं के अनुरूप समस्त नियमावलियों तथा शासनादेशों को समेटे हुए है। इससे बेहतर कोई दूसरा अधिनियम है ही नही और इसके वर्ष 2011 के संस्करण का मूल्य केवल 1080 है, जो कि पर्याप्त है।

अतः रू0 1080 से अधिक के मूल्य का दर्शाया गया व्यय जिला पंचायत कोष की बर्बादी है, जिसके लिए उत्तरदायी अधिकारियों से रू0 5050.00 की वसूली ब्याज सहित अपेक्षित है।

(मूल आपत्ति सं0-69ख)

<u>प्रस्तरः-</u>67. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान कैशबुक में पृष्ठ संख्या 21 पर वाउचर सं0 77 द्वारा दिनांक 30.06.2016 को रू0 524000.00 का खर्च बाबत जनरेट सेट खरीदारी के दर्शित है। उक्त व्यय के संबंध में निम्न गंभीर आपत्तियां है-

1-वर्ष के बजट प्रस्तावों में उक्त जनरेटर सेट खरीदारी का कोई प्रावधान नही था।

2-इतनी उच्च क्षमता के जनरेटर सेट की जरूरत और तकनीकी अनुमोदन का कोई प्रस्ताव पत्रावली में संलग्न नही पाया गया।

3-उक्त जनरेटर सेट की खरीदारी के लिए राज्य वित्त आयोग की धनराशि का प्रयोग किया गया है।

4-मैसर्स मुक्तेश इंजीनियरिंग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड संस्था को धनराशि का भुगतान करते वक्त उसके बिलों से 4.5 प्रतिशत की दर से टीडीएस फार्ॅर वैट की कटौती नही की गई।

यह राज्य वित्त आयोग के फंड के दुरूपयोग का गंभीर प्रकरण है, जिसमें दोषी अधिकारियों से वसूली ब्याज सहित हेतु जिला पंचायत की वित्त समिति, कार्य समिति और समस्त पंचायत का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

उत्तरदायी व्यक्ति/पदाधिकारी-1-एम0एम0ए0 (तत्कालीन)

2-वी0पी0डी0 (तत्कालीन)

3-अकाउंटेट

(मूल आपत्ति सं0-70)

<u>प्रस्तरः-</u>68. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान जिला पंचायत स्तर पर जो वर्गीकृत आंकडों का सार पत्र तैयार कर रखा गया है वह बजट एवं सामान्य लेखा नियमावली 1965 के नियम 85 और प्रपत्र सं0 18 के प्रारूप पर तैयार नही किया गया है, यह एक गंभीर अनियमितता है।

1-वर्गीकरण सार पत्र कैश बुक के अनुसार तिथि और वाउचर संख्या के आधार पर प्राप्त धनराशि को स्पष्ट करते हुए और उनका आगामी योग करते हुए तैयार किया जाना चाहिए था परंन्तु ऐसा नही किया गया।

2-जिला पंचायत स्तर पर रक्षित सारपत्र में जिला पंचायत की अपने निजी स्त्रोतों से आय के प्रपत्र के क्रमांक 11 पर ब्याज से अर्जित धनराशि एवं जमानत से अर्जित धनराशि को भी शामिल किया गया है, जोकि उचित नही है, क्योकि ठेकेदारों से प्राप्त जमानत को लौटाना होता है और बैंक खातों से अर्जित ब्याज भी वास्तव में कोई आय नही होती है।

अतः इन दोनों मदो से प्राप्त राशि को आय दर्शाकर इस फर्जी एहसास के आधार पर अपने खर्चो का मापदंड बना लेखा एक बहुत भारी गलती है।

जिला पंचायत में वर्ष 2016-17 के दौरान निजी स्ा्रोतों से प्राप्त आय का गंभीरतापूर्ण विश्लेषण करने सार पत्र के अनुसार यह आय रू0 24691355.00 है, जबकि इसके सापेक्ष केवल जिला पंचायत कार्मिकों के वेतन पर दर्शित खर्च रू0 28373556.00 (कैशबुक के अनुसार) यह अन्तर चैकाने वाला है इससे जिला पंचायत की आर्थिक बदहाली का पता चलता है।

स्पष्ट है कि जिला पंचायत अपने निजी स्त्रोतों से प्राप्त आय इतनी भी नही है कि उससे भारी भरकम स्टाफ का मात्र वेतन भी दिया जा सके। स्टाफ की पेंशन और अन्य अनुतोष के लिए तो जिला पंचायत को पूर्णता राज्य वित्त आयोग के अनुदान पर निर्भर रहना पडा है, पेशंन की यह राशि 9500000.00 थी जिसे पंेशन एवं परिक्रामी खातों मे ट्रंासफर किया गया, जो कि राज्य वित्त आयोग के अनुदान का गंभीर दुरूपयोग है।

जिला पंचायत के पास अपनी आय अर्जित करने और बढाने के लिए विपुल संसाधन है और कानूनी प्रावधान है फिर भी जिला पंचायत कार्मिकों की अक्षमता और शिथिलता का आलम यह है कि वे विकास कार्यो के लिए धन का स्त्रोत जुटाना तो दूर की बात रही, जनपद की जिस विशाल जनसंख्या से टैक्स वसूलते है, उसे कुछ सुविधाएं उपलब्ध कराना तो दूर की बात रही, केवल अपने वेतन तक के लिए भी आमदनी नही जुटा पाते। यह एक गंम्भीर विचारणीय जांच का विषय है कि जिला पंचायत की टैक्स अवधारण और वसूली ब्याज सहित व्यवस्था में क्या गंभीर खामी है? सिद्धांत में आय की दृष्टि से इतनी अधिक समृद्धि होने के बावजूद भी व्यवहार में इतनी दरिद्रता क्यो है? कही ऐसा तो नही हो रहा कि टैक्स वसूले जाने के बावजूद स्ा्रोतों से धन चलने के बावजूद जिला पंचायत के कोष में न पहुंच कर कही और पहंुच जाता हो। जिला पंचायत के वित्त समिति कार्य समिति और समस्त जिला पंचायत सदस्यों तथा शासन का ध्यान इस विषय पर कार्यवाही के लिए आकृष्ट किया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-70क)

<u>प्रस्तर:-</u>69. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान कैशबुक में जिला पंचायत की नौचंदी केसरगंज विधालय स्थल की भूमि पर आवासीय व्यावसायिक काम्पलेक्स निर्माण योजना पर व्यय के विज्ञापन बाबत निम्न प्रकार व्यय दर्ज किया गया है-

दिनांक	व्यय दर्ज धनराशि टिप्पणी
30.12.2016	475958.00
11.07.2016	375000.00
योग	850958.00

विज्ञापन पर व्यय पर निम्न गंभीर आपत्तियां है

1-योजना पर विज्ञापन व्यय को जिला पंचायत बजट में कोई प्रावधान नही किया गया था और न ही जिला पंचायत ने अपनी किसी बैठक में उक्त विज्ञापन व्यय की स्वीकृति प्रदान की।

2-संबंधित पार्टी को भुगतान करते समय बिलो से टीडीएस फाॅर वेट 4 प्रतिशत तथा टीडीएस फार इनकम टैक्स 2 प्रतिशत से लेकर 20 प्रतिशत तक की कटौती भी नही की गई।

3-उक्त योजना कभी भी कार्य रूप में नही लाई गयी।

अतः बिना बजट की अव्यवहारिक/काल्पनिक योजना पर मनमाने ढंग से जिला पंचायत कोष की क्षति की गई, जिसकी वसूली ब्याज सहित हेतु जिला पंचायत की वित्त समिति, कार्यसमिति और समस्त पंचायत का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

दोषी अधिकारी-

1-तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी।

2-तत्कालीन वी0पी0डी0।

3-तत्कालीन अकाउटेंट।

(मूल आपत्ति सं0-70ख)

<u>प्रस्तर:-</u>70. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान नौकाघाट एवं बालू खनन अभिवहन शुल्क प्रदेश में विभिन्न जिला पंचायतों की आय अर्जन का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण स्त्रोत है। वर्ष 2016-17 में कैश बुक के पृष्ठ संख्या 24

पर बालू ठेकेदार ओंकार सिंह से जमानत रू0 50000.00 तथा ठेका राशि रू0 4.00 लाख दर्शायी गई है, परन्तु 2016-17 के वर्गीकृत आंकडों के सार पत्र में उक्त मद से अर्जित आय का स्पष्ट रूप से (बालू खनन अभिवहन शुल्क) के रूप में उल्लेख नही किया गया है और इस मद में आय शून्य दर्शायी गई है, यह गम्भीर अनियमितता है तथा त्रुटि पूर्ण पत्र तैयार करने का मामला है। जिला पंचायत मेरठ की आय अर्जन के महत्वपूर्ण स्त्रोत को छुपाने का मामला है। इस गम्भीर अनियमितता की ओर जिला पंचायत की वित्त समिति, कार्यसमिति एवं समस्त सदस्यों का ध्यान दोषी अधिकारियों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु आकृष्ट कराया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-71)

प्रस्तरः-71. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान जिला पंचायत में जिला पंचायत के विरूद्ध वादों की पैरवी करने हेतु तथा कार्मिकों के इनकम टैक्स रिटर्न जैसे मामूली मामले में वर्ष 2016-17 के दौरान विभिन्न अधिवक्ताओं की सेवा प्राप्त करके उन्हे निम्न प्रकार भुगतान किए गए-

क्रमांक	दिनांक	वाउचर सं0	धनराशि विवरण
1	03.06.2016	30	7100.00
2	05.05.2016	17	5088.00
3	16.04.2016	72	9675.00
4	13.04.2016	42	4812.00
		43	7087.00
		44	4813.00
5	04.08.2016	38	9675.00
6	19.10.2016	23	11236.00
		योग	**59486.00**

उपर्युक्त विषय/भुगतान के संबंध में निम्नलिखित गंभीर आपत्तियां है-

1-उत्तर प्रदेश जिला पंचायत काउंसेल नियुक्ति नियमावली 1973 के नियम सं0 4 के अनुसार जिला पंचायत हेतु किसी भी अधिवक्ता की सेवाएं लेने के लिए यह जरूरी है कि उसका चयन जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्धारित किए गए पैनल से ही किया जाये, परंतु जिला पंचायत मेरठ ने इस मामले में जिला मजिस्ट्रेट महोदय से किसी प्रकार का कोई अनुमोदन प्राप्त नही किया।

2-उपर्युक्त नियमावली के नियम सं0 7 के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्धारित पैनल में से जिन अधिवक्ताओं की सेवाएं प्राप्त की जाएगी, उनमें से ज्येष्ठ अधिवक्ता को प्रतिमाह रू0 750.00 का भत्ता और प्रति अभिवचन अधिकतम रू0 200.0 की दर से तथा कनिष्ठ अधिवक्ता को प्रतिमाह 500.00 का भत्ता तथा प्रत्येक अभिवचन के लिए अधिकतम 100.00 की दर से भुगतान किया जाएगा, परन्तु जिला पंचायत में उक्त दोनों नियमों सख्या 4 और 7 का अतिक्रमण करते हुए मनमानी दरों पर भुगतान कर जिला पंचायत कोष की क्षति कारित की गई है, जिसकी वसूली ब्याज सहित के लिए जिला पंचायत वित्त समिति, कार्य समिति और संपूर्ण जिला पंचायत का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

उत्तरदायी अधिकारी-

1-तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी।

2-तत्कालीन वी0पी0डी0।

3-अकाउंटेट।

(मूल आपत्ति सं0-72क)

प्रस्तरः-72. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2016-17 की लेखा परीक्षा के दौरान जिला पंचायत मेरठ के कचहरी स्थित भवन निर्माण कार्य के संबंध में निम्न गंभीर आपत्तियां है-

1-यह भवन जिस भूमि पर बनाया गया है, उस पर जिला पंचायत के मालिकाना हक से संबंधित साक्ष्य बार-बार मांगने पर भी आॅडिट जांच दौरान प्रस्तुत नही किए गये। संज्ञान में आया है कि उक्त भूमि पर जिला पंचायत का कोई मालिकाना हक नही है, केवल इस पर कब्जा है, अतः जो भूमि जिला पंचायत की है ही नही उस पर अपनी विशाल धनराशि से ढाचा खडा करना अवैध है।

2-संपूर्ण भवन की इमारत का कभी एक साथ एस्टीमेट तैयार कर निर्माण हेतु निविदाये आंमत्रित नही की गई, बल्कि यह कार्य टुकडो में कराया गया, भूतल पर निर्माण कार्य, प्रथम तल पर निर्माण कार्य, साज-सज्जा, वाटर कूलर एवं जनरेटर सेट क्रय हेतु इस तरह कई बार टुकडों में विभाजित कर, अलग अलग नामों से संपूर्ण इमारत के लिए विज्ञप्ति निकाली गई है, जो कि गंभीर आपत्तिजनक है।
3-दूसरों की भूमि पर अपनी इमारत का नक्शा एम0डी0ए0 द्वारा स्वीकृति हेतु आवेदन करना और एम0डी0ए0 द्वारा बिना स्वामित्व के साक्ष्यों की पडताल किए ही इमारत का नक्शा स्वीकृत करना और कराना गैर कानूनी है।
4-इस भवन के टुकडों में कई बार तैयार कराये गये नक्शे, डिजाइन, तथा प्लान हेतु जो एस्टीमेट तैयार कराये गये वे जिस आर्किटेक्चर से तैयार कराई गई व अलग था और जिस अवर अभियन्ता एवं अभियन्ता ने निर्माण कार्यो की माप पुस्तिका/भुगतान हेतु बिल तैयार किये वह अलग थे, यह गंभीर अनियमितता रही।
5-कचहरी स्थित यह भवन निर्माण कब प्रारम्भ किया गया और 01.04.2016 से पहले इस पर कुल कितना खर्च आ चुका था, इस संबंध में बार-बार रिकार्ड मांगने पर भी प्रस्तुत नही किया गया।
6-वर्ष 2016-17 की कैशबुक में कचहरी स्थित इस भवन निर्माण पर निम्न प्रकार व्यय दर्शित किया गया है-

क्र0सं0	दिनांक	वाउचर नम्बर	धनराशि
1	01.09.2016	23	616800.00
2	03.09.2016	24	470800.00
3	03.10.2016	27	173295.00
4	26.10.2016	58	960000.00
5	26.10.2016	59	480700.00
6	20.01.2017	91	801000.00
7	16.03.2017	90	315550.00
8	16.03.2017	92	470000.00
		योग	**4288095.00**

इस प्रकार उपर्युक्त ढंग से जिला पंचायत कोष की गंभीर क्षतिकारित किए जाने तथा पूर्णता मनमाने ढंग से दूसरों की भूमि पर ढाचा खडा करने के उपर्युक्त प्रकरण में जिला पंचायत की वित्त समिति, कार्य समिति एवं समस्त जिला पंचायत का ध्यान आवश्यक वसूली ब्याज सहित की कार्यवाही हेतु आकृष्ट किया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-73ख)

प्रस्तरः-73. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2017-18 की लेखा परीक्षा के दौरान मुर्दा मवेशी के ठेकों से प्राप्त होने वाली रायल्टी के विषय में कई शासनादेशों में विशेषकर शासनादेश सं0 858/33-2-96-57डब्लू/91 दिनांक 30.03.1996 एवं शासनादेश सं0 11मु0म0 33/2-95-57डब्लू /91 दिनांक 30.04.1995 में स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गये है, जिनमें व्यवस्था है कि पिछले 3 वर्षो की रायल्टी राशि के औसत राशि अथवा गत वर्ष की राशि, दोनों में से जो भी अधिक हो, उससे 10 प्रतिशत वृद्धि कर राशि ही किसी भी वर्ष में मुर्दा मवेशी ठेकों को राशि होनी चाहिए। इस आधार पर वर्ष 2016-17 में मुर्दा मवेशी ठेके से संपूर्ण जनपद में कुल रायल्टी राशि रू0 6734281.00 प्राप्त की गई थी, यह विवरण प्रकीर्ण मांगो के रजिस्टर (नियम संख्या 116 प्रपत्र 29 पर दर्ज लेखा बंदी विवरण) पर दर्ज है, परन्तु वर्ष 2017-18 में जैसा कि प्रकीण मांगो के रजिस्टर में पृष्ठ संख्या 37 पर दर्ज लेखा बदी विवरण में दर्ज है, मुर्दा मवेशी ठेके से प्राप्त रायल्टी राशि केवल रू0 3233979.00 रही।
इस प्रकार वर्ष 2017-18 में मुर्दा मवेशी ठेके नीलामी में जिला पंचायत कोष को रू0 3500302.00 $ 673428.00 की गंभीर क्षतिकारित की गई, नीलामी करने वाले जिला पंचायत कार्मिकों/अधिकारियों से इस क्षति की वसूली ब्याज सहित हेतु विभागीय उच्चाधिकारियों सहित समस्त जिला पंचायत सदस्यों/पदाधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट कराया जाता है। योग रू0 4173730.00

(मूल आपत्ति सं0-75)

प्रस्तर:-74. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2017-18 की लेखा परीक्षा के दौरान दिनांक 10.08.2017 को मेरठ-हापुड-बुलन्दशहर बस आॅपरेटर्स एसोसिएशन मेरठ की ओर से 1. श्री चन्द्रपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री दफेदार (अध्यक्ष) 2. हाजी इमरान पु श्री मजहर हसन उपाध्यक्ष, 3. अब्दुल खलिक पुत्र अब्दुल वहाब सदस्य के साथ जिला पंचायत मेरठ की ओर से एम0एम0ए0 द्वारा 28750.00 प्रतिमाह किराए पर वर्ष 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 हेतु 3 वर्ष के लिए खसरा सं0 4227 एवं 4228 रकबा कुल 1300 वर्ग मीटर, निकट तिरंगा गेट, नौचन्दी को किराए पर देने का अनुबंध हुआ, परन्तु यह अनुबंध मात्र रू0 200.00 के स्टाम्प पेपर पर किया गया। इस तरह से राजकोष को स्टाम्प डयूटी की क्षति कारित की गई।

तीन वर्षो के लिए रू0 28750.00 प्रतिमाह की दर से यह अनुबंध हुआ तो उस पर इंडियन स्टाम्प एक्ट 1899 अनुसूची 1 ख अनुच्छेद 35 के अनुसार 12.5 प्रतिशत स्टाम्प डयूटी की दर से रू0 129375.00 स्टाम्प डयूटी देय थी परन्तु ऐसा न करके राजकीय कोष की क्षति की गई है। जिसकी वसूली ब्याज सहित के लिए दोषी जिला पंचायत के उच्चाधिकारी एवं अन्य पक्षों से वसूली ब्याज सहित के लिए जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत पदाधिकारियों तथा अन्य विभागीय उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-75क)

प्रस्तर:-75. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2017-18 की लेखा परीक्षा के दौरान दिनांक 10.08.2017 को मेरठ-हापुड-बुलन्दशहर बस आॅपरेटर्स एसोसिएशन मेरठ एवं जिला पंचायत मेरठ के बीच हुए अनुबंध/इस्ट्रूमेंटस, 3 वर्षो के लिए किया गया था तथा रू0 28750 प्रतिमाह की दर से तीन वर्षो के लिए था, इंडियन रजिस्ट्री एक्त 1908 की धारा 17(1)डी के प्रावधानों के अनुसार इसकी रजिस्ट्री होनी चाहिए थी परन्तु ऐसा न करके 2 प्रतिशत रजिस्ट्री शुल्क की दर से कुल रू0 20700.00 की राजकीय कोष की क्षति की गई, जिसके लिए दोषी जिला पंचायत के उच्च अधिकारी एवं बस आॅपरेटर्स यूनियन दोषी है। दोषी गणों से वसूली ब्याज सहित हेतु जिला पंचायत सदस्य, पदाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों का ध्यान आवश्यक कार्यवाही हेतु आकृष्ट किया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-75ख)

प्रस्तर:-76. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2017-18 की लेखा परीक्षा के दौरान क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी कार्यालय के अभिलेखों के अनुसार जनपद में वर्ष 2017-18 के दौरान कुल कार्यरत रह। ईंट भटटों की संख्या 237 थी, जबकि जिला पंचायत अभिलेखों के अनुसार वर्ष 2017-18 में कुल 143 भटटों से दर प्रति भटटा रू0 6000 सी0पी0 टैक्स वसूला गया, जिनका विवरण ब्लॉक वाइज निम्न प्रकार है-

क्रमांक	नाम ब्लॉक	ईट भटटों की संख्या जिन पर टैक्स लगया और वसूला गया रू0 6000.00 की दर से
1	मवाना	12
2	सरधना	17
3	सरूरपुर	15
4	जानी	5
5	परीक्षितगढ	15
6	खरखौदा	9
7	रोहटा	18
8	दौराला	9
9	हस्तिनापुर	13
10	रजपुरा	26
11	माछरा	4
12	मेरठ	0
	योग	143

इस तरह मेरठ के कर निर्धारण एवं वसूली ब्याज सहित कार्मिकों एवं उच्चाधिकारियों ने जनपद में कुल 94 भटटों पर सीपी टैक्स अवधारित और वसूल न करके कुल रू0 564000.00 की जिला पंचायत मेरठ को आर्थिक क्षतिकारित की है। इस

संबंध में दोषी कार्मिकों के प्रति वसूली ब्याज सहित कार्यवाही हेतु जिला पंचायत के समस्त सदस्यों, पदाधिकारियों एवं उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-76)

प्रस्तरः-77. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2017-18 की लेखा परीक्षा के दौरान निम्न पत्रांको के माध्यम से निम्न प्रकार धनराशि का प्रेषण विभिन्न तिथियों में जारी चैक्स के माध्यम से उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड को नियमावली 2009 के प्रावधानों के परिपालन में किया गया है।

उक्त धनराशि का कर्मकार कल्याण बोर्ड को प्रेषण ठेकेदारों को संदेश बिलों से 1 प्रतिशत उपकर की कटौती के उपरान्त किया जाना था ताकि उक्त उपकर का वास्तविक बोझ मात्र ठेकेदारों पर ही पड़े। परन्तु बडे ही ताज्जुब की बात है कि ठेकेदारों के संदेश बिलों में पहले पूर्णतया अविधिक ढंग से 1 प्रतिशत उपकर राशि जोडकर तदुपरांत छदम ढंग से 1 प्रतिशत की काल्पनिक कटौती दर्शाकर ठेकदारों को उनके बिलों का भुगतान संपूर्ण आलोच्य अवधि वर्ष 2016-17 के दौरान किया जाता रहा। जिसके सार तत्व के रूप में 1 प्रतिशत उपकर कटौती का बोझ अंततः निम्न प्रकार जिला पंचायत कोष पर ही पडा जो कि क्षेत्र पंचायत कोष मेरठ की गंभीर क्षति है। ठेकेदारों के बिलों से 1 प्रतिशत उपकर की वास्तविक कटौती के स्थान पर यह दिखावटी कटौती ठेकेदारों को लाभ पहुचाने की मंशा से की गई है, विवरण निम्न प्रकार है-

क्र0माह उपश्रम आयुक्त मेरठ को प्रेषित पत्रांक एवं दिनांक जिसके द्वारा उपकर राशि भेजी गयी	धनराशि रू0 में
1.अप्रैल 2017 पंत्राक-976 दिनांक 12.07.2017	36468.00
2.मई 2017 पंत्राक-976 दिनांक 12.07.2017	104348.00
3.जून 2017 पंत्राक-1207 दिनांक 09.08.2017	146813.00
4.जुलाई 2017 पंत्राक-1509 दिनांक 03.09.2017	122075.00
5.अगस्त 2017 पंत्राक-2059 दिनांक 06.11.2017	55564.00
6.सितम्बर 2017 पंत्राक-4824 दिनांक 03.10.2016	98701.00
7.अक्टूबर 2017 पंत्राक-4328 दिनांक 08.01.2018	140398.00
8.नवम्बर 2017 पंत्राक-4799 दिनांक 06.03.2018	4220.00
9.दिसम्बर 2017 पंत्राक-5095 दिनांक 03.04.2018	30522.00
10.जनवरी 2017 पंत्राक-5095 दिनांक 03.04.2018	64722.00
11.फरवरी 2017 -	-
12.मार्च 2017 पंत्राक-55 दिनांक 06.04.2017	363273.00
योग 705124.00	

ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने की मंशा से उनके संदेश बिलों से छदम कटौती दर्शाकर जिला पंचायत कोष मेरठ को कारित उक्त क्षति राशि रू0 705124 X 2 = 1410248.00 के संबंध में उत्तरदाई व्यक्तियों से स्पष्टीकरण अपेक्षित है।

उत्तरदाई व्यक्ति-

1-तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी।
2-वी0 पी0 डी0 तत्कालीन
3-तत्कालीन अवर अभियन्ता
4-जे0ई0 तत्कालीन
5-लेखाकार तत्कालीन
6-पटलधारी

(मूल आपत्ति सं0-77)

प्रस्तरः-78. जिला पंचायत मेरठ वर्ष वर्ष 2017-18 की लेखा परीक्षा में जिला पंचायत में तैनात रहे कार्मिकों की पेंशन भुगतान हेतु राज्य वित्त आयोग से निम्न प्रकार फंड ट्रांसफर करना कैशबुक में दर्शित है-

दिनांक	बाउचर सं0	धनराशि
14.07.2017	56	3000000.00
20.12.2017	61	4000000.00

योग 7000000.00

उत्तर प्रदेश जिला पंचायत कर्मचारी सेवानिवृत्ति लाभ नियमावली 1972 तथा उत्तर प्रदेश जिला पंचायत केंद्रीय संक्रामय संवर्ग सेवानिवर्त लाभ नियमावली 2001 के नियम संख्या 11 का स्पष्ट रूप से उल्लंघन करके यह धनराशि ट्रांसफर की गई है। नियम संख्या 11 के अनुसार अपर मुख्य अधिकारी प्रत्येक महीने उस निधि से संबंध कर्मचारियों/अधिकारियों का वेतन देय हो, फाइनेंसियल हैडबुक के नियम संख्या 116 के अधीन उसे जिला पंचायत पेंशन निधि एवं परिक्रामी निधि के नाम जमा कराएगें। क्योंकि जिला पंचायत कार्मिकों को वेतन जिला निधि से देय होता है। अतः पेशंन अंशदान भी जिला पेशंन निधि से देय था। बजाय जिला निधि के, राज्य वित्त आयोग से पेंशन अंशदान जुटाना राज्य वित्त आयोग के अनुदान का गंभीरतम दुरूपयोग है। साथ ही यह उत्तर प्रदेश जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत अधिनियम 1961 की धारा 102(3) बी का भी उल्लघंन है। अस्तु यह राज्य वित्त आयोग के अनुदान की क्षति का प्रकरण होने के कारण इसमें क्षतिपूर्ति कराई जानी अपेक्षित है।

उत्तर प्रदेश जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट एवं सामान्य लेखा) नियमावली 1965 के नियम 175, 176 तथा 177 में व्यवस्था अनुसार निहित प्रावधानो के अनुरूप कार्यवाही करने हेतु अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत की वित्त समिति, कार्य समिति तथा समस्त सदस्यों का ध्यान विशिष्ट रूप से आकृष्ट किया जाता है कि वे अपने दायित्व निर्वहन के उपरान्त अपनी कार्यवाही से डी0एम0 महोदय को दो प्रतियों में अवगत कराये जो मामले को मंडलायुक्त के माध्यम से कृषि उत्पादन आयुक्त एवं आयुक्त ग्राम्य विकास एवं शासन को प्रेषित कर सके।

उत्तरदायी व्यक्तियों/पदाधिकारी/अधिकारी-

1-ए0एम0ए0।

2-वी0पी0डी0।

3-लेखाकार।

(मूल आपत्ति सं0-77क)

<u>प्रस्तरः-</u>79. जिला पंचायत मेरठ वर्ष वर्ष 2017-18 की लेखा परीक्षा में जिला पंचायत में सितम्बर 2016 में की गई 6 कार्मिकों की नियुक्ति के परिणाम स्वरूप वर्ष 2017-18 में निम्न प्रकार कार्मिकों के भुगतान हेतु राज्य वित्त आयोग की क्षतिकारित की गई-

क-यूपी0 जिला पंचायत सर्विस रूल्स 1970 के नियम सं0 5(1), 5(2) क, ख एवं ग का उल्लघंन करते हुए नियुक्तियां की गई है। नियम 5(1) के क्रम में जिला पंचायत में रक्षित अधिष्ठान पत्रावली (एस्टेब्लिशमेंट्स फाइल) बार-बार मांगने पर भी लेखा परीक्षा दौरान जांच हेतु प्रस्तुत नही की गई।

ख-यूपी जिला पंचायत सेवा नियमावली 1970 के नियम 22 एवं 25 का उल्लघंन करके, जिला सेवायोजन कार्यालय/उप संभागीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ से अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र आंमत्रित/एकत्रित नही किए गये। और न ही किसी स्थानीय समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित कराये जाने का कोई साक्ष्य लेखा परीक्षा दौरान प्रस्तुत किया गया।

ग-नियमावली की अनुसूची 'क' में निर्दिष्ट कम्प्यूटर पद हेतु वांछित योग्यता का भी ध्यान नही रखा गया।

घ-इस भर्ती द्वारा राज्य वित्त आयोग अनुदान की निम्न धनराशि की क्षतिकारित की गई

तिथि	कैशबुक पृष्ठ सं0 जिस पर व्यय दर्ज है।	धनराशि
06.04.2017	02	137034.00
06.05.2017	09	137034.00
03.06.2017	15	137034.00
03.07.2017	25	139819.00
04.08.2017	35	137034.00
01.09.2017	41	138671.00
04.10.2017	48	137472.00
01.11.2017	64	137472.00
01.12.2017	70	137472.00
01.01.2018	79	159250.00
12.02.2018	90	160710.00

28.03.2018	116		160710.00
		योग	1719712.00

इस धनराशि की वसूली ब्याज सहित अपेक्षित है। उत्तरदायी व्यक्ति/पदाधिकारी
1-तत्कालीन ए0एम0ए0।
2-तत्कालीन वी0पी0डी0 ।
3-तत्कालीन एकाउन्टेट।

(मूल आपत्ति सं0-78)

<u>प्रस्तर:-</u>80. जिला पंचायत मेरठ वर्ष वर्ष 2017-18 की लेखा परीक्षा जांच दौरान उपलब्ध कराए गये वर्गीकृत आंकडो के सार पत्र वर्ष 2017-18 के अनुसार मेला मखदूमपुर आयोजन पर कुल रू0 3659652.00 खर्च किए गए।
उक्त धनराशि व्यय के संबंध में निम्न गंभीर आपत्तियां है-
1-जिला पंचायत मेरठ की आर्थिक स्थिति ठीक नही है, जिला पंचायत की अपने निजी स्ा्रोतों से जो आमदनी होती है, वह उसके अपने भारी भरकम स्टाफ के मात्र वेतन हेतु ही अपर्याप्त रहती है, जिला पंचायत कार्मिकों को वर्ष में जितना केवल भुगतान किया जाता है वह जिला पंचायत की अपने निजी स्ा्रोतों से आय के लगभग बराबर ही होती है।
इस पर तुर्रा यह है कि जिला पंचायत कार्मिकों को अपनी पेशंन तथा अन्य अनुतोष खर्चो के लिए राज्य वित्त आयोग के अनुदान का सहारा लेना पडता है, यह परजीवी जैसी स्थिति है। ऐसी स्थिति में भी जिला पंचायत मेरठ द्वारा मेलों के आयोजन जैसा अनुपयोगी कार्य करना उचित नही था, परन्तु परजीवीपन स्थिति में भी जिला पंचायत मेरठ द्वारा यह फिजूल खर्ची की गयी।
2-उक्त मेला आयोजन से वर्ष में कोई एक नया पैसा भी आय मद में अर्जित नही हुआ। जबकि वाहन पार्किंग तथा व्यापारिक गतिविधियों एवं विभिन्न संस्थाओं के स्टालों पर शुल्क का प्रावधान कर आय अर्जित की जा सकती थी। इसमें कुछ भी अनियमितता/अवैधानिकता नही थी परन्तु ऐसा नही किया गया।
3-उक्त मेले पर तमाम व्यय बिना एस्टीमेट के किए गए।
4-तमाम व्यय सामान्य मितव्ययिता की समझ (बेसिक इकोनामिक इंटीयूशन) की अवहेलना कर लापरवाही पूर्ण ढंग से किए गए।
5-गंगा तट पर किया गया किसी भी प्रकार का जनता का संगम गंगा में प्रदूषण को बढावा देने वाला होता है, इससे पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहंुचती है।

अतः इस प्रकार के आयोजनों से पूर्व जिला पंचायत गंगा प्रदूषण के पक्ष पर गंभीरता से विचार करे तथा आलोच्य वर्ष में इस प्रकार के अनावश्यक आर्थिक और पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले आयोजनों के लिए उत्तरदायी जिला पंचायत के अधिकारियों तथा पदाधिकारियों के विरूद्ध इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु वित्त समिति, कार्य समिति एवं जिला पंचायत सदस्यों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-79)

<u>प्रस्तर:-</u>81. जिला पंचायत मेरठ वर्ष वर्ष 2017-18 की लेखा परीक्षा में संपत्ति एवं विभव कर नियमावली 1994 के प्रावधानों के अनुसार संपत्ति एवं विभव कर के रूप में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत शराब की दुकाने एक महत्वपूर्ण आय का श्रोत होती है। प्रत्येक जिला पंचायत अपने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिवर्ष कार्य करने वाली शराब की दुकानों पर विभव कर का अवधारण किया गया है। जिला पंचायत की उप विधियों के अनुसार देशी मदिरा और विदेशी मदिरा की प्रत्येक दुकान पर पर रू0 6000.00 और बीयर की दुकार पर रू0 3000.00 तथा मा ॅडल शा ॅप पर रू0 6000.00 की दर से यह कर अवधारित और वसूलने का प्रावधान किया गया है।

परन्तु यह चैकाने वाला तथ्य है कि जनपद में वर्ष 2017-18 के दौरान मदिरा की जितनी दुकाने कार्यरत रही, उनके सापेक्ष जिला पंचायत ने बहुत कम दुकानों पर अपना कर अवधारित कर लापरवाही का परिचय दिया है, और लापरवाही के कारण जिला पंचायत कोष की अपूर्णनीय क्षति हुई है। जिला पंचायत के टैक्स अवधारणा रजिस्टर की समीक्षा से यह अंतर सामने आता है।
निम्न तालिका से जिला पंचायत द्वारा अपने टैक्स रजिस्टर में दर्ज टैक्स अवधारित मदिरा दुकानों एवं जिला आबकारी अधिकारी, मेरठ द्वारा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत रही दुकानों की सूचना में चैकाने वाला अंतर का विवरण स्पष्ट होता है-

आइटम	उन दुकानो की सं0 जिन पर जिला पंचायत ने कर अवधारित किया	जिला आबकारी अधिकारी द्वारा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों मे कार्यरत रही बताई दुकानों की संख्या	दोनो में अंतर	जिला पंचायत द्वारा दुकानो की अंतर संख्या पर टेक्स्ट छोडकर जिला पंचायत को कारित क्षति धनराशि रू0
देशी मदिरा	45	180	135	810000
विदेशी मदिरा	40	105	65	390000
बीयर	53	98	45	135000
मॉडल शॉप	-	1	1	6000
			योग	1341000

जिला आबकारी अधिकारी द्वारा जनपद में कार्यरत रही सूचित की गई मदिरा दुकानों और जिला पंचायत द्वारा टैक्स अवधारित दुकानों की संख्या में अंतर के परिणाम स्वरूप जिला पंचायत कोष को बडी धनराशि से वंचित रखा गया है।

अतः जिला पंचायत की वित्त समिति, कार्यसमिति और समस्त जिला पंचायत का ध्यान इस ओर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु आकृष्ट किया जाता है।

दोषी अधिकारि गण-1 तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी।

2-तत्कालीन कार्याधिकारी।

(मूल आपत्ति सं0-80)

प्रस्तर:-82. जिला पंचायत मेरठ वर्ष वर्ष 2017-18 की लेखा परीक्षा में कैशबुक में कतिपय निम्न तिथियों में चेक और डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से आय पक्ष में आमद दर्ज की गई है-

दिनांक	धनराशि	चेक/डिमांड ड्राफ्ट माध्यम से धनराशि लाकर जमा करने वाले जिला पंचायत कार्मिक का नाम	टिप्पणी
29.04.2017	11004	अनिल रस्तौगी	किराया चेक के जरिये
29.04.2017	6000	अनिल रस्तौगी	टैक्स चेक के जरिये
04.09.2017	30000	अनुज पंवार	किराया चेक के जरिये
11.09.2017	10000	अनुज पंवार	किराया चेक के जरिये
13.03.2017	6000	अनिल रस्तौगी	टैक्स डिमांड ड्राफ्ट के जरिये
		योग	**633004**

चेक्स एवं डिमांड ड्राफ्ट के जरिये टैक्स और किराया वसूली ब्याज सहित की यह प्रक्रिया अत्यन्त जोखिम पूर्ण है, क्योकि चेक बाउंस होने की स्थिति में तथा किसी अन्य कारण से डिमांड ड्राफ्ट का भी भुगतान न होने की स्थिति में जिला पंचायत को आर्थिक क्षति होगी, जिसके लिए कर संग्रहकर्ता तथा अकाउटेंट और अन्य जिम्मेदार अधिकारी उत्तरदाई होगें।

अतः उक्त प्रकरण में यह सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है कि टैक्स और किराए जो टैक्स और डिमांड ड्राफ्ट के जरिये प्राप्त किये गये उनका नकदीकरण हुआ अथवा नही। प्रकरण की ओर उच्चाधिकारियों, वित्त समिति कार्य समिति और जिला पंचायत का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-80ख)

प्रस्तर:-83. जिला पंचायत मेरठ वर्ष वर्ष 2017-18 की लेखा परीक्षा में जिला पंचायत मेरठ के कचहरी स्थित भवन निर्माण कार्य के संबंध में निम्न गंभीर आपत्तियां है-

1-यह भवन जिस भूमि पर बनाया गया है, उस पर जिला पंचायत के मालिकाना हक से संबंधित साक्ष्य बार-बार मांगने पर भी आॅडिट जांच दौरान प्रस्तुत नही किए गये। संज्ञान में आया है कि उक्त भूमि पर जिला पंचायत का कोई मालिकाना हक नही है, केवल इस पर कब्जा है, अतः जो भूमि जिला पंचायत की है ही नही उस पर अपनी विशाल धनराशि से ढाचा खडा करना अवैध है।

2-संपूर्ण भवन की इमारत का कभी एक साथ एस्टीमेट तैयार कर निर्माण हेतु निविदाये आंमत्रित नही की गई, बल्कि यह कार्य टुकडो में कराया गया, भूतल पर निर्माण कार्य, प्रथम तल पर निर्माण कार्य, साज-सज्जा, वाटर कूलर एवं जनरेटर सेट क्रय हेतु इस तरह कई बार टुकडों में विभाजित कर, अलग अलग नामों से संपूर्ण इमारत के लिए विज्ञप्ति निकाली गई है, जो कि गंभीर आपत्तिजनक है।

3-दूसरों की भूमि पर अपनी इमारत का नक्शा एम0डी0ए0 द्वारा स्वीकृति हेतु आवेदन करना और एम0डी0ए0 द्वारा बिना स्वामित्व के साक्ष्यों की पडताल किए ही इमारत का नक्शा स्वीकृत करना और कराना गैर कानूनी है।

4-इस भवन के टुकडों में कई बार तैयार कराये गये नक्शे, डिजाइन, तथा प्लान हेतु जो एस्टीमेट तैयार कराये गये वे जिस आर्किटेक्चर से तैयार कराई गई व अलग था और जिस अवर अभियन्ता एवं अभियन्ता ने निर्माण कार्यो की माप पुस्तिका/भुगतान हेतु बिल तैयार किये वह अलग थे, यह गंभीर अनियमितता रही।

5-कचहरी स्थित यह भवन निर्माण कब प्रारम्भ किया गया और 01.04.2016 से पहले इस पर कुल कितना खर्च आ चुका था, इस संबंध में बार-बार रिकार्ड मांगने पर भी प्रस्तुत नही किया गया।

6-वर्ष 2017-18 की कैशबुक में कचहरी स्थित इस भवन निर्माण पर निम्न प्रकार व्यय दर्शित किया गया है-

क्र0सं0	दिनांक	वाउचर नम्बर	धनराशि
1	20.06.2017	25	50000.00
2	20.06.2017	26	50000.00
3	20.06.2017	27	35000.00
4	27.06.2017	109	533000.00
5	14.07.2017	53	1019115.00
6	01.11.2017	14	966300.00
7	08.12.2017	60	38214.00
		योग	**2691629.00**

इस प्रकार उपर्युक्त ढंग से जिला पंचायत कोष की गंभीर क्षतिकारित किए जाने तथा पूर्णता मनमाने ढंग से दूसरों की भूमि पर ढाचा खडा करने के उपर्युक्त प्रकरण में जिला पंचायत की वित्त समिति, कार्य समिति एवं समस्त जिला पंचायत का ध्यान आवश्यक वसूली ब्याज सहित की कार्यवाही हेतु आकृष्ट किया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-86)

प्रस्तर:-84. जिला पंचायत मेरठ वर्ष वर्ष 2017-18 की लेखा परीक्षा में जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत निर्माण कार्य निमयावली 1984 के नियम सं0 39 में यह प्रावधान है कि अंतिम भुगतान से पूर्व रू0 5.00 लाख से 10.00 लाख तक के व्यय पर परिक्षेत्रीय अधिशासी अभियन्ता (नियोजन) द्वारा निरीक्षण किया जायेगा एवं 10.00 लाख से अधिक के व्यय पर अधीक्षण अभियन्ता (अल्प सिंचाई) के द्वारा निरीक्षण किया जायेगा, जिसका अनुपालन जिला पंचायत, मेरठ द्वारा नही कराया गया है।

आलोच्य वर्ष 2016-17 में जिला पंचायत मेरठ द्वारा 5.00 से 10.00 लाख तक के भुगतान (निर्माण कार्य से सम्बन्धित) योग रू0 64490242 एवं वर्ष 2017-18 में रू0 198545211 किया गया है, जिसका परीक्षण उक्त नियमानुसार अधिशासी अभियन्ता (अल्प सिंचाई) द्वारा नही कराया गया है, जो कराया जाना अपेक्षित था। अतः उक्त भुगतान को गंभीर अनियमितता की श्रेणी में रखा जाता है।

इसी प्रकार आलोच्य वर्ष 2016-17 में जिला पंचायत मेरठ 10 लाख से ऊपर के भुगतान (निर्माण कार्य से सम्बन्धित) योग रू0 30275677.00 एवं वर्ष 2017-18 में रू0 55349319.00 किया गया है, जिसका परीक्षण उक्त

नियमानुसार अधीक्षण अभियन्ता (नियोजन) द्वारा नही कराया गया है, जो कराया जाना अपेक्षित था। अतः उक्त भुगतान को गंभीर अनियमितता की श्रेणी में रखा जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-88)

प्रस्तर:-85.जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2021-22 द्वारा विभिन्न प्रकार के कर टैक्स राजस्व के रूप में प्राप्त किए जाते हैं जिससे जिला पंचायत कीआर्थिक स्थिति सुदृढ हो सके। राजस्व से प्राप्त होने वाली धनराशि की वसूली ब्याज सहित यथा समय कर ली जानी चाहिए, जिससे जनोउपयोगी कार्यों को कराया जा सके जिला पंचायत के संपत्ति व विभव कर रजिस्टर व कर निर्धारण सूची की जांच में पाया गया कि उत्तर प्रदेश जिला पंचायत विभव व संपत्ति का आरोपण (निर्धारण व वसूली ब्याज सहित) नियमावली (1994 के अध्याय 03 (तीन) के अनुसार संपत्ति व विभव कर की वसूली ब्याज सहित नहीं की जा रही है। आलोच्य वर्ष 2021-22 में संपत्ति व विभव कर को बकाया अंकन रुपए रू0 342.45 लाख अवशेष धनराशि रही। वर्षान्तमें वसूली ब्याज सहित हेतु रु.342.45 लाख धनराशि का विशेष रहना अधिकारियों की वसूली ब्याज सहित के प्रति शिथिलता का घोतक है बकाया धनराशि की वसूली ब्याज सहित हेतु ठोस कार्यवाही करने हेतु उच्च अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है। संस्था स्तर पर इतना अधिक बकाया अनियमित रहा, जिसका उत्तरदायित्व अपर मुख्य अधिकारी, श्री सुनिल गुप्ता तथा कर निरीक्षक श्रीमती एकता पंडित का रहा।

(मूल आपत्ति सं0-24)

प्रस्तर:-86. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2021-22 में पंचायतीराज अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या -1066/33-3-2021-38/2021 दिनांक 02 जुलाई 2021 द्वारा प्रदत्त व्यवस्था के अनुसार यह निर्णय लिया गया है कि क्षेत्र पंचायतें एवं जिला पंचायतें ग्राम पंचायतों के साथ-साथ ग्राम पंचायत क्षेत्र में एल0इ0डी0 लाइट लगाने का कार्य कर सकती है। उपरोक्त तीनों स्तर की पंचायतों द्वारा लगाई लाने वाली एल0इ0डी0 लाइट की जियो-टैगिंग की जाएगी ताकि डुप्लीकेसी को रोका जा सके। लगाई गई एल0इ0डी0 स्ट्रटी लाइट में विघुत बिल का भुगतान तथा इनका मेन्टीनेन्स (गारण्टी अवधि के पश्चात्) सम्बन्धित ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा। उक्त के अनुपालन में क्षेत्र पंचायत द्वारा वर्ष 2021-22 में निम्न विवरणानुसार एल0ई0डी0 स्ट्रटी लाइट का कार्य कराया गया है –

क्रम सं	ऐक्टिविटी कोड	ऐक्टिविटी नेम	Total Expenditure (in Rs.)
1	55385847	विकास खंड सरधना के विभिन्न ग्राम पंचायतों मे एल0ई0ड़ी0 लाइटस की स्थापना कार्य	177000
2	55389000	विकास खंड दौराला के विभिन्न ग्राम पंचायतों मे एल0ई0ड़ी0 लाइटस की स्थापना कार्य	4696400
3	55383753	विकास खंड रोहटा के विभिन्न ग्राम पंचायतों मे एल0ई0ड़ी0 लाइटस की स्थापना कार्य	3131720
4	55374784	विकासखंड जानी के विभिन्न ग्राम पंचायतों मे एल 0 ई0ड़ी0 लाइटस की स्थापना कार्य	5011460
5	55385735	विकास खंड सरूरपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों मे एल0 ई0ड़ी0 लाइटस की स्थापना कार्य	2505140
6	55385672	विकास खंड परीक्षितगढ़ के विभिन्न ग्राम पंचायतों मे एल0ई0ड़ी0 लाइटस की स्थापना कार्य	1168200
7	55377369	विकास खंड खरखौदा के विभिन्न ग्राम पंचायतों मे एल0ई0ड़ी0 लाइटस की स्थापना कार्य	495600
8	55990060	विकास खण्ड मेरठ में विभिन्न ग्राम पंचायत में एल0ई0डी0 कार्य	1711000
9	55518606	विकास खंड हस्तिनापुर के विभिन्न ग्राम पंचयातों मे एल0ई0ड़ी लाइटस की स्थपना कार्य	1557600

10	55515824	विकास खंड माछरा के विभिन्न ग्राम पंचयातों मे एल0ई0ड़ी0 लाइटस की स्थापना कार्य	3755940
		योग-	**24210060**

शासनादेश के अनुसार उपरोक्त कार्यो में लेखा परीक्षा के अनुसार निम्न कमियां पायी गयी-

1- जिला पंचायतें एल0ई0डी0 लाइटों क्रय अनिवार्यत: जैम पोर्टल से करेगी। जिसका पालन नहीं किया गया है।

2. एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड उर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक रजिस्टर्ड कम्पनी है तथा ई.ई.एस.एल.,एल.इ.डी. लाइट की स्थापना में दक्षिता भी रखती है। अत: पंचायतें ई.ई.एस.एल.से लाइट के क्रय अथवा क्रय एवं स्थापना की कार्यवाही की जायेगी जिससे न कर स्थानीय ठेकेदार के माध्यम से कार्य कराया गया है।

3-कराये गये कार्यो के व्यय प्रमाणक उपलब्ध नहीं कराये जिससे पंचायती राज अनुभाग के शासनादेश सं0 1570 /33-3-2021-38 /2020 दिनांक 24 अगस्त 2021 के अनुपालन में 45 वाट एल0ई0डी0 लाईट के दर की जांच नहीं की जा सकी।

इस प्रकार उपरोक्त शासनादेशों का पालन न कर रू0 24210060.00 का अनियमित व्यय किया गया है व्यय प्रमाणक तकनीकी तथा वित्तीय स्वीक़ति सम्बन्धी पत्रावली उपलब्ध न कराये जाने की स्थिति में गम्भीर अनियमितता की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। जो उत्तर प्रदेश जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत (बजट तथा सामान्य लेखा) नियमावली 1965 के नियम 174 के विपरीत रहा एंव उक्त नियमावली के नियम 177 के अधीन अपर मुख्य अधिकारी एंव लेखाकार का दायित्व निर्धारण किया जाता है।

(मूल आपत्ति सं0-49)

प्रस्तर:-87.जिला पंचायत मेरठ की आलोच्य वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कैशबुक के अनुसार वर्ष की कुल आय रू0 2835.07 लाख दर्शित है, जबकि आलोच्य वर्ष में विभिन्न मदों के अर्न्तगत सरकार से प्राप्त अनुदान की धनराशि रू0 2266.45 लाख एवं निजी स्रोत से प्राप्त धनराशि अंकन रू0 575.46 लाख रही। इस प्रकार संस्था की कुल आय रू0 2841.91 लाख रही। अंतर की धनराशि रू0 6.84 लाख को कम अंकित करा गया, जो कि गंभीर आपत्तिजनक रहा। उक्त के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की जानी आपेक्षित है। अन्यथा की दशा में उक्त धनराशि की वसूली ब्याज सहित अपर मुख्य अधिकारी श्री सुनील गुप्ता व लेखाकार श्री योगेन्द्र कुमार से की जानी आपेक्षित है।

(मूल आपत्ति सं0-43)

प्रस्तर:-88. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2021-22 में पंचायती राज अनुभाग दो के शासनादेश संख्या 866 /33-2-14-93जी/2004 टीसी दिनांक 24 जून 2014 द्वारा जिला पंचायतों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं। उक्त शासनादेश के बिंदु संख्या (03) के अनुसार जिला पंचायतें प्राप्त विभिन्न अनुदान उसे दो या अधिक क्षेत्र पंचायतों को लाभान्वित करने वाले कार्यों को संपादित कराएंगे। साथ ही तीनों पंचायती राज संस्थाओं द्वारा क्षेत्राधिकार के संबंध में निर्धारित किए गए मार्गदर्शी सिद्धांतों के अतिक्रमण की संभावना व्यक्त करते हुए अतिक्रमण की दशा में अनियमितता, भ्रष्टाचार एवं डुप्लीकेसी की संभावना से इनकार नहीं किया गया है। संस्था द्वारा लेखा परीक्षा में अन्तरिम आपत्ति के क्रम में अवगत कराया गया कि उक्त कार्य बोर्ड द्वारा पारित है संस्था का उत्तर मान्य नहीं रहा। उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम की धारा 63 के अनुसार, उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम और उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम से सम्बन्धित विषयों को शामिल करते हुये प्रत्येक वर्ष एक जिला विकास योजना तैयार किया जाना था। पंचायती राज संस्थाओं द्वारा बनायी गयी योजनाओं को जिला पंचायत से स्वीकृत कराने हेतु, जिला पंचायत को योजनाओं को समेकित करना था। राज्य सरकार ने जनवरी 2005 और जून 2014 में निर्देश जारी किये कि कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व, कार्यों का चयन संबंधित पंचायत की बैठकों में प्रस्तावों की स्वीकृति के द्वारा नियमानुसार किये जायेंगे और ऐसे प्रकरण अध्यक्ष या पंचायत के कुछ सदस्यों के विवेक पर नहीं छोड़ा जायेगा। लेखापरीक्षा में पाया गया कि जिला पंचायतों द्वारा संसाधनों के उपभोग हेतु वर्ष के प्रारम्भ में एक वार्षिक योजना तैयार करने के स्थान पर केन्द्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग अनुदान के प्रत्येक किश्त (वर्ष में भारत सरकार से प्राप्त दो किश्तों एवं राज्य सरकार से प्राप्त दो किश्तों) हेतु अलग से कार्ययोजना बना रहे थे। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत द्वारा क्षेत्र पंचायतों की योजनाओं को भी शामिल करते हुए वार्षिक जिला विकास योजना समेकित किया जा रहा था।

क्रमांक	कार्य आई0डी0	कार्य का नाम	योजना	धनराशि

1	55316849	थिरेट में ट्रांसफार्मर से रमन के खेत तक नाला निर्माण	पन्द्रहवां वित्त	457856
2	55274705	फिटकरी मेन रोड से नाला तक नाला निर्माण	पन्द्रहवां वित्त	770489
3	55274326	अरनावाली में राजवीर पुत्र सोहन सिंह के खेत से तालाब तक नाला निर्माण	पन्द्रहवां वित्त	418779
4	55326451	कुसेड़ी मे तालाब से मांगे के खेत होता हुआ ज़ोहरा की सीमा तक नाला निर्माण	पन्द्रहवां वित्त	3434076
5	55362057	कुसेड़ी मे ओपेन जिम खेल उपकरण स्थापना कार्य	पन्द्रहवां वित्त	638159
6	55311475	कुसेडी में ओपेन जिम खेल के मैदान पर इण्टर लार्किंग टाइल्स ट्रैक निर्माण	पन्द्रहवां वित्त	840000
7	54517131	बिजोली ऋषि त्यागी के खेत से राजेश्वर के खेत की ओर मिट्टी खड़ंजा	पंचम वित्त	922043
8	55490763	नंदपुरा मे अरुण के खेत से सुभाष के खेत तक मिट्टी खड़ंजा	पंचम वित्त	859320
9	55251059	दादरी कपिल के खेत से रामवीर के खेत की ओर मिट्टी खडन्जा	पंचम वित्त	872641
10	55523683	खेड़ी कला उर्फ देवली जैनपुर मे मुराद अली के खेत से आबिद के खेत तक मिट्टी खड़ंजा	पंचम वित्त	311669
11	54809880	जयसिंहपुर के शमशान तक मिट्टी खड़ंजा	पंचम वित्त	620229
12	54436270	पीरपुर सुभाष के खेत से राकेश के खेत की ओर मिट्टी खड़ंजा	पंचम वित्त	635588
13	54436171	दादरी राकेश के खेत से रिंकू के खेत की ओर मिट्टी खड़ंजा	पंचम वित्त	809739
14	54482100	जानी कला मे लियाकत के बाग से कब्रिशतान तक मिट्टी खड़ंजा	पंचम वित्त	319715
15	54481394	कलीना मे महिपाल के खेत से माया मास्टर के खेत तक मिट्टी खड़ंजा	पंचम वित्त	590352
16	54519000	मसूरी कुलदीप के खेत से सोनू के खेत तक मिट्टी खड़ंजा	पंचम वित्त	175924
17	54482213	शेखपुरी मे बृजेश के खेत से विनोद के खेत तक मिट्टी खड़ंजा	पंचम वित्त	419027
18	54475128	रिठाली के देवेंद्र के खेत से नरेश नाले तक मिट्टी खड़ंजा	पंचम वित्त	739900
19	54516180	नेक के रविंद्र पुत्र हरपाल के खेत से शेंकी पुत्र प्रेमपाल के खेत तक मिट्टी खड़ंजा	पंचम वित्त	509316
20	54475300	ग्राम डाहर के कब्रिस्तान से सतीश के खेत तक मिट्टी खड़ंजा	पंचम वित्त	166395
21	55311932	कुसेडी में विनोद के मकान से तालाब तक सीसी0	पंचम वित्त	539840
22	55326325	अस्सा में मुकेश के घर से बलेन्दर के घर तक सीसी0	पंचम वित्त	263200
23	55326344	अस्सा में आनन्द के घर से अनिल के घर तक सीसी0 कार्य	पंचम वित्त	1002739
24	54475300	ग्राम डाहर के कब्रिस्तान से सतीश के खेत तक मिट्टी खड़ंजा	पंचम वित्त	166395
25	55311997	कुसेडी में शिव मंदिर के पास से वेदपाल के मकान तक सीसी0 कार्य	पंचम वित्त	85680
26	54516544	सोलाना रफीक के खेत से रकावत प्रधान के खेत की ओर सी सी	पंचम वित्त	649600
27	55366366	कुसेडी में कब्रिस्तान की चार दिवारी निर्माण कार्य	पंचम वित्त	137760
		योग-		**17356431.00**

लेकिन इस योजना में वित्त आयोग के अनुदान से कराये गये कार्यों के साथ अपने स्वयं के संसाधनों से कराये गये कार्यों को शामिल नहीं किया गया था । साथ ही योजनायें, योजना समितियों के माध्यम से नहीं बनायी गयी थी इस प्रकार किया गया कुल व्यय रू0 17356431.00 अनियमित है जिस हेतु अपर मुख्य अधिकारी श्री राजेश कुमार मालवीय व लेखाकार श्री राजपति मौर्याका दायित्व निर्धारण (उत्तर प्रदेश जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत बजट तथा सामान्य लेखा नियमावली 1965 के नियम संख्या 176 के अंतर्गत) करते हुए विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है। स्पष्टीकरण प्राप्त न होने की दशा में ब्याज सहित वसूली ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

(मूल आपत्ति सं0-20)

प्रस्तरः-89. जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2021-22 में दुकान किराए की स्थिति निम्नवत रही-

क्रमांक	विवरण	धनराशि
1	वर्ष की मांग	4472591.00
2	अवशेष / विगत मांग	3042349.00
3	कुल मांग	7514940.00
4	वसूली ब्याज सहित	3527744.00
5	शेष	3987196.00

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि वर्ष के अंत में रू0 3987196.00 अवशेष रहा। उक्त धनराशि की वसूली ब्याज सहित न कर अनियमितता की गयी है, जिसका उत्त्रदायित्व कर निरिक्षक एंव अपर मुख्य अधिकारी का है।

(मूल आपत्ति सं0-27)

प्रस्तरः-90- जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2021-22 में उत्तर प्रदेश शासन के शासनदेश सं0 682 बी /3-3-314 (2) /84 दिनांक 20-03-1987 एंव 2203/3-2-797-43 बी)8) दिनांक 30-05-1982 के प्रावधानों के क्रम में जिला पंचायत को मृत पशु शव निस्तारण की आय का 50 प्रतिशत आय ग्राम पंचायतों को उनके विकास कार्य हेतु देय है जिला पंचायत मेरठ में इस मद के अर्न्तगत रू0 1921946.00 प्राप्त हुये किन्तु उक्त आय का 50 प्रतिशत जिला पंचायत स्थित ग्राम पंचायतों को स्थानान्तरित नहीं किया गया हैा इस प्रकार नियमविरूद्व तरीके से धनराशि को रोक कर रू0 960973.00 की वित्तीय अनियमितता की गयी है। जिसके लिये जिला पंचायत मेरठ के अपर मुख्य अधिकारी श्री सुनील गुप्ता व कर अधिकारी श्रीमती एकता पण्डित उतरदायी है।

(मूल आपत्ति सं0-38)

प्रस्तरः-91- जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2021-22 के मृत पशु शव निस्तारण पंजिका (मुर्दा मवेशी) की जांच में पाया गया कि आलोच्य वर्ष मेंरू0 4762140.15 ज्ञात वर्षों तथा रू01615000.00 वर्ष की मांग सहित कुल मांग अंकन रू0 6377140.75 के सापेक्ष रू01921946.00 की वसूली ब्याज सहित की गई। वर्ष में रू0 83.40 लाख की धनराशि अवशेष रही। इस प्रकार समिति पदाधिकारियों द्वारा नियमानुसार कार्यवाही न किए जाने से अनियमित रूप से रु 83.40 लाख की धनराशि बकाया हो गई। उक्त अमित अनियमितता के लिएअपर मुख्य अधिकारी व कर अधिकारी उत्तरदाई है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा प्रदत्त वर्गीकृत सार पत्र मेंमृत पशु निस्तारण से प्राप्त धनराशि रू0 1921946.00 अंकित है, जबकि मृत पशु शव निस्तारण रजिस्टर अनुसार यह धनराशि रु 1836250.00 है । अंतर रू0 85696.00 की धनराशि के संबंध में स्थिति स्पष्ट की जानी तथा आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

(मूल आपत्ति सं0-16)

प्रस्तरः-92- जिला पंचायत मेरठ वर्ष 2021-22 में उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत निर्माण कार्य नियमावली 1984 के नियम संख्या 39 के अनुसार रू0 5.00 लाख से अधिक की लागत से सभी निर्माण कार्यों का अन्तिम रूप से भुगतान किये जसने के पूर्व अधिशासी अभियन्ता द्वारा रू0 10.00 लाख से अधिक की लागत के सभी निर्माण कार्यों का अन्तिम रूप से भुगतान किये जाने से पूर्व परिक्षेत्रिय अभियंता द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। किन्तु निर्माण कार्यों के अन्तिम रूप से कार्यों के भुगतान के पूर्व उक्त प्रावधान का उल्लंघन कर निरीक्षण नही कराया गया। विवरण निम्नवत है-

क्रमांक	कार्य का नाम	मद	धनराशि (लाख में)
1	किनौनी में फक्कर शमाशान घाट तक नाला निर्माण कार्य	टाईड	38.86
2	सालेनगर से तालाब से गंगनहर की साईफन तक नाला निर्माण	टाईड	29.21
3	कुसेडी में तिवारी रोड से ईलम सिंह के खेत तक नाला निर्माण	टाईड	36.93
4	झुनझुनी में अशोक के प्लाट से तालाब तक नाला निर्माण	टाईड	10.29
5	मजक्कीपुर में ज्ञानवीर के खेत से कतलू के खेत तक नाला निर्माण कार्य	टाईड	37.99

6	कसेडी से हरिन्द्र के खेत से बिरम सिंह के खेत के आखिरी कोने तक नाला निर्माण	टाईड	32.45
7	अलीपुर में तालाब से शमशान घाट की ओर नाला निर्माण	टाईड	26.59
8	अलीपुर में इकबाल के खेत से पुराने नाले की ओर नाला निर्माण	टाईड	75.16
9	आखेपुर में मंगते के घर से नई जोहडी की ओर नाला निर्माण	टाईड	16.17
10	राधिना में इन्द्र के घर से तालाब की ओर नाला निर्माण कार्य	टाईड	10.55
11	सुल्तानपुर में जयफार के खेत से वकील के खेत तक नाला निर्माण	टाईड	11.09
	योग-		325.29

(मूल आपत्ति सं0-46)

जनपद -अमरोहा मण्डल -मुरादाबाद

प्रारूप - 4

जिला पंचायत से संबंधित आपत्तियां

जनपद -अमरोहा **अनुभाग**

. पंचायत

(1)जिला पंचायत -अमरोहा वर्ष – 2019-20

प्रस्तर-01- वर्ष 2019-20 में जिला पंचायत अमरोहा में मुर्दा-मवेशी से आय रू0 548162.00 की हुई है। उ.प्र. शासनादेश संख्या 2967/11/32-2002 दिनांक 07.10.2002 के अनुसार 50 प्रतिशत धनराशि रू0 274081.00 ग्राम पंचायतों को नहीं दी गयी है, जो दी जानी अपेक्षित है।

धनराशि – 274081.00

प्रस्तर-02- आलोच्य वर्ष में तेरहवां वित्त अनुदान खाते पर ब्याज से आय रू. 83252.00 की हुई है। वर्षान्त में दि. 31.03.2020 को 13वां वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान पर ब्याज का अवशेष रू. 2334996.00 था जिसे राज्य कोष में जमा नहीं किया गया। शासनादेश सं. ए-1-122/दस-2012-10(33)/2010 दि0 21.03.2012 के अनुसार यदि किसी संस्था के द्वारा शासन से अवमुक्त धनराशि को बैंक में जमा रखकर ब्याज अर्जित किया जाता है, तब अर्जित ब्याज संस्था की आय न होकर राज्य सरकार की आय होगी। जिसे राज्य कोष में जमा कर दिया जाना चाहिए। राज्य कोष में ब्याज राशि जमा न करके शासनादेश का उल्लंघन किया जा रहा है। जिसका दुरूपयोग किये जाने की संभावना है। यह योजना बन्द हो चुकी है। शासनादेश का पालन न करने के लिए अपर मुख्य विकास अधिकारी व वित्त परामर्शदाता उत्तरदायी हैं। उक्त ब्याज राज्यकोष में शीघ्र जमा किया जाना अपेक्षित है।

धनराशि – 2334996.00

प्रस्तर-03- आलोच्य वर्ष 2019-20 में मृत पशु शव निस्तारण का गत वर्ष का बकाया रू. 1309813.00 था जिसमें चालू मांग रू. 210000/- जोड़ने पर कुल मांग रू. 1519813.00 के सापेक्ष वसूली रू. 568162.00 मात्र की ही हुई है। इस प्रकार दिनांक 31.03.2020 को कुल उक्त मद का बकाया रू. 951651.00 रहा। जिसकी अविलम्ब शत प्रतिशत वसूली की जानी अपेक्षित है। बकाया वसूली में लापरवाही करने के लिए सम्बन्धित कार्मिकों का दायित्व निर्धारण करके उनके विरूद्ध उचित कार्यवही की जानी अपेक्षित है।

धनराशि – 951651.00

प्रस्तर-04- सम्पत्ति एवं विभव कर की विकास खंडोवार कुल बकाया निम्नलिखित विवरणानुसार है-

विकासखण्ड	कर बकाया	उत्तरदायी व्यक्ति
1- जोया	3983274.00	श्रीहेतराम, अनुभाग, मु.लि.
2- गजरौला	2192420.00	श्री राहुल, प्रथम श्रेणी लिपिक
3- गंगेश्वरी	1394223.00	श्री राहुल व जबर सिंह कर निरीक्षक
4- धनौरा	2133443.00	श्री राहुल व जबर सिंह कर निरीक्षक
5- अमरोहा	1475048.00	श्री हनुमान मिश्रा, कर निरीक्षक
6- हसनपुर	1807326.00	श्री राजाराम, कर निरीक्षक
योग	**12985734.00**	

उक्त बकाया राशि में विगत कई वर्षो से बकाया चली आ रही बड़ी धनराशियां भी है। अविलम्ब कारगर कार्यवाही करते हुए उक्त बकाया रू0 12985734.00 की वसूली की जानी अपेक्षित है।

धनराशि – 12985734.00

प्रस्तर-05- मासिक लेखा प्रपत्र(ड़) में दिनांक 31.03.2020 को दर्शित अन्तिम शेष राशियों के विवरण में रू. 2269873.00 तेरहवां वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान का बैंक में जमा राशि पर प्राप्त ब्याज दर्शाया है। किन्तु इस राशि को कुल अन्तिम राशियों के योग में नहीं जोड़ा गया। अपितु इसके स्थान पर रू. 2334996.00 अन्तिम शेष के विवरण में लिखकर जोड़ा गया है। अन्तर रू. 65123.00 का है। वास्तव में यह रू. 65123.00 बारहवां वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान की अपयुक्त अवशेष राशि है जिसे सरकार को वापिस न करके 13वां वित्त आयोग से प्राप्त ब्याज की अवशेष राशि रू. 2269873.00 में अनियमित रूप से जोड़कर रू. 2334996.00 दिखा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 31.03.2020 के लेखा प्रपत्र में यह प्रारम्भिक शेष राशियों के विवरण में रू. 65123.00 लिखा तो है किन्तु मद का उल्लेख नहीं किया गया है। प्रपत्र में अन्तिम शेष की राशियों को अलग-अलग उपरोक्तानुसार दर्शाया जाना व रू. 65123.00 12वां वित्त आयोग से प्राप्त अवशे, राशि सरकार को वापिस किया जाना अपेक्षित है। वास्तविक स्थिति को छुपाने व 12वां वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान को सरकार को वापिस न करके 13वां वित्त आयोग की जमा राशि के ब्याज में मनमाना जोड़ने के लियें संस्था के लेखाकार श्री राजीव कुमार, वित्त परामर्शदाता श्री शशिकांत राय व अ.मु.अ. श्री हरमीक सिंह उत्तरदायी हैं। उनके विरूद्ध इस प्रति समुचित कार्यवाही एवं अभिलेखों में सुधार करते हुए रू. 65123.00 सरकार को वापिस किया जाना अपेक्षित है।

धनराशि – 65123.00

प्रस्तर-06- जिला पंचायत द्वारा तिगरी मेले में नाव, मल्लाह, गोताखोर, जाल, ट्यूब हेतु रू. 289000.00 का भुगतान मै. शिव गंगा फर्म के श्री धर्मपाल को भुगतान किया गया है। यह फर्म दिनांक 30.09.2019 को निरस्त हो चुकी है, तब फिर बिना जी.एस.टी. पंजीकरम का नवीनीकरण कराये फर्म को उक्त राशि का भुगतान

करके वस्तु एवं सेवा कर की सरकार का हानि पहुंचायी गयी है। अविलम्ब रू. 289000.00 पर जी.एस.टी. रू. 34680.00 की हुई हानि की प्रतिपूर्ति सम्बन्धित ठेकेदार अथवा अपर मुख्य अधिकारी श्री हरमीक सिंह की जानी अपेक्षित है।

धनराशि – 34680.00

प्रस्तर-07- वर्ष 2019-20 में लाईसेंस शराब ठेके की स्थिति निम्न प्रकार है-

1- विदेशी शराब दुकान 12 दिये गये लाईसेंस (1920)-8

2- बियर दुकान 24 दिये गये लाईंसेंस (2019-20)-15

उपरोक्तानुसार विदेशी शराब दुकान के 4 व बियर की दुकान के 9 लाईंसेंस जारी न करने का कोई औचित्य नहीं था। इस प्रकार जिला पंचायत को विदेशी शराब व बियर बिक्री के लाईसेंस सभी दुकानों को न देकर आर्थिक क्षति पहुंचायी गयी है। सम्बन्धित उत्तरदायी कर्मचारियों/अधिकारियों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर-08- वित्तीय वर्ष 2019-20 में मुख्यमन्त्री विवाह योजना के अन्तर्गत 9 विवाह कराये गये। जिसमें कुर्सी व टैंट इत्यादि के खर्च रू. 35934.00 के बिल का मै. यश टैंट हाउस को भुगतान किया गया है। विवरण निम्न अनुसार है-

दिनांक 02.03.2020 बिल रू. 13585.00

जी.एस.टी.रू. 815.00

कुल रू. 14400.00

दिनांक 01.01.2020 बिल रू. 27170.00

जी.एस.टी. रू. 1630.00

कुल रू.- 28800.00

कुल योग रू. (14400.00+28800.00) 43200.00

इस प्रकार मै. यश टैंट हाउस को रू. 2445.00 जी.एस.टी का भुगतान किया गया। जबकि यह फर्म कम्पोजिशन फर्म में है जो जी.एस.टी चार्ज नहीं कर सकती व फर्म बिल इनवाईस पर जी.एस.टी जोड़ नहीं सकती। उक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। इस प्रति श्री हरमीक सिंह अ.मु.अ. उत्तरदायी हैं।

धनराशि – 2445.00

प्रस्तर-09- 31.03.2020 को रोकड़वही शेष 252325601.38 के विपरीत खातो का अवशेष 252325961.38 आ रहा है। इस प्रकार 360.00 के अंतर को खोजकर सुधार कराया जाना अपेक्षित है।

धनराशि – 360.00

प्रस्तर-10- मेला खाते पर ब्याज अवशेष साल के प्रारम्भ में शून्य था दौरान साल ऑडिट मेल खाते पर ब्याज रूपया 71319.00 प्राप्त हुआ जबकि व्यय मात्र 11रू. करा रहा। इस प्रकार 31.03.2020 को ब्याज अवशेष रूपया सेविंग 71308.00 कम रहा जबकि मासिक लिखा प्रपत्र ड़ में दिनांक 31.03.2020 को अवशेष मेला खाते पर ब्याज रू. 118383.00 दिखाया गया है इस प्रकार अंतर की राशि 47075.00 से ब्याज अवशेष अधिक दिखाया गया है। अंतर को खोजकर हिसाब में सुधार किया जाना अपेक्षित है|

धनराशि – 47075.00

प्रस्तर-11- मासिक लिखा प्रपत्र ड़ में दिनांक 31.03.2020 को दर्शित अंतिम शेष राशियों के विवरण में रु0 2269873.00 को 13वां वित्त आयोग के प्राप्त ब्याज की लिखी धनराशि के नीचे बिना किसी मद का नाम लिखे दर्शाया गया है| इस राशि को अंतिम शेष के कुल योग में नहीं जोड़ा गया है स्थिति स्पष्ट करते हुए इस रकम को अंतिम से हटाया जाना अपेक्षित है।

धनराशि – 2269873.00

प्रस्तर-12- राजीव गांधी पंचायती सशक्तिकरण अनुदान गत वर्ष का शेष 19999982.00 इस मद में अनुदान नहीं प्राप्त हुआ किंतु साल के आखिर में दो करोड़ अवशेष दिखाया है। इस प्रकार रू. अंतर 18.00 बढा हुआ दिखाया गया है। अंतर की राशि 18.00 रू. सुधार की जाए।

धनराशि – 18.00

प्रस्तर-13-(1) कृषि भूमि मांग रजिस्टर को देखने से ज्ञात हुआ की कुल कृषि फार्म 21 जिला स्तर पर हैं जिसमें से वर्ष 2019-20 में केवल 6 कृषि फार्म दिनांक 31.03.2021 तक के लिए ठेके पर दिए गए थे परन्तु ठेके से सम्बन्धित समाचार विज्ञापन प्रकाशन के प्रमाण पत्र सम्बन्धित समाचार पत्र प्रस्तुत नहीं किये गये ।

(2) दिनांक 22.04.2019 को विज्ञापन पर व्यय रूपया 193030.00 का भुगतान साथ अलग-अलग समाचार पत्रा में किया गया है। समाचार पत्रों की प्रतियां ऑडिट के दौरान देखने को नहीं मिली।

(3) अप्रैल 2019 में विज्ञापन पर व्यय 26412.00 किया गया सम्बन्धित समाचार पत्रों की प्रतियां ऑडिट दौरान नहीं पायी गयी तथा विज्ञापन वास्तव में हुआ है अथवा नहीं इसकी पुष्टि नहीं की जा सकी।

धनराशि – 219442.00

प्रस्तर-14- दिनांक 19.04.2019 को टेंडर्स बिक्री से प्राप्त आय पर जी.एस.टी का भुगतान रू0 23892.00 किया गया है पुष्टि हेतु कोषागार में जमा चालान आदि देखने को नहीं मिला था कोषागार में जमा की पुष्टि नहीं की जा सकी।

धनराशि – 23892.00

प्रस्तर-15- गंगा मेला तिगरी 2019-20 में एक ही प्रकार के निम्नलिखित तीन कार्य हेतु निवेदन आमन्त्रण व अन्य औपचारिकता एक साथ पूर्ण नही की गयी जो कि तीनों कार्यों की लागत रु0 2172600.00 है-

1- 30 फीट चौड़ी गंगा घाट रोड अस्थाई क्रॉस पुल- 667700.00
2- 40 फीट चौड़ी गंगा घाट रोड अस्थाई क्रॉस पुल- 821600.00
3- 30 फीट चौड़ी गंगा घाट रोड अस्थाई क्रॉस पुल- 683300.00

जिला पंचायत क्षेत्र पंचायत अधिनियम 1960 एवं उत्तर प्रदेश जिला पंचायत क्षेत्र पंचायत निर्माण नियमावली के नियम-16 के अनुसार रू. 10 लाख से अधिक की आंकलन की तकनीकी स्वीकृति राज्य सरकार से ली जानी आवश्यक है जिला पंचायत द्वारा तकनीकी स्वीकृति राज्य सरकार से ना लेनी पड़े जिला पंचायत के ही तकनीकी स्वीकृति कर्ता ने कार्य को तीन भाग मे तोड़कर कराकर शासनादेश उक्त का उल्लंघन किया है इसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री हरमीक सिंह जिम्मेदार हैं उनके विरूद्ध इस प्रति नियमानुसार कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

धनराशि – 2172600.00

प्रस्तर-16- वित्तीय वर्ष 2019-20 में जिला पंचायत के द्वारा अपंजीकृत विक्रेताओं से निम्न सामान खरीदा गया-

1- आकाश इलेक्ट्रानिक्स से क्रय दिनांक 18.12.2019 2170.00
2- आकाश इलेक्ट्रानिक्स से क्रय दिनांक 18.12.2019 1000.00
3- मै. सक्सेना जनरल ऑर्डर सप्लायर दिनांक 23.12.2019 5000.00
4- आकाश इलेक्ट्रानिक्स से क्रय दिनांक 18.12.2019 2950.00
5- मै. ऐ.एस. इंटरप्राइजेज दिनांक 03.05.2019 4200.00

जिला पंचायत द्वारा उक्त सामान जी.एस.टी में पंजीकृत विक्रेताओं से ही खरीद जाना चाहिए था। ऐसा ना करके 18 प्रतिशत की दर से रु0 2758.00 की राजस्व की हानि हुई है। 40 लाख से अधिक टर्न ओवर के विक्रेताओं का जी.एस.टी पंजीकरण अनिवार्य है अपंजीकृत से माल खरीदने के लिए संस्था के अपर मुख्य अधिकारी श्री हरमीक सिंह उत्तरदायी हैं। उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

धनराशि – 2758.00

प्रस्तर-17- वित्तीय वर्ष 2019-20 में ब्लाक गजरौला की कुभराला ग्राम पंचायत में सम्पर्क मार्ग से अशोक के घर तक चिकन वाला मार्ग की ओर मिट्टी उठाने का कार्य कराया गया है मिट्टी उठाने की दर 02 किलोमीटर पर 117.70 पैसे थी इस पर 264 घन मीटर मिट्टी डालनी थी जिस पर 12.5 प्रतिशत डिडक्शन उपरान्त 232

घन मीटर मिट्टी डालनी थी| इस प्रकार 3954.00 अधिक का भुगतान किया गया है। उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

धनराशि – 3954.00

प्रस्तर-18- ब्लाक गंगेश्वरी के अलीपुर मिलक रोड में अवशेष खड़ंजा कार्य पर 02 किलोमीटर की दूरी पर 207.70 पैसे प्रति घन मीटर चार्ज किया गया है जबकि दर रु0 117.70 थी| इस प्रकार 10520.00 का अधिक भुगतान किया गया है इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

धनराशि – 10520.00

प्रस्तर-19- प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या पंचायती राज अनुभाग दो लखनऊ दिनांक 24.04.2014 के द्वारा प्रस्ताव 3 में जिला पंचायत को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह क्षेत्र पंचायत को जोड़ने वाले कार्य सम्पादित करेंगे यह पुनः निर्देश प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के अनुभाग तीन दिनांक 31.07.2015 को जारी किया गया है परन्तु वर्ष दौरान निम्नलिखित -12 कार्यों को निर्देशों का पालन नहीं किया गया है। निम्नवत् वर्णित कार्य पंचायत के अंदर ही कराए गए हैं-

1- ब्लाक जोया के मीरपुर में तोताराम के मकान से कब्रिस्तान की ओर खड़ंजा कार्य- 425488/-
2- ब्लाक जोया के ग्राम सिवारा में सिवारा जोगीपुरा मार्ग से असद अली के मकान तक सीसी रोड कार्य- 40000/-
3- ब्लाक जोया में ग्राम कटाई में चमुंडा की दीवार चार दीवारी मिट्टी कार्य- 383936/-
4- ब्लाक जोया के ग्राम हसनपुर में अवशेष खड़ंजा कार्य- 157582/-
5- ब्लाक हसनपुर के ग्राम भदौरा में रोड से संजीव के घर तक की ओर सीसी कार्य- 342000/-
6- ब्लाक हसनपुर के ग्राम हरियाणा में तालाब की ओर दीवार का निर्माण कार्य- 672000/-
7- ब्लाक धनौरा के ग्राम पर खालसा में जयपाल प्रजापति के मकान से अमीर हुसैन के कुएं तक बख्तियारपुर की ओर मिट्टी खड़ंजा कार्य- 629888/-
8- ब्लाक धनौरा के ग्राम कंजार बसेड़ा में मुकेश जाट के मकान से धारा सिंह के मकान की ओर मिट्टी खड़ंजा कार्य- 252336/-
9- ब्लाक अमरोहा में ग्राम दौलतपुर सम्पर्क मार्ग पर हरि सिंह जाटव के मकान से राकेश जाटव के मकान तक मिट्टी खरंजा - 154448/-
10- ब्लाक अमरोहा के ग्राम सोनपुर में सचिन के घर से प्राथमिक विद्यालय तक सीसी रोड बरनाली निर्माण - 846000/-

11-ब्लाक गंगेश्वरी के ग्राम संतालपुर में वृद्धि गावं संरक्षम केंद्र की बांउड्री वालों का निर्माण- 763616/-

12-ब्लाक जोया में ग्राम फैय्याजनगर में प्रदीप के मकान से देवेन्द्र के मकान से होते हुए हरिओम के मकान तक सीसी नाली कार्य- 996800/-

धनराशि – 5664094.00

(2)जिला पंचायत -अमरोहा **वर्ष – 2020-21**

प्रस्तर-20- आलोच्य वर्ष 2020-21 में डी.पी.आर.सी मद में रू. 200.00 लाख वर्ष के प्रारम्भ में था। आलोच्य वर्ष के मासिक लेखा परीक्षा के अनुसार डी.पी.आर.सी अनुदान ब्याज रू. 1372502.00 भर दर्शित है मासिक लेखा प्रपत्र के अनुसार ब्याज पक्ष में निर्माण कार्य में डी.पी.आर.सी मद में कोई व्यय नहीं दिखाया गया है। आलोच्य वर्षान्त दिनांक 31.03.2021 को डी.पी.आर.सी मद में अवशेष रू. 200.00 दर्शित है। आलोच्य वर्ष में दिनांक 31.03.2021 डी.पी.आर.सी मद में ब्याज अवशेष रू. 2095143.00 अवशेष दर्शित है। ब्याज की धनराशि संस्था द्वारा व्यय दर्शित नहीं है। शासनादेश संख्या- ए-1-122/दस-2012-10(33)/2010 दिनांक 21.03.2012 के अनुसार यदि किसी संस्था के द्वारा शासन अवमुक्त धनराशि को बैंक में जमा रखकर ब्याज अर्जित किया जाता तब अर्जित ब्याज संस्था की आय न होकर राज्य सरकार की आय होगी। जिसे राज्य कोष में जमा कर दिया जाना चाहिए। राज्य कोष में ब्याज राशि जमा न करके शासनादेश के लिए इस राशि का दुरूपयोग किये जाने के लिए अपर मुख्य अधिकारी व वित्त परामर्शदाता उत्तरदायी होंगे। उक्त ब्याज राज्य कोष मं शीघ्र जमा किया जाना अपेक्षित है। अप्रयुक्त अवशेष अनुदान रू. 200.00 लाख दार्शितको नियमानुसार सरकार को वापस न करके गम्भीर अनियमितता की गयी है। जिसके लिए अ.मु.अ. श्री हरमीक सिंह एवं वित्तीय परामर्शदाता श्री शक्तीकान्त राय जिम्मेदार हैं। (आ.सं.-75)

धनराशि – 2095143.00

प्रस्तर-21- वर्ष 2020-21 में संस्था द्वारा रू. 509550.00 विभिन्न ठेकेदारों को जमानत वापसी की गयी है। अभिलेख सूची आदि की अनुपलब्धता में यह राशि अपुष्ट रही। अपुष्ट होने गम्भीर अनियमितता है जिसके लिए लेखाकार जिम्मेदार हैं। (आ.सं.-96)

धनराशि – 509550.00

प्रस्तर-22- मृत पशु शव निस्तारण में आलोच्य वर्ष 2020-21 में गत वर्षों का बकाया रू. 09.00 लाख में 9.51 लाख दर्शित है। यह अन्तर 51000/- किस प्रकार सम्भव हुआ। संस्था द्वारा कोई भी संतोषजनक उत्तर/

स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। अभिलेखों में वांछित सुधार अपेक्षित है। लेखा परीक्षण में अपेक्षित सुधार की पुष्टि करायी जानी अपेक्षित है। जिसके लिए पटल कार्मिक जिम्मेदार है।(आ.सं.-94)
धनराशि – 51000.00

प्रस्तर-23- जिला पंचायत में वाहन किराये पर लिया हुआ है। वाहन किराये पर लिये जाने हेतु स्वीकृति तथा चीप की लॉगबुक प्रस्तुत नहीं की गयी है। वाहन मालिक द्वारा प्रस्तुत किराया बिल 455999.00 में वाहन नम्बर तथा वाहन का स्वरूप अंकित नहीं है। किराये पर लिये वाहन की पत्रावली प्रस्तुत नहीं की गयी। जिसके लिए पटल कार्मिक जिम्मेदार है।(आ.सं.-4)
धनराशि – 455999.00

प्रस्तर-24- लेखा परीक्षा में बैंक पासबुकें अथवा स्टेटमेन्ट ऑफ एकाउन्ट प्रस्तुत नहीं किये गये। बैंक में जमा दिखायी धनराशि एवं संस्था के अभिलेखों में जमा धनराशि मध्य अन्तर की जांच हेतु बैंक के स्टेटमेन्ट ऑफ एकाउन्ट अथवा पासबुक का प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। जिसके लिए लेखाकार जिम्मेदार है।(आ.सं.-10)

प्रस्तर-25- दिनांक 31.03.2021 को राज्य वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान रू. 114704470.00 खर्च होने से बाकी रह गया था। जबकि प्राप्त अनुदान की राशि दौरान साल ही समयान्तर्गत खर्च की जानी चाहिए थी। अनुदान दौरान साल खर्च न किये जाने से जिला पंचायत क्षेत्र का विकास प्रभावित हुआ है। शर्तों के अनुसार अनुदान का उपयोग न हो पाने पर शेष अनुदान सरकार को वापस किया जाना चाहिए। ऐसा न किया जाना अत्यन्त आपत्तिजनक रहा। जिसके लिए पटल कार्मिक जिम्मेदार है।(आ.सं.-19)
धनराशि – 114704470.00

प्रस्तर-26- जिला पंचायत में वर्ष 2020-21 में राज्य वित्त आयोग से अनुदान खाते से जिला निधि खाते में वेतन/ पेंशन मद में रू. 15547113.00 ट्रांसफर किया गया। जबकि जिला निधि खाते में दिनांक 31.03.2021 को अवशेष पर्याप्त धनराशि थी। जिला निधि खाते में पर्याप्त धनराशि होने के बावजूद राज्य वित्त अनुदान की राशि वेतन मद में ट्रांसफर किया जाना आपत्तिजनक है। इस प्रकार मनमाने ठंग से राज्य वित्त की धनराशि का दुरूपयोग किया गया। इस प्रति विभागीय अधिकारियों का ध्यान उचित कार्यवाही हेतु आकृष्ट किया जाता है ताकि पुनरावृत्ति न हो सके। जिसके लिए अ.मु.अ. श्री हरमीक सिंह एवं वित्तीय परामर्शदाता श्री शक्तीकान्त राय जिम्मेदार हैं। (आ.सं.-20)
धनराशि – 15547113.00

प्रस्तर-27- शासनादेश संख्या 1848/33320153/2015 दिनांक 31.07.2020 के प्रस्तर में निर्देश है कि जिला पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों में रू. 1000000.00से अधिक की परियोजनाएं ही आर्थिक रूप से सम्मिलित की जाये। उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत जिला पंचायत निर्माण नियमावली 1984 के पैरा-16 में दी गयी वयवस्था के अनुसार रू. 1000000.00 से अधिक खर्च वाले कार्यों (एस्टीमेट कार्य) की स्वीकृति राज्य सरकार से लेनी अपरिहार्य है। जिला पंचयात द्वारा अधिकांश कार्य 10लाख की लागत से कम के 17693753.00 के कार्य ग्राम पंचायतों के भीतर/ अंदर ही कराये गये हैं। जिसके लिए अ.मु.अ. श्री हरमीक सिंह, वित्तीय परामर्शदाता श्री शक्तीकान्त राय एवं कार्य योजना प्रस्तावक जिम्मेदार हैं।(आ.सं.-21)

धनराशि – 17693753.00

प्रस्तर-28- आलोच्य वर्ष में कराये गये कार्यों की लागत पर भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 के अन्तर्गत दर 1% से 1454095.00 लेवर सैस काटा गया है। काटी गयी राशि को उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के पक्ष में नियमानुसार बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भेजा जाना चाहिए। लेखा परीक्षा में यह राशि उक्त बोर्ड को भेजे जाने के प्रमाण में अधिकृत बैंक की रसीद देखने को नहीं मिली। बोर्ड को भेजे जाने की पुष्टि में प्रमाण प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित रहा। (आ.सं.-22)

धनराशि – 1454095.00

प्रस्तर-29- आलोच्य वर्ष में रायल्टी की कटौती 875268.00 की गयी थी। किन्तु इसे कोषागार में जमा की पुष्टि में चालान आदि कोई प्रमाणक ऑडिट में देखने को नहीं मिला। इसे कोषागार में जमा करने का प्रमाण प्रस्तुत कर पुष्टि करायी जानी अपेक्षित है। (आ.सं.-23)

धनराशि – 875268.00

प्रस्तर-30- वर्ष 2020-21 में उपलब्ध करायी गयी निर्माण कार्यों की पत्रावलीयों के अनुसार टी.डी.एस 2377153.00 काटा गया था। लेखा परीक्षा में टी.डी.एस कटौती की राशि कोषागार में जमा किये जाने की पुष्टि में चालान/ इश्यू चैक नम्बर/ बैंक स्टेटमेंट/ दाखिल रिटर्न उपलब्ध नहीं कराया गया। कोषागार में टी.डी.एस जमा की पुष्ट करायी जानी अपेक्षित है। पुष्टि न होने पर सम्बन्धित ए0 एम0 ए0/आहरण वितरण अधिकारी का दायित्व निर्धारित करके उनसे इस राशि की नियमानुसार वसूली कर कोषागार में जमा किया जाना अपेक्षित है। (आ.सं.-24)

धनराशि – 2377153.00

प्रस्तर-31- वर्ष 2020-21 में उपलब्ध करायी गयी पत्रावलीयों की जांच में पाया गया कि विक्रेता द्वारा जी.एस.टी चार्ज किया गया था। यह जी.एस.टी. विक्रेता द्वारा नियमानुसार कोषागार में जमा किया गया

अथवा नहीं इसके प्रमाण में संस्था स्तर पर की साक्ष्य नहीं पाया गया। विक्रेता से साक्ष्य प्राप्त कर काटे गए जी.एस.टी. को कोषागार में जमा किये जाने की पुष्टि करायी जानी अपेक्षित है। पुष्टि न कराए जा सकने की दशा में उक्त राजस्व की क्षति पहुंचाने के सम्बन्ध में उत्तरदायी व्यक्ति के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। (आ.सं.-25)

प्रस्तर-32- आलोच्य वर्ष में 13वां वित्त अनुदान खाते पर ब्याज से आय रू. 81203.00 की हुई है। वर्षान्त में दि. 31.03.2021 को 13वां वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान पर ब्याज का अवशेष रू. 2416199.00 था जिसे राज्य कोष में जमा नहीं किया गया। शासनादेश संख्या ए-1-122/दस-2012-10(33)/2010 दिनांक 31.03.2012 के अनुसार यदि किसी संस्था के द्वारा शासन से अवमुक्त धनराशि को बैंक में जमा रखकर ब्याज अर्जित किया जाता है। तब अर्जित ब्याज संस्था की आय न होकर राज्य सरकार की याय होगी। जिसे राज्य कोष में जमा कर दिया जाना चाहिए। राज्य कोष में ब्याज राशि जमा न करके शासनादेश के विपरीत इस राशि का दुरूपयोग किये जाने के लिये अपर मुख्य अधिकारी श्री हरमीक सिंह व वित्त परामर्शदाता श्री शक्तिकान्त राय उत्तरदायी होगें। उक्त ब्याज राज्य कोष में शीघ्र जमा किया जाना अपेक्षित है। (आ.सं.-28)
धनराशि – 81203.00

प्रस्तर-33- वर्ष 2020-21 में जिला पंचायत अमरोहा में मुर्दा-मवेशी से आय रू. 618131.00 की हुई है। उत्तर प्रदेश शासनादेश संख्या- 2967/11/32-2002 दिनांक 07.10.2002 के अनुसार 50 प्रतिशत धनराशि रू. 309065.50 ग्राम पंचायतों को नहीं दी गयी है, जो दी जानी अपेक्षित है। (आ.सं.-29)
धनराशि – 309065.50

प्रस्तर-34- आलोच्य वर्ष 2020-21 में जिला पंचायत अमरोहा द्वारा मासिक लेखा प्रपत्र के अनुसार प्रकीर्ण व्यय रू0 2993533.00 किया गया है। इसमें मुकदमा व विज्ञापन आदि पर हुआ व्यय सम्मिलित है। प्रकीर्ण व्यय का विवरण नहीं दिया गया है। विधिक व्यय व विज्ञापन आदि के व्यय अलग- अलग दिखाया जाना अपेक्षित है।
धनराशि – 2993533.00

प्रस्तर-35- वर्ष 2020-21 में संस्था द्वारा निर्गत चैक जो रद्द हुए हैं उन पर बैंक द्वारा रू. 79438.00 की बड़ी रकम चार्ज की गयी है। संस्था का यह व्यय किन कारणों से हुआ तथा चैक रद्द होने के लिए कौन अधिकारी / कर्मचारी उत्तरदायी है। इस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। (आ.सं.-39)
धनराशि – 79438.00

प्रस्तर-36- आलोच्य वर्ष 2020-21 से सम्बन्धित कतिपय निर्माण पत्रावलियों की जांच में पाया गया कि सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित एस्टीमेट के अनुसार निर्माण कार्यों का निष्पादन नहीं किया गया है।

पत्रावली में संलग्न विचलन चार्टों के अवलोकन से यह तथ्य सामने आया है कि एस्टीमेट में नाली निर्माण सीसी कार्य निर्माण, क्रासिंग तथा पटरी पर मिट्टी कार्य, लोपन कार्य की नाप जोख हमेशा अधिक दिखाया जाता है। परन्तु ये कार्य अनुमानित कार्य से काफी कम किये जाते हैं या किये ही नहीं जातें हैं। इस प्रकार न किये गये /कम किये गये कार्यों का समायोजन बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के मनमाने तरीके से सी.सी. वर्क, अपरलेखन इत्यादि के साथ दिया। सी.सी. वर्क 1-6-12 एवं सीसी वर्क 1-1-5-3 के साथ दिखा दिया जाता है। अधिकांश निर्माण कार्यों में विचलन 10 प्रतिशत से अधिक कई गुना अधिक है। जबकि मूल स्टीमेट के 10 प्रतिशत की ही स्वीकृति सक्षम अधिकारी द्वारा ही की जा सकती है। अतएव निम्न विवरणानुसार बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के स्टीमेट धनराशि से अधिक भुगतान की गयी धनराशि की वसूली ए.एम.ए., ए.इ. एवं. जे.इ. से किया जाना अपेक्षित है। (आ.सं.-40)

निम्नांकित निर्माण कार्यों में अनुमानित मात्रा से अधिक प्रयुक्त मात्रा दर्शाकर अतिरिक्त अधिक धनराशि का अनियमित भुगतान किया गया है।

कार्य 1- निर्माण कार्य ब्लाक गजरौला के ग्राम द्वोया में पुरानी सी.डी में प्रा.वि. की ओर (विचलन)

क्रमांक	कृत कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	कृत कार्य	(अन्तर) अधिक भुगतान	प्रतिशत
1	एम-150	199949.63	21707390	17124.27	8.56
2	डब्ल्यू बी एम ग्रेड-3	128306.64	143767.80	15461.16	12.05
3	आर सी सी इन एम-30	2811.40	5020.35	2208.95	78.57
4	स्परेंडिग सैंड	1272.20	2655.02	1382.82	108.69
	योग			36175.00	

कार्य 2- निर्माण कार्य ब्लाक धनौरा के ग्राम कुआंखेड़ा मे बाजार से धनौरा-अमरोहा मुख्य मार्ग की ओर

क्रमांक	कृत कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	कृत कार्य	(अन्तर) अधिक भुगतान	प्रतिशत
1	एम-150 ब्रिक वर्क	167748.00	243134.75	75386.75	44.94
2	डब्ल्यू बी एम ग्रेड-3	184974.24	199106.16	14131.92	7.64
	योग			89518.00	

कार्य 3- निर्माण कार्य ब्लाक गजरौला के ग्राम आलमपुर में शिव मन्दिर से ग्राम सैमला की ओर

क्रमांक	कृत कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	कृत कार्य	(अन्तर) अधिक भुगतान	प्रतिशत
1	डब्ल्यू बी एम ग्रेड-3	137751.24	172451.00	34700.16	25.19
2	सी सी इन एम- 30	510914.25	590065.41	79151.16	15.49

	योग			113851.32	

कार्य 4- निर्माण कार्य ब्लाक गजरौला के ग्राम सादरपुर सम्पर्क मार्ग प्रा.वि. से गांव की ओर

क्रमांक	कृत कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	कृत कार्य	(अन्तर) अधिक भुगतान	प्रतिशत
1	सी सी इन एम- 30	452524.05	528171.80	75647.75	16.72
2	डब्ल्यू बी एम ग्रेड-3	122010.24	158074.62	36064.38	29.56
	योग			111712.00	

कार्य 5- निर्माण कार्य ब्लाक अमरोहा के ग्राम बादशाहपुर में नौंगावां मार्ग से बादशाहपुर की ओर

क्रमांक	कृत कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	कृत कार्य	(अन्तर) अधिक भुगतान	प्रतिशत
1	डब्ल्यू बी एम ग्रेड-3	197392.14	208200.96	10807.86	5.4
2	कन्स्ट्रक्शन आफ इमप्रूव	7096.01	7922.88	826.87	11.65
3		157064.03	165351.60	8287.55	5.28
4	एम /ओ	44677.99	47005.50	2327.57	5.2
	योग			22248.00	

कार्य 6- निर्माण कार्य ब्लाक धनौरा के ग्राम कोगल में मुख्य मार्ग से राधा स्वामी सत्संग की ओर

क्रमांक	कृत कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	कृत कार्य	(अन्तर) अधिक भुगतान	प्रतिशत
1	डब्ल्यू बी एम ग्रेड-3	210159.84	222577.74	12417.90	5.90
2	एम- 150	14038.13	147328.68	6290.55	4.46
	योग			18708.00	

कार्य- निर्माण कार्य ब्लाक गजरौला के ग्राम सादरपुर में डामर रोड से

क्रमांक	कृत कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	कृत कार्य	(अन्तर) अधिक भुगतान	प्रतिशत
1	डब्ल्यू बी एम ग्रेड-3	102316.50	153037.50	50721.00	49.57
2	सी सी इन एम- 30	379536.30	556718.12	177181.82	46.48
3	कन्स्ट्रक्शन आफ इमबैंकमेंट	36784.80	46809.44	10024.00	27.25

धनराशि – 630138.00

प्रस्तर -37 सार्वजनिक निर्माण कार्यों में प्रदत्त ठेकेदार द्वारा जमा की गयी अनुबन्ध की राशि में संस्था द्वारा एफडीआर जमा किया जाना ठेकेदार द्वारा दर्शित है परन्तु ठेकेदारो द्वारा जमा अनुबन्ध राशि एवं एफडीआर दर्शित की पुष्टि में एफडीआर नहीं पायी गयी तथा यह अनुबन्ध राशि को सरकारी ट्रेजरी में न जमा करवाकर राजस्व की क्षति करायी गयी। जो गम्भीर अनियमितता है। ब्लाक गजरौला के ग्राम आलमपुर में शिव मंदिर के ग्राम सैदाना की ओर सम्पर्क मार्ग पर सीसी नाली निर्माण कार्य/ ठेकेदार द्वारा अनुबन्ध राशि रू. 126600/- एफडीआर से 4804886900 दिनांक 05.05.2000 द्वारा जमा दर्शित। परन्तु यह एफडीआर रू. 330000/- में से 126600/- किस बैंक द्वारा निर्गत, एफडीआर इत्यादि विवरण, पुष्टि में एफडीआर अनुपलब्ध अप्राप्य रहे। ऐसा प्रतीत होता है कि उपरोक्त एफडीआर भी संस्था के पास अनुबन्ध के तहत जमा करायी गयी है। जो कि अनियमित है। उक्त से संबंधित समस्त अभिलेख लेखा परीक्षा मे प्रस्तुत कर पुष्टि करायी जानी अपेक्षित है।अन्यथा की दशा में उत्तरदायी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है | (आ.सं.-42)

धनराशि – 126600.00

प्रस्तर -38 आलोच्य वर्ष 2020-21 में संस्था द्वारा विभिन्न प्रमाणकों द्वारा क्रय किये गये डीजल, पेट्रोल एवं अन्य उपभोक्ता सामग्री पर रू. 237375.00 व्यय दर्शित है। जिसकी पुष्टि में सम्बन्धित (व्यय) स्टॉक रजिस्टर, लॉग बुक लेखा परीक्षा में पुष्टि कराये जाने हेतु अपेक्षित है। यात्रा के प्रयोजन के अभाव में दर्शित भुगतान वापिसी योग्य है। (आ.सं.-44)

धनराशि – 237375.00

प्रस्तर -39 जिला पंचायत अमरोहा द्वारा अपनी सम्पत्ति को किराये पर दिया हुआ है जिसका दिनांक 31.03.2021 को निम्नलिखित विवरण अनुसार दुकानों आदि का किराया बकाया है-

क्रमांक	सम्पत्ति का नाम व पता	किरायेदार का नाम	किराया बकाया
1	जूनियर हाई स्कूल	श्री रमेश चन्द्र पुत्र राम रक्षपाल निवासी गजरौला	2400.00
2	जूनियर हाई स्कूल	ज्येष्ठ हाट निरीक्षक गजरौला	37319.00
3	जूनियर हाई स्कूल	ज्येष्ठ हाट निरीक्षक गजरौला	16894.00
4	जूनियर हाई स्कूल	श्री नरेन्द्र प्रकाश पुत्र किशन लाल गजरौला	2400.00
5	पाउण्ड इन्द्रा चौक गजरौला	श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र करन सिंह	25913.00
6	पाउण्ड इन्द्रा चौक गजरौला	श्री राम रक्षपाल पुत्र रामनाथ यादव तिगरी	19354.00
7	पाउण्ड इन्द्रा चौक गजरौला	श्री जफर मलिक पुक्ष श्री जुम्मा खाँ गजरौला	15000.00
8	कन्या प्रा.पा. गजरौला स्थित दुकान	मौ. यामीन पुत्र अब्दुल गनी, गजरौला	13990.00
9	कन्या प्रा.पा. गजरौला स्थित दुकान	श्री मनोज कुमार व मुकेश कुमार पुत्रगण तुलाराम	4800.00

10	पाउण्ड थाना रोड गजरौला स्थित दुकान	श्री केसरी सिंह पुत्र सुखराम सिंह	33000.00
11	पाउण्ड थाना रोड गजरौला स्थित दुकान	श्री साजिद हुसैन पुत्र शरीफ अहमद निवासी जोया हाल मौ. जलालपुर गजरौला	7500.00
12	पाउण्ड थाना रोड गजरौला स्थित दुकान	श्री कृष्ण कुमार वर्मा पुत्र प्यारे लाल गजरौला	41722.00
13	पाउण्ड थाना रोड गजरौला स्थित दुकान	श्री जनम सिंह पुत्र करतार सिंह ग्राम गढ़ीपुर अमरोहा	24600.00
14	पाउण्ड थाना रोड गजरौला स्थित दुकान	श्री भगतराम पुत्र लाल सिंह गजरौला	105925.00
15	प्रा.पा. रजबपुर स्थित दुकान, प्लाट	श्री जयपाल सिंह पुत्र उदयराम नि. रजबपुर	3000.00
16	जिला पंचायत के जू.हा.स्कूल का भवन मो. जट बाजार नियाजयान अमरोहा	मैनेजर शर्मा देवी इ.का. अमरोहा	112350.00
17	कन्या जू. हा. स्कूल धनौरा मौ. कंचन बाजार स्थित आवास का एक कमरा	श्रीमती रितिका पत्नी अमित राव, सुभाष नगर, मण्डी धनौरा	13500.00
18	जन चिकित्सालय बछरायूँ के भवन का एक कमरा	श्री सुरेश लाल गोरखा पुत्र श्री श्याम लाल मौ. शिवपुरी धनौरा	9420.00
		योग	492298.00

उपरोक्त बकायेदार, किरायेदारों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करके दुकानों का बकाया किराया रू0 492298.00 वसूल किया जाना अपेक्षित है। (आ.सं.-35)

धनराशि – 492298.00

प्रस्तर-40 वर्ष ऑडिट में 15वां वित्त आयोग से रू. 142320372.00 अनुदान प्राप्त हुआ था। पूर्व की कोई धनराशि शेष नहीं थी। इस प्राप्त राशि में से मात्र रू. 10327863.00 ही व्यय किया गया था। वर्षान्त में रू. 131992509.00 की बड़ी धनराशि अप्रयुक्त अवशेष रही। इतनी बड़ी धनराशि का अप्रयुक्त रहना स्पष्ट करता है कि क्षेत्र के विकास में संस्था के अध्यक्ष एवं अपर मुख्य अधिकारी की रूचि नहीं रही। शर्तों के अनुसार अप्रयुक्त रही धनराशि को सरकार को वापस किया जाना अपेक्षित है |(आ.सं.-13)

धनराशि – 131992509.00

प्रस्तर-41 31.03.2021 को संस्था में जमानत मद में रू. 2319796.00 जमा दिखायी है। वर्षान्त में इस राशि की पुष्टि हेतु कोई विवरण पत्र अथवा सूची नहीं बनायी गयी। सूची के अभाव में दर्शित अवशेष ऑडिट में अपुष्ट रहा। इस जमा जमानत की राशि को सम्बन्धित जमा कर्ताओं द्वारा प्रमाणित भी नहीं कराया गया है। जो अद्यावधि खाता बनाकर प्रमाणित कराया जाना अपेक्षित है। (आ.सं.-30)

धनराशि – 2319796.00

प्रस्तर-42 मेला अनुदान राज्य सरकार से संस्था को रू. 6207000.00 प्राप्त हुआ था। गतवर्ष का मेला अनुदान अवशेष रू. 415649.00 था। इस प्रकार कुल मेला अनुदान उपभोग किए जाने हेतु रू0 6622649.00 अनुदान था। जिसमें से रू. 5990485.00 वर्ष ऑडिट में व्यय दिखाये हैं। इस प्रकार दिनांक 31.03.2021 को रू. 632164.00 अनुदान अप्रयुक्त शेष रहा। इस अवशेष अनुदान को नियमानुसार सरकार को वापस न करके गम्भीर अनियमितता की गयी है। (आ.सं.-26)

धनराशि – 632164.00

प्रस्तर-43 विभव तथा सम्पत्ति कर से आय वर्ष 2020-21 में रू. 3705805.00 हुई है। जबकि बजट में अनुमान रू. 6800000.00 का था। इस प्रकार अनुमान से लगभग आधा रु0 3094195.00 ही विभव तथा सम्पत्तिकर वसूल होना संस्था के सम्बन्धित कार्मिको की अकमर्णयता दर्शाता है। कर वसूली में तेजी लाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। (आ.सं.-27)

धनराशि – 3094195.00

जनपदः- बिजनौर **मण्डलः-मुरादाबाद**

जिला पंचायतः- बिजनौर **वर्षः- 2020-21**

प्रस्तर संख्या-1. उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश संख्या 682 पी-33-314(2)84 दिनांक 10.03.1987 एवं 2203/03-02-797-48(पी) (87)/95टी.पी. दिनांक 30.05.1997 एवं शासनादेश संख्या 2957/1-33-2-20045 सा०/04/01/02 दिनांक 09.10.2002 के द्वारा समस्त जिला पंचायतों को निर्देशित किया गया था कि मृत पशु निस्तारण की आय का 50 प्रतिशत अंश ग्राम पंचायतों को उनके विकास कार्य हेतु प्रतिवर्ष दिया जाना है। आलोच्य वर्ष 2020-2021 में रूपये 7.21 लाख की आय में ग्राम पंचायतों को उनका अंश नहीं दिया गया है। ग्राम पंचायतों को धन न हस्तान्तरित करके एक तरफ शासनादेश का उल्लंघन किया जा रहा है और दूसरी तरफ ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में बाधा पहुँचाई जा रही है। उपरोक्त के लिए जिला पंचायत प्रबन्ध समिति उत्तरदायी है। समुचित कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है।

प्रस्तर संख्या-2.रोकड़ बही वर्ष 2020-2021 की जांच करने पर पाया गया कि 31 मार्च 2021 को समाधान विवरण में रोकड़ बही एवं बैंक अवशेष में जनवरी 2003 से पूर्व का अन्तर रूपये 3577457.70 दर्शाया जा रहा है। यह अन्तर विगत वर्षों से यथावत दर्शाया जा रहा है। निरन्तर आपत्ति के उपरान्त भी अन्तर का समाधन नहीं किया गया है। अन्तर के समाधान हेतु जिला पंचायत की प्रबन्ध समिति एवं उच्चधिकारियों का ध्यान पुनः विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है।

जिला पंचायतः- बिजनौर **वर्षः- 2021-22**

प्रस्तर संख्या-3. दिनांक 31.03.2022 को संस्थाओं द्वारा उपलब्ध करायी गई सूची एवं विनियोग पंजिका के अनुसार रू 146500665.00 का विनियोजन, विनियोजन रजिस्टर में दर्शित है। इसकी सत्यापन रिपोर्ट अप्राप्त रही अतः पुष्टि अपेक्षित है। उक्त विनियोजन राशि रूपये 146500665.00 को संस्था की वार्षिक विवरणियों (नियम 22 प्रपत्र (ड) फार्म ई के अन्तर्गत शामिल नही किया गया हैं और इसका कारण भी अवगत नही कराया गया है। यह स्थिति अनियमित है। जो संस्था वित्तीय हितों के विपरीत है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है

प्रस्तर संख्या-4. उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश सं0 682पी-33-314(2)84 दिनांक 10.03.1987 एवं 2203/03-02-797-48 (पी) (87)/195 टी0पी0 दिंनाक 30.05.1997 एवं शासनादेश सं0 2957/1-33-2-20045 सा0/04/01/02 दिनांक 09.10.2002 के द्वारा समस्त जिला पंचायतों को निर्देशित दिया गया था कि मृत पशु निस्तारण की आय का 50 प्रतिशत अंश ग्राम पंचायतों को उनके विकास कार्य हेतु प्रति वर्ष दिया जाना है। आलोच्य वर्ष 2021-22 में रूपये 7.91 लाख की आय मे ग्राम पंचायतों को रू0 3.61 लाख उनका अंश नही दिया गया है। ग्राम पंचायतों को धन न हस्तान्तरित करके एक तरफ शासनादेश का उल्लंघन किया जा रहा हैं और दूसरी तरफ ग्राम पंचायातों के विकास कार्यो में बाधा पहुचाई जा रही है। उपरोक्त के लिए

अध्यक्ष जिला पंचायत, अपर मुख्य अधिकारी, वित्तीय परामर्शदाता एवं लेखाकार उत्तरदायी हैं। आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित हैं

प्रस्तर संख्या-5. वर्ष 2021-2022 त्रैमास-चतुर्थ के साथ संलग्न प्रपत्र-5 के अनुसार अन्योदय/स्थानीय विकास/स्पेशल कम्पोनेन्ट योजनाकर्ता वितरित ऋणों में दिनांक 31.03.2022 को रू0 19.09 लाख अवशेष बकाया दर्शाया गया है। उक्त जॉच एवं पुष्टि हेतु कार्य विवरण पत्र, बैलेन्स बुकें, लेजर आदि अप्राप्त रहे। अतः उक्त राशि की पुष्टि एंव पूर्व वर्षो में उक्त वितरित ऋणों की वसूली हेतु प्रभावी ठोस कार्यवाही सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है। गत वर्षो में अधिभार प्रतिवेदन निर्गत करने के बावजूद कोई कार्यवाही नही की गई है। इस प्रकार उक्त धनराशि की वसूली तत्कालीन अध्यक्ष, अपर मुख्य अधिकारी,लेखाकार व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या-6. निर्माण पत्रावली वर्ष 2021-22 संख्या 926/8.09.2021 विकास खण्ड नजीबाबाद में ग्राम संगूरपुर बेहडा में नाईवाला मार्ग पर सेरीकल्चर सेन्ट तक 600 मीटर खंडजा निर्माण/मिटटी कार्य में निम्न कमियॉ पायी गईः-

(अ) टेण्डर की शर्तो के अनुसार कार्य पूर्ण करने की अवधि 24.12.2021 से 23.02.2022 तक थी। ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण करने की सीमा 23.02.2022 से 20.07.2022 किये जाने के सम्बन्ध मे तिथि रहित प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर पटल सहायक/अभियन्ता के हस्ताक्षर भी तिथि रहित है।

(ब) प्रार्थना पत्र जिला पंचायत कार्यालय की डाक पंजिका में पंजीकृत नही है।

(स) अभियन्ता जिला पंचायत के पत्र संख्या 12 दि0 02.04.2022 द्वारा ठेकेदार कार्य समय से पूर्ण न करने के सम्बन्ध में लिखा गया है।

(द) ठेकेदार द्वारा अन्तिम देयक भुगतान हेतु 22.08.2022 को प्रस्तुत किया गया है।

(य) उक्त समय सीमा बढाये जाने की स्वीकृति भी कार्य पूर्ण हो जाने के उपरान्त सक्षम अधिकारी द्वारा 22.08.2022 को प्रदान की गई है।

उक्त से स्पष्ट है कि ठेकेदार द्वारा समय सीमा के अन्दर कार्य सम्पन्न नही किया गया है। जिला पंचायत प्रशासन द्वारा उसे अनावश्यक रूप से कार्य सम्पन्न हो जाने के उपरान्त समय सीमा बढाने को अनुमति प्रदान की गई जबकि ठेकेदार ने अपने प्रार्थना पत्र में तर्कसंगत कारण अथवा साक्ष्य प्रस्तुत करने का उल्लेख नही किया है।

अतः निविदा की शर्तो के अनुरूप ठेकेदार श्री जतिन की जमानत राशि 101000.00 जब्त न कर जिला पंचायत प्रवन्ध द्वारा ठेकेदार को अनावश्यक लाभ पहुचाया गया तथा जिला पंचायत को आर्थिक क्षति पहुचाई गई है।

(र) ई-टेन्डर पर निविद मैसर्स जतिन कान्ट्रेक्टर के नाम है। जबकि भुगतान हेतु प्रस्तुत बिल उदयवीर सिंह कान्ट्रेक्टर के द्वारा प्रस्तुत किये गये है।

(ल) ई-टेन्डर पर ठेकेदार का जी0एस0टी0 नं0 जी0एस0टी0नम्बर 9एफएफजीपीएस – 9032क्यू1जेडएफ अंकित हैं जबकि उदयवीर सिंह के बिलों पर जी0एस0टी0 नं0 9एफएफजीपीएस -9032 क्यू 1जेएफ अंकित है। उक्त से प्रतीत होता हैं कि ठेका किसी के नाम हुआ तथा कार्य किसी अन्य से सम्पन्न कराया गया।

उक्त धनराशि की वसूली तत्कालीन अध्यक्ष, अपर मुख्य अधिकारी,लेखाकार व वित्तीय परामर्शदाता से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या-7. कतिपय निर्माण पत्रावलियों की जॉच में पाया गया कि ठेकेदारों द्वारा स्टोन ब्लास्ट, स्टोन ग्रिट, स्टोन चिपिंग व कोर सैण्ड का प्रयोग सी0सी0 निर्माण कार्य में किया गया है। किन्तु उनके द्वारा प्रस्तुत विल्स मय रवन्ने के नही हैं तथा ठेकेदार द्वारा विल्स न प्रस्तुत कर स्टाम्प पर रायल्टी की देय राशि विल्स के कटे जाने की मांग की गई है तथा रायल्टी उनके विल्स से काटी गई है।

(अ) डब्लू पी एम 32 मौ0पुर देवमल के लावलपुर में सी0सी0 कार्य (20024 रू0 कटौती)

(ब) डब्लू आर 305 मौ0पुर देवमल में इस्लामपुर दास में तालाब की दीवार निर्माण (14638 रू0 कटौती)

उक्त स्थिति आपत्तिजनक रही। यह रायल्टी जिला पंचायत द्वारा सम्बन्धित विभाग में जमा करने की स्थिति अज्ञात रही। बिना विल्स के वैध खरीद व सामान की गुणवत्ता की पुष्टि की नही होती।अत: उक्त रायल्टी की धनराशि सम्बन्धित ठेकेदार से वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या-8. आलोच्य वर्ष में निर्माण कार्यो की जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि कतिमय निर्माण कार्य ग्राम पंचायत के अन्दर करवाये गये है। जबकि प्रमुख सचिव वित्त के शासनादेश संख्या 1838-33-3-2015-03/2015 दिनांक 31.07.2015 के अनुसार जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत के अन्दर निर्माण कार्य नही करवाये जायेगें अतः यह स्थिति शासनादेश का उल्लघंन है। उक्त धनराशि की वसूली तत्कालीन अध्यक्ष, अपर मुख्य अधिकारी,लेखाकार तथा वी पी डी उत्तरदायी है। आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है

क्रमांक	निर्माण कार्य का स्थल कार्य का नाम	भुगतान तिथि	निर्माण कार्य पर व्यय हुई धनराशि
1	विकास खण्ड धामपुर के ग्राम ठाठ जट में मुनासिर के घर के पास नाला निर्माण	11.05.2021	384969.00
2	विकास खण्ड हल्दौर में पूरनपुर सलेमपुर तालाब पर नाला निर्माण	13.05.2021	279575.00
3	विकास खण्ड स्योहरा के ग्राम खानपुर में पुराने सी0सी0 रोड से पेला तालाब की ओर मिट्टी खंड़जा	13.05.2021	81088.00
4	विकास खण्ड किरतपुर के ग्राम बुडगरा में सुरेन्द्र के घर स ब्रहमपुर मार्ग पर सी0सी0 कार्य	13.05.2021	745516
5	विकास खण्ड मौ0पुर देवमल के ग्राम फरीदपुर निजाम में महेन्द्र सिंह के घर से तालाब की ओर नाला निर्माण		590260
6	विकास खण्ड नहटौर के ग्राम वाजिदपुर में तालाब तक नाला निर्माण	25-05-2021	882076

7	विकास खण्ड नजीबाबाद में जनजाति वस्ती में चतरू वाला तालाब की ओर नाला निर्माण	25-05-2021	724057
8	विकास खण्ड जलीलपुर में ग्राम बसेडा में महावीर के मकान से तालाब तक नाला निर्माण	03-08-2021	1412509
9	विकास खण्ड जलीलपुर में ग्राम पीपलसाना में विजेन्द्र के मकान काजीकोरा के तालाब तक नाला निर्माण		779163
10	मौ0पुर0 देवमल के ग्राम नमा गॉव में तालाब की दीवार निर्माण	17-08-2021	155349
	योग		6034562.00

जनपद- मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

जिला पंचायत से सम्बन्धित आपतियाँ का विवरणः-

जिला पंचायत -मुरादाबाद वर्ष 2021-22 जनपद- मुरादाबाद।

प्रस्तर-01

जिला पंचायत में वर्ष 2021-22 में दुकानों, भवनों एवं आवासों का किराया पुराना बकाया किराया सहित कुल रु० 7601074.00 रजिस्टर के अनुसार प्राप्त किया जाना था। किन्तु वर्ष ऑडिट में मात्र रु० 1957142.00 ही किराया प्राप्त किया गया है। इस प्रकार किराया रु० 5643932.00 कम प्राप्त हुआ हैं। उक्त किराये का विवरण निम्नानुसार है :-

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
दुकानों के प्रकार	गतवर्ष का बकाया	वर्तमान माग	योग (2+3)	बकाया बसूली	माग के विरुदध बसूली	योग (5+6	बकाये में अवशेष (2-5)	वर्तमान माग अवशेष (3-6)	योग (8+19)
व्यवसायिक दुकान	1450404	1677860	3128264	546709	585673	1132382	903695	1092187	1995882
सरकारी भवन	1940692	1168548	3109240	165208	371616	536824	1775484	796932	2572416
कालोनी आवास	943462	420108	1363570	106832	181104	287936	836630	239004	1075634
कुल योग	4334558	3266516	7601074	818749	1138393	1957142	3515809	2128123	5643932

कुल बकाया किराये की राशि रु० 5643932.00 में रु० 3515809.00 पुराना किराया बकाया है। बताया गया कि रु० 1901483.00 की आर०सी० निर्गत हो चुकी है। किन्तु बकाया वसूली की प्रगति नगण्य हैं । अविलम्ब सभी बकायेदारों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए बकाया किराये की वसूली की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर-02

विकास खंड मुरादाबाद के ग्राम मनोहरपुर डामर रोड से रतनपुर कला तक लेपन कार्य में संलग्न गिट्टी, बालू व खनिज के एम एम -11 छायाप्रति है, जो लेखापरीक्षा की दृष्टि से मान्य नहीं है। दिनांक 12.05.2022 को संस्था से मूल प्रति संलग्न कराने विषयक पत्राचार भी किया गया था। जिसका विवरण निम्न है :-

क्र.सं०	ई एमएम-11	दिनांक	मूल्य
1	0जे00310011377	14.10.2020	23184.00
2	0जे00820020890	15.12.2020	19688.00
3	0जे00820020891	15.12.2020	11078.00
4	0जे00310011378	14.10.2020	22995.00
5	0जे500883011620	01.01.2021	22181.00
6	0जे00310011383	15.10.2020	22995.00
7	0जे00883011626	01.01.2021	27300.00
8	0जे00310011384	15.10.2020	23310.00
9	0जे00884002593	01.06.2020	14175.00
10	0जे00884002658	11.06.2020	14700.00
11	0जे00883011602	31.12.2020	25253.00
12	0जे00883011608	01.01.2021	25253.00
13	0जे00883011610	01.01.2021	19110.00
14	0जे00883011606	01.01.2021	18428.00
15	0जे00883011607	01.01.2021	19793.00
16	0जे00883011612	01.01.2021	19110.00
17	0जे00883011613	01.01.2021	18769.00
18	0जे00883011603	01.01.2021	18974.00
19	0जे00883011623	01.01.2021	25594.00
20	0जे00883011624	01.01.2021	22181.00
21	0जे00883011607	01.01.2021	19793.00
22	0जे00883011614	01.01.2021	19110.00
23	0जे00883011618	01.01.2021	24911.00
24	0जे00883011616	01.01.2021	24911.00
25	0जे00883011615	01.01.2021	25253.00
26	0जे0088315639	03.02.2021	11655.00
27	0जे0088315636	03.02.2021	14616.00
28	0जे00820027412	15.12.2020	11038.00
		योग	565358.00

उक्त ई एमएम-11 की मूल प्रति लेखापरीक्षा में उपलब्ध नहीं करायी गयी और न ही अंतरिम आपत्ति का अनुपालन किया गया । इससे सिद्ध हो रहा है कि उक्त कार्य में उक्त ई एमएम-11 के खनिज का प्रयोग ही

नहीं हुआ है। इस प्रति अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा, अभियंता श्री कुंवर राजेस्वर सिंह अवर अभियंता तथा लेखाकार श्री सुरेन्द्र कुमार उत्तरदायी है। अतः रु०565358.00 भुगतान की वसूली उक्त से ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर-03

कैश बुक की जाँच में पाया गया कि वर्ष 21-22 में 15वें वित्त से जनपद के विभिन्न स्थानों पर एल ई डी लाइट लगाने हेतु रु०1861385.00 का भुगतान मै० शर्मा इंटर पाइजेज को किया गया है, किन्तु लेखा परीक्षा में उक्त व्यय से सम्बंधित व्यय पत्रावली उपलब्ध नहीं करायी गयी। सम्बंधित पटल कार्मिक श्री पवन त्यागी से मौखिक रूप से भी व्यय पत्रावली की मांग की गयी तथा अंतरिम आपत्ति भी की गयी किन्तु इसका अनुपालन नहीं किया गया। इससे सिद्ध होता है कि उक्त धनराशि का अपहरण कर लिया गया है। इसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शमी तथा पटल कार्मिक श्री पवन त्यागी उत्तरदायी है। इनसे उक्त धनराशि की वसूली ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर-04

कैश बुक की जांच में पाया गया कि श्री निर्भय नाथ दीक्षित को जिला कार्यालय परिसर में टी. पंचायत हाउस एवं शौचालय के एस्टीमेट एवं मानचित्रण हेतु रु० 60322.00 का भुगतान दिनांक 10.03.22 को किया गया है किन्तु इसकी पुष्टि में व्यय पत्रावली उपलब्ध नहीं करायी गयी। व्यय पत्रावली उपलब्ध कराने हेतु अंतरिम आपति निर्गत की गयी थी किन्तु उसका अनुपालन नहीं किया गया। उक्त भुगतान फर्जी प्रतीत हो रहा है। जिसकी वसूली अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा तथा लेखाकार श्री सुरेन्द्र कुमार से ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर-05

जिला पंचायत कार्यालय भवन रजिस्टर की जांच में पाया गया कि वर्ष 2021-22 में कार्यालय भवन का रु० 2572416.00 किराया बकाया पड़ा है जिसकी वसूली के ठोस प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। कार्यालय उपश्रमायुक्त मुरादाबाद मंडल का बकाया किराया रु० 1741460.00 की जाँच में पाया गया कि जिला पंचायत द्वारा बढ़ी हुई दरो से उक्त कार्यालय से किराये की मांग की जा रही है. किन्तु उक्त कार्यालय द्वारा कम दरो से किराया दिया जा रहा है। कार्यालय उपश्रमायुक्त से किराया वसूली में शिथिलता बरती जा रही हैं। शीघ्र ही कार्यालय उपश्रमायुक्त से बकाया किराया रु० 1741460.00 की वसूली कर लिया जाय, अन्यथा की स्थिति में उक्त धनराशि की वसूली अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा तथा पटल कार्मिक श्री विनोद कुमार से ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर-06

कृषि भूमि जू० हा स्कूल फतेहपुर विश्नोई की बोली 2018 में रु० 360000.00 में स्वीकृत हुई थी जिसे 15% अधिक बोली रु० 414000.00 के साथ वर्ष 2021-22 में स्वीकृत होनी चाहिए थी, किन्तु लेखा परीक्षा में पाया गया कि वर्ष 21-22 में उक्त भूमि की बोली रु० 225000.00 जिला पंचायत द्वारा स्वीकृत कर ली गई। अतः रु० 189000.00 कम बोली स्वीकार कर जिलापंचायत को आर्थिक हानि पहुंचाई गई है। रु० 189000.00 कम बोली स्वीकार करने के कारण अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा तथा पटल कार्मिक उत्तरदायी है जिनसे उक्त धनराशि की वसूली से ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर-07

जिलापंचायत के वर्ष 2021-22 के मृत पशु शव निस्तारण (हड्डी खाल) के मांग वसूली रजिस्टर की जाँच में पाया गया कि रु० 1499032.00 पुराना बकाया चला आ रहा है। जो एक बड़ी धनराशि है इससे जिला पंचायत को आर्थिक क्षति हो रही है। यह संज्ञान में आया है कि वसूली हेतु ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे है। अतः सम्बंधित ठेकेदार से वसूली न हो पाने की दशा में उक्त धनराशि की वसूली अपर मुख्य अधिकारी तथा पटल कार्मिक श्री विनोद कुमार से ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है

प्रस्तर-08

रु० 10.00 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की तकनीकी स्वीकृति प्रदान करते समय प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन ने अपने पत्र दिनांक 06 जून 2020 में स्पष्ट निर्देश दिया है कि प्रस्तावित कार्यक्रम ग्राम पंचायत के अंदर न हौ । किन्तु जिलापंचायत मुरादाबाद वर्ष 2021-22 की निर्माण कार्यों की लेखा परीक्षा में पाया गया कि निम्नलिखित कार्य ग्राम पंचायत के अंदर ही कराए गये है. जो इस प्रकार है ।

(कार्य का नाम) धनराशि

(1) ग्राम महमूदपुर माफी में कल्लू सिंह के मकान से शमशान घाट तक सी० सी०कार्य
1941684.00

(2) ग्राम अलीनगर की नई बस्ती से मिलक तक मिट्टी खड़जा कार्य
1687358.00

(3) ग्राम बेगमपुर में बाल्मीकि वाले रास्ते पर टाइल्स रोड से गाँव की और सी.सी कार्य
1367865.00

(4) ग्राम लदावाली से भंडपुरी की और मिट्टी खड़जा कार्य
1861503.00

(5) ग्राम इनायत नगर रोड से लौंगीकला जाटव बस्ती तक मिट्टी । खडंजा/पुलिया निर्माण
1353681.00

(6) मासूमपुर में ग्राम के बाहर मदरसा/मस्जिद चक्की के पास से कुरी संपर्क मार्ग व मासुमपुर संपर्क मार्ग से मजार की ओर मिट्टी खडंजा कार्य । 2481202.00

(7) ग्राम आदोनगली में टांडा रोड से कचनाल टाइल्स रोड तक मिट्टी खडंजा कार्य ।
1436362.00

(8) ग्राम तारावली मिलक से शमशान घाट की और मिट्टी खडंजा कार्य
1541868,00

(9) ग्राम महेशपुर खेम में नहर की पटरी से सुरेश के मकान से उमेश के मकान तक मिट्टी खड़जा कार्य। 1160980.00

(10) साम मोहनपुर में बाम से शमशान तक मिट्टी खांजा कार्य ।
1642724.00

(11) ग्राम कोटला नगला में जिला पंचायत के पूर्व निर्मित खडंजे से लालपुर बराही की ओर मिट्टी सहजा कार्य । 1669033.00

योग <u>18144260.00</u>

उक्त सभी कार्य सुसंगत शासनादेशों /(नियमों के विपरीत है। इस प्रति अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा, वित्तीयपरामर्शदाता श्री मनीष कुमार, अभियंता श्री कुंवर राजेस्वर सिंह अवर अभियंता तथा लेखाकार श्री सुरेन्द्र कुमार उत्तरदायी हैं। अतः रु०18144260.00 अनियमित भुगतान की वसूली उक्त से ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर-09

ग्राम अलीनगर की नई बस्ती से मिलक तक मिट्टी खडजा कार्य की पत्रावली में लगे फोटोग्राफ से जात हुआ किमिट्टी की पूर्ति जे.सी.बी मशीन के द्वारा अगल-बगल स्थानों से की जा रही है, जबकि मिट्टी कार्य हेतु ठेकेदार को रु० 336329.28 का भुगतान हुआ है। इस सम्बन्ध में दिनांक 07-05-22 को अंतरिम आपति निर्गत की गयी थी किन्तु उसका अनुपालन नहीं किया गया। उक्त भुगतान फर्जी प्रतीत हो रहा है। जिसकी वसूली अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा, लेखाकार श्री सुरेन्द्र कुमार, अभियंता कुँवर राजेस्वर सिंह, सम्बंधित अवर अभियंता तथा वित्तीय परामर्श दाता श्री मनीष कुमार सिंह से ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर-10

ग्राम बहादुरगंज में इस्लाम के खेत से सुभालखेडा संपर्क मार्ग पत्रावली की फोटोग्राफ से ज्ञात हुआ कि खडंजा कार्य हेतु मिट्टी अगल बगल से ली गई है जबकि सम्बंधित ठेकेदार को मिट्टी पर हुए ब्यय रु० 95293.15 का भुगतान किया गया है। इस सम्बन्ध में दिनांक 07-05-22 को अंतरिम आपति निर्गत की गयी थी किन्तु उसका अनुपालन नहीं किया गया । उक्त भुगतान फर्जी प्रतीत हो रहा है। जिसकी वसूली अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा, लेखाकार श्री सुरेन्द्र कुमार, अभियता कुँवर राजेस्वर सिंह, सम्बंधित अवर अभियंता तथा वित्तीय परामर्श दाता श्री मनीष कुमार सिंह से से ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर-11

ग्राम आदोनगली में टांडा रोड से कचनाल रोड तक मिट्टी खडंजा कार्य में मिट्टी अगल-बगल से ली गई है और मिट्टी कार्य हेतु रु० 246214.00 का भुगतान भी हुआ है । इस सम्बन्ध में दिनांक 07-05-22 को अंतरिम आपति निर्गत की गयी थी किन्तु उसका अनुपालन नहीं किया गया । उक्त भुगतान फर्जी प्रतीत हो रहा है। जिसकी वसूली अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा, लेखाकार श्री सुरेन्द्र कुमार, अभियंता कुँवर राजेस्वर सिंह, सम्बंधित अवर अभियंता तथा वित्तीय परामर्श दाता श्री मनीष कुमार सिंह से ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर 12

ग्राम मोहनपुर में ग्राम से शमशान घाट तक मिट्टी खडंजा कार्य में मिट्टी अगल-बगल से ली गई है और मिट्टी कार्य हेतु रु० 323611.00 का भुगतान भी हुआ है । इस सम्बन्ध में दिनांक 07-05-22 को अंतरिम आपति निर्गत की गयी थी किन्तु उसका अनुपालन नहीं किया गया । उक्त भुगतान फर्जी प्रतीत हो रहा है। जिसकी वसूली अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा, लेखाकार श्री सुरेन्द्र कुमार, अभियंता कुँवर राजेस्वर सिंह, सम्बंधित अवर अभियंता तथा वित्तीय परामर्श दाता श्री मनीष कुमार सिंह से ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर-13

ग्राम तारावली मिलक से शमशान घाट की और मिट्टी खड़जा कार्य की इस्टीमेट में मार्ग की प्रस्तावित लम्बाइ 900 मीटरतथा चौड़ाई 3.30 मीटर दर्शित है। इसकी प्राक्कलित धनराशि रु० 1547283.00 के साथ तकनीकी स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित की गयी। तत्क्रम में शासन द्वारा तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हुई। उक्त पत्रावली की लेखापरीक्षा में अनियमितता पायी गयी ।

(1) जब इस्टीमेट में कार्य की चौ0 3.30 मीटर थी तो सड़क की चौ0 02 मीटर पर कार्य आरम्भ क्यों कराया गया ।

(2) जब नक्शे में सड़क की चौड़ाई 02 मीटर थी तब प्राक्कलन में 3.30 मीटर कहा से ली गई।

(3) विवाद की स्थिति में संशोधित साइड प्लान के अनुसार कार्य कराये जाने का निर्णय लिया गया । तत्क्रम में शासन के द्वारा पुनः तकनीकी स्वीकृति क्यों नहीं ली गई ।

इस सम्बन्ध में दिनांक 07-05-22 को अंतरिम आपति निर्गत की गयी थी किन्तु उसका अनुपालन नहीं किया गया । संशोधित साइड प्लान के अनुसार कार्य कराये जाने तथा शासन के द्वारा पुनः तकनीकी स्वीकृति न लिए जाने के कारण उक्त भुगतान अनियमित है । रु० 1547283.00 की वसूली अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा, लेखाकार श्री सुरेन्द्र कुमार, अभियंता कुँवर राजेस्वर सिंह, सम्बंधित अवर अभियंता तथा वित्तीय परामर्श दाता श्री मनीष कुमार सिंह से ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर-14

विशेष सचिव, उत्तर-प्रदेश शासन के शासनादेश सं० 3471/33-सेल/2020 दिनांक 13 नवम्बर 2020 द्वारा राज्य 25 परियोजनाओं की तकनीकी स्वीकृति दी गई थी किन्तु जिला पंचायत द्वारा 2021-22 में उक्त 25 परियोजनाओं में से निम्न परियोजनाओं का भुगतान "15वें वित के अनटाइड अनुदान से कर दिया गया है। जिसका विवरण निम्न है ।

नाम परियोजना धनराशि

1- विकास खंड मुरादाबाद के ग्राम पल्लुपुरा मिलक में मदरसे के खहंजे से डामररोड तक लेपन
3033582.00

2- विश्व-मुरादाबाद के मदन रोड पर सी.एन. जी पम्प के सामने से ग्राम नगलानिडर डामररोड तक लेपन
5622121.00

3- विन्ख-मुरादाबाद के जामामस्जिद रामपुर दौराहा रोड से ग्राम ताजपुरमाफी में मंगल के घर से सी. सी रोड लेपन कार्य ।
1603536.00

4- वि०सं० छजलैट के ग्राम फतेहपुर विश्नोई के खड़जे से ग्राम दयानाध्पुर डामर रोड तक लेपन कार्य
8366809.00

5- विल्स मूवापाडे के ग्राम पंडित नगला मछरिया डामर रोड से ग्राम सिरसा इनायत में खड़जे

तक लेपन कार्य ।
3293696.00
6- वि० स० छजलैट के ग्राम मधी को जाने वाली रोड से ग्राम पदलपुर व सिहाली डामर रोड तक लेपन कार्य ।
5383836.00
7- विश्वभाजनैट के ग्राम नवादा पहाडमऊ डामर रोड से रायपुर खुर्द डामर रोड तक लेपन कार्य ।
5289288.00
8- वि०स० छजलैट के कौवड पथ पर ग्राम संदलीपुर में डामर रोड़ तक लैपन कार्य ।
5851871.00
9- विन्खन्छजलैट के ग्राम खुटखेड़ा में अमरशहीद स्थल के सामने से कांवड़ पश्थ हामररोड लेपन कार्य ।
3728920.00
10- विश्ख बिलारी के ग्राम ईशापुर मार्ग से मुहिया भीकनपुर प्रा० स्कूल की ओर लेपन कार्य ।
6319193.00
11- विश्य बिलारी के ग्राम चांदपुर गणेश में एम ए एस इमफोर्मेशन और लेपन कार्य ।
2298046.00
12- वि० स० कुन्दरकी के ग्राम चितेरी से संदलपुर की ओर खडजे तक लेपन कार्य ।
10389880.00
13- वि० स० कुन्दरकी के ग्राम ऊचाकानी प्रा० स्कूल से नानपुर के खहजे तक लेपन कार्य ।
9945028.00

योग **85555806.00**

उक्त भुगतान 15र्व वित्त आयोग से कर दिया गया इस सम्बन्ध में लेखापरीक्षा दौरान अंतरिम आपत्ति निर्गत की गई थी किन्तु उसका अनुपालन जिला पंचायत द्वारा नहीं कराया गया अतः उक्त गंभीर अनियमितता के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा, वितीयपरामर्शदाता श्री मनीष कुमार, अभियंता श्री कुंवर राजेस्वर सिंह, अवर अभियंता तथा लेखाकार श्री सुरेन्द्र कुमार उत्तरदी हैं। अतः रु०85555806.00 अनियमित भुगतान की वसूली उक्त से ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर-15

वर्ष 21-22 में जिला निधि से रुपये 1284805.00 से तीन नुमाइश गेट का निर्माण किया गया है। उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 की धारा 102 में (निधि का उपयोग) नुमाइशी गेट निर्माण कार्य का किये जाने का उल्लेख नहीं है। इसके बावजूद जिला पंचायत मुरादाबाद द्वारा निम्न नुमाइशी गेट का निर्माण किया गया है ।

क्र0स0	नुमाइशी गेट	धनराशि
1	वि.ख.मूडापाण्डे के ग्राम भदासना मे शहीद प्रकाश सिंह एवं राजे सिंह स्मृति द्वार	390000.00
2	वि.ख.छजलैट के ग्राम आविहफिजपुर मे श्री अरविंद सिह कारगिल शहीद स्मृति द्वार	310000.00
3	वि.ख.मुरादाबाद के ग्राम भोला सिंह की मिलक में पर्वतारोही श्री रवि स्मृति दयार	584805.00

योग **1284805.00**

लेखापरीक्षा दौरान उक्त के व्यय के सम्बन्ध में व्यय की पुष्टि हेतु शासनादेश की अपेक्षा की गयी थी किन्तु संस्था द्वारा उक्त का अनुपालन नहीं किया गया। इस प्रकार उक्त अनियमितता के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा, अभियंता श्री कुंवर राजेस्वर सिंह, लेखाकार श्री सुरेन्द्र कुमार, अवर अभियंता तथा वित्तीय परामर्शदाता श्री मनीष कुमार सिंह उत्तरदायी है। अतः रु० 1284805.00 की वसूली उक्त से ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर-16 ई- ग्रामस्वराज पोर्टल पर चतुर्थ राज्य वित्त से सिदावाली मिलक से शराफत के घर शमशान घाट होते हुए नहर की पुलिया एवं शिव मंदिर तक मिट्टी खडंजा कार्य पर दिनांक 19.08.2021 को रु०20256301.00 भुगतान दर्शित हैं। लेखा परीक्षा में उक्त कार्य की निर्माण पत्रावली उपलब्ध नहीं करायी गयी जिससे उक्त भुगतान की पुष्टि नहीं की जा सकी। इस प्रति पटल कार्मिक श्री पवन त्यागी तथा अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा उत्तरदायी है, जिनसे उक्त धनराशि की वसूली ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है

प्रस्तर-17 ई- ग्रामस्वराज पोर्टल पर चतुर्थ राज्य वित्त से पशु शव निस्तारण प्रचार कार्य पर दिनांक 25.06.2021 को रु. 7914601.00 भुगतान दर्शित है। लेखा परीक्षा में उक्त कार्य की पत्रावली उपलब्ध नहीं करायी गयी जिससे उक्त भुगतान की पुष्टि नहीं की जा सकी। इस प्रति पटल कार्मिक श्री पवन त्यागी तथा अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा उत्तरदायी हैं, जिनसे उक्त धनराशि की वसूली ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

प्रस्तर-18 जिलापंचायत के ठेकेदारों से जी० एस० टी० का भुगतान सीधे व्यापार कर कार्यालय में जमा कराया जाना जिला पंचायत लेखाकार द्वारा बताया गया, जिसका संस्था पर कोई भी विवरण प्रमाणक नहीं पाया गया और न ही इस हेतु कोई लेजर तैयार किया गया है. लेखाकार द्वारा बताया गया कि कितना जी० एस० टी० अमुक ठेकेदार दद्वारा जमा किया गया है व कितना शेष है वह नेट के माध्यम से दर्शित हो जाता है जो नई तकनीक की दृष्टि से औचित्य पूर्ण है, परन्तु इस हेतु संस्था में एक लेजर बनाया जाना अपेक्षित है। ठेकेदार द्वारा 10 प्रतिशत तथा जिसमे संस्था द्वारा 2 प्रतिशत जी० एस० टी० जमा किया जाता है। जी० एस० टी० का खाता न रखे जाने से वास्तविक जमा की स्थिति स्पष्ट नहीं होती है। 2 प्रतिशत जी० एस० टी० जमा का चालान संस्था में होना आवश्यक है तथा ठेकेदार द्वारा 10 प्रतिशत जमा का प्रमाण भी संस्था स्तर पर होना आवश्यक है। संस्था द्वारा जिला पंचायत के निर्माण कार्य में लगे ठेकोदारों से 10 प्रतिशत जी. एस. टी. का चालान प्रति न जमा कराया जाना एक गंभीर वित्तीय अनियमितता है। इस प्रकार निर्माण कार्य में कुल प्रयुक्त धनराशि रु० 197026938.00 का 10 प्रतिशत जी.एस.टी. रु० 19702694.00 जमा की पुष्टि नहीं की जा सकी। इसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल शर्मा लेखाकार सुरेंद्र कुमार तथा पटल कार्मिक पवन त्यागी, उत्तरदायी हैं जिनसे उक्त धनराशि की वसूली ब्याज सहित समान रूप से की जानी अपेक्षित है ।

कुल धनराशि- 164839563.00

जनपद - फतेहपुर मण्डल - प्रयागराज

प्रारूप-02

प्रस्तर-01-

जिला पंचायत - फतेहपुर लेखा परीक्षा वर्ष -2021-22

संप्रेक्षित वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा के समय उल्लिखत अपहरण, दुरूपयोग एवं गम्भीर अनियमितता सम्बन्धी प्रकरण प्रकाश में आये है, जिसकी वसूली हेतु वैधानिक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

आपत्तियों का विस्तृत विवरण निम्नवत् है-

1- नौकाघाट नीलामी (ठेका) का बकाया धनराशि वर्ष 1951-52 से वर्ष 2006-07 तक का बकाया एवं उसके सापेक्ष वसूली का विवरण निम्न प्रकार है-

क्र0स0	बकाया वर्ष	वर्षवार बकाया की धनराशि	बकाया के सापेक्ष वर्ष 2021-2022 में वसूली की धनराशि	31-03-2022 को बकाया अवशेष की धनराशि
01	1951–52 से 1961–62 तक	8411.00	00	8411.00
02	1962–63 से 1972–73 तक	43398.78	00	43398.78
03	1973–74 से 1983–84 तक	215608.00	00	215608.00
04	1984–85 से 1994–95 तक	123144.00	00	123144.00
05	1995–96 से 2005–06 तक	622920.00	10000.00	612920.00
06	2006–07	50000.00	00	50000.00
	योग	1063481.78	10000.00	1053481.78

नौकाघाट के पट्टेदारों से पट्टे में देय बकाया की वसूली वर्मा फैक्ट्री अधिनियम 1878(1873 का 2) के धारा 09 में यह उपबन्ध है कि उक्त बकाया की वसूली भू-राजस्व की वसूली के जैसे की जानी चाहिए, परन्तु इतने वर्षो से उक्त बकाया चला आ रहा है। वर्ष 2021-2022 के सापेक्ष मात्र रूपया 10000.00 की वसूली दर्शित पायी गयी। इस प्रकार दिनांक 31-03-2022 को बकाये का पावना रूपया 1053481.78 रहा। उक्त बकाये की वसूली हेतु ठोस एवं वैधानिक कार्यवाही की जानी चाहिए, जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी एवं कर अधिकारी उत्तरदायी है। अतः उक्त अधिकारियों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही के साथ ही साथ उक्त धनराशि की वसूली हेतु उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है। (मूल आपत्ति संख्या-02)

प्रस्तर-02- तहबजारी के पुराने बकाये दिनांक 01-04-2021 को उक्त शीर्ष के अन्तर्गत वसूली हेतु रूपया 1958607.00 अवशेष दर्शित रहा, जिसमें वर्ष 2021-2022 में मात्र रूपया 14000.00 वसूली दर्शित पायी

गयी। दिनांक 31-03-2022 को अवशेष रूपया 1944607.00 का पावना दर्शित रहा। उक्त पावना वर्ष 1974-75 से 2006-07 तक कुल 139 बकायेदारों का पावना चला आ रहा है, जिसकी वसूली हेतु ठोस एवं वैधानिक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। (मूल आपत्ति संख्या-03)

प्रस्तर-03- दुकानों का किराया के बकाये की वसूली न कर धनराशि का दुरूपयोग किया गया, दिनांक 31-03-2022 को प्रप़त्र संख्या 29 के अनुसार दुकानों का किराया मद में बकाया चला आ रहा है। दिनांक 31-03-2022 को अवशेष किराया रूपया 997981.00 दर्शित रहा। दर्शित बकाया की धनराशि की वसूली हेतु ठोस एवं वैधानिक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। जनपद- फतेहपुर में जिला पंचायत की सभी दुकानों का नवीनीकरण किया जाना अपेक्षित है, जो नहीं किया जा रहा है, जिससे दुकानों के किराये में होने वाली वृद्धि की आय से जिला पंचायत को हानि हो रही है, जबकि शासनादेश संख्या 6336/33-03-1997-185 जी/92 दिनांक 27 दिसम्बर 1997 के पैरा-6 के अनुसार निर्धारित किराये में प्रत्येक 03 वर्ष के बाद 25 प्रतिशत बढोत्तरी किया जाना चाहिए था, किन्तु शासनादेश का उल्लघंन कर दुकानों के किराये से होने वाली आय से हानी पहुचायी जा रही है, जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी, कर अधिकारी उत्तरदायी है। अतः आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित हैं |

जनपद – कौशांबी मण्डल - प्रयागराज

जिला पंचायत -कौशाम्बी वर्ष - 2021-22

प्रस्तर (1) आलोच्य वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा मे पाया गया कि जिला पंचायत द्वारा निर्माण कार्यों पर व्यय दर्शाया गया है किन्तु धनराशि का उपयोग शासन की मंशा के अनुरूप नहीं किया गया है जबकि धनराशि के उपयोग के संबंध मे शासनादेश संख्या- 1838/33-3-2015-03/2015 दिनांक 31 जुलाई 2015 एवं इस संबंध मे पूर्व मे दिशा निर्देश शासनादेश संख्या-866/33-2-14-93 जी /2014 टी0सी0,दिनांक 24 जून 2014 द्वारा निर्गत किया गया है |शासनादेश मे तीनों पंचायती राज संस्थाओ द्वारा निर्माण कार्य कराए जाने के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत का निर्धारण किया गया है - "प्रदेश की जिला पंचायतों एवं अन्य पंचायतीराज संस्थाओ द्वारा निर्माण कार्य कराए जा रहे है |प्रायःयह देखने मे आया है कि जिला पंचायतो द्वारा बहुत छोटे-छोटे निर्माण कार्य ग्राम सभा के अंदर अथवा मजरे को जोड़ने के लिए किए जाते है जबकि ग्राम पंचायतों और क्षेत्र पंचायतों को भी भारत सरकार एवं राज्य सरकार से अनुदान प्रश्नगत कार्यों को कराए जाने हेतु दिया जाता है जिससे डुप्लिकेसी होने की संभावनाए बनी रहती है |इस संदर्भ मे निर्णय लिया गया है कि तीनों स्तर की पंचायते सबसीडियरिटी के सिद्धांत के आधार पर कार्यों का चयन करे अर्थात जो कार्य नीचे स्तर पर पंचायत द्वारा वेहतर तरह से किया जा सकता वह उसी स्तर पर कराया जाए और ऊपर के स्तर पर वह कार्य न कराया जाय | अतः शासनादेश 31 जुलाई 2015 के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओ द्वारा निर्माण कार्य के मार्गदर्शक सिद्धांत क्रमांक 3. पर अंकित है कि जिला पंचायतें प्राप्त विभिन्न अनुदानों से एक से अधिक ग्राम पंचायतों को लाभान्वित करने वाले कार्यों को संपादित करायेंगी |

क्रमांक 7. पर अंकित है की जिला पंचायतो द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वे आवंटित धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों मे रु010.00 लाख की लागत से अधिक की परियोजनाए ही अधिकांश रूप मे आपनी कार्य योजना मे सम्मिलित करेगी एवं उ0प्र0 जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत अधिनियम 1961 के अध्याय 03 के धारा 33 (2) के अनुसार ग्राम पंचायतों क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायतों द्वारा प्रबंध के प्रयोजन के लिए सड़कों का क्रमश:ग्राम सड़को अंतरग्रामित सड़कों व जिला सड़कों के रूप मे वर्गीकरण किया जाना चाहिए ताकि संस्था द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ही निर्माण कार्य कर सके किन्तु सड़क वर्गीकरण रजिस्टर भी नहीं प्रस्तुत किया गया है जिससे कि जिला सड़को की पुष्टि हो सके । विवरण निम्नवत है -

अत: उपरोक्त शासनादेश एवं अधिनियम के अंतर्गत वर्णित नियमों /आदेशों का पालन नहीं किया गया है । उ0प्र0क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 की धारा 58 (ख) अध्यक्ष के

कर्तव्य का वर्णन है कि जिला पंचायत के वित्तीय प्रशासन पर दृष्टि रखे तथा कार्यपालक प्रशासन का अधीक्षण करे तथा यदि उसमे कोई त्रुटि हो तो उसकी ओर जिला पंचायत का ध्यान आकृष्ट करे किन्तु इस तरह का कोई दृष्टांत नहीं रहा । अत: उपरोक्त शासनादेश एवं अधिनियम के अंतर्गत वर्णित नियमों /आदेशों का पालन नहीं किया गया है| जिससे तालिका के आलोच्य वर्ष मे दर्शित व्यय रु0 5780526.00 अनियमित रहा । जिसकी जिम्मेदारी अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर/श्रीमती अवधरानी तथा अपर मुख्य अधिकारी श्री रणमत सिंह का होगा ।

प्रस्तर (2) आलोच्य वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा मे पाया गया कि जिला पंचायत द्वारा निर्माण कार्यों पर व्यय दर्शाया गया है किन्तु धनराशि का उपयोग शासन की मंशा के अनुरूप नहीं किया गया है । उ0 प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत निर्माण नियामावली 1984,की नियम संख्या 16(1) के अनुसार रु010 लाख तक की लागत के आगणन की तकनीकी स्वीकृति का अधिकार अध्यक्ष मे निहित है और रु010 लाख से अधिक के आगणन की तकनीकी स्वीकृति का अधिकार राज्य सरकार मे निहित है किन्तु जिला पंचायतो द्वारा बहुत छोटे-छोटे निर्माण कार्य ग्राम सभा के अंदर अथवा मजरे को जोड़ने के लिए किया गया है ताकि राज्य सरकार से तकनीकी स्वीकृति को न लेना पड़े । इस संदर्भ मे निर्णय लिया गया है कि तीनों स्तर की पंचायते सबसीडियरिटी के सिद्धांत के आधार पर कार्यों का चयन करे अर्थात जो कार्य नीचे स्तर पर पंचायत द्वारा वेहतर तरह से किया जा सकता वह उसी स्तर पर कराया जाए और ऊपर के स्तर पर वह कार्य न कराया जाय । उपरोक्त दर्शित कार्य करवाने मे उ0 प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 के धारा 33(2) तथा उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत निर्माण कार्य नियमावली 1984 के नियम संख्या 16(1) का परिपालन नहीं किया गया है अर्थात उपरोक्त कार्यों पर कुल व्यय धनराशि रु0 1127877.00 अनियमित है जिसके लिए श्रीमती कल्पना सोनकर/श्रीमती अवधरानी व श्री रणमत सिंह अपर मुख्य अधिकारी उत्तरदायी है ।

प्रस्तर (03) वर्ष 2021-22 से संबंधित कतिपय निर्माण कार्य पत्रावलियों की जाँच मे पाया गया कि सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित एस्टिमेट के अनुसार निर्माण कार्यों का निष्पादन नहीं किया गया है । पत्रावली मे संलग्न विचलन चार्टों के अवलोकन से यह तथ्य सामने आया कि एस्टिमेट मे कुछ कार्यों की मात्रा यथा -मिट्टी कार्य आदि की मात्रा जानबूझकर

अधिक दर्शायी गयी जिसके सापेक्ष उक्त कार्य मे नाम मात्र का मिट्टी कार्य ही कराया गया है या मिट्टी कार्य करवाया ही नहीं गया है। उक्त कार्यों के अवशेष एस्टिमेटेड धनराशि से अन्य कार्य जैसे सड़क की अधिक चौड़ाई आदि कार्य करवाना दर्शाया गया है किन्तु संशोधित एस्टिमेट तैयार कर सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति नहीं ली गयी है **अंतिम बिल व विचलन चार्ट पर न तो अध्यक्ष की स्वीकृति रही और न ही अ0मु0अ0के ही हस्ताक्षर ही पाया गया। चूंकि उत्तरप्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत निर्माण कार्य नियमावली 1984 के नियम -15 के अनुसार** स्वकृत नक्शे या अनुमान या निर्माण कार्य मे तब तक कोई सारवान परिवर्तन या विस्तार नहीं किया जाएगा जब तक कि वह प्राधिकारी जिसने मूल नक्शा और अनुमान स्वीकृत किया हो उसकी स्वीकृति न दे दे। प्रतिबंध यह है कि नक्शे मे किसी ऐसे छोटे परिवर्तन की स्वीकृति जिसके परिणाम स्वरूप अनुमान मे केवल मूल्य अनुमान के 10 % से अनधिक या 500.00 रुपये को इसमे जो भी कम हो वृद्धि हो ऐसे प्राधिकारी द्वारा दी जा सकती जो इस नियमावली के अधीन ठेका स्वीकृत करने के लिए सक्षम हो। अ**तः उक्त एस्टिमेट व अंतिम बिल की तुलना करने पर पाया गया कि रु0 429205.00 अधिक व्यय दर्शाकर अपहरण किया गया है।**

उ0प्र0 जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत अधिनियम-1961(बजट तथा सामान्य लेखा) नियमावली1965 के अध्याय 16 मे वित्त अधिकारी द्वारा नियंत्रण के अंतर्गत धारा-170 मे वित्त अधिकारी द्वारा लेखा वहियों का निरीक्षण।

धारा-172(क) मे वित्त अधिकारी सामान्य रूप से जिला पंचायत को वित्तीय मामलों मे परामर्श देगा और विशेष रूप से प्राधिकारियों को ऐसे सभी वित्तीय और लेखों संबंधित मे परामर्श देगा जो उसे अभिदिष्ट किए जाए।

धारा-173 मे वित्त अधिकारी लेखे की आंतरिक लेखा-परीक्षण करने के दौरान मे पाई गयी ऐसी अनियमितताओ को जिन्हे वह आपसी चर्चा करके वही पर ठीक नहीं कराया जा सकता है उनके नियमितीकरण के बारे मे ठोस सुझावों के साथ लिखित रूप मे मुख्य अधिकारी के ध्यान मे लाएगा। यदि वे अधिकारी उचित समय के भीतर अनियमितताओ को ठीक कराने मे असमर्थ हो तो वह अनियमितताओ को न ठीक किए जाने के तथ्य को जिला पंचायत अध्यक्ष के ध्यान मे लाएगा किन्तु उपरोक्त दायित्वों की पुष्टि मे कोई प्रमाणक प्रस्तुत नहीं रहा।

(क) आलोच्य वर्ष 2021-22 मे (वित्तीय वर्ष 2020-21का) विकास खंड- सिराथू मे ग्राम- मोहिउद्दीनपुर बेला-अचाकापुर मे राम सजीवन पटेल के टयूबेल से महगूँ अग्रहरी के घर तक सी0सी0कार्य मे प्रयुक्त अंतिम बिल एवं इस्टिमेट मे विचलन पाया गया। विचलन विवरण निम्न प्रकार रहा

क्र कार्य का प्रकार अनुमानित मात्रा प्रयुक्त मात्रा अधिक प्रयुक्त मात्रा दर वसूली योग्य धनराशि

9 टीएमटीबार स्लेब 0.34कु0 0.98 कुंतल 0.64कु0 दर 5940.65/कु0 3778.00

10आरसीसी इन स्लेब 0.57 2.27 1.70 दर 6714.15/ 11414.00

योग- 15192.00

उक्त विचलन चार्ट मे 10 % से अधिक मूल्य का अंतर रहा |आपत्ति निम्न प्रकार है -

(1) एस्टिमेट बनाते समय क्या विना नाप व निरीक्षण के आगणन किया गया है।

(2) उक्त विचलन की स्थिति मे नियमानुसार सक्षम स्वीकृत कर्ता से अनुमति नहीं ली गयी है।

(3) विचलन का चार्ट के मद संख्या 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10 मे विचलन आया है किन्तु क्रमांक 9 व 10 मे 10% से अधिक मूल्य का विचलन रहा| उक्त विचलन का चार्ट के बचत एवं अतिरिक्त व्यय को देखने से स्पष्ट है कि एस्टिमेट पहले से रु074198.50 बढ़ाकर बनाया गया अर्थात मात्रा जानबूझकर अधिक दर्शायी गयी,जिसके सापेक्ष उक्त कार्य नाम मात्र के लिए किए गये है या किये ही नहीं गये अर्थात रुपया **15192.00** अवास्तविक व्यय रहा,जिसकी वसूली विचलन चार्ट के समय संबंधित उत्तरदायी- जे0ई0-सुश्री सनाअसद/श्री मनीष कुमार अभियंता-श्री शशि चंद्र यादव वित्तीय परामर्शदाता अपर मुख्य अधिकारी -डॉ वीरेंद्र बहादुर (अपर मुख्य अधिकारी/अभियंता) से किया जाना अपेक्षित रहा ।

(ख) विकास खंड -सिराथू के हिसामपुर बहरेमऊ मे फुलचंद्र मौर्य के घर से पुरवा तालाब तक नाला निर्माण कार्य मे प्रयुक्त अंतिम बिल एवं इस्टिमेट मे विचलन पाया गया । विवरण बचत एवं अतिरिक्त व्यय को देखने से स्पष्ट है कि एस्टिमेट जानबूझकर पहले से रु0 217300.79 बढ़ाकर बनाया गया जिसके सापेक्ष उक्त कार्य नाम मात्र करके बचत किया गया है एवं रु0 214072.32 का अधिक कार्य दर्शाकर मात्र समायोजन हेतु कार्य दर्शाया गया है । अर्थात रु0 214072.32 अवास्तविक व्यय/भुगतान रहा जिसकी वसूली विचलन चार्ट के समय संबंधित अपर मुख्य अधिकारी एव अभियंता से ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित रहा । उत्तरदायी -जे0ई0-श्री मनीष कुमार/श्री दीना नाथ अभियंता श्री अखिलेश्वर मल्ल /श्री शशि चंद्र यादव वित्तीय परामर्शदाता अपर मुख्य अधिकारी -श्री रणमत सिंह/डॉ वीरेंद्र बहादुर रहे । **जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित है ।**

(ग) वि0ख0-कड़ा ग्राम बदलेपुर नन्दसैनी मे काली माता स्थान पर सराय का निर्माण राज्य वित्त वर्ष 2019-20 का स्वीकृत ठेका श्री प्रदीप कुमार |अनुमान लागत मूल्य रु0 357034.00 रहा । बचत एवं अतिरिक्त व्यय को देखने से स्पष्ट है कि एस्टिमेट जानबूझकर पहले से बचत.रु0 28684 बढ़ाकर बनाया गया जिसके सापेक्ष उक्त कार्य नाम मात्र करके बचत किया गया है एवं रु0 43019.00 का अधिक कार्य दर्शाकर मात्र समायोजन हेतु कार्य दर्शाया गया है । अर्थात **43019.00 अवास्तविक व्यय/भुगतान रहा** । प्रत्येक मद मे 10 % से अधिक का अंतर रहा । विचलन चार्ट के मद संख्या 3,8,9,10,11 मे विचलन आया है । जिसकी वसूली विचलन चार्ट के समय संबंधित अपर मुख्य अधिकारी/अभियंता से किया जाना अपेक्षित रहा । जे0ई0-श्री मनीष कुमार अभियंता-श्री अखिलेश्वर मल्ल अपर मुख्य अधिकारी -श्री रणमत सिंह /श्री इन्द्र सेन सिंह वित्तीय परामर्श दाता आदि उत्तरदायी है । **जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित है ।**

(घ) विकास खंड-नेवादा के वित्तीय(वर्ष 2019.20 का) वर्ष -2021-22 के ग्राम -बन्थरी मे कृष्णानन्द पाण्डेय के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य मे प्रयुक्त अंतिम बिल एवं इस्टिमेट मे विचलन पाया गया । बचत एवं अतिरिक्त व्यय को देखने से स्पष्ट है कि एस्टिमेट जानबूझकर पहले से 76504.00 बढ़ाकर बनाया गया जिसके सापेक्ष उक्त कार्य नाम मात्र करके बचत किया गया है एवं रु0 31326.00 का अधिक कार्य दर्शाकर मात्र समायोजन हेतु कार्य दर्शाया गया है **अर्थात अवास्तविक रु0 31326.00 व्यय/भुगतान** रहा जिसकी वसूली ब्याज सहित विचलन चार्ट के समय संबंधित उत्तरदायी जे0ई0-श्री हिमांशु यादव /सुश्री सना असद अभियंता -श्री शशि चंद्र यादव अपर मुख्य अधिकारी प्र0 -श्री डॉ वीरेंद्र बहादुर वित्तीय परामर्शदाता सत्यापन कर्ता पटल सहायक उत्तरदायी है। **जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित है ।**

((ङ) विकास खंड- सिराथू के वित्तीय(वर्ष 2019.20 का) वर्ष -2021-22 के ग्राम -सभा सांखा मे वीरेंद्र के खेत से महुआ बाग तक ब्रिक सोलिंग का कार्य मे प्रयुक्त अंतिम बिल एवं इस्टिमेट मे विचलन पाया गया । बचत रु0 94539.16 एवं अतिरिक्त व्यय रु0 100725.00 को देखने से स्पष्ट है कि एस्टिमेट जानबूझकर पहले से .रु0 94539.16 बढ़ाकर बनाया गया जिसके सापेक्ष उक्त कार्य

नाम मात्र करके बचत किया गया है एवं रु0 100725.00 का अधिक कार्य दर्शाकर मात्र समायोजन हेतु कार्य दर्शाया गया है **अर्थात अंतर रु0 100725.00 अवास्तविक व्यय/भुगतान रहा** । जिसके लिए जे0ई0-श्री मनीष कुमार /सुश्री सना असद अभियंता -श्री शशि चंद्र यादव अपर मुख्य अधिकारी प्र0 -श्री डॉ वीरेंद्र बहादुर वित्तीय परामर्शदाता सत्यापन कर्ता /पटल सहायक उत्तरदायी है जिसकी वसूली ब्याज सहित विचलन चार्ट /भुगतान के समय उत्तरदायी से किया जाना अपेक्षित रहा । **जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित है ।**

(च) विकास खंड- नेवादा के वित्तीय(वर्ष 2018.19 का) वर्ष 2021-22 के ग्राम -सभा रही से गाँव के तालाब तक नाला निर्माण कार्य मे प्रयुक्त अंतिम बिल एवं इस्टिमेट मे विचलन पाया गया । बचत रु0 86323.72 एवं अतिरिक्त व्यय रु024870.73 को देखने से स्पष्ट है कि एस्टिमेट पहले से बचत .रु0 86323.72 बढ़ाकर बनाया गया,जिसके सापेक्ष उक्त कार्य नाम मात्र करके बचत किया गया है करके बचत किया गया है या किये ही नहीं गये है एवं रु024870.73 का अधिक कार्य दर्शाकर मात्र समायोजन हेतु कार्य दर्शाया गया है अ**र्थात 24871.00 अवास्तविक व्यय/भुगतान रहा** । जिसके लिए भुगतान कर्ता जे0ई0-श्री दीना नाथ अभियंता -श्री शशि चंद्र यादव अपर मुख्य अधिकारी प्र0 -श्री डॉ वीरेंद्र बहादुर वित्तीय परामर्शदाता सत्यापन कर्ता पटल सहायक उत्तरदायी है जिसकी वसूली ब्याज सहित विचलन चार्ट /भुगतान के समय उत्तरदायी से किया जाना अपेक्षित रहा । **जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित है ।**

प्रस्तर (04) वर्ष 2021-22 से संबंधित कतिपय निर्माण कार्य पत्रावलियों की जाँच मे पाया गया किं संलग्न ई-एम0एम0-11 प्रपत्र या तो कार्य आदेश मिलने के पूर्व के लगे है या फिर कार्य समाप्ति/ नापी के बाद के लगे है या संदिग्ध रहा उसे भी सम्मिलित किया गया है । अत: उक्त प्रपत्र प्रयुक्त ही नहीं रहा । शासनदेश संख्या-3385/86-2015-292/2015 दिनांक 15 अक्टूबर 2015 के अनुसार सार्वजनिक निर्माण कार्य मे प्रयुक्त उपखनिजों पर रायल्टी भुगतान सुनिश्चित किये जाने के संबंध मे निर्देश दिए गए है आगे शासनदेश संख्या-2799/86-2016-292/2015 दिनांक12.09.2016 के अनुसार वैध फार्म 3C प्रस्तुत नहीं किया है तो ऐसे मामले जिनमे एमएम -11/ फार्म-3Cप्रस्तुत नहीं किया गया है उनके बिलों पर भुगतान के पूर्व निर्धारित दर से रायल्टी की धनराशि की कटौती कर संगत लेखा शीर्ष मे अवश्य जमा करा ली जाए । 52वां संशोधन 13 अगस्त 2019 से लागू है जो कि ई-नीलामी से संबंधित है । रायल्टी भुगतान को सुनिश्चित करने हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ता /ठेकेदार से रायल्टी जमा करने का प्रमाणपत्र (ट्रेजरी चालान)की प्रमाणित प्रति और रवन्ना एमएम-11 की मूल द्वितीय प्रति फ़ाइल मे संलग्न किया जाना अनिवार्य है अन्यथा की दशा मे आपूर्ति किए गए सामग्री पर रायल्टी की दर और उसका 5 गुना वसूली की आपत्ति निर्गत किया जाना आवश्यक है |

उ0प्र0जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत (बजट तथा सामान्यलेखा) नियमावली1965 के अध्याय 6 के धारा 66 के अनुसार जिला निधि लेखे से सम्बद्ध दावे के रूप मे प्रस्तुत किए गए बिल तथा अन्य प्रमाणक लेखाकार द्वारा प्राप्त किए जाएगे जो परीक्षण करेंगा उस पर जांच कर ली और सही पाया अनुलिखित करेंगा । अध्याय 16 के धारा-173 मे वित्त अधिकारी लेखे की **आंतरिक लेखा-परीक्षण करने के दौरान** मे पाई गयी ऐसी अनियमितताओ को जिन्हे वह आपसी चर्चा करके वही पर ठीक नहीं कराया जा सकता है उनके नियमितीकरण के बारे मे ठोस सुझावों के साथ लिखित रूप मे मुख्य अधिकारी के ध्यान मे लाएगा यदि वे अधिकारी उचित समय के भीतर अनियमितताओ को ठीक कराने मे असमर्थ हो तो वह अनियमितताओ को न ठीक किए जाने के तथ्य को जिला पंचायत अध्यक्ष के ध्यान मे लाएगा किन्तु उपरोक्त दायित्वों की पुष्टि मे कोई प्रमाणक प्रस्तुत नहीं रहा । **कुल वसूली रु0 692160.00 ।** विवरण निम्नवत है -----

(क) वि0ख0-सिराथू मे ग्रामसभा मानपुर गौरा मे उदयराज पासी के समरसेबुल से लेकर बाबूलाल सरोज के घर तक पी0सी0 कार्य 330 मीटर लंबाई हेतु स्वीकृत ठेका मे0 अभिराज इंटर प्राइजेज को लागत मूल्य रु0 1338354.02 रहा जिसमे प्रयुक्त ई-एमएम-11 कार्यदेश के पूर्व के लगे है या फिर कार्यपूर्णता तिथि के बाद के रहे है । उपरोक्तानुसार गिट्टी 82 घन मी × 160 × 6= रु0 78720.00 की रायल्टी की क्षति हुई है जिसके लिए जे0ई0श्री मनीष कुमार अभियंता-श्री अखिलेश्वर मल्ल अपर मुख्य अधिकारी -श्री रणमत सिंह वित्तीय परामर्शदाता उत्तरदायी है । संबंधित से ब्याज सहित वसूली बराबर -2 भाग मे किया जाना अपेक्षित रहा | **जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित है ।**

(ख) आलोच्य वर्ष 2021-22 मे (वित्तीय वर्ष 2020-21 मे)विकास खंड- मूरतगंज मे जी0टी0रोड काजीपुर बाजार के पास से कालीमाता मंदिर तक सी0सी0कार्य की समाप्ति तिथि कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र मे एवं अंतिम बिल के प्रमाण पत्र मे दिनांक 04.06.2020 अंकित है जबकि संलग्न ई-एमएम-11 कार्य पूर्णता मापी तिथि के बाद (04-06-2020) का रहा जो इस कार्य मे प्रयुक्त ही नहीं रहा । उपरोक्तानुसार रु0 27180.00 की रायल्टी की क्षति हुई है जिसके लिए जे0ई0 श्री हिमांशु यादव अभियंता-श्री अखिलेश्वर मल्ल व अपर मुख्य अधिकारी व वित्तीय परामर्शदाता उत्तरदायी है संबंधित से ब्याज सहित वसूली बराबर -2 भाग मे किया जाना अपेक्षित रहा । अंतिम बिल की भुगतान तिथि 04.08.2022 है । **जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित है|**

(ग) विकास खंड -मँझनपुर के करारी भरवारी मार्ग (कुवबालमपुर)से लहना संपर्क मार्ग तक सी0सी0कार्य मे प्रयुक्त गिट्टी कार्य आदेश निर्गत तिथि को ही आपूर्ति रही जबकि कार्य **आदेश की प्राप्ति की तिथि ठीकेदार द्वारा अंकित नहीं रहा |**उपरोक्तानुसार गिट्टी 14 घन मी × 160 × 6= रु0 13440.00 की रायल्टी की क्षति हुई है वस्तु स्थिति स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है अन्यथा जे0ई0सुश्री सना असद अभियंता-श्री शशि चंद्र यादव व अपर मुख्य अधिकारी डॉ वीरेंद्र बहादुर व वित्तीय परामर्शदाता उत्तरदायी है । संबंधित से ब्याज सहित वसूली बराबर -2 भाग मे किया जाना अपेक्षित रहा । **जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित है|**

(घ) वि0ख0-चायल मे ग्राम-शेषपुर रसूलपुर के मजरा दशाराम का पुरवाँ मे पक्की सड़क तक सी.सी.कार्य 145 मीटर लंबाई हेतु स्वीकृत ठेका बी0 एस0 इंटर प्राइजेज प्रो0 भास्कर सिंह को लागत मूल्य रु0 741000.00 रहा जिसमे प्रयुक्त ई-एमएम-11 कार्यदेश के पूर्व के लगे है उक्त प्रपत्र प्रयुक्त ही नहीं रहा । उपरोक्तानुसार मोरम 18 घन मी × 150 × 6= रु016200.00 की रायल्टी की क्षति हुई है जिसके लिए अवर अभियंता श्री दीना नाथ अभियंता श्री शशि चंद्र यादव एवं श्री डॉ वीरेंद्र बहादुर व वित्तीय परामर्शदाता उत्तरदायी है । संबंधित से वसूली ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित रहा। **जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित है|**

(ङ)- विकास खंड -सिराथू के (वर्ष 2021-22) हिसामपुर बहरेमऊ मे फुलचंद्र मौर्य के घर से पुरवा तालाब तक नाला निर्माण कार्य पत्रावली मे संलग्न प्रपत्र ई-फार्म सी / ई-एमएम-11 या तिथि मे पुनर्रलेखन करके आदेश के बाद का (10.03.2021 के स्थान पर 10.11.2021 और 01.03.2021 के स्थान पर 01.12.2021) वनाया गया है या तो कार्यादेश तिथि का या कार्य मापी पूर्णता तिथि के बाद के लगे है । (कार्यादेश पत्रांक 5946 /जि0 पं0 कौ0/2020-21 दिनांक 25.02.2021 एवं अंतिम बिल के प्रमाण पत्र मे कार्य मापी पूर्णता तिथि 15.03.2021 एवं अंतिम भुगतान तिथि 24.01.2022 रही । मूल अधिभार प्रतिवेदन में संलग्न विवरण से स्पष्ट है कि पत्रावली मे संलग्न उपरोक्त ई -फार्म सी / ई-एमएम-11 प्रपत्र के जिरोक्स (फ़ोटो कापी) संलग्न रही । क्रमांक 1 2 पर तिथि को अलग से (प्रिन्ट)/अपलेखन किया गया प्रतीत है । अत: उक्त प्रपत्र प्रयुक्त ही नहीं रहा उपरोक्तानुसार 56 घनमी × 160 × 6= रु0 53760.00 की रायल्टी की क्षति हुई है जिसके लिए संबंधित जे0ई0 -श्री मनीष कुमार अभियंता -श्री अखिलेश्वर मल्ल अपर मुख्य अधिकारी-श्री रणमत सिंह /डॉ0 वीरेंद्र बहादुर एवं वित्तीय परामर्शदाता सत्यापन कर्ता भी उत्तरदायी है । संबंधित से ब्याज

सहित वसूली बराबर -2 भाग मे किया जाना अपेक्षित रहा । संलग्न प्रपत्र ई-फार्म सी/ई-एमएम-11 का **विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित है|**

(च) - विकास खंड -चायल के वित्तीय(वर्ष 2020-21 का) वर्ष -2021-22 के चरवा मार्ग मे नटका गाँव तक सी.सी.कार्य मे प्रयुक्त ई-फार्म सी/ई-एमएम-11 प**त्रावली के साथ रवन्ना सत्यापन संलग्न नहीं रहा** और प्रपत्र की जिरोक्स (फ़ोटो कापी) कापी संलग्न रहा । शासनादेश पत्रांक संख्या -39/2020/990/86-2020-52 (सा0) 2019 टीसी लखनऊ दिनांक 23 जून 2020 के क्रमांक -2 मे स्पष्ट अगाह किया गया है कि कतिपय ठेकेदारो द्वारा कार्यदायी संस्था मे कूट रचित ई-एमएम -11 जैसे -ई-एमएम -11की छाया प्रति /फ़ोटोशाप /फर्जी पोर्टल से जनरेट -ई-एमएम -11 बिलों के भुगतान हेतु प्रस्तुत किये जा रहे है जो गंभीर प्रकरण है । रवन्ना सत्यापन प्रमाणक के अभाव मे व प्रपत्र की जिरोक्स (फ़ोटो कापी) कापी संलग्न होने के कारण उपरोक्त प्रपत्र संदिग्ध रहा जबकि पुष्टि हेतु रवन्ना सत्यापन व मूल प्रपत्र का होना आवश्यक है । क्रमांक 2 पर तिथि को अलग से प्रिन्ट किया गया प्रतीत है| अत: उपरोक्तानुसार गिट्टी 64 घन मी × 160 × 6= रु061440.00 की रायल्टी की क्षति हुई है जिसके लिए जे0ई0 श्री सुशील कुमार सत्यापन कर्ता एवं अभियंता-श्री अखिलेश्वर मल्ल एव अपर मुख्य अधिकारी -श्री रणमत सिंह वित्तीय परामर्शदाता उत्तरदायी है |संबंधित से ब्याज सहित वसूली बराबर -2 भाग मे किया जाना अपेक्षित रहा । **विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित है|**

(छ) वि0ख0-कड़ा ग्राम बदलेपुर नन्द सैनी मे काली माता स्थान पर सराय का निर्माण राज्यवित्त वर्ष 2019-20 का स्वीकृत ठेका श्री प्रदीप कुमार लागत मूल्य रु0 399840.00 रहा । जिसमे प्रयुक्त ई-एमएम-11 कार्यादेश के पूर्व के लगे है । उपरोक्तानुसार 14 घन मी × 160 × 6= रु013440.00 की रायल्टी की क्षति हुई है । ई-एमएम -11 की छाया प्रति संलग्न रही जिसके लिए जे0ई0 श्री मनीष कुमार एवं अभियंता-श्री अखिलेश्वर मल्ल एव अपर मुख्य अधिकारी -श्री रणमत सिंह व वित्तीय परामर्शदाता उत्तरदायी है । संबंधित से ब्याज सहित वसूली बराबर -2 भाग मे किया जाना अपेक्षित रहा । **विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित है|**

(ज) वि0ख0- मे राज्य वित्त - सचवारा पी0एम0जीएस0वाई0 मार्ग से पीर शहीद बाबा तक सी0सी0 निर्माण कार्य 171 मीटर लंबाई हेतु स्वीकृत ठेका श्री चंद्र शेखर सिंह को लागत मूल्य 848575.20 का रहा जिसमे प्रयुक्त ई-एमएम-11 कार्यदेश के पूर्व के लगे है (कार्यादेश पत्रांक 1735/जि0पं0कौ0/2019-20 दिनांक 27.02.2020 को निर्गत है) । अत: उक्त प्रपत्र प्रयुक्त ही नहीं रहा जबकि ई-एमएम-11 का सत्यापन आन लाइन किया गया है । उपरोक्तानुसार 3 घनमी × 150 × =रु0 2700.00 की रायल्टी की क्षति हुई है जिसके लिए जे0ई0 श्री हिमांशु यादव सत्यापन कर्ता अभियंता-श्री अखिलेश्वर मल्ल मुख्य विकास अधिकारी -श्री इन्द्र सेन सिंह व वित्तीय परामर्शदाता उत्तरदायी है । संबंधित से ब्याज सहित वसूली बराबर -2 भाग मे किया जाना अपेक्षित रहा । **विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित है|**

(झ) विकास खंड- कड़ा के वित्तीय(वर्ष 2020-21 का) वर्ष -2021-22 के अठसराय-उचरावां मार्ग से अजीज संपर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य मे प्रयुक्त इ-फार्म-सी / ई-एम.एम-11 (रवन्ना) या तो पत्रावली के साथ रवन्ना संलग्न नहीं रहा या प्रपत्र की जिरोक्स (फ़ोटो कापी) कापी संलग्न रहा । शासनादेश पत्रांक संख्या -39/2020/990/86-2020-52 (सा0) 2019 टीसी लखनऊ दिनांक 23 जून 2020 के क्रमांक -2 मे स्पष्ट अगाह किया गया है कि कतिपय ठेकेदारो द्वारा कार्यदायी संस्था मे कूट रचित ई-एमएम -11 जैसे -ई-एमएम -11की छाया प्रति /फ़ोटो शाप /फर्जी पोर्टल से जनरेट -ई-एमएम -11 बिलों के भुगतान हेतु प्रस्तुत किये जा रहे है जो गंभीर प्रकरण है| अनुमानित लागत रु017.32लाख लंबाई-2000 मीटर ठीकेदार -मे0 चरन कं0 जे0ई0-श्री मनीष कुमार अभियंता-श्री अखिलेश्वर मल्ल अपर मुख्य अधिकारी -श्री रणमत सिंह,वित्तीय परामर्शदाता सत्यापन कर्ता पटल सहायक

उत्तरदायी है । भुगतान के समय तत्कालीन अधिकारी पत्रवाली मे कमी का संज्ञान न लेने के कारण उत्तरदायी है अत : मूल अधिभार प्रतिवेदन में संलग्न सूची क्रमांक 11 से 16 तक के इ-फार्म सी पत्रावली मे संलग्न ही नहीं रही (अंतरिम आपत्ति संख्या -31 रवन्ना प्रपत्र की जिरोक्स (फ़ोटो कापी) कापी संलग्न होने व 6 प्रपत्र अप्राप्त रहा । मूल प्रपत्र न होने और प्रपत्र का फ़ोटो /जीरोक्स कापी होने के कारण उपरोक्त शासनादेश का पालन नहीं रहा । अत प्रपत्र संदिग्ध रहा जिसकी पुष्टि आनलाइन अपेक्षित रहा अन्यथा उपरोक्तानुसार ब्लास्ट गिट्टी 272 घनमी × 160 × 6 = 261120.00 की रायल्टी कीक्षति हुई है जिसकी उत्तरदायी व्यक्ति से ब्याज सहित बराबर -2 भाग मे वसूली की विभागीय कार्यवाही अपेक्षित रहा । इस हेतु उच्च अधिकारी के संज्ञान मे लाया जाता है । **कार्यादेश तिथि -25.01.2021 एवं बिल पर मापी तिथि -15.03.2021 रहा । जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में संलग्न है । -**

((ट) - विकास खंड- सरसवाँ के वित्तीय(वर्ष 2019-20 का) वर्ष -2021-22 के कौशाम्बी पश्चिम शरीरा संपर्क मार्ग (गोराजू नहर पटरी से) नंदा बाबा का डेरा भाग पर पी0सी0 कार्य मे प्रयुक्त इ-एमएम-11 नंबर 31791904042705947 मात्रा 18 घन मीटर की फ़ोटो कापी / जीरोक्स कापी संलग्न रहा ।

1 . ब्लास्ट गिट्टी 18 घनमी × 160 × 6 = 17280.00

शासनादेश पत्रांक संख्या -39/2020/990/86-2020-52 (सा0) 2019 टीसी लखनऊ दिनांक 23 जून 2020 के क्रमांक -2 मे स्पष्ट अगाह किया गया है कि कतिपय ठेकेदारो द्वारा कार्यदायी संस्था मे कूट रचित ई-एमएम -11 जैसे -ई-एमएम -11की छाया प्रति /फ़ोटो शाप /फर्जी पोर्टल से जनरेट -ई-एमएम -11 बिलों के भुगतान हेतु प्रस्तुत किये जा रहे है जो गंभीर प्रकरण है । अत: संबंधित जे0ई0-श्री सुशील कुमार अभियंता- श्री अखिलेश्वर मल्ल अपर मुख्य अधिकारी श्री रणमत सिंह के साथ भुगतान के समय तत्कालीन अधिकारी व वित्तीय परामर्शदाता सत्यापन कर्ता पटल सहायक उत्तरदायी है । जिसकी पुष्टि आनलाइन अपेक्षित रहा अन्यथा :उत्तरदायी व्यक्ति से रु0 17280.00 ब्याज सहित बराबर-2 भाग मे वसूली के साथ विभागीय कार्यवाही अपेक्षित रहा |**जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में संलग्न है । -**

(ठ) विकास खंड- नेवादा के वित्तीय (वर्ष 2019-20का) वर्ष -2020-21 मे ग्राम सभा गोपालपुर सैंवथा मे तिलहापुर मुख्य मार्ग से प्रा0 वि0 गोपालपुर तक सीसी कार्य मे प्रयुक्त आई.एस.टी.पी./ ई-एमएम-11 की फ़ोटो कापी संलग्न रही जबकि शासनादेश पत्रांक संख्या -39/2020/990/86-2020-52 (सा0) 2019 टीसी लखनऊ दिनांक 23 जून 2020 के क्रमांक -2 मे स्पष्ट अगाह किया गया है कि कतिपय ठेकेदारो द्वारा कार्यदायी संस्था मे कूट रचित ई-एमएम -11 जैसे -ई-एमएम -11की छाया प्रति /फ़ोटो शाप /फर्जी पोर्टल से जनरेट -ई-एमएम -11 बिलों के भुगतान हेतु प्रस्तुत किये जा रहे है जो गंभीर प्रकरण है । अनुमानित लागत रु010.00 लाख लंबाई-192 मीटर मे प्रयुक्त ग्रेनाइट एंड डोलो स्टोन ब्लास्ट गिट्टी 80 × 160 × 6 = 76800.00 के उपरोक्त संलग्न आई.एस.टी.पी.नंबर का प्रपत्र कई बार फ़ोटो कापी किया हुआ दर्शित रहा । मूल प्रपत्र न होने और प्रपत्र का फ़ोटो /जीरोक्स कापी होने के कारण उपरोक्त शासनादेश का पालन नहीं रहा अत प्रपत्र संदिग्ध रहा जिसकी पुष्टि आनलाइन अपेक्षित रहा अन्यथा उत्तरदायी व्यक्ति जे0ई0-सुश्री सनाअसद अभियंता- श्री शशिचंद्र यादव अपर मुख्य अधिकारी प्र0-श्री डॉ वीरेंद्र बहादुर वित्तीय परामर्शदाता सत्यापन कर्ता पटल सहायक से रु0 76800.00 ब्याज सहित बराबर -2 भाग मे वसूली के साथ-2 विभागीय कार्यवाही अपेक्षित रहा|

जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में संलग्न है । -

(ड़) विकास खंड- नेवादा के वित्तीय (वर्ष 2019-20का) वर्ष -2020-21 मे ग्राम अकबराबाद मे दुर्गा मंदिर से अर्जुन पंडित के घर तकसीसी कार्य मे प्रयुक्त आई.एस.टी.पी./ ई-एमएम-11 फ़ोटो कापी /जीरोक्स कापी संलग्न रहा । शासनादेश पत्रांक संख्या - 39/2020/990/86-2020-52 (सा0) 2019 टीसी लखनऊ दिनांक 23 जून 2020 के क्रमांक -2 मे स्पष्ट अगाह किया गया है कि कतिपय ठेकेदारो द्वारा कार्यदायी संस्था मे कूट रचित ई-एमएम -11 जैसे -ई-एमएम -11की छाया प्रति /फ़ोटो शाप /फर्जी पोर्टल से जनरेट -ई-एमएम -11 बिलों के भुगतान हेतु प्रस्तुत किये जा रहे है जो गंभीर प्रकरण है । अनुमानित लागत रु008.00 लाख लंबाई-131 मीटर के ग्रेनाइट एंड डोलो स्टोन ब्लास्ट गिट्टी 73 × 160 × 6 = 70080.00 की संलग्न आई.एस.टी.पी.नंबर का प्रपत्र कई बार फ़ोटो कापी किया हुआ दर्शित रहा मूल प्रपत्र न होने और प्रपत्र का फ़ोटो /जीरोक्स कापी संलग्न होने के कारण उपरोक्त शासनादेश का पालन नहीं रहा । अत प्रपत्र संदिग्ध रहा जिसकी पुष्टि आनलाइन अपेक्षित रहा अन्यथा उत्तरदायी व्यक्ति जे0ई0-श्री हिमांशु सिंह यादव अभियंता-श्री अखिलेश्वर मल्ल अपर मुख्य अधिकारी-श्री रणमत सिंह वित्तीय परामर्शदाता । सत्यापन कर्ता पटल सहायक से रु0 70080.00 ब्याज सहित बराबर -2 भाग मे वसूली के साथ-2 विभागीय कार्यवाही अपेक्षित रहा । **जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित है । -**

प्रस्तर (05) - क्षेत्रपंचायत तथा जिला पंचायत निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अनुसार ठेका की शर्ते -खंड 2-ग विलंब के लिए प्रतिकर -समय ठेके का सारतत्व है । ठेकेदार टेंडर मे विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर निर्माण -कार्य पूरा करेगा । इस अवधि की गणना कार्य आदेश की प्राप्ति से होगी यदि ठेकेदार इस शर्त को पूरा न करे तो वह प्रतिकार के रूप मे ऐसी धनराशि का देनदार होगा । जो ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसमे निर्माण कार्य परिमाण मे अधूरा रह जाए सम्पूर्ण निर्माण -कार्य के उक्त अनुमानित लागत के एक प्रतिशत के बराबर होगी या ऐसी अन्य धनराशि होगी जो मुख्य अधिकारी सुनिश्चित करे किन्तु प्रतिकार की सम्पूर्ण धनराशि टेंडर मे दिखाई गई निर्माण कार्य की अनुमानित लागत के दस प्रतिशत से अधिक न होगी । किन्तु वार-वार अवधि बढ़ाने एवं शर्तों मे कार्य की पूर्णता न होने पर भी आवश्यक कार्यवाही नहीं की गई अर्थात या तो अर्थ दंड आरोपित नहीं किया गया या आंशिक रूप से दंड लगाया गया है । इस प्रकार न तो शासन की मंशा के अनुसार अनुदान का समय से उपयोग रहा और न ही समय से आम जनता को सुविधा ही मिल पाई और अनुबंध मे निहित शर्ते व ठेका की शर्ते खंड 2-क(भुगतानो से कटौती) व 2ग (विलंब के लिए प्रतिकार) का पूर्ण अनुपालन नहीं किया गया है जबकि अनुबंध मे उपरोक्त स्थिति मे 1%से 10% तक कटौती का प्राविधान है किन्तु अर्थदंड की धनराशि को कम करने के विवेकाधिकार को स्वैच्छिक तरीके से लागू किया गया जिसमे अर्थदण्ड लगाने के नियम मे एकरूपता नहीं है एवं मनमाने ढंग से अर्थ दण्ड को लगाकर ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुचाया गया है जो निर्माण कार्य नियमावली 1984 के ठेका नियम अनुबंध के विरुद्ध है । संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए वसूली किया जाय । उ0प्र0क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 की धारा 58 (ख) अध्यक्ष के कर्तव्य का वर्णन है कि जिला पंचायत के वित्तीय प्रशासन पर दृष्टि रखे तथा कार्यपालक प्रशासन का अधीक्षण करे तथा यदि उसमे कोई त्रुटि हो तो उसकी ओर जिला पंचायत का ध्यान आकृष्ट करे किन्तु इस तरह का कोई दृष्टांत नहीं रहा । वर्ष 2021-22 की अवधि मे कराये गए कार्यो /भुगतान के उपलब्ध पत्रावली के अनुमानित लागत पर अर्थ दंड की राशि रु0 223637.00 का आगणन मूल अधिभार प्रतिवेदन में प्रसतुत सूची के अनुसार किया जाता है जिसकी वसूली संबंधीत जिम्मेदार व्यक्ति से मय ब्याज की जानी चाहिए । **जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित/ संलग्न है ।**

प्रस्तर (06) जिला पंचायत-कौशाम्बी के वित्तीय वर्ष 2021-22 मे मूल अधिभार प्रतिवेदन में दिये गए विवरण के अनुसार विभिन्न ग्राम सभा मे स्ट्रीट लाइट की स्थापना दर्शाया गया है किन्तु ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के भौतिक प्रगति विवरण मे लोकेशन आफ

असेट -किसी एक ही ग्राम पंचायत की फ़ीड की गई है और जिओ-टैगिंग नहीं रही । शासनादेश संख्या -1066/33-3-2021-38/2021 दिनांक 2 जुलाई 2021 के क्रमांक 2. के अनुसार व पंचायती राज अनुभाग -3 के शासनादेश संख्या -1838/33-3-2015-03/2015 दिनांक 31 जुलाई 2015 द्वारा क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायतों को ग्राम पंचायतों के अंदर कार्य करने से प्रतिबंधित किया गया है । उपरोक्त प्रतिबंध मुख्यत: डुप्लिकेसी को रोकने के लिए किया गया है । इस प्रकार शासनादेश मे सुझाये गए निर्देशों का पालन नहीं रहा । इस गंभीर अनियमितता रु0**1895670.00** के लिए संबंधित अभियंता एवं अपर मुख्य अधिकारी उत्तरदायी है । अत: नियमानुसार विभागीय कार्यवाही अपेक्षित रही । **जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित/ संलग्न है ।**

प्रस्तर (07) (क) वित्तीय वर्ष 2021-22 के निम्न लिखित दुकानदारों से किराया हेतु रसीद प्रपत्र 05 निर्गत किया गया है किन्तु निर्गत रसीद के अनुसार प्राप्त धनराशि को बैंक मे रु01000.00 से कम जमा किया गया है जिसके लिए पर कर समाहर्ता /राजस्व निरीक्षक श्री अखिलेश कुमार पाण्डेय जिम्मेदार है ।

(ख) वित्तीय वर्ष 2021-22 के निम्न लिखित दुकानदारों से किराया हेतु रसीद प्रपत्र 05 निर्गत किया गया है किन्तु निर्गत रसीद के अनुसार प्राप्त धनराशि को बैंक मे रु01700.00 से कम जमा किया गया है |स्पश्ट है प्रस्तुत निर्गत रसीद के अनुसार प्राप्त धनराशि को बैंक मे रु0 2700.00 से कम जमा किया गया है जिसके लिए कर समाहर्ता /राजस्व निरीक्षक श्री अखिलेश कुमार पाण्डेय जिम्मेदार है । जिसकी वसूली ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित रहा । **जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित/ संलग्न है ।**

प्रस्तर (08) जनपद-कौशाम्बी के कर दाताओ का नाम नगर पालिका परिषद /नगर पंचायत मे सम्मिलित हो जाने के कारण निम्नांकित विवरणानुसार विभव तथा सम्पत्ति पर कर बकाया है जिसकी वसूली न होने से वर्ष की आय प्रभावित रही है जबकि इसके लिये समय पर मांग पत्र दिया जाना चाहिए और वसूली हेतु ठोस सार्थक प्रयास किया जाना चाहिए । तत्पश्चात वसूली न होने पर धारा 120 (3) मे स्पष्ट किया गया है कि विभव तथा सम्पत्ति पर कर का कोई बकाया जिला पंचायत द्वारा स्वमति से अध्याय 8 के अधीन या मालगुजारी के बकाया के रूप मे वसूल किया जा सकता है किन्तु वर्ष मे कुछ ही व्यक्तियों को ही मांग पत्र व आर0सी0 जारी का होना अंकित रहा । शेष हेतु ऐसा प्रयास /कार्यवाही लेखा परीक्षा के दौरान प्रस्तुत नहीं रहा उपलब्ध विवरण निम्नवत है -

(क) विकास खंड -मंझनपुर रू0 521570.00 (कर दाता की सूचि -77)

(**ख)** विकास खंड -सरसवाँ रू0 665120.00 (कर दाता की सूचि -104)

(ग) विकास खंड -चायल रू0 213690.00 (कर दाता की सूचि -58)

(घ) विकास खंड -मूरत गंज रू0 194345.00 (कर दाता की सूचि -66)

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि कतिपय कर दाताओ को आर0सी0 भेजी गई है किन्तु लेखा परीक्षा तक उक्त की वसूली नहीं हो पाई है । लगभग 3 वर्ष पूर्व नाम नगर पंचायत मे सम्मिलित हुए व्यतीत हो चुका है किन्तु अवधि के दृष्टिकोण से अब तक सम्पूर्ण वसूली हो जानी चाहिए थी किन्तु अधिसूचना जारी होते ही सक्रिय प्रयास न होने से अभी भी बकाया चला आ रहा है जिससे वर्ष मे कर /राजस्व से आय प्रभावित रहा जिसके लिए संबंधित कर निरीक्षक कर अधिकारी एवं अपर मुख्य अधिकारी उत्तरदायी है । अत: नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जानी अपेक्षित रही। **जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित/ संलग्न है ।**

प्रस्तर(09) - विकास खंड कौशाम्बी -कायमपुर से मोहिद्दीनपुर मुख्य मार्ग तक नव निर्माण कार्य के विचलन चार्ट मे रु0

167764.59 का बचत एवं रु0 141723.44 का अतिरिक्त व्यय दर्शाया गया है इसका अंतर रु0 26041.15 का बचत दर्शाया गया । बचत एवं अतिरिक्त व्यय को देखने से स्पष्ट है कि एस्टिमेट जानबूझकर पहले से 26041.00 बढ़ाकर बनाया गया जिसके सापेक्ष उक्त कार्य नाम मात्र करके बचत किया गया है एवं रु0 141723.44 का अधिक कार्य दर्शाकर मात्र समायोजन हेतु कार्य दर्शाया गया है अर्थात अवास्तविक रु0 141723.44 व्यय/भुगतान रहा ।

आपत्ति निम्न प्रकार है -

(क) विचलन का चार्ट के मद संख्या 4,5 7,8,9 10 मे विचलन आया है । उक्त बचत एवं अतिरिक्त व्यय को देखने से स्पष्ट है कि एस्टिमेट जानबूझकर पहले से .रु0167764.59 बढ़ाकर बनाया गया अर्थात एस्टिमेट रु02678400.00 -167764.59 = 2510635.41 + 26041.00 =2536676 का ही वास्तविक होना चाहिए |

(ख) उक्त विचलन की स्थिति मे नियमानुसार स्वीकृत कर्ता से अनुमति नहीं ली गयी है जबकि उत्तरप्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत निर्माण कार्य नियमावली 1984 के -नियम -15 के अनुसार स्वीकृत नक्शे या अनुमान या निर्माण कार्य मे तब तक कोई सारवान परिवर्तन या विस्तार नहीं किया जाएगा जब तक कि वह प्राधिकारी जिसने मूल नक्शा और अनुमान स्वीकृत किया हो उसकी स्वीकृति न दे दे प्रतिबंध यह है कि नक्शे मे किसी ऐसे छोटे परिवर्तन की स्वीकृति जिसके परिणाम स्वरूप अनुमान मे केवल मूल्य अनुमान के 10 % से अनधिक या 500.00 रुपये को इसमे जो भी कम हो वृद्धि हो ऐसे प्राधिकारी द्वारा दी जा सकती जो इस नियमावली के अधीन ठेका स्वीकृत करने के लिए सक्षम हो । अत: रु0 141723.44 या 141723.00 अवास्तविक व्यय की वसूली ब्याज सहित अभियंता- श्री शशिचंद्र यादव अपर मुख्य अधिकारी प्र0-श्री डॉ वीरेंद्र बहादुर वित्तीय परामर्शदाता,संबंधीत से की जानी चाहिए ।

जिसका विस्तृत विवरण मूल अधिभार प्रतिवेदन में अंकित/ संलग्न है ।

जनपद-प्रतापगढ़ मण्डल - प्रयागराज

प्रारूप-2
जिला पंचायत-2019-20

<u>प्रस्तर-4</u> वर्ष 2021-22 में मोरंग/बालू के उठान से जिला पंचायत की आय शून्य दर्शित है। जबकि गत वर्ष इस मद में आय रु0 1000000.00 रही है। लेखा परीक्षा में मौखिक रुप से बताया गया कि टेण्डर में किसी के प्रतिभाग न किये जाने के कारण इस मद में वसूली नही हो सकी। इन परिस्थितियों में जिला पंचायत द्वारा स्वयं अपने कर्मचारियों से वसूली करायी जानी चाहिये थी, यदि ऐसा किया गया होता तो न्यूनतम गत वर्ष 2020-21 के लगभग बराबर रु0 1000000.00 की वसूली इस मद में करायी जा सकती थी। किन्तु ऐसा न कर जिला पंचायत को क्षति पंहुचायी गयी। इस अनियमितता के प्रति अपर मुख्य अधिकारी श्री कमलेश कुमार सिंह एवं कर अधिकारी श्री शुमामा हुसैन उत्तरदायी रहे, जिनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर-5</u> वर्ष 2021-22 में हड्डी तथा चमड़ा लाइसेन्स मद में कुल रु0 18000.00 की आय रही है। शासनादेश के अनुसार इस धनराशि का 50 प्रतिशत ग्राम पंचायत को अन्तरित किया जाना था किन्तु ऐसा न कर शासनादेश का उल्लंघन किया गया है। ग्राम पंचायत के अंश की धनराशि रु0 9000.00 अपने पास रोककर गम्भीर अनियमितता की गयी है। जिसके प्रति अपर मुख्य अधिकारी श्री कमलेश कुमार सिंह एवं लेखाकार श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव उत्तरदायी रहे, जिनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है। साथ ही धनराशि सम्बन्धित ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित की जाना चाहिये।

<u>प्रस्तर-6</u> संस्था द्वारा वर्ष 2021-22 में लेबर सेस मद में कुल रु0 1869283 की कटौती कर श्रम विभाग में जमा दर्शित है किन्तु सम्बन्धित विभाग से इसकी पुष्टि नही करायी गयी है। जमा की पुष्टि न कराकर अनियमितता की गयी है जिसके प्रति लेखाकार श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री कमलेश कुमार सिंह जिम्मेदार रहे, जिनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर-7</u> दिनांक 01.04.21 को ठेकेदारों की जमानत शेष (प्रा0) रू0 19104432.00 रहा। संस्था द्वारा वर्ष 2021-22 में ठेकेदारों से जमानत के रूप में रू0 2244000.00 प्राप्त हुआ है तथा वर्ष में रू0 1746428.00 वापस किया गया है, और वर्षान्त में रू0 19602004.00 शेष दर्शाया गया है। परन्तु जमानत पंजिका एवं विवरण सूची द्वारा अवशेष पुष्टि नहीं कराई गई। जमा की पुष्टि न कराये जाने के प्रति लेखाकार श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री कमलेश कुमार सिंह जिम्मेदार रहे, जिनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर-8 आलोच्य वर्ष 2021.22 के कार्य रजिस्टर में प्रस्तुत, पूर्ण एवं अपूर्ण कार्य की सूची के अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि कुल स्वीकृत परियोजनाओ में कार्य समाप्ति की अवधि 3 माह निर्धारित की गयी है। नियमानुसार कार्यादेश निर्गत होने के बाद एक निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत उसी वित्तीय वर्ष के अंत में कार्य को पूर्ण हो जाना चाहिए परन्तु संदर्भित प्रकरण में कार्य लंबित रखा गया एवं अगले वित्तीय वर्ष में पूर्ण हुआ एवं कुछ अद्यतन अपूर्ण रहा । कतिपय कार्यों पर किया गया भुगतान रू० 18347392.00 अलाभकारी रहा। अतः 65 अलाभकारी कार्य पर किया गया भुगतान रू० 18347392. 00 उ० प्र० जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत ;बजट तथा सामान्य लेखा नियमावली 1965 के नियम 179 (2) के (क) से (ड) के अंतर्गत अनियमित रहा जिसके प्रति अपर मुख्य अधिकारी श्री कमलेश कुमार सिंह एवं लेखाकार श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव उत्तरदायी रहे, जिनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है। विवरण निम्नवत है .

मद का नाम	**परियोजनाओं की संख्या**	**स्वीकृत लागत (लाख में)**	**व्ययित धनराशि**	**अभ्युक्ति**
पंचम राज्य वित्त	13	7900000	4546640	कार्यो का विवरण परिशिष्ट पर 1 संलग्न है।
अनटाइड ग्रांट	21	12100000	5589136	
टाइड ग्रांट	31	20350000	8211616	
योग	**65**	**40350000**	**18347392**	

जनपद - गाजीपुर **मण्डल - वाराणसी**

<u>प्रारूप - 2</u>

नाम संस्था - जिला पंचायत **वर्ष - 2020-21**

प्रस्तर - 1 दिनांक 31.03.2022 को निम्नाकित विवरण के अनुसार विभव एवं सम्पत्ति कर शीर्ष में रू० 54,83,100.00 वसूली हेतु बकाया है।

क्र०	वि०खं०	प्रा० अवशेष	वर्ष का अवधारण	योग	वर्ष की वसूली	वर्षान्त का बकाया
1	सदर	420600	1051650	1472250	596850	875400
2	मनिहारी	175000	291900	466900	209400	257500
3	मरदह	181750	210000	391750	123900	267850
4	बिरनो	155600	337200	492800	189600	303200
5	भांवरकोल	249650	180300	429950	115000	314950
6	मुहम्मदाबाद	103200	396950	500150	363650	136500
7	रेवतीपुर	359700	208600	568300	246000	322300
8	भदौरा	311850	319200	631050	229200	401850
9	सादात	89900	165500	255450	122350	133100
10	बाराचवर	349900	409100	759000	362150	396850
11	करण्डा	15410	210500	364600	121000	243600
12	सैदपुर	156950	136450	293400	101350	192050
13	देवकली	248800	367650	616450	207150	409300
14	जखनियां	409800	328800	738600	222000	516600
15	कासिमाबाद	182750	450500	633300	377950	255350
16	जमानियां	423000	319400	742400	285700	456700
योग		**3972550**	**5383800**	**9356350**	**3873250**	**5483100**

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि वर्ष वो अवधारण के सापेक्ष मात्र 72% व कुल अवधारण का मात्र 41% ही वसूल किया गया है। इससे प्रतिवर्ष बकाया बढ़ता जा रहा है। समय से वसूली न हो पाने से संस्था को 54,83,100.00 की आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। इसके लिए तत्कालीन कर अधिकारी, समस्त कर निरीक्षक व समस्त कर समाहर्तागण उत्तरदायी है। इस प्रति नियमानुसार कार्यवाही हेतु विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है। (सा०आ०सं०-3)

प्रस्तर - 2 दिनांक 31.03.2021 को बैंक खातों के अनुसार अन्तिम अवशेष 73,84,48,785.94 है। जबकि कैशबुक के अनुसार अन्तिम अवशेष 73,78,14,486.75 है। इसमें न भुने चेकों की धनराशि रू० 531497.00 जोड़ने व वह धन जो कैशबुक में आया पर बैंक खातों में नहीं आया रू० 42143.70 घटाने पर कैशबुक का कुल योग 73,83,03,840.05 होता है। इस प्रकार बैंक खातों व कैशबुक के मध्य 73,84,48,785.94 (-) 73,83,03840.05 = 1,44,945.89 का अन्तर है। यह अन्तर विगत वर्षों से यथावत चला आ रहा है। इसका समाधान न कर पाना संस्था कार्य के प्रति उदासीनता का परिचायक है।

विवरण की तलाश कर समाधान तैयार कराने हेतु विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है। अन्यथा की दशा में आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है। (सा०आ०सं०-6)

प्रस्तर - 3 दुकान किराया से संबंधित बकाया एवं अवधारण से स्पष्ट है कि निम्नाकित किरायेदारों से विगत वर्षों के किराये बाकी रहने के बावजूद कोई वसूली नहीं की गई है।

क्र०	दुकान का विवरण	आवंटित का नाम	मांग		कुल मांग	वसूली	अवशेष
			चालू	बकाया			
1	1-जंगीपुर	श्रीमती नूरजहां	500.00	11000.00	11500.00	00.00	11500.00
2	2-जंगीपुर	श्रीमती लाची देवी	500.00	3000.00	3500.00	00.00	3500.00
3	4-जंगीपुर	श्री सूरज	500.00	14759.00	15259.00	00.00	15259.00
4	2- मरदह	श्री अवधेश कुमार	3756.00	3000.00	6756.00	00.00	6756.00
5	3-तहसीली स्कूल	श्री राम अवतार	3000.00	9600.00	12600.00	00.00	12600.00
6	4-तहसीली स्कूल	मो0 अली	3000.00	2400.00	5400.00	00.00	5400.00
7	6-तहसीली स्कूल	ताजदार खाँ	3000.00	8800.00	11800.00	00.00	11800.00
8	3-खजूरिया	जीवन लाल	7500.00	6000.00	13500.00	00.00	13500.00
9	4-खजूरिया	राधेश्याम गुप्ता	7500.00	6000.00	13500.00	00.000	13500.00
10	5-खजूरिया	पवन कुमार राय	7500.00	7000.00	14500.00	00.00	14500.00
11	9-खजूरिया	शशि सिंह	3756.00	3000.00	6756.00	00.00	6756.00
12	मवेशी खाना बहादुरगंज	पु0 अ0 गाजीपुर	1440.00	4920.00	6360.00	00.00	6360.00
13	- -	जि0वि0 नि0	960.00	20160.00	21120.00	00.00	21120.00
14	- -	मांटेसरी स्कूल	960.00	20160.00	21120.00	00.00	21120.00
15	- -	सुरेन्द्र नाथ सिंह	240.00	1200.00	1440.00	00.00	1440.00
16	- -	दशरथ सिंह	180.00	3780.00	3960.00	00.00	3960.00

17	- -	जिला जज गाजीपुर	100.00	700.00	800.00	00.00	800.00
18	- -	अर्थ संख्या अधि0	2160.00	4320.00	6480.00	00.00	6480.00
19	- -	संजय कुमार	5628.00	9000.00	14628.00	00.00	14628.00
20	- -	अलका जायसवाल	5628.00	4500.00	10128.00	00.00	10128.00
21	- -	नीलम जायसवाल	5628.00	13500.00	191 28.00	00.00	19128.00
22	- -	श्रीमती पूनम देवी	5628.00	13500.00	19128.00	00.00	19128.00
23	- -	रमेश सिंह	5628.00	4500.00	10128.00	00.00	10128.00
24	- -	स्वाती सिंह	5628.00	48575.00	54203.00	00.00	54203.00
25	- -	श्री विजय सिंह यादव	5628.00	4500.00	10128.00	00.00	10128.00
26	- -	श्रीमती सुशीला देवी	600.00	480.00	1080.00	00.00	1080.00
	- -		**86548.00**	**228354.00**	**314902.00**	**00.00**	**314902.00**

वसूली न होने से बकाया धनराशि प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है। इस कारण संस्था को रू० 14902-00 की आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। इसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री सुरेश कुमार एवं कर समाहर्तागण उत्तरदायी हैं। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है। (सा०आ०सं० – 7)

प्रस्तर - 4 प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश (पंचायत राज अनुभाग-03) के शासनादेश सं० 1838 /33-3-2015-03/2015 दिनांक 31.07.15 के प्रस्तर 03 के अनुसार जिला पंचायत को प्राप्त विभिन्न अनुदानों से एक से अधिक ग्राम पंचायतों को लाभान्वित करने वाले कार्यों को सम्पन्न कराया जायेगा। जिला पंचायत गाजीपुर द्वारा उक्त शासनादेश का उल्लंघन कर कतिपय निर्माण कार्य एक ग्राम पंचायत के अन्दर कराये गये हैं। पत्रावलियों में क्षेत्र पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों की एन०ओ०सी० संलग्न नहीं की गयी। जबकि क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत को भी अनुदान प्रश्नगत कार्यों को कराये जाने हेतु प्राप्त होते हैं। इससे डुप्लीकेसी की संभावना बनी रहती है। इस प्रकार की वित्तीय अनियमितता के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री सुरेश कुमार व अभियन्ता श्री अमित कुमार सिंह उत्तरदायी हैं। इस प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रबन्ध मण्डल एवं विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है। कतिपय कार्यों का विवरण निम्नवत है :-

क्र0 सं0	**कार्य का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**व्यय धन0**

1	ग्रा० पहाड़ीपुर में बिन्द वस्ती से अनुसूचित बस्ती तक सोलिंग मरम्मत कार्य।	11-02-2020	332567.00
2	ग्रा० सभा ससना में सरकारी ट्यूबेल तक विशेष मरम्मत कार्य।	05-02-2020	566936.00
3	ग्रा० सुभाखरपुर में जिला पंचायत द्वारा पूर्व निर्मित नाली पर ढक्कन कार्य	04-06-2020	253581.00
4	ग्रा० बीकापुर में राजेन्द्र यादव के घर से पोखरी तक ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य	24-09-2020	466043.00
5	ग्रा० सभा बिन्दवलिया मोहम्मदपुर में नन्दलाल यादव के सामने से साइफन तक ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य	14-10-2020	479387.00
6	ग्रा० सभा बिन्दवलिया गोदाम के बगल से पोखनी तक ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य	08-12-2020	601624.00
7	ग्रा० सभा रजदेपुर देहाती में बजाज एजेंसी के पीछे सुधरी के घर के आगे तक मिट्टी एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य।	15-09-2020	558312.00
8	ग्रा० सभा फूलपुर में रेलवे लाइन से योगेन्द्र कुशवाहा के घर तक ढक्कन सहित नाली	10-06-2020	186668.00
9	ग्रा० सभा छावनी लाईन सरैया में अनिल तिवारी के घर से धर्मशीला सिंह के जमीन तक दोनों तरफ नाली एवं सी०सी० कार्य	02-07-2020	997865.00
10	ग्रा० सभा खिदियाबाद में प्रा० पा० सी० सी० रोड से डीह बाबा के स्थान तक सी०सी० कार्य	24-09-2020	540242.00
11	ग्रा० सभा फूलपुर से रामऔतार कुशवाहा के खेत से रामजीत यादव के डेरा तक लेपन कार्य	16-01-2021	454720.00
12	ग्रा० सभा धरम्मनपुर करकटपुर में काली जी के मन्दिर से हैदर अली के मशीन तक मिट्टी खड़ण्जा कार्य	27-08-2020	1398619.00
13	ग्रा० सभा कटरिया मलपुरा में हरिश्चन्द यादव के डेरा से रामा यादव के घर तक मिट्टी खड़ण्जा कार्य	17-10-2020	860186.00
14	ग्रा० सभा मैनपुर में राम सिंह के घर के सामने से ओमकार यादव के दरवाजे तक लेपन कार्य।	10-08-2020	1549135.00
15	ग्रा० सभा महरूनी में ईदगाह से पप्पू प्रधान के घर तक लेपन कार्य	23-10-2020	962490.00

16	ग्रा० सभा बूढनपरा में दुर्गा पाण्डाल से सामू के वगीचा तक लेपन कार्य।	09-07-2020	997780.00
17	ग्रा० सभा भदौरा में पीच मार्ग पर उदयनायण कुशवाहा के चेक से पोखरा तक मि० /ख० कार्य	09-07-2020	1661161.00
18	ग्राम सभा तेलियानी में मिट्टी एवं सोलिंग कार्य	16-06-2020	631456.00
19	ग्राम सभा सदर जहाँपुर में सोलिंग से गाँव तक मिट्टी खड़ण्जा कार्य ।	12-08-2020	631456.0
20	ग्राम सभा फरीदनपुर में नरसन यादव के घर से हरिजन बस्ती तक मिट्टी एवं खड़ण्जा कार्य	31-07-2020	924748.00
21	ग्राम सभा बहराज में बंधु कुशवाहा के ट्यूबेल से शिव मन्दिर तक मिट्टी एवं खड़ण्जा कार्य।	08-12-2020	1047034.00
22	ग्रा० सभा गंगौलो में धनपाल यादव के घर से मस्जिद तक विशेष लेपन मरम्मत कार्य।	24-07-2020	459988.00
23	ग्राम सभा नगवाँ में यशवन्त के घर से राजभर बस्ती तक मिट्टी एवं खड़ण्जा कार्य	15-07-2020	1570000.00
24	ग्रा० सभा अमवाँ सिंह में सुनील सिंह के खेत से अम्बेडकर मूर्ति तक मि०/ख० कार्य	06-10-2020	829162.00
25	ग्रा० सभा पलिया में वीरेन्द्र राम क घर से पोखरे तक नाली निर्माण कार्य।	28-11-2020	373257.00
26	ग्रा० स० सिगेरा में विनोद यादव के स्कूल से सिगेरा चौहान बस्ती तक मि० / ख० कार्य।	12-08-2020	737174.00
27	ग्राम सभा रानीपुर (धनुकापुर) में सी०सी० रोड निर्माण कार्य।	211220.00	1598356.00
	योग		**21422386.00**

(सा०आ०सं०-09)

प्रस्तर - 5 दिनांक 31.03.2021 के मासिक लेखा (प्रपत्र ड.) के अनुसार पशु शव निस्तारण मद में रू**0** 35200.00 की आय दर्शित हैं शासनादेश के अनुसार इसका 50% भाग ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित किया जाना चाहिए। इस प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है। (सा०आ०सं०-21)

जनपद- जौनपुर मण्डल - वाराणसी

प्रारूप-2

जिला पंचायत- जौनपुर वर्ष 2021-22

प्रस्तर-1 1- वर्ष् 2021-22 में गैंगमैन वेतन के रूप में रू० 282464.00 का भुगतान . . मस्टररोल बनाकर किया गया है। जिस पर निम्न आपत्तियाँ पायी गयी :

1. मस्टररोल पर प्रत्येक मजदूर/गैंगमैन को 26 दिन की ही हाजिरी ली गयी है तो क्यावर्ष में राजकीय अवकाश नही था गैंगमैन की स्वयं द्वारा ली गयी कोई छुट्टी नहीं है।
2. गैंगमैन द्वारा केवल एक कार्य सड़कों के किनारे मिट्टी कार्य दिखाया गया है। जिसकीकोई कार्ययोजना, फाइल वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति नहीं है।
3. प्रत्येक मस्टर रोल भुगतान तिथि को ही एक साथ एक ही राइटिंग में बनाये गये है जोसंदिग्ध है।
4. गैंगमैनों के कार्यों की देख-रेख एवं उपस्थिति किसी अधिकारी द्वारा प्रमाणित नहीं है ।
5. पटरी मरम्मत कार्य जिला पंचायत द्वारा निर्मित सड़कों का किया गया है या अन्यसड़कों का भी कोई प्रमाण नहीं है।
6. पटरी मरम्मत सम्बंधी कोई आदेश, स्टीमेट का न होना कार्य की पुष्टि नहीं करता है।
7. इतने गैंगमैन किस आधार पर दैनिक वेतन भोगी के रूप में क्यों लगाये गये है। जबकिजिला पंचायत में गैंगमैन रखे जाने हेतु कोई स्वीकृत पद नही है अर्थात बिना स्वीकृतपद के गैंगमैन रखा जाना अनियमित रहा।

   उक्त से स्पष्ट है कि गैंगमैन के नाम पर फर्जी तरीके से बिना किसी कार्य को सम्पन्न कराये मजूदरी भुगतान किया जाना पूर्णतया अनियमित रहा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या, श्री अखिलेश कुमार अभियन्ता एवं लेखाकार श्री राधेरमण की है।

   उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ0सं0-2**

प्रस्तर-2 दिनांक 29-07-2022 को बिजली बिल रू० 239354.00 के सापेक्ष रू० 199777.00 का भुगतान हुआ है। जिसमें बिल के अनुसार रू0 39557.00 लेट पेमेंट शामिल है।बिजली बिलों के भुगतान में लापरवाही बरतने के कारण लेट पेमेंट देना पड़ा यदि समय से बिलों का भुगतान होता तो इस पेमेंट से बचा जा सकता था। अधिक अनावश्यक भुगतान से संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है। जिसके लिये सम्बंधित कर्मचारी श्री राधेरमण यादव लेखाकार एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों से वसूली अपेक्षित है।

आ०सं०-3

प्रस्तर-3 - मृत पशु शव निस्तारण तथा हड्डी चमडा मद में कुल 21 विकास खण्डों में ठेका होना चाहिए। परन्तु वर्ष 2021-22 में मात्र 4 ब्लाकों का ही ठेका हुआ है। वर्ष 2021-22 में रू० 200058.00 बकाया दर्शित है तथा वर्ष में मात्र रू० 1000.00 की ही वसूली हुई है। इस प्रकार 31-03-2022 में वसूली हेतु रू० 199058.00 शेष रही। वसूली एवं ठेकान होने से जिला पंचायत को हानि हो रही है। जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्रीजग प्रसाद मौर्या एवं कर अधिकारी श्री शत्रुधन प्रसाद वर्मा उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों से वसूली अपेक्षित है। **आ0सं0-5**

प्रस्तर-4 -नौका घाट रजिस्टर के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि दिनांक 31-03-2022 में रू० 2552134.00 का बकाया दर्शित हैं। वर्ष दौरान आर0सी0 के माध्यम से मात्र रू०25676.00 की वसूली हुई है। इस प्रकार दिनांक 31-03-2022 को रू० 2526458.00 वसूली हेतु शेष है। बकाया की वसूली न होने से जिला पंचायत को हानि हो रही है।जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या एवं कर अधिकारी श्री शत्रुधनप्रसाद वर्मा उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों से वसूली अपेक्षित है।

आ०सं०-7

प्रस्तर-5 आबकारी विभाग जौनपुर से प्राप्त सूचना के अनुसार जनपद में वर्ष 2021-22 में ग्रामीण क्षेत्रों में 384 मदिरा की दुकाने थी। जिसमें देशी मदिरा की दुकानों की सं० 277 एवं विदेशी मदिरा की दुकानों की सं०107 दुकाने संचालित है। जिनसे जिला पंचायत जौनपुर द्वारा मदिरा की दुकानों से लाइसेंस फीस एवं सी०पी०टैक्स की वसूली का आवधारण नहीं किया गया है। अतः शासनादेश सं0 - 1152 / 33-2-2017-62जी0 दिनांक 04अप्रैल 2018 द्वारा पुनरीक्षित दर रू० 10000.00 प्रति दुकान की दर से वर्ष 2021-22 में इन दुकानों से टैक्स मद में रू० 3840000.00 एवं विदेशी मदिरा की दुकानों की लाइसेंस फीस 277 दुकान रू0 750.00 की दर से कुल रू० 207750.00 तथा 107 विदेशी मदिरा की दुकान रू० 1000.00 की दर से कुल रू० 107000.00 है। इस प्रकार रू० 314750.00 वर्ष में मदिरा की दुकानों से लाइसेंस फीस एवं सी०पी० टैक्स कानिर्धारण न किये जाने के कारण संस्था को रू० 4154750.00 के राजस्व की क्षति हुई है। जिस अनियमितता के प्रति अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या एवं कर अधिकारी श्री शत्रुधन प्रसाद वर्मा उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ०सं०-9**

प्रस्तर-6 वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में पाया गया कि विधायक निधि मद का प्रा० अवशेष रू० 5165483.00 एवं वर्ष में रु० 1020000.00 का आय एवं ब्याज के रुप में रु० 202048.00 कुल रु० 6387531.00 उपलब्ध होने के वावजूद भी सम्पूर्ण धनराशि का उपभोग नहीं हुआ है। उपभोग न होने से विकास कार्य बाधित रहा । जिससे आम जनता को विकास का लाभ नहीं मिल पाया। उपभोग न होने के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या एवं अभियन्ता अखिलेश कुमार उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ०सं०-14**

प्रस्तर-7 वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में पाया गया कि बी०आर०जी०एफ० मद का प्रा० अवशेष रू० 36685352.94 था वर्ष में अनुदान से आय शून्य रहा तथा ब्याज के रुप में रु० 1088295.00 प्राप्त हुआ। इस प्रकार वर्ष में उपभोग हेतु रु० 37773647.00 उपलब्ध होने के बावजूद मात्र एस०एम०एस० चार्ज के रुप में रु० 17.00 का ही उपभोग हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सम्पूर्ण धनराशि हेतु कार्ययोजना ही नहीं बनायी गयी है। जिसके कारण रु० 37773630.00 व्यय हेतु धनराशि अवशेष रह गया। कार्ययोजना न बनाया जाना जिला पंचायत प्रशासन की लापरवाही का द्योतक है। उपभोग न होने से विकास कार्य बाधित रहा। जिससे आम जनता को विकास का लाभ नहीं मिल पाया। उपभोग न होने के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या एवं अभियन्ता अखिलेश कुमार उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ०सं०-15**

प्रस्तर-8 भवन/दुकान किराया रजिस्टर वर्ष 2021 - 22 के अनुसार चालू वर्ष की मॉग रु० 286271.00 एवं गत वर्ष का बकाया 811862.00 जिसका कुल योग रु० 1098133.00 है। जिसके सापेक्ष वर्ष में मात्र 160039.00 की ही वसूली जिला पंचायत द्वारा की गयी है तथा वर्षान्त में शेष रु० 938094.00 वसूल न होने के कारण जिला पंचायत को हानि हुई है। साथ ही नियमानुसार प्रत्येक तीन वर्ष के बाद 25 प्रतिशत किराया की वृद्धि न कर संस्था को क्षति पहुंचाई गयी है। चालू वर्ष के मॉग के सापेक्ष किराया रु० 286271.00 का 25 प्रतिशत बराबर रु० 71568.00 होता है। वर्षान्त किराया रु० 938094.00 एवं वृद्धि की धनराशि रु० 71568.00 कुल रु० 1009662.00 की क्षति हेतु अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या एवं कर अधिकारी श्री शत्रुधन प्रसाद वर्मा उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों से क्षतिपूर्ति अपेक्षित है।

क्र० सं०	सम्पति का विवरण	चालू मॉग	पिछला बकाया	वर्ष की वसूली	वर्षान्त शेष	किरायेदार का नाम
1	भवन के निकट दुकान नं०-1	4613.00	-	-	4613.00	श्रीराम नरायन
2	सभा भवन के निकट दुकान नं०-2	4613.00	7863.00	-	12476.00	श्रीमती उर्मिला
3	सभा भवन के निकट दुकान नं०-3	4613.00	1339.00	4589.00	1363.00	श्री सभाजीत
4	सभा भवन के निकट दुकान नं०-4	4613.00	7863.00	-	12476.00	श्री शिवशंकर
5	सभा भवन के निकट दुकान नं०-5	4613.00	-	5850.00	-	श्री रामाकान्त शुक्ला
6	सभा भवन के निकट दुकान नं०-6	4613.00	3863.00	-	8476.00	श्री छविराज
7	सभा भवन के निकट दुकान नं०-7	4613.00	4613.00	5913.00	3313.00	मंत्री सह०उप०भण्डार

8	सभा भवन के निकट दुकान नं०-8	4613.00	98605.00	-	103218.00	मंत्री सह०उप०भण्डार
9	दुकान नं०-8 व 7 के बीच	973.00	1560.00	-	2533.00	श्री शिवशंकर
10	दुकान नं०-2 व 3 के बीच	973.00	1560.00	-	2533.00	श्री रमेश चन्द्र
11	सभा भवन के निकट दुकानों के उपर स्थित नं०-1	3703.00	12724.00	-	16427.00	ठाकुर प्रसाद सिंह
12	सभा भवन के निकट दुकानों के उपर स्थित नं०-2	3703.00	-	-	3703.00	श्रीमती रीता सिंह
13	सभा भवन के निकट फ्लैट नं०-3	3703.00	39045.00	-	42748.00	श्री राजेन्द्र प्रसाद
14	सभा भवन के निकट फ्लैट नं०-4	3703.00	34618.00	-	38321.00	श्री सुबाष यादव
15	सभा भवन के निकट फ्लैट नं० 2 व 3 के बीच कोठरी	1183.00	5240.00	-	6423.00	श्री कृष्णानन्द
16	डाक बंगला जौनपुर नं०- 1	-	2968.00	-	2968.00	श्री काशीनाथ सिंह
17	डाक बंगला जौनपुर नं०- 1 का बकाया	-	1176.00	-	1176.00	श्री विजय कुमार
18	परिषदीय भवन केराकत जौनपुर	-	99450.00	-	99450.00	खाली है ।
19	चन्दवक बाजार में स्थित भवन	-	-	-	-	-
20	मुख्यालय के उपर आवास का बकाया	-	375.00	-	375.00	श्री दिनेश सिंह
21	मुख्यालय के उपर आवास	32130.00	खाली है।	32130.00	-	सीए० बदलापुर पडाव
22	लाइन बाजार स्थित गृह जौनपुर	-	1588.00	-	1588.00	श्री निदेश सिंह भू०अ०
23	डाक बंगला आवास गृह नं० 2	-	1156.00	-	1156.00	श्री महेन्द्र प्रताप सिंह लिपिक
24	बदलापुर बाजार में पौण्ड की जमीन पर	9360.00	4720.00	4000.00	1080.00	श्री जितेन्द्र नाथ उपाध्याय

	निर्मित दुकान नं० ए/5					
25	दुकान नं० ए/2 बदलापुर	9360.00	18702.00	21042.00	7020.00	श्री ईश्वर चन्द्र निगम
26	दुकान नं० ए/3 बदलापुर	9360.00	9360.00	-	18720.00	श्री शहजाद/चौथी
27	दुकान नं० ए/4 बदलापुर	9360.00	-	5850.00	3510.00	श्री चन्द्रपाल सिंह
28	दुकान नं० ए/6 बदलापुर	12480.00	78820.00	5000.00	86300.00	श्री महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा
29	दुकान नं० ए/1 बदलापुर	9360.00	6724.00	4000.00	12084.00	श्री राजेश कुमार
30	दुकान नं० ए/1 बदलापुर	7020.00	9400.00	-	16420.00	श्री रामजीत मौर्या
31	दुकान नं० ए/2 बदलापुर	7020.00	8020.00	1000.00	14040.00	श्री इन्द्रजीत यादव
32	दुकान नं० ए/3 बदलापुर	7020.00	26370.00	14000.00	19390.00	श्री प्रेमचन्द्र गुप्ता
33	दुकान नं० ए/4 बदलापुर	7020.00	67950.00	-	74970.00	श्री आशीष कुमार शुक्ल
34	दुकान नं० ए/5 बदलापुर	12480.00	55360.00	4000.00	63840.00	श्री आनन्द कुमार शुक्ल
35	दुकान नं० बी०/6 बदलापुर	12480.00	4160.00	14560.00	2080.00	श्री गौरी सिंह
36	दुकान नं० बी०/7 बदलापुर	-	-	-	-	रिक्त है।
37	दुकान नं० बी०/8 बदलापुर	7020.00	41660.00	-	48680.00	श्रीमती सावित्री देवी
38	दुकान नं० बी०/9 बदलापुर	7020.00	25660.00	-	32680.00	श्री बसंत कुमार दूबे
39	दुकान नं० बी०/10 बदलापुर	12480.00	5460.00	9360.00	8580.00	कैप्टन सूर्य नरायन शर्मा
40	दुकान नं० सी०/1 बदलापुर	7020.00	7020.00	-	14040.00	श्रीमती ममता शुक्ला

41	दुकान नं० सी०/2 बदलापुर	7020.00	19830.00	3000.00	23850.00	श्री चन्द्र प्रकाश शर्मा
42	दुकान नं० सी०/3 बदलापुर	7020.00	28075.00	35000.00	31595.00	श्री सोहन लाल गुप्ता
43	दुकान नं० सी०/4 बदलापुर	7020.00	23720.00	-	30740.00	श्री रामआसरे सरोज
44	दुकान नं० सी०/5 बदलापुर	7020.00	-	7020.00	-	श्री ओम प्रकाश जायसवाल
45	दुकान नं० सी०/6 बदलापुर	12480.00	34560.00	12000.00	35040.00	श्री सूर्य नाथ शुक्ला
46	जलालपुर बाजार में स्थित जिला पंचायत का भवन	12876.00	10685.00	3225.00	20336.00	मो० आसिफ जलालपुर
	योग -	**286271.00**	**811862.00**	**160039.00**	**938094.00**	

आ०सं०-17

प्रस्तर-9 आलोच्य वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में जिला पंचायत द्वारा उपयोग किये जा रहे जनरेटर की लागबुक की जॉच में पाया गया कि विभिन्न माहों में बिजली कटौती की दशा में चलाये जा रहे जनरेटर की अवधि में लागबुक के अनुसार दर्शित समय व लेखा परीक्षा के अनुसार पाये गये जोड में अन्तर पाया गया। उत्तरदायी व्यक्तियों से क्षतिपूर्ति अपेक्षित है।

जिसका विवरण निम्न प्रकार है : -

क्र० सं०	**माह**	**लागबुक के अनुसार अवधि**	**लागबुक की लेखा परीक्षा के अनुसार अवधि**	**अन्तर**
1	4/21	17:15	15:15	2:00
2	5/21	16:15	14:15	1:20
3	6/21	37:15	35:55	1:20
4	7/21	27:15	25:15	2:00
5	8/21	35:15	33:45	1:30
6	9/21	35:00	33:00	2:00
7	10/21	33:00	33:00	-
8	11/21	12:00 घण्टा	12:00	-
9	12/22	42:00	42:00	-
10	01/21	38:00	34:05	3:55
11	02/22	29:00	27:05	1:55
12	03/22	34:00	33:05	0:55
	योग -	**356:25 मिनट**	**339:25**	**17:00**

उपरोक्तानुसार वर्ष में 17:00 घण्टा की अधिक डीजल प्रयोग में लाया गया दर्शित है। जिस पर 51 ली० डीजल अधिक खर्च दिखाया गया है। जिसका कुल मूल्य 51 ली0 रू० 91.09 की दर से कुल रू० 4646.00 होता है। जिसके लिए लिपिक श्री शमशेर सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों से क्षतिपूर्ति के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है । **आ0सं0-18**

प्रस्तर-10 दिनांक 01-09-2021 में 50 कुर्सी रू० 40000.00 का खरीद किया गया है। क्रयकुर्सी हेतु माँग पत्र अप्राप्त रहा तथा स्टॉक रजिस्टर में लेखा की पुष्टि नही करायी गयी जिससे व्यय की पुष्टि नही हो सकी। उपभोगित धनराशि रू० 40000.00 दुरुपयोगित रही । जिसके लिए प्र०अ०श्री धनन्नजय सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ०सं०-20**

प्रस्तर-11 कैशबुक वर्ष 2021-22 के अनुसार जनपद जौनपुर के मृत शव निस्तारण हड्डी चा सींग आदि का विज्ञापन हेतु दैनिक समाचार पत्र, दैनिक जागरण की दिनांक 04-08-2021 में रू० 984.00 का भुगतान किया गया है परन्तु बिल के साथ- साथ समाचार पत्र का कटिंग संलग्न नही है तथा विज्ञापन हेतु अध्यक्ष महोदया के स्वीकृती के पत्रअप्राप्त रहने के कारण व्यय की पुष्टि नही हो सकी। जो अनियमित रहा। जिसके लिए प्र0अ0 श्री धनन्नजय सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ०सं०-21**

प्रस्तर-12 दिनांक 01-11-2021 (जेड एन 9) अध्यक्ष महोदया की स्वीकृती से क्षेत्रीय पर्यावरण आयुक्त अध्ययन केन्द्र को रू० 23705.00 (चेक नं०-053768) का भुगतान किया गया है । परन्तु भुगतान किस उद्देश्य से किया गया है विवरण / प्रमाणक अप्राप्त रहा एवं अध्यक्ष महोदया के स्वीकृत पत्र अप्राप्त है। जिसके कारण व्यय की पुष्टि नही हो सकी। इस अनिमगित भुगतान हेतु लेखाकार राधेरमण यादव एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ0सं0-22**

प्रस्तर-13 दिनांक 01-11-2021 (जेड एन/10) रू० 5000.00 का पोस्टेज क्रय किया गया है। पोस्टेज रजिस्टर (स्टॉक रजि०) उपलब्ध नही कराया गय है। जिससे पोस्टेज क्रय की पुष्टि नही की गयी। इस प्रकार उक्त धनराशि रू० 5000.00 का अपहरण किया गया है। जिसके लिए लेखाकार राधेरमण यादव एवं अपर मुख्य अधिकारी जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों से वसूली अपेक्षित है।**आ०सं०-23**

प्रस्तर-14 दिनांक 01-11-2021 (जेड एन/12) को 11 ए०सी०, स्टेपलाइजर कार्यालय हेतु मय फिटिंग के रू० 502360.00 का खरीद किया गया है तथा क्रय प्रमाण उपलब्ध हैं। क्रय हेतु माँग एवं खरीद से संबंधित विवरण / पत्रावली आमंत्रित किये टेण्डर सहित पुष्टि नही करायी गयी तथा स्टॉक रजिस्टर में लेखा की पुष्टि भी नही करायी गयी जिससे व्यय की पुष्टि नही हो सकी इस प्रकार रू० 502360.00

दुरुपयोगित रही। जिसके लिए प्र०अ० श्री धनन्नजय सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ0सं0-24**

प्रस्तर-15 दिनांक 01-11-2021 (जेड एन/13) को माननीय कांशीराम अतिथि गृह सूट नं० 2 के बाथरूम में टोंटी एवं अन्य कार्य पर (क्रय) रू० 28850.00 का भुगतान दर्शित है। क्रय से संबंधित मॉग एव क्रय संबंधित विवरण एवं स्टॉक रजिस्टर में लेखा की पुष्टिनहीं करायी गयी। इस प्रकार रू० 28850.00 अनियमित रहा। जिसके लिए प्र०अ० श्री धनन्नजय सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ०सं०-25**

प्रस्तर-16 दिनांक 08-12-2021 (जेड एन 11) को माननीय कांशीराम अतिथि गृह जिला पंचायत जौनपुर में विद्युत मरम्मत एवं समरसेबुल क्रय पर रू० 21595.00 का भुगतान किया गया दर्शित है। क्रय से संबंधित माँग एवं क्रय संबंधी विवरण तथा स्टॉक रजिस्टर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नही किये गये। जिससे व्यय की पुष्टि नही हो सकी। इस प्रकार रू० 21595.00 दुरुपयोगित रही। जिसके लिए प्र0अ0 श्री धनन्नजय सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **अ0सं0-27**

प्रस्तर-17 वर्ष 2021-22 में ईट भट्ठा रजिस्टर की जाँच में पाया गया कि जिला पंचायत जौनपुर के अन्तर्गत कुल 547 ईट भट्ठे संचालित है। जिसमें से मात्र 264 ईट भट्ठो का हीनवीनीकरण हुआ है। जिसमें कुल रू० 2799720.00 की वसूली होना रजिस्टर में दर्शित है तथा शेष 283 ईट भट्ठों से वसूली न कर प्रति ईट भट्ठा रू० 10605.00 की दर से रू० 3001215.00 तथा 547 ईट भट्ठों से रू० 6000.00 प्रति ईट भट्ठा की दर सेकुल सी०पी०टैक्स रू० 3282000.00 से कुल रू० 6283215.00 की क्षति संस्था को पहुचाई गयी है। जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या एवं कर अधिकारी श्री शत्रुधन प्रसाद वर्मा एवं उत्तदरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों से क्षतिपूर्ति अपेक्षित है।

विवरण निम्न प्रकार है।

जनपद में ईट भट्ठों की सूची व नवीनीकरण से प्राप्त धनराशि का विवरण:-

क्र०सं०	ब्लाक का नाम	कार्यरत ईट भट्ठों की सं०	नवीनीकरण से प्राप्त धनराशि	कर वसूली अधिकारी व सहायक कर वसूली अधिकारी का नाम
1	सिकरारा	34	10605 × 18	श्री राना रवि कुमार सिंह
2	मडियाहूँ	26	10605 × 6	
3	मछलीशहर	21	10605 × 6	
4	बक्शा	35	10605 × 8	श्री पवन कुमार यादव
5	सिकरोनी	28	10605 × 28	श्री रामसेवक
6	मुँ० बादशाहपुर	23	10605 × 12	श्री महेन्द्र प्रताप यादव
7	बरसठी	29	10605 × 13	
8	धर्मापुर	18	10605 × 9	

9	रामनगर	27	10605 × 9	श्री सुनील कुमार
10	डोभी	20	10605 × 15	श्री प्रमोद कुमार
11	केराकत	41	10605 × 29	
12	खुटहन	37	10605 × 29	श्री शिवशंकर यादव
13	मुफतीगंज	21	10605 × 8	
14	रामपुर	30	10605 × 14	श्री बहुगुणा पाल
15	करंजाकला	26	10605 × 16	श्री हरेन्द्र कुमार
16	शाहगंज	12	10605 × 7	श्री संजय यादव
17	सुइथाकला	08	10605 × 6	
18	सुजानगंज	32	10605 × 15	श्री अमित सिंह
19	बदलापुर	34	10605 × 31	श्री जीतू सिंह
20	महराजगंज	18	10605 × 17	
21	जलालपुर	27	10605 × 9	श्री राम आशीष यादव
	योग	547		

जिला पंचायत जौनपुर के अन्तर्गत संचालित ईट भट्ठों की कर वसूली का विवरण:-

क्र० सं०	**ब्लाक का नाम**	**कार्यरत ईट भट्ठों की सं०**	**नवीनीकरण किये गये ईट भट्ठों की सं०**	**नवीनीकरण से प्राप्त धनराशि**	**नवीनीकरण न किये गये ईट भट्ठों की सं०**	**नवीनीकरण न होने से होने वाली क्षति की धनराशि**
1	सिकरारा	34	18	190980.00	16	
2	मडियाहूँ	26	06	63630.00	20	
3	मछलीशहर	21	06	63630.00	15	
4	बक्शा	35	08	84840.00	27	
5	सिकरोनी	28	07	74235.00	21	
6	मुँ० बादशाहपुर	23	12	127260.00	11	
7	बरसठी	29	13	137865.00	16	
8	धर्मापुर	18	09	95445.00	09	
9	रामनगर	27	09	95445.00	18	
10	डोभी	20	09	95445.00	11	
11	केराकत	41	15	159075.00	26	
12	खुटहन	37	29	307545.00	08	
13	मुफतीगंज	21	08	84840.00	13	
14	रामपुर	30	14	148470.00	16	
15	करंजाकला	26	16	169680.00	10	
16	शाहगंज	12	07	74235.00	05	
17	सुइथाकला	08	06	63630.00	02	

18	सुजानगंज	32	15	159075.00	17	
19	बदलापुर	34	31	328755.00	03	
20	महराजगंज	18	17	180285.00	01	
21	जलालपुर	27	09	95445.00	18	
	योग-	**547**	**264**	**2799720.00**	**283**	**3001215.00**

आ०सं०-33

प्रस्तर-18 जेडएन013701-01-2022 को 8326 पन्ने का छायाप्रति कराया गया है। जिसका भुगतान रू०12489.00 श्री राधेरमण यादव लेखाकार को किया गया है। किन्तु पत्रावली में बिल के साथ प्रमाणक न होने के कारण भुगतान अनियमित रहा। जिसके लिए श्री राधेरमण यादव लेखाकार एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ0सं0-37**

प्रस्तर-19 दिनांक 18-12-2021 जेडएन/ 21 को विविध बिल के अनुसार पुआल रू० 64722.00 टी.ओ.ओ.-3 एवं पशुआहार व नमक का मूल्य रू० (12600.00+400.00) 13000.00 कुल रू०77722.00 का भुगतान श्री सत्य प्रकाश मिश्रा को किया गया है परन्तु क्रय से संबंधित प्रमाणक बिल के साथ न होने के कारण भुगतान अनियमित रहा। जिसके लिए प्र0अ0 श्री धनन्नजय सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर-20 जेडएन /15/08-12-21 गोआश्रय में श्रमिकों को पारिश्रमिक माह अक्टूबर - 21 व नवम्बर-21 में श्री वशिष्ठ कुमार एवं श्री शैलेन्द्र कुमार को रू० (10000.00 व 10000.00) रू० 20000.00 का भुगतान किया गया है। उक्त भुगतान किस आधार परकिया गया है जबकि भुगतान हेतु मस्टररोल / उपस्थिति पंजिका की प्रमाणित छायाप्रति अप्राप्त रहा। इस प्रकार भुगतान अनियमित रहा। जिसके लिए प्र०अ० श्री धनन्नजय सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ0सं0-41**

प्रस्तर-21 जेडएन /1608-12-21 के अनुसार जिला पंचायत जौनपुर द्वारा संचालित अस्थाई गौशाला पर माह अक्टूबर-21 के विभिन्न तिथियों में 750 रुपये कुन्टल की दर से 71.10 कुन्टल भूसा क्रय कर रू० 53325.00 श्री सतीश कुमार मौर्या को भुगतान किया गया है। जिसके प्रमाणक उपलब्ध है। रू० 13000.00 का भुगतान श्री प्रकाश ट्रेडर्स को किया गया है परन्तु रू० 13000.00 के क्रय प्रमाणक अप्राप्त रहा। जो अनियमित हैं। जिसके लिए प्र०अ० श्री धनन्नजय सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है।उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ०सं०-42**

प्रस्तर-22 दिनांक 01-01-22 जेडएन/14 को ग्राम टिसौली के आर्यनगर में संचालित अस्थायी गौशाला में समरसेबुल क्रय पर रू० 5250.00 का भुगतान मौर्या हार्डवेयर एण्ड पेन्टस्टोर जौनपुर को किया गया हैं। क्रय से संबंधित मॉग एवं क्रय संबंधित विवरण एवं स्टॉक रजिस्टर में लेखा की पुष्टि नही करायी गयी जो अनियमित रहा। जिसके लिए प्र०अ० श्री धनन्नजय सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ०सं०-44**

प्रस्तर-23 जिला पंचायत जौनपुर के वर्ष 2021-22 के माह जनवरी 2022 के प्रमाणकों की जाँच में पाया गया कि कतिपय तिथियों में 72 विभिन्न ठेकेदारों व फर्मों के पूर्व में जमा जमानत की धनराशि रू० 2033500.00 भुगतान किया गया है। परन्तु जमानत के पुष्टि में किसी भी प्रकार का कोई भी साक्ष्य प्रमाणकों के साथ संलग्न नही है। निर्माण अनुभाग व लेखा अनुभाग का कोई रिपोर्ट भी संलग्न नही हैं। साथ ही संबंधित ठेकेदारों व फमों के जमानत वापसी से संबंधित अनुरोध पत्र / मॉगपत्र भी प्रमाणकों के साथ संलग्न नही है। ऐसी स्थिति में जमा जमानत की धनराशि भुगतान किया जाना अनियमित रहा। जिसके लिए श्री राधेरमण यादव लेखाकार एवं अपर मुख्य अधिकारी जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है।

विवरण निम्नवत् है:-

क्र०सं०	**दिनांक**	**विविध बिल नं०**	**जमानत वापसी की धनराशि**
1	01-01-2022	जेडएन/64	37400.00
2	01-01-2022	जेडएन/65	44000.00
3	01-01-2022	जेडएन/66	37800.00
4	01-01-2022	जेडएन/67	38300.00
5	01-01-2022	जेडएन/68	30400.00
6	01-01-2022	जेडएन/69	24300.00
7	01-01-2022	जेडएन/70	34500.00
8	01-01-2022	जेडएन/71	21400.00
9	01-01-2022	जेडएन/72	13600.00
10	01-01-2022	जेडएन/73	33000.00
11	01-01-2022	जेडएन/74	47600.00
12	01-01-2022	जेडएन/75	47200.00
13	01-01-2022	जेडएन/76	12100.00
14	01-01-2022	जेडएन/77	9600.00
15	01-01-2022	जेडएन/78	39800.00
16	01-01-2022	जेडएन/79	48600.00
17	01-01-2022	जेडएन/80	27650.00
18	01-01-2022	जेडएन/81	21200.00
19	01-01-2022	जेडएन/82	19300.00
20	01-01-2022	जेडएन/83	25500.00
21	01-01-2022	जेडएन/84	10500.00
22	01-01-2022	जेडएन/85	25000.00

23	01-01-2022	जेडएन/86	75000.00
24	01-01-2022	जेडएन/87	22800.00
25	01-01-2022	जेडएन/88	33300.00
26	01-01-2022	जेडएन/89	18000.00
27	01-01-2022	जेडएन/90	43700.00
28	01-01-2022	जेडएन/91	33800.00
29	01-01-2022	जेडएन/92	39200.00
30	01-01-2022	जेडएन/93	34000.00
31	01-01-2022	जेडएन/94	16900.00
32	01-01-2022	जेडएन/95	8600.00
33	01-01-2022	जेडएन/96	21800.00
34	01-01-2022	जेडएन/97	1900.00
35	01-01-2022	जेडएन/98	38800.00
36	01-01-2022	जेडएन/99	29300.00
37	01-01-2022	जेडएन/100	4200.00
38	01-01-2022	जेडएन/101	45100.00
39	01-01-2022	जेडएन/102	25200.00
40	01-01-2022	जेडएन/103	38800.00
41	01-01-2022	जेडएन/104	1000.00
42	01-01-2022	जेडएन/105	35000.00
43	01-01-2022	जेडएन/106	7200.00
44	01-01-2022	जेडएन/107	10100.00
45	01-01-2022	जेडएन/108	11600.00
46	01-01-2022	जेडएन/109	8200.00
47	01-01-2022	जेडएन/110	8600.00
48	01-01-2022	जेडएन/111	1700.00
49	01-01-2022	जेडएन/112	87000.00
50	01-01-2022	जेडएन/113	9400.00
51	01-01-2022	जेडएन/114	7200.00
52	01-01-2022	जेडएन/115	6500.00
53	01-01-2022	जेडएन/116	17300.00
54	01-01-2022	जेडएन/117	34900.00
55	01-01-2022	जेडएन/118	33500.00

56	01-01-2022	जेडएन/119	9600.00
57	01-01-2022	जेडएन/120	39700.00
58	01-01-2022	जेडएन/121	48600.00
59	01-01-2022	जेडएन/122	31900.00
60	01-01-2022	जेडएन/123	34900.00
61	01-01-2022	जेडएन/124	36000.00
62	01-01-2022	जेडएन/125	38700.00
63	01-01-2022	जेडएन/126	38800.00
64	01-01-2022	जेडएन/127	31700.00
65	01-01-2022	जेडएन/128	18400.00
66	01-01-2022	जेडएन/129	30000.00
67	01-01-2022	जेडएन/130	56500.00
68	01-01-2022	जेडएन/131	30000.00
69	01-01-2022	जेडएन/132	25650.00
70	01-01-2022	जेडएन/133	39600.00
71	01-01-2022	जेडएन/134	38000.00
72	01-01-2022	जेडएन/135	27100.00
		योग-	**2033500.00**

आ०सं०-45

प्रस्तर-24 जेडएन /139/18-02-22 विविध बिल एवं कैशबुक के अनुसार गौआश्रय स्थल टिसौली में कार्यरत श्रमिकों का पारिश्रमिक दिसम्बर 2021 एवं जनवरी 2022 का भुगतान श्री वशिष्ठ कुमार एवं शैलेश को क्रमशः रू० 10000.00, 10000.00 कुल रू० 20000.00 का भुगतान किया गया है। विविध बिल के साथ माह दिसम्बर 2021 के ही उपस्थिति पंजिका की छायाप्रति संलग्न है। जबकि माह जनवरी 2022 के उपस्थिति पंजिका की प्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध नही होने के कारण रू० 10000.00 व्यय की पुष्टि नही होती है। इस प्रकार माह जनवरी 2022 में भुगतानित धनराशि रू० 10000.00 अनियमित रही। जिसके लिए प्र0अ0 श्री धनन्नजय सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर-25 जेडएन/160 दिनांक 28-02-22 को 20 अदद फाइबर कुर्सी क्रय कर विशाल फर्नीचर को रू० 16200.00 का भुगतान किया गया है। मॉग पत्र एवं क्रय संबंधित विवरण सहित पुष्टि नही करायी गयी तथा स्टॉक रजिस्टर में लेखा भी नही है। इस प्रकार रू० 16200.00 का भुगतान अनियमित रहा। जिसके लिए प्र०अ० श्री धनन्नजय सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ०नं०-47**

प्रस्तर-26 जेडएन/162/28-02-22 को 1 अदद कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर क्रय किया गया है जिसका कुल मूल्य 85500.00 है। माँग एवं क्रय संबंधित विवरण/पत्रावलीलेखापरीक्षा में मांगोपरान्त उपलब्ध नहीं कराई गई जिससे क्रय की पुष्टि नहीं की गई। तथा स्टॉक रजिस्टर भी नहीं उपलब्ध कराया गया। इस प्रकार उक्त क्रय की लेखांकनकी पुष्टि नहीं की जा सकी। इस प्रकार एक कंप्यूटर एवं प्रिंटर रू० 85500.00 अपहरित रहा। जिसके लिए प्र०अ० श्री धनन्नंजय सिंह एवं अपर मुख्य अधिकारी श्रीजग प्रसाद मौर्या उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों से वसूली अपेक्षित है। **आ०सं०-48**

प्रस्तर-27 वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में पाया गया कि तेरहवाँ वित आयोग मद में प्रा०अवशेष रू० 4572044.00 था वर्ष में अनुदान से आय शून्य रहा। इस प्रकार उपभोग हेतु पर्याप्त धनराशि होते हुए भी संस्था द्वारा कार्ययोजना ही नही बनायी गयी है। कार्ययोजना नबनाया जाना जिला पंचायत प्रशासन की लापरवाही का घोतक है। उपभोग न होने से विकास कार्य बाधित रहा। जिससे आम जनता को विकास का लाभ नही मिल पाया।व्यय न किये जाने का कारण स्पष्ट किया जाय। यदि कार्ययोजना समाप्त हो चुकी तो संबंधित अनुदानदाता को धनराशि वापस किया जाना चाहिए था अतः उपभोग नहोने अथवा संबंधित अनुदानदाता को वापस न करना अनियमित रहा। जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या एवं अभियन्ता श्री अखिलेश कुमार उत्तरदायी हैं। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है।

आ0सं0-51

प्रस्तर-28 वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में पाया गया कि चतुर्थ राज्य वित्त मद में प्रा० अवशेष रू० 5487.77 लाख था वर्ष में अनुदान से आय शून्य रहा तथा ब्याज के रूप में रू० 143.34 प्राप्त हुआ। इस प्रकार वर्ष में उपभोग हेतु रु० 5631.11 लाख रहा। वर्ष में रू० 3021.13 लाख व्यय किया गया है। चतुर्थ राज्य वित् का कार्यकाल समाप्त हो चुका है पंचम राज्य वित्त प्रचलन में है रू० 2609.98 लाख उपभोग न होने की दशा में अनुदानदाता को वापस न करना अनियमित रहा। जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारीश्री जग प्रसाद मौर्या एवं अभियन्ता श्री अखिलेश कुमार उत्तरदायी हैं। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ०सं०-52**

प्रस्तर-29 दिनांक 31-03-2022 को निजी स्रोतों से आय का विवरण प्रपत्र 3 के क्रम सं० 4 पर सम्पत्ति से आय दुकान भवन किराया मद में रू० 5.00 लाख मॉग के सापेक्ष रू० 2.21 लाख की ही वसूली हो पायी है। इस प्रकार रू० 279000.00 की कम वसूली हेतु अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या एवं कर अधिकारी श्री शत्रुधन प्रसाद वर्मा उत्तरदायी हैं। उत्तरदायी व्यक्तियों से वसूली अपेक्षित है।

आ0सं0-53

प्रस्तर-30 वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में यह तथ्य प्रकाश में आया कि बी०आर०जी०एफ० योजना के अन्तर्गत वर्ष 2011-12 में कतिपय ग्राम पंचायत सचिवालय के निर्माण कार्य प्रारम्भ किये गये परन्तु लगभग 8 वर्षों से ये निर्माण कार्य अधूरे पड़े है। अधूरे पड़े कार्यों पर कुल रू० 137.69 लाख व्यय किया गया है तथा रू० 173.95 लाख संबंधितखाता में शेष पड़ी है। जबकि उपभोग न होने की दशा में शेष धनराशि शासन को वापस किया जाना चाहिए था। इस प्रकार उक्त कार्यों पर व्यय धनराशि दुरुपयोगित रही जोकि घोर लापरवाही का घोतक है तथा शासन के मंशा के विपरीत है। जिसके लिए अपर मुख्य

अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या एवं अभियन्ता श्री अखिलेश कुमार उत्तरदायी हैं। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ0सं0-54**

विवरण निम्नवत है:-

क्र०सं०	**विकास खण्ड**	**परियोजना का नाम**	**लागत (लाख रुपये में)**	**व्यय (लाख रुपये में)**	**वर्तमान में भौतिक स्थिति**
1	मुफ्तीगंज	ग्राम सभा मेडौर में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	4.92	लिंटल लेबल
2	सिरकोनी	ग्राम सभा मनहन में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	6.40	छत स्तर
3	रामनगर	ग्राम सभा खेतापुर में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	4.67	लिंटल लेबल
4	रामनगर	ग्राम सभा नेविढ़या में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	1.67	प्लिंथ लेबल
5	मिड़याहूं	ग्राम सभा सुगुलपुर में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	2.93	लिंटल लेबल
6	करंजाकला	ग्राम सभा कुकुहाँ में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	7.51	छत स्तर
7	बदलापुर	ग्राम सभा मुरादपुर कोटिला में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	2.52	प्लिंथ लेबल
8	खुटहन	ग्राम सभा बढ़नपुर कोटिला में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	4.29	स्लैब लेबल
9	रामपुर	ग्राम सभा भानपुर में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	10.77	पूर्ण
10	मुंगरा बादशाहपुर	ग्राम सभा पुरामधु में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	2.50	लिंटल लेबल

11	धर्मापुर	ग्राम सभा महमदपुर में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	6.86	स्लैब लेबल
12	जलालपुर	ग्राम सभा रोहारी में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	9.51	पूर्ण
13	डोभी	ग्राम सभा चंदवक में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	8.86	पूर्ण
14	डोभी	ग्राम सभा हरिहरपुर में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	7.39	पूर्ण
15	सिरकोनी	ग्राम सभा सैदाबाद में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	7.78	पूर्ण
16	सुजानगंज	ग्राम सभा शेषनगर में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	3.64	छत स्तर
17	मुफ्तीगंज	ग्राम सभा उमरी में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	11.48	पूर्ण
18	मुफ्तीगंज	ग्राम सभा जमुआरी में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	8.95	पूर्ण
19	जलालापुर	ग्राम सभा रेहटी में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	8.98	पूर्ण
20	मुंगरा बादशाहपुर	ग्राम सभा बड़ागांव में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	8.86	पूर्ण
21	धर्मापुर	ग्राम सभा लखनपुर में ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण	14.84	7.20	पूर्ण
		योग-	**311.64**	**137.69**	**लाख**

अनुमानित लागत = 311.64 लाख

कुल व्यय = (-)137.69लाख

अवशेष धन = 173.95 लाख

प्रस्तर-31 वर्ष 2021-22 में जिला पंचायत जौनपुर के मृत पशु शव निस्तारण रजिस्टर की आडिट में पाया गया कि विभिन्न क्षेत्र पंचायतों की निलामी से रू० 70500.00 की आमद हुई है। शासनादेशानुसार हड्डी चमडा मृत पशु शव निस्तारण से प्राप्त आय का 50 प्रतिशत संबंधित ग्राम पंचायत को धनराशि अन्तरित किया जाता है परन्तु जिला पंचायत द्वारा अन्तरित न कर अनियमितता की गयी है। जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या एवं कर अधिकारी श्री शत्रुधन प्रसाद वर्मा उत्तरदायी हैं। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है **आ0सं0-55**

प्रस्तर-32 जिला पंचायत जौनपुर के वर्ष 2021-22 के सड़क मरम्मत कार्य से संबंधित पत्रावलियोंकी जाँच में निम्न कमियाँ पायी गयी । विवरण निम्नवत प्रकार है।

1-पत्रावली में अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कार्य नही कराये जाने का प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है |

2-प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग के परिपत्र सं०-3583 / एम०टी०/60/2007 दिनांक 13-06-2007 के प्रस्तर 5 में वर्णित प्रिमिक्स कारपेटिंग के कार्य हेतु निर्देशित किया गया था कि ग्रामीण मार्गो पर यदि बियरिंग कोट हेतु पी०सी० का प्रावधान किया जाताहै तो पी०एम०जी०एस०वाई० में अपनायी जा रही प्रक्रिया के अनुरूप सीधे टापकोट कर केपी०सी० व सीलकोट कराया जायेगा। लेकिन उक्त कार्य के प्राक्कलन में डब्लू बी०एम० के उपर प्राइम कोट करके उसके उपर टैककोट डालकर प्रिमिक्स कारपेटिंग एवं सीलकोट का कार्य कराये जाने का प्रावधान शामिल था। जबकि उक्त वर्णित लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्टयों के अनुसार टैककोट का कार्य अनुमन्य नही था। टैककोट का कार्य सम्मिलित करना अनियमित रहा।

विवरण निम्नवत है:-

क्र०सं०	**कार्य का नाम**	**धनराशि / विवरण**
1	विकास क्षेत्र सिरकोनी मेंग्राम नेवादा हाईवे से कुद्दूपुरतक सड़क मरम्मत कार्य ।	उक्त कार्य पर 1750 वर्ग मी० टैककोट कारू० 34291.00 का अतिरिक्त भुगतानप्राक्कलन में सम्मिलित था जो अनुमन्यनहीं है ।
2	विकास क्षेत्र जलालपुर मेंग्राम कुसॉव पुलिया से रेलवेलाइन क्रॉसिंग तक सड़कमरम्मत कार्य ।	उक्त कार्य पर 60000 वर्ग मी0 टैककोटका रू0 19.60 से रू0 117600.00 काअतिरिक्त भुगतान प्राक्कलन में सम्मिलित था। जो अनुमन्य नहीं है।
	योग-	**151891.00**

इस प्रकार रू० 151891.00 अतिरिक्त भुगतान प्राक्कलन में सम्मिलित कर अनियमितता की गयी है। जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री जग प्रसाद मौर्या एवं अभियन्ता अखिलेश कुमार उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रति कार्यवाही अपेक्षित है। **आ0सं0-57**

जनपद- वाराणसी मण्डल - वाराणसी

जिला पंचायत - वाराणसी

लेखा परीक्षा वर्ष- 2020-21

<u>प्रस्तर 1</u>

आलोच्य वर्ष 2020-21 में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अपर मुख्य अधिकारी द्वारा प्रयोग की जाने वाली किराये की गाड़ी के लाँग बुक के जाँच में पाया गया कि लाँग बुक के सभी कालम में पूर्ण प्रविष्टि नही की गयी है। लाँग बुक में यात्रा का उद्देश्य अंकित नही रहा। डीजल व्यय पर प्रयुक्त पेट्रोल पम्प की रसीद (आर. पी. पेट्रोल) की जाँच में पाया गया, निम्न विवरण के अनुसार-

दिनांक	धनराशि	डीजल लीटर में
14-07-20	4047.00	55
26-07-20	4302.44	58
योग	8349.44	

रू0 8349.44 की बिल रसीद का नम्बर फटा हुआ था, जिससे रसीद संख्या अज्ञात है। अतः उक्त धनराशि की पुष्टि नही की जा सकी। जिसके लिए लेखाकार वेद प्रकाश ओझा और अपर मुख्य अधिकारी श्री अरूण कुमार सिंह उत्तरदायी है। अतः विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर 2</u>

आलोच्य वर्ष 2020-21 में प्रकीर्ण व्यय शीर्ष के अन्तर्गत रू0 17,73,295.00 दर्शित है। जिसमें से रू0 12500.00 (विविध व्यय) अधिवक्ता का शुल्क (कानूनी व्यय), रू0 11800.00 आई. टी. सेंन्टर वरूणा बृज को कम्प्यूटर मरम्मत की धनराशि और रू0 16621.00 ब्राडबैंड कनेक्शन का खर्च दर्शित है। जिसकी पत्रावली लेखा परीक्षा में प्रस्तुत रही। शेष रू0 1773,295.00 – 40921.00= रू0 17,32,374.00 से सम्बन्धित अभिलेख / पुष्टि पत्र लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नही किया गया। विवरण व पुष्टि पत्र के अभाव में उक्त धनराशि रू0 1732,374.00 की पुष्टि नही की जा सकी। जिसके लिए लेखाकार वेद प्रकाश ओझा और अपर मुख्य अधिकारी श्री अरूण कुमार सिंह एवं वित्तीय परामर्शदाता श्री ओमप्रकाश उत्तरदायी रहे। अतः विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर 3</u>

जिला पंचायत वाराणसी परिसर में निर्मित 10 दुकानों में से 09 दुकानों का किराये पर आवंटन किया गया था। जिसके से एक दुकान का आंवटन वर्ष 2019-20 में निरस्त था। शेष 08 दुकानों का किराया मांग एवं वसूली दुकानों का किराया योग एवं वसूली और 31.03.2021 को बकाये का विवरण (किराये रजिस्टर के अनुसार) निम्न प्रकार है।

क्र0 सं0	अप्रैल 2020 में किराया दर	दिनांक 31.03.20 को बकाया	वर्ष में वाजिव (विलम्ब शुल्क सहित)	वर्ष मे जमा	31.03.21 को बकाया
1.	489	27329	7332	2000.00	32661.00
2.	1952	99542.00	29280.00	20000.00	102822.00
3.	1189	65121.50	17832.00	20000.00	62953.50
4.	1189	79252.50	17832.00	22000.00	75084.50
5.	1189	75172.50	17832.00	30000.00	63004.50
6.	1754	151429.50	29304.00	49000.00	131733.50
7.	1189	15921.50	17833.00	24778.00	8975.50
8.	---	23218	---	---	23218.00
9.	1189	90896.50	17832	10000.00	98728.00
	योग	627883.00	155077.00	177778.00	5991805.00

उक्त बकाये की वसूली शीघ्र की जाने अपेक्षित है किराये की नियमित वसूली न करने के लिए तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री अरूण कुमार सिंह, लेखाकार वेद प्रकाश ओझा और वित्तीय परामर्शदाता श्री ओमप्रकाश उत्तरदायी रहे। अतः विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 4

आलोच्य वर्ष 2020-21 में निम्न विवरणानुसार मेला पर व्यय कैश बुक में दर्शित है।

क्रं0 सं0	दिनांक	प्रमाणक संख्या	धनराशि रू0	मद
1.	31.07.20	21	2,78,825.00	कैथी मारकंडेय मंदिर में बैरिकेटिंग आदि की व्यवस्था हेतु रामेश्वर मंदिर में बैरिकेटिंग आदि व्यवस्था हेतु
2.	31.07.20	22	64400.00	रामेश्वर मंदिर में बैरिकेटिंग आदि व्यवस्था हेतु
3.	31.07.20	23	61650.00	शूल टंकेश्वर मंदिर में बैरिकेटिंग व्यवस्था हेतु
4.	28.10.20	91	253120.00	छठ पूजा पर्व हेतु
5.	28.10.20	92	395136.00	शिवरात्रि मेला हेतु
6.	28.10.20	93	86800.00	शिवरात्रि मेला हेतु
7.	28.10.20	94	71160.00	शिवरात्रि मेला हेतु
8.	12.11.20	38	26297.00	श्रावण मेला हेतु
9.	12.11.20	39	24416.00	श्रावण मेला हेतु
10.	12.11.20	40	629328.00	श्रावण मेला हेतु
11.	17.03.21	27	94800.00	पंचकोशी मेला हेतु
12.	17.03.21	28	95400.00	पंचकोशी मेला हेतु

13.	17.03.21	29	70800.00	पंचकोशी मेला हेतु
14.	17.03.21	30	66800.00	शूल टंकेश्वर मंदिर में बैरिकेटिंग व्यवस्था हेतु
15.	17.03.21	31	24600.00	श्रावण मेला रामेश्वर मंदिर हेतु
16.	17.03.21	32	96790.00	पंचकोशी मेला हेतु
17.	17.03.21	33	5,58,300.00	श्रावण मेला वर्ष 2018-19 का भुगतान
18.	17.03.21	34	3,83000.00	श्रावण मेला मारकंडेय मंदिर हेतु
19.	17.03.21	35	93000.00	पंचकोशी मेला का भुगतान
		योग	3374622.00	

उक्त पर निम्न आपत्तियाँ पायी गयी .

(क) कैथी मारकंडेय मंदिर की पत्रावली देखने पर निम्न न्यूनताएं पायी गयी। इस कार्य के लिए कोई निविदा आंमत्रित नही की गयी। पत्रावली में गौतम टेंट हाउस, शिवपुर का दिनांक 24.03.20 का रू0 71000.00 का बिल संलग्न है जिस पर जी. एस. टी. नं. अंकित नही था। इसी प्रकार भुल्लन चौरसिया टेंट हाउस, चौबेपुर वाराणसी का दिनांक 24.02.20 का टेबल, कुर्सी, टेंट आदि का बिना जी. एस. टी. नं. का रू0 19800.00 का बिल पत्रावली में संलग्न है। इस प्रकार क्रमांक 1,2,3 पर अंकित मेले व्यय रू0 404875.00 से सम्बन्धित पत्रावली में जो 10 बिल संलग्न पाये गये, उसकी कुल धनराशि का योग रू0 385,680.00 आ रहा है। रू0 19195.00 कैश बुक में ज्यादा दर्शित है।

(ख) क्रमांक 04 से 19 तक की पत्रावली मांगे जाने पर भी लेखा परीक्षा में उपलब्ध नही कराया गया, जिससे उक्त व्यय की पुष्टि नहीं की जा सकी। रू0 2974747.00 +रू019195.00 रू0 2993942.00 का व्यय अपुष्टि रहा, जिसके लिए तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री अरूण कुमार सिंह एवं वित्तीय परामर्शदाता श्री ओमप्रकाश एवं लेखाकार वेदप्रकाश ओझा संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। अतः विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

(ग) दूसरी तरफ जी0एस0टी नम्बर का बिल न प्रस्तुत करके रू0 71000.00 +रू0 19800.00 = 90800.00 का भुगतान अनियमित रहा। जिसके लिए तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री अरूण कुमार सिंह एवं वित्तीय परामर्शदाता श्री ओमप्रकाश एवं लेखाकार श्री वेदप्रकाश ओझा संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। अतः विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 5

ग्राम सभा मटुका में मेन रोड़ से पटेल एवं राजभर बस्ती तक लेपन कार्य निर्माण कार्य पत्रावली में निम्न न्यूनताएं पाई गई – (क) कार्य प्रारम्भ के पूर्व के फोटोग्राफ नही लगे है।

(ख) 10 लाख से ऊपर की धनराशि का कार्य होने के बावजूद शासन द्वारा प्राप्त स्वीकृति पत्र पत्रावली में संलग्न नही पाया गया। बिटुमिन आपूर्ति का चालान पत्रावली के साथ संलग्न नही पाया गया। जबकि लेखा परीक्षा अनुसार 4.959 एम0टी बिटुमिन (बी0जी0 -10) कार्य में उपयोग किया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार रहा—

विवरण	एम. वी. में नाप	मात्रा (एम0टी)	कुल मात्रा	दर	कुल धनराशि रू0
टाक कोट	2016 एम0टी	0.35	0.706	---	
प्रेमिस	2016 एम0टी	1.46	2.943	---	
सील कोट	2016 एम0टी	3.65	1.310		
		योग	4.959 एम0टी	53238.00	264007.00

इस प्रकार 4.959 एम0टी0 बिटुमिन (वि0जी0 -10) आपूर्ति का लेखा परीक्षा में चालान के अभाव में बिटुमिन क्रय एवं उसके उपयोग की पुष्टि नही की जा सकी। जिसके लिए तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री अरूण कुमार सिंह, वित्तीय परामर्शदाता श्री ओमप्रकाश, अभियन्ता श्री अनिल श्रीवास्तव संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। अतः विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 6

आलोच्य वर्ष 2020-21 में जिला पंचायत, वाराणसी द्वारा जिला निधि से रू0 एक करोड़ कोविड – 19 कोष में अनुदान, रू0 3379622.00 मेले प्रबन्ध हेतु व्यय एवं रू0 1773295.00 प्रकीर्णव्यय दिखाया गया है। जबकि जिला निधि का सर्वप्रथम प्रयोग अपने वेतन भत्ते व पेंशन मद आदि में किया जाता है, तत्पश्चात बचे हुए धनराशि से स्थाई सम्पत्ति सृजित करना चाहिए।

आलोच्य वर्ष 2020-21 में शासनादेश संख्या 896/33-3-20-114/2012 टी. सी. दिनांक 06.04.20 के प्रमुख सचिव के पत्र द्वारा कोविड फंड में योगदान करने का आदेश ऐच्छिक था। जिला निधि का पैसा मेला व्यय़, कोविड 19 अनुदान, आदि में करके आलोच्य वर्ष में राज्य अनुदान का रू0 50,00,000.00 वेतन व पेंशन मद में अंतरण कर विकास कार्य में खर्च न करके इस धनराशि का दुर्विनियोग किया गया है, जिसके लिए तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री अरूण कुमार सिंह एवं वित्तीय परामर्शदाता श्री ओमप्रकाश एवं लेखाकार वेदप्रकाश ओझा संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। अतः विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 7

